- सुश्री मोनिका, दिल्ली विश्वविद्यालय ने ताईवान (चीनी ताईपी) में 26 जुलाई से 2 अगस्त 2015 को हुई पांचवी आईकेएफ यू–23 एशिया–ओशिएनिय कोर्फबॉल चैंपियनशिप में भाग लिया।

अन्य महत्वपूर्ण खेल सम्मान

- दिल्ली विश्वविद्यालय के बासठ (62) खिलाड़ियों ने उत्तर–क्षेत्र और अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय टूर्नामेंट (पुरूष व महिला) में बैडमिंटन (महिला), बॉस्कटबाल (महिला), बाक्सिंग (महिला), चैस (पुरूष व महिला), खो–खो (महिला), शूटिंग (महिला), स्क्वेश रेकेट (पुरुष), टेबल टेनिस (पुरूष व महिला), ताईकांडों (महिला), टेनिस (महिला), में स्वर्ण पदक जीते।

- अट्ठानवे (98) खिलाड़ियों ने उत्तर क्षेत्र और अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में जलक्रीड़ा (पुरूष व महिला), बास्केट बॉल (पुरूष व महिला) बास्केट बॉल (पुरूष), क्रिकेट (पुरूष), फुटबाल (महिला), जिम्नास्टिक (पुरूष व महिला), जुडो (महिला), शूटिंग (पुरूष), टाईकोंडो (महिला), कुश्ती (पुरूष) में रजत पदक जीते
- अड़तालिस (48) खिलाडियों ने उत्तर क्षेत्र और अखिल भारतीय अंतर–विश्विद्यालय टूर्नामेंट में जलक्रीडा (पुरूष), तीरंदाजी (महिला), कुश्ती (पुरूष व महिला), चैस (पुरूष व महिला), जिमनास्टिक (महिला), जूडो (महिला), खो–खो(पुरूष), शूटिंग (महिला), स्कवैशा रेकेट (महिला), टाईकोंडो (पुरूष), टेनिस (महिला),कुश्ती (पुरूष व महिला), में कांस्य पदक जीते।

अखिल भारतीय विश्वविद्यालय अंतर–विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में टीम चैंपियनशिप

- दिल्ली विश्वविद्यालय निशानेबाजी (पुरूष व महिला) को अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय निशानेबाजी (पुरूष व महिला) चैंपियनशिप 2015–16 में टीम रजत पदक प्राप्त हुआ।
- दिल्ली विश्वविद्यालय जिम्नास्टिक को अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय जिम्नास्टिक (महिला) चैंपियनशिप 2015–16 में जिम्नास्टिक लयवबद्धता में टीम कांस्य पदक प्राप्त हुआ
- दिल्ली विश्वविद्यालय जलक्रीडा (महिला) को अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय जल क्रीडा (गोताखोरी) चैंपियनशिप 2015–16 में टीम कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

अवसंरचना

शैक्षणिक कार्य के लिए उपयुक्त अवसंरचना चूंकि महत्वपूर्ण है अतः विश्वविद्यालय स्थान कमी की समस्या का समाधान का प्रयास करता रहा है।

उत्तरी कैम्पस

निम्नलिखित निर्माण कार्य पूर्ण हो गए हैः

- कला संकाय के लिए व्याख्यान हॉल कॉम्पलेक्स/कला व सामाजिक विज्ञान भवन
- स्नातकोत्तर महिला हास्टल का पुनरूद्धार (सिविल/इलैक्ट्रिकल/एसी कार्य

उत्तरी कैम्पस

निम्नलिखित निर्माण कार्य प्रगति में हैः

- प्राणी विज्ञान विभाग के लम्बवत विस्तार का निर्माण

दक्षिणी कैम्पस

विभिन्न सिविक एजेंसियों जैसेकि वन विभाग, दक्षिण दिल्ली नगर निगम से मंजूरी लंबित होने के कारण निम्नलिखित कार्य को रोका हुआ है।

- प्रबंध अध्ययन संकाय हेतु शैक्षणिक भवन का निर्माण
- शोध–छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण
- इलैक्ट्रोनिक विज्ञान भवन का क्षैतिज विस्तार

जीवन विज्ञान भवन का क्षैतिज विस्तार

सामान्य सुविधाएं एवं कार्यक्रम
संकायाध्यक्ष छात्र कल्याण

प्रमुख गतिविधियाँ

मुक्त दिवसः उत्तरी कैंपस (सम्मेलन केंद्र) में दस मुक्त दिवस आयोजित किए गए। मुक्त दिवसों का आयोजन प्रवेश की प्रक्रिया में छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए किया जाता है। इसमें कुल मिलाकर, 30000 से अधिक छात्रों और अभिभावकों ने भाग लिया। इच्छुक उम्मीदवारों और उनके माता–पिता ने मुक्त दिवस में काफी उत्साह दिखाया।

सहायता केंद्रः स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए डीन छात्र कल्याण कार्यालय, सम्मेलन केंद्र में छात्र सहायता केंद्र स्थापित किया गया था। यह कदम इच्छुक उम्मीदवारों में गलत/अपर्याप्त जानकारी का प्रसार करने वाले अवांछनीय तत्वों को समाप्त करने के लिए उठाया गया था। सम्मेलन केंद्र में ये सहायता केंद्र एक महीने से अधिक समय तक संचालित किए गए।

अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रमः विदेशी छात्रों के पंजीकरण कार्यालय (एफएसआर) ने 2015–2016 के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिला लेने वाले विदेशी नागरिकों के प्रवेश, अध्ययन और सुरक्षित रूप से रहने की जिम्मेदारी संभाली। जिन्हें जरूरत थी, उन्हें पूरे वर्ष परामर्श सुविधा प्रदान की गई। छात्रों की समस्याओं को हल करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों के साथ नेटवर्क और संचार बनाए रखा गया। कार्यालय ने छात्रों की सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी मदद और स्थान प्रदान किया। इस प्रकार, 40 छात्रों ने विश्व युवक केन्द्र (अंतर्राष्ट्रीय युवा केंद्र), नई दिल्ली द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया और अंतरराष्ट्रीय समुदायों पर केंद्रित था। हिंदू कॉलेज में कोरियाई सांस्कृतिक कार्यक्रम मनाया गया और 400 से अधिक भारतीय और विदेशी नागरिकों ने इसमें भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय छात्रों के छात्रावास को अपनी वार्षिक रात्रि के आयोजन के लिए वित्तीय मदद दी गई थी। इसमें छात्रों की बड़ी भागीदारी रही। किरोड़ीमल कॉलेज के विदेशी छात्र संघ को पूरे वर्ष मार्गदर्शन प्रदान किया गया और इसकी गतिविधियों में उप–संकायाध्यक्ष ने भी भाग लिया।

दाखिले की गतिविधियाँ

स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले का समन्वयः

डीन छात्र कल्याण कार्यालय सभी श्रेणियों (साधारण/अपिव/अजा/अजजा/दिव्यांग) में प्रवेश के लिए अंग्रेजी और हिंदी में विश्वविद्यालय सूचना बुलेटिन के प्रकाशन और ओएमआर प्रपत्रों के डेटा विश्लेषण (ऑनलाइनध्ऑफलाइन) में शामिल रहा था। साधारण/अजा/अपिव आदि सभी श्रेणियों के छात्रों को एक ऑनलाइन ओएमआर पंजीकरण फार्म के माध्यम से पंजीकरण कराने की अनुमति दी गई। दिव्यांग उम्मीदवारों को उनके दाखिले से संबंधित सभी अतिरिक्त सुविधाएं अलग से प्रदान की गईं। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान जानकारी बुलेटिन 100 रुपए प्रत्येक की दर से उपलब्ध था। सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों द्वारा इसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता था।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों की प्रवेश से संबंधित शिकायतों का समाधान करने के लिए, डीन छात्र कल्याण की अध्यक्षता में एक समिति स्थापित की गई थी।

केंद्रीय नियुक्ति प्रकोष्ठ (प्लेसमेंट सेल) की गतिविधियाँ

विश्वविद्यालय के अंतर्गत, सभी घटक कॉलेजों और विश्वविद्यालय स्तर के विभागों में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी में अध्ययन कर रहे छात्रों के लिए रोजगार के अवसर की व्यवस्था करने के लिए एक केंद्रीय नियुक्ति प्रकोष्ठ (प्लेसमेंट सेल) है। 2008 में स्थापना के बाद, शैक्षणिक वर्ष 2015–16 इसके काम करने का आठवां वर्ष था। इंटर्नशिप पंजीकरण सहित पंजीकृत छात्रों की कुल संख्या 16000 को पार कर गई थी। इस वर्ष उत्तरी और दक्षिणी परिसर में चयन अभियान आयोजित करने के लिए कुल 35 कंपनियों को सूचीबद्ध किया गया। विभिन्न कंपनियों से 1500 से अधिक छात्रों को नौकरी के प्रस्ताव के लिए चुना गया और 1100 छात्रों को अच्छे वेतन के साथ विभिन्न सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रोजगार मिला है। इस वर्ष कुछ कॉरपोरेट् द्वारा स्नातकोत्तर और पीएचडी उम्मीदवारों को नौकरियों की पेशकश करने में रुचि दिखाई गई, जिससे एक महत्वपूर्ण परिवर्तन का पता चला है। इस वर्ष सीपीसी की नियमित गतिविधियों के साथ, क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत, प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों के साथ बातचीत करने और उन्हें विशेष कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। इन कार्यशालाओं से हमारे छात्रों को पेशेवरों के साथ बातचीत करने, अपने बुनियादी कौशल अर्थात् सीवी लेखन, साक्षात्कार का सामना करने, स्व–मूल्यांकन और स्व–रोजगार को बढ़ाने में मदद मिली।

इंटर्नशिप कार्यक्रमः विभिन्न कॉलेजों से प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों को कंपनियों के साथ जानकारी और प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के लिए इंटर्न के रूप में विभिन्न कंपनियों में भेजा गया। इस उद्देश्य के लिए विभिन्न कंपनियों को इंटर्नशिप के लिए सीपीसी में पंजीकरण कराने हेतु आमंत्रित किया गया था। इस वर्ष कई कंपनियों ने सीपीसी का दौरा किया और गर्मियों के लघु इंटर्नशिप के लिए उम्मीदवारों को सूचीबद्ध किया। स्पेस टेक्नोलॉजी एंड एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड, एबीपी न्यूज नेटवर्क लिमिटेड और वाणी प्रकाशन तथा कार 24 सर्विस प्राइवेट लिमिटेड आदि इंटर्नशिप के लिए प्रमुख कंपनियां थीं।

नियुक्ति (प्लेसमेंट): इस वर्ष बहुत से छात्रों को विप्रो, एसआरएफ लिमिटेड, आदि कंपनियों से नौकरी का प्रस्ताव मिला है। इस वर्ष सीपीसी के लिए पंजीकृत छात्रों को 6.00 लाख तक के वार्षिक पैकेज की पेशकश की गई है। अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय ख्याति के अग्रणी संगठनों ने केंद्रीय नियुक्ति प्रकोष्ठ के माध्यम से भर्ती के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के साथ भागीदारी की है। केंद्रीय नियुक्ति प्रकोष्ठ व्यापार जगत के नेताओं और प्रतिष्ठित कंपनियों में वरिष्ठ प्रबंधकों के साथ संपर्क बनाता है।

केंद्रीय नियुक्ति प्रकोष्ठ, नियुक्ति प्रकोष्ठ सलाहकार समिति की सलाह पर काम करता है। इस समिति में डीन छात्र कल्याण, नियुक्ति समन्वयक, छात्र कल्याण के डिप्टी डीन, नियुक्ति सलाहकार और सभी कॉलेजों और विभागों से नियुक्ति सलाहकार और नियुक्ति समन्वयक शामिल होते हैं। सलाहकार समिति, नियुक्ति प्रकोष्ठ के कामकाज की निगरानी करती है और उसे मार्गदर्शन प्रदान करती है। छात्रों के नेतृत्व कौशल को विकसित करने के लिए, उनके लिए विभिन्न क्षमता संवर्धन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

कंपनियों के नाम

1. इंटर ग्लोब एविएशन लिमिटेड
2. ओजी होल्डिंग्स कॉरपोरेशन
3. माइंड शेपर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
4. महिन्द्रा कॉमविवा
5. ईपीएएम सिस्टम्स
6. एवरेस्ट इंडस्ट्रीज लिमिटेड
7. ऐप्स डिस्कवर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
8. सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
9. जकूपी इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड
10. लॉजिस्टिक्स डिपार्टमेंट थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड
11. परफेक्ट पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल
12. टाटा एसआईए एयरलाइंस लिमिटेड
13. ग्रे मीटर
14. स्पेस टेक्नोलॉजी एंड एजूकेशन प्राइवेट लिमिटेड
15. मार्जस एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड
16. हेरिटेज स्कूल
17. एमेजॉम डेवलपमेंट सेंटर
18. यूनाइटेड हेल्थ ग्रूप इन्फार्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
19. अल्मा मेटर मैटर्स
20. टेक महिंद्रा
21. टीचरसिटी (एसआईटीवाई)
22. अजीम प्रेमजी फाउंडेशन
23. इन्फोसिस लिमिटेड, इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी,
24. नेविग8 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
25. एसआरएफ लिमिटेड

26. आइरिस पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड
27. इनोडेटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
28. विवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
29. एफआरआर फोरेक्स प्राइवेट लिमिटेड

संस्कृति परिषद ने 2015–2016 में निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया:

8 और 9 जनवरी, 2016 को शिक्षा मंडल, वर्धा (एमएस) में, कमल नयन बजाज मेमोरियल अखिल भारतीय अंतर–विश्वविद्यालय भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। संस्कृति परिषद ने, हिंदू कॉलेज के श्री राहुल राज आर्यन को दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से भाग लेने का अवसर दिया और उसने इस प्रतियोगिता में दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया।

संस्कृति परिषद के सहयोग से श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज द्वारा एक अंतर–कॉलेज गजल प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम का प्रारंभिक दौर 19 जनवरी, 2016 को संस्कृति परिषद कार्यालय में और अंतिम दौर 29 जनवरी, 2016 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में आयोजित किया गया। 29 जनवरी को हंसराज कॉलेज में एक अंतर कॉलेज निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। 12 फरवरी,2016 को संस्कृति परिषद समर्थित, ललित कला संगीत संकाय का एक कार्यक्रम ''वसंत समारोह '' आयोजित किया गया।

18 फरवरी, 2016 को दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज में एक अंतर कॉलेज शास्त्रीय नृत्य और बैले नृत्य प्रतियोगिता ''वंदे मातरम्'' आयोजित की गई। संस्कृति परिषद पिछले 10 वर्षों से इस कार्यक्रम का आयोजन करती आ रही है। संस्कृति परिषद के सहयोग से एप्लाइड साइंस के भास्कराचार्य कॉलेज में 24 फरवरी, 2016 को एक अंतर कॉलेज वाद्य प्रतियोगिता ''भारत के गीत'' आयोजित की गई।

14 मार्च, 2016 को संस्कृति परिषद ने हिंदू कॉलेज के साथ मिलकर हिंदू कॉलेज में एक अंतर कालेज हिंदी नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया। 19 मार्च, 2016 को, संस्कृति परिषद के सहयोग से श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में एक अंतर कॉलेज गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

दिल्ली विश्वविद्यालय सामुदायिक रेडियो

डीयूसीआर 90.4 मेगाहर्ट्ज

स्थायी ऑडियो लिंक का सफल विकास: दिल्ली विश्वविद्यालय के इंट्रानेट सुविधा का उपयोग कर दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों और दिल्ली विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो (डीयूसीआर) के बीच सफलतापूर्वक ऑडियो लिंक बनाया और विकसित किया गया है। इस सुविधा की मदद से दिल्ली विश्वविद्यालय के किसी भी कॉलेज के छात्र, अपने कॉलेज से ही रेडियो कार्यक्रम प्रसारित कर सकते हैं। उन्हें डीयूसीआर आने की जरूरत नहीं है।
इस प्रणाली को सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है और महिलाओं के आईपी कॉलेज द्वारा इसका उपयोग किया जा रहा है। आई पी कॉलेज में आयोजित एक समारोह में कुलपति द्वारा इस लिंक का उद्घाटन किया गया।

कौशल विकास पर धारावाहिकों का निर्माण: कौशल विकास मंत्रालय द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो को, सामुदायिक रेडियो के माध्यम से स्थानीय समुदाय के बीच जागरूकता पैदा करने और उनके कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम को बढ़ावा देने के धारावाहिक बनाने के लिए चयनित किया गया है।
हमने इस तरह के आठ धारावाहिकों को सफलतापूर्वक रिकार्ड और प्रसारित किया है।

सामुदायिक रेडियो के माध्यम से कानूनी जागरूकता श्रृंखला:
दिल्ली विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो (डीयूसीआर) ने दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएसएलएसए) के सहयोग से कानूनी साक्षरता पर एपिसोड बनाना शुरू कर दिया है। एफआईआर, सूचना का अधिकार, यौन उत्पीड़न, गिरफ्तारी, जमानत, रिमांड, पीड़ित मुआवजा, घरेलू हिंसा, वरिष्ठ नागरिक अधिकारों आदि विभिन्न विषयों पर 11 एपिसोड बनाए गए हैं। ये कार्यक्रम छात्रों द्वारा विद्वान न्यायाधीशों/डीएसएलएसए द्वारा नामित सचिवों के साथ साक्षात्कार पर आधारित हैं।

बज्म–ए–उर्दू नामक उर्दू कार्यक्रम: डीयूसीआर ने नियमित आधार पर ''बज्म –ए–उर्दू'' नामक एक कार्यक्रम शुरू कर दिया है। उर्दू विभाग के प्रमुख, प्रोफेसर एन. एम. कमाल द्वारा इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में साक्षात्कार, गजल, मुशायरे और उर्दू जुबान के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रम शामिल होंगे।

मनोवैज्ञानिक विकार: ''मानसिक विकारों'' पर आधारित विशेष कार्यक्रम के छह एपिसोडा सफलतापूर्वक तैयार किए गए और उनका प्रसारण किया गया है।

मन की बात कार्यक्रम पर छात्रों द्वारा चर्चाः हाल ही में डीयूसीआर ने प्रधानमंत्री के मन की बात पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कालेजों के छात्रों के बीच की जाने वाली चर्चा पर आधारित विशेष कार्यक्रम शुरू किया है। हम इन धारावाहिकों (एपिसोडों) को सफलतापूर्वक रिकॉर्ड और प्रसारित कर रहे हैं।

आवाज की यात्राः "आवाज की माइक्रोफोन से रेडियो रिसीवर तक की यात्रा" शीर्षक से एक तकनीकी कार्यक्रम के दस एपिसोड सफलतापूर्वक बनाए और प्रसारित किए गए हैं। यह कार्यक्रम रेडियो प्रसारण को समझने में मदद करता है।

डिजिटल इंडिया पर डीयूसीआर द्वारा विशेष एपिसोडः सरकार द्वारा आरंभ किए गए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं और बुनियादी समझ पर एपिसोड बनाए जा रहे हैं।

डीयूसीआर द्वारा प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमः रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में डीसीयूआर द्वारा रेडियो प्रसारण पर एक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम कोर्स आरंभ किया गया है। 22 छात्रों ने इस पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया और प्रमाण पत्र प्राप्त किए हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के अन्य कॉलेजों ने भी समान पाठ्यक्रम में दिलचस्पी दिखाई है।

विभिन्न सेमिनारों और कार्यशालाओं में डीयूसीआर की भागीदारी

डीयूसीआर के सलाहकार ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में छठे राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन में भाग लिया।
डीयूसीआर के स्वयंसेवकों ने पुणे में आयोजित क्षेत्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।

दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय प्रणाली

दिल्ली विश्वविद्यालय की पुस्तकालय प्रणाली ने, नव संशोधित अध्यादेश XVI को ध्यान में रखते हुए, अपने 34 घटक पुस्तकालयों के माध्यम से प्रदान की जाने वाली पुस्तकालय और सूचना सेवाओं में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं। एक संक्षिप्त सूची नीचे दी गई हैः

मुद्रित संसाधन

पुस्तकालय प्रणाली ने अपने संग्रह में पुस्तकों/पत्रिकाओं के 20,365 अंक जोड़े हैं। 31–03–2015 की स्थिति के अनुसार संग्रह में कुल 16,33,823 अंक है। वर्तमान में डीयूएलएस द्वारा 1296 पत्रिकाओं की सदस्यता ली गई है।

इलेक्ट्रॉनिक संसाधन

डीयूएलएस ने उपयोगकर्ताओं के लिए इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों की पहुंच को मजबूत करना जारी रखा है।
विश्वविद्यालय के उपयोगकर्ता समुदाय के लिए विभिन्न विषयों में 48 इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस उपलब्ध हैं। ये हैंः

1. एबीआईःइनफार्म संपूर्ण
2. अकादमिक सर्च प्रीमियर
3. एसीएम डिजिटल पुस्तकालय
4. अमेरिकी भूभौतिकीय संघ जर्नल
5. अमेरिकन पैथालॉजिकल सोसायटी
6. सूक्ष्म–जीवविज्ञानियों की लिए अमेरिकन सोसायटी
7. एंथ्रोसोर्स
8. बिजनेस सोर्स प्रीमियर
9. पूंजीवाद, प्रकृति, समाजवाद
10. कैपिटालाइन प्लस
11. शिकागो मैनुअल ऑफ स्टाइल
12. सीएलए प्लस
13. क्रेडो (पूर्वएक्सरेफरप्लस)
14. इकोलिट (सार डाटाबेस)
15. ई–ज्यूरिक्स
16. एमराल्ड मैनेजमेंट एक्स्ट्रा
17. एनसाइक्लोपीडिया ऑफ ब्रितानिका
18. साइबर अपराध का विश्वकोश
19. कानून प्रवर्तन का विश्वकोश
20. भू–विज्ञान विश्व के साथ भू–संदर्भ
21. हाउस ऑफ कॉमन्स में ब्रिटिश संसदीय पत्र
22. मानविकी अंतर्राष्ट्रीय पूर्ण
23. आईईएल ऑनलाइन

24. भारत के आँकड़े
25. इंडियन जर्नल्स डॉट कॉम
26. आईएसआई इमर्जिंग मार्केट–सीईआईसी एशिया
27. कीसिंग के विश्व समाचार
28. कानूनी पंडित (लॉ पंडित्स)
29. लेक्सिस नेक्सिस
30. एलआईएसए
31. एलएनसीएस
32. आधुनिक कानून का निर्माण
33. मनुपत्र
34. प्रकृति प्रकाशन (नेचर पब्लिशिंग)
35. अर्थशास्त्र का नया पालग्रेव शब्दकोश
36. पुस्तकों की न्यूयॉर्क समीक्षा (न्यूयार्क रिव्यू ऑफ बुक्स)
37. ओमनीफाइल पूर्ण पाठ (ओमनीफाइल फुल टेक्स्ट)
38. ऑक्सफोर्ड डिक्शेनरी ऑफ नेशनल बायोग्राफी ऑनलाइन एंड ग्रोव आर्ट ऑनलाइन
39. सेज ऑनलाइन
40. विज्ञान प्रत्यक्ष (साइंस डायरेक्ट)
41. विज्ञान पत्रिका (साइंस मैगजीन)
42. स्कोपस
43. पूर्ण पाठ के साथ समाज सूचकांक
44. स्टेट्समेन्स इयरबुक
45. प्रोक्वेस्ट डिसर्टेशन एंड थिसिस फुल टेक्स्ट डेटाबेस
46. वेस्टलॉ इंडिया
47. विश्वबैंक ई–पुस्तकालय
48. विश्व व्यापार संगठन ई–पुस्तकालय

ऑडियो बुक संसाधन और ब्रेल पुस्तकालय

ब्रेल पुस्तकालय सक्रिय रूप से नेत्रहीन छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए शिक्षण, शिक्षा और अनुसंधान के समर्थन में कार्य कर रहा है। इसमें 3 ऑडियो बुक निर्माण स्टूडियो, 2 उच्च क्षमता ब्रेल एंबॉसर्स, सिगटुन, जॉ, डेक्सबरी, लीप ऑफिस जैसे सॉफ्टवेयरों के साथ 23 नवीनतम कंप्यूटरों का नेटवर्क है। इसमें 1697 ऑडियो पुस्तकें, 1707 ब्रेल पुस्तकें, 1672 ई–पाठ, आदि हैं। ऑडियो पुस्तकें और ई–पाठ का पूरा संग्रह पिछले शैक्षणिक वर्ष से एक डीयूसीसी आईपी रेंज पर ऑनलाइन उपलब्ध करा दिया गया है और आईडी और पासवर्ड के माध्यम से http/bl.du.ac.in पर सुलभ है। विश्वविद्यालय में दाखिला लेने वाले नेत्रहीन छात्रों द्वारा नियमित रूप से पुस्तकालय का उपयोग किया जाता है। वर्तमान में, 220 सदस्य पुस्तकालय में नामांकित हैं। ब्रेल पुस्तकालय की वेबसाइट में सुलभ सामग्री डाउनलोड करने वालों की बड़ी संख्या है। यह सीडी पर 1475 पुस्तके वितरित करता है।

उपयोगकर्ता सेवाएं

(1)डीयूएलएस –वेबसाइट

डीयूएलएस वेबसाइट में चयनित पुस्तकालयों की सूची (ओपेक) ई–संदर्भ का प्रावधान, ई–पत्रिकाओं की ए–जेड सूची, ऑनलाइन सूचना साक्षरता ट्यूटोरियल, विषय पोर्टल शामिल हैं, अपने पुस्तकाध्यक्ष से मुफ्त अभिगम्यता संसाधनों और कई अन्य उपयोगकर्ता के अनुकूल सुविधाओं सहित, इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के उपयोग के बारे में पूछें, ये संचालन में है। आज की तारीख तक 5,83,396 उपयोगकर्ताओं द्वारा वेबसाइट देखी गई है।

(2) डिजिटल पुस्तकालय

पुस्तकालय ने डीयूएलएस में उपलब्ध कॉपीराइट क्षेत्र के बाहर की 14,386 पुस्तकों को डिजीटल बनाया गया है और मुक्त स्रोत सामग्री प्रबंधन प्रणाली, अर्थात "डीएसपीएएससी" का उपयोग कर वैश्विक इंटरनेट उपयोग के लिए वेब पर रखा गया है। इसका यूआरएल http://library.du.ac.in/dspace है। यह इंडिया'ज पोर्टल की डिजिटल पुस्तकालय पर भी उपलब्ध है।

(3) सूचना साक्षरता कार्यक्रम

डीयूएलएस ने 2006 के बाद से नियमित रूप से सूचना साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करना शुरू कर दिया है और 107 ई–संसाधन अभिविन्यास कार्यक्रमों, 15 प्रत्यक्ष प्रशिक्षण सत्रों, सामाजिक विज्ञान के अनुसंधान विद्वानों के लिए 15 एक दिवसीय कार्यशालाओं सहित विभिन्न विभागों और दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों में कुल 137 सूचना साक्षरता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। चालू वर्ष में डीयूएलएस ने विभागों/कालेजों और सम्मेलन केंद्र में 8 सूचना पुस्तकालय कार्यक्रम आयोजित किए हैं। स्नातकोत्तर, अनुसंधान विद्वानों और सदस्यों सहित 517 छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया है।

(4) केएनआईएमबीयूएस (निम्बस)
वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय से 1,636 पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं। पिछले एक वर्ष में, निम्बस के माध्यम से 1,591 लॉगिन, 3886 खोजें और 2,271 लेखों को डाउनलोड किया गया है।

(5) दस्तावेज डिलिवरी सेवा
जे–गेट @ यूजीसी इंफोनेट (**J-Gate@UGCInfonet**), यूजीसी इंफोनेट डिजिटल पुस्तकालय कंसोर्टियम के सभी डेटाबेस के लिए लेख स्तर तक पहुंच प्रदान करता है। 30 विश्वविद्यालय पुस्तकालयों द्वारा ली गई सदस्यता की लगभग 5200 मुक्त उपयोग इलेक्ट्रॉनिक पत्रिकाओं और मुद्रित पत्रिकाओं को, इनफ्लिबनेट केन्द्र के केंद्रों के लिए अंतर–पुस्तकालय उधार (आईएलएल) के रूप में तैयार किया गया है। इंटरफेस इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध और एक विशेष विश्वविद्यालय में पहुंच योग्य लेखों के लिए हाइपर लिंक प्रदान करता है ताकि एक उपयोगकर्ता लेखों का उपयोग और डाउनलोड कर सके। इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध या एक विशेष विश्वविद्यालय में सुलभ न होने वाली पत्रिकाओं के लेखों के लिए, इंटरफेस इनफ्लिबनेट केन्द्र या किसी आईएलएल केंद्र से, मामले के अनुसार, उपयोगकर्ता(ओं) को सीधे एक अर्द्ध–स्वचालित आईएलएल के उत्पादन के लिए अनुरोध की सुविधा देता है। ये सीधे डीयूएलएस सेवाओं के लिए नामित 30 आईएलएल केंद्रों में से एक है। J-Gate@UGCInfonet से हम निम्न लाभ प्राप्त करते हैं।

क) यूजीसी–इंफोनेट डिजिटल पुस्तकालय कंसोर्टियम के माध्यम से उपलब्ध सभी इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस के लिए एकल खिड़की खोज की सुविधा प्रदान करता है।
ख) 13,290 प्रकाशकों द्वारा प्रस्तुत ऑनलाइन उपलब्ध लाखों पत्रिकाओं के आलेखों के लिए सहज पहुँच प्रदान करता है।
ग) प्रकाशक साइटों पर पूर्ण पाठ के लिंक के साथ 45,339 ई–पत्रिकाओं से अनुक्रमित पत्रिका साहित्य के भारी डेटाबेस तक पहुँच प्रदान करता है।
घ) खुले उपयोग के लिए 9,425,618 से अधिक आलेख के साथ पूर्ण पाठ में लगभग 23410 ई–पत्रिकाओं के लिए खुली पहुँच प्रदान करता है।
ङ) डीयूएलएस की 917 मुद्रित पत्रिकाओं के लिए आलेख स्तर की खोज।
च) दस्तावेज डिलीवरी सेवा के माध्यम से डीयूएलएस में उपलब्ध न होने वाली मुद्रित पत्रिका के लेख की फोटोकॉपी उपलब्ध कराना।
छ) अन्य नामित विश्वविद्यालयों से अनुरोध द्वारा मुद्रित पत्रिका के लेख की प्रति उपलब्ध कराने के लिए दस्तावेज डिलिवरी सेवा का उपयोग।

डीयूएलएस **J-Gate@UGCInfonet** के एक नामित आईएलएल केंद्र के रूप में भी, कई जिम्मेदारियों को निभा रहा है। लगभग 1,00,000 भारतीय रुपए कीमत के, यूजीसी इंफोनेट डिजिटल पुस्तकालय कंसोर्टियम के माध्यम से उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक डेटाबेस के एवज में, डीयूएलएस **J-Gate@UGCInfonet** के माध्यम से किए गए अनुरोध पर पूरे भारत के विद्वानों को आलेखों की फोटोप्रतियों की आपूर्ति करने की जिम्मेदारी निभाता है। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक जानकारी सामग्री के बड़े संग्रह सहित एक बड़ा संगठन होने के नाते, डीयूएलएस, अपने अधिकांश उपयोगकर्ताओं की जानकारी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कार्य कर रहा है। इसलिए, डीयूएलएस उपयोगकर्ताओं द्वारा अन्य विश्वविद्यालयों से लेखों की फोटोप्रतियों के लिए बहुत कम अनुरोध किया जाता है। हालांकि, एक आईएलएल केंद्र के रूप में, डीयूएलएस नियमित रूप से लेखों की फोटोकॉपी आपूर्ति कर रहा है। हमारे विद्वानों से केवल 686 अनुरोध की तुलना में डीयूएलएस ने अन्य संस्थानों के विद्वानों से 7146 अनुरोध प्राप्त किए हैं।

मानव संसाधन
''पुस्तकालय में कंप्यूटर के उपयोग'' विषय पर प्रशिक्षण देने के लिए केन्द्रीय पुस्तकालय में निर्मित प्रशिक्षण सुविधा द्वारा डीयू कंप्यूटर सेंटर के संसाधन व्यक्तियों की मदद से विश्वविद्यालय के पुस्तकालय और कॉलेजों के पुस्तकालय कर्मचारियों के लाभ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

गर्मियों में इंटर्नशिप
डीयूएलएस ने पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के छात्रों को शामिल करने के लिए 7500 रुपए प्रति माह पर गर्मियों में इंटर्न कार्यक्रम जारी रखा है। इस अवधि के दौरान 13 छात्रों को विभिन्न पुस्तकालयों में प्रशिक्षण दिया गया है।

संगोष्ठिया/सम्मेलन/कार्यशालाएं/प्रदर्शनी

प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण: 16–17 जुलाई, 2015 को डीयूएलएस द्वारा सूचना साक्षरता और योग्यता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के विवरण http://: crl.du.ac.in पर उपलब्ध हैं।

उप पुस्तकाध्यक्ष, श्री राजेश सिंह को निम्नलिखित व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया :

11–12 अप्रैल, 2015 के दौरान नई दिल्ली में टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज और पुस्तकालय के लिए सतीजा रिसर्च फाउंडेशन फॉर पुस्तकालय एंड इंफार्मेशन साइंस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सतत एवं कारपोरेट सामाजिक दायित्व बनाने पर द्वितीय टेक्निया एसआरएफएलआईएस इंडिया शिखर सम्मेलन 2015 के ग्रे टू ग्रीन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक संसाधन व्यक्ति के रूप में ''डिजिटल वातावरण में अकादमिक अखंडता का प्रबंधन'' पर व्याख्यान दिया।

13 अप्रैल 2015 को पुस्तकालयों और शिक्षकों के लिए संकाय विकास एवं अनुसंधान केंद्र (एफडीआरसी), एडब्ल्यूईएस रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा, आयोजित कार्यशाला में एक संसाधन व्यक्ति के रूप में स्कूल पुस्तकालयों में सूचना साक्षरता की भूमिका पर एक व्याख्यान दिया।

8 मई 2015 को, दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी इरविन कॉलेज द्वारा ''गृह विज्ञान अनुसंधान में आचार'' पर आयोजित संकाय संवर्धन कार्यक्रम में एक संसाधन व्यक्ति के रूप में ''ऑनलाइन साहित्यिक चोरी का पता लगाने'' पर व्याख्यान दिया।

निम्न विषयों पर आमंत्रित व्याख्यान दिए गए:
(क) 5 जून, 2015 को 'बौद्धिक जानकारी के लिए वेब को सुलझाना''।
(ख) 6 से 9 जून, 2015 के दौरान ''यूजीसी–इंफोनेट डिजिटल पुस्तकालय संघः बौद्धिक जानकारी के लिए प्रवेश द्वार''।

03.06.2015 से मानव संसाधन विकास केंद्र, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, सी जी 492010 द्वारा आयोजित ''उच्च शिक्षा की गुणवत्ताः सीखने की प्रक्रिया'' पर अभिविन्यास कार्यक्रम में।
8 जून, 2015 से 4 जुलाई, 2015 तक उच्च शिक्षा में व्यावसायिक विकास के केंद्र (सीपीडीएचई), दिल्ली, विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम में 15 जून, 2015 को एक संसाधन व्यक्ति के रूप में ''अनुसंधान प्रकाशन का मूल्यांकनः उत्पादकता और प्रभाव'' पर एक व्याख्यान दिया (ओआर–81)।

19 से 21 वीं फरवरी, 2016 को एनसीएनआर, पीआरएसयू, रायपुर और एसएफई, भारत द्वारा आयोजित एथ्नोफार्माकोलॉजी की सोसायटी के तीसरे अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस, इंडिया एसएफईसी–2016 में एक संसाधन व्यक्ति के रूप में ''साहित्यिक चोरीः क्या, क्यों और इससे कैसे बचें''पर एक व्याख्यान दिया।

डॉ. तारिक अशरफ, उप पुस्तकाध्यक्ष प्रभारी ने एसएलए, संयुक्त राज्य अमेरिका के अंतर्गत सियोल, दक्षिण कोरिया में 22–24 अप्रैल, 2015 को आयोजित एशियाई विशेष पुस्तकालयों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया और 26–28 नवंबर, 2015 को आर्थिक विकास संस्थान (आईईजी), दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली में ''वेबोमेट्रिक्स, इंफोरमेट्रिक्स और साइंटोमेट्रिक्स (डब्ल्यूआईएस)'' पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कोलनेट–2015 में भी भाग लिया।

विश्वविद्यालय के पुस्तकाध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सिंह और उप–पुस्तकाध्यक्ष, डॉ तारिक अशरफ ने 12–14 मार्च 2016 को राजकोट, सुरेस्ठा विश्वविद्यालय में में आयोजित 61ए आईएलए सम्मेलन में भाग लिया।

पुस्तकालय स्टाफ द्वारा प्रकाशन
2–5 सितम्बर, 2014 के दौरान इलमेनायु, जर्मनी में आयोजित कोलनेट सम्मेलन में ''अनुसंधान रुझान और प्रशस्ति पत्र पैटर्नः दिल्ली में स्थित तीन केंद्रीय विश्वविद्यालयों का एक अध्ययन'' शोधपत्र प्रस्तुत। पृ.383–401.
22–24 अप्रैल, 2015 के दौरान सिओल, दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियाई विशेष पुस्तकालयों (आईसीओएएसएल 2015) के चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ''समानता, समावेश और ई–अभिशासन के माध्यम से सशक्तिकरणः पुस्तकालयों का सुविधन्वयन एवं पुनर्गठन''। पृ.393 403.

अन्य प्रमुख पुस्तकालयों में गतिविधियाँ

केन्द्रीय पुस्तकालय (कला पुस्तकालय सहित)

केन्द्रीय पुस्तकालय (कला पुस्तकालय सहित) पिछले वित्तीय वर्ष में 4075 उपयोगकर्ताओं की सदस्यता और 44,676 पुस्तकों के संचलन के साथ 4740 पुस्तकों का एक संग्रह जोड़ने में सक्षम रहा है।
केन्द्रीय पुस्तकालय में अनुसंधान स्थल पर शोध छात्रों के विशेष उपयोग के लिए प्रदान की गई इंटरनेट के उपयोग की सुविधा का प्रतिदिन औसतन 25–30 विद्वानों द्वारा नियमित रूप से उपयोग किया जा रहा है। पांच नए कंप्यूटर जोड़े गए हैं। छात्रों और कर्मचारियों के लिए भी 50 नए कंप्यूटर जोड़े गए हैं।

रतन टाटा पुस्तकालय

पुस्तकालय पिछले वित्त वर्ष में लगभग 2,505 उपयोगकर्ताओं की सदस्यता और 68,000 से अधिक पुस्तकों के संचलन के साथ 4,004 पुस्तकों का एक संग्रह जोड़ने में सक्षम रहा है।
आरटीएल ने विभिन्न संसाधनों का उपयोग करने के लिए 86 टर्मिनलों और एक हाई एंड सर्वर के साथ अपनी कंप्यूटिंग सुविधा और अद्वितीय ई–पुस्तकालय में वृद्धि की है। पुस्तकालय ने अधिक मूल्य परिवर्धन के साथ अपनी वेबसाइट को अद्यतित किया गया है।
ई–संसाधनों के विशेष संदर्भ में विभिन्न विभागों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम आरंभ किया गया है।

केन्द्रीय विज्ञान पुस्तकालय

केन्द्रीय विज्ञान पुस्तकालय पिछले वित्तीय वर्ष में 3375 उपयोगकर्ताओं की सदस्यता और 2.30 लाख पुस्तकों के संचलन के साथ 2,486 पुस्तकों का एक संग्रह जोड़ने में सक्षम रहा है। पुस्तकालय में आईटी संबंधित विभिन्न सेवाओं के लिए बुनियादी आईटी सुविधाओं की उत्कृष्ट व्यवस्था है। पुस्तकालय ने अपने उपयोगकर्ताओं के लिए सूचना साक्षरता कार्यक्रम और ई–मेल सेवा का संचालन जारी रखा। पुस्तकालय विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और मानविकी के सभी संकायों के उपयोगकर्ताओं के लिए सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है। पुस्तकालय ने जेसीसीसी के माध्यम से देश के विभिन्न पुस्तकालयों को दस्तावेज/लेख भेजे और उनसे मंगाए हैं। लेजर प्रिंटर, एलसीडी प्रिंटर, स्कैनर आदि शामिल करके कंप्यूटरीकृत सेवाओं को बढ़ाने के लिए कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जोड़ा गया है। इसमें सीडी और डीवीडी पर पुस्तके भी है।

दक्षिण दिल्ली कैम्पस

दक्षिण दिल्ली कैम्पस पुस्तकालय 1,430 उपयोगकर्ताओं की सदस्यता और लगभग 28735 पुस्तकों के संचलन के साथ पिछले वित्त वर्ष में 2,092 पुस्तकों का एक संग्रह जोड़ने में सक्षम हुआ है। पुस्तकालय ने पुस्तकों के ग्रंथ सूची विषयक डेटा और पत्रिकाओं की सजिल्द संस्करणों के लिए डेटा रखकर कम्प्यूटरीकरण की प्रक्रिया पूरी कर ली है। पुस्तकालय ने अपनी वेबसाइट का उन्नयन किया है। एक ई–संसाधन केंद्र स्थापित किया गया है। पूरे पुस्तकालय में व्यापक संकेत रखे गए हैं। पुस्तकों की बार कोडिंग पूरी की गई है और उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुस्तकालय में सीडी–रोम, पूरक पठन सामग्री और इसके डिजिटल संग्रह में पिछले वर्ष के प्रश्नपत्र हैं। उपयोगकर्ताओं को सेवा प्रदान करने के लिए एक समर्पित संदर्भ डेस्क कार्य कर रहा है।

दिल्ली विश्वविद्यालय सामाजिक केंद्र सह–शिक्षा विद्यालय

दिल्ली विश्वविद्यालय सामाजिक केंद्र सह–शिक्षा माध्यमिक विद्यालय ब्लॉक–सी, मौरिस नगर, दिल्ली–07 के आवासीय क्षेत्र में स्थित है। महिलाओं के स्वैच्छिक संगठन के एक छोटे समूह ने वर्ष 1945 में यह स्कूल आरंभ किया था। वास्तव में यह स्वतंत्र के पूर्व भारत में सर मौरिस ग्वेयर के संकेत पर की गई एक विनम्र शुरुआत थी। 1964 के बाद से स्कूल को दिल्ली सरकार से 95% और दिल्ली विश्वविद्यालय से 5% सहायता प्राप्त होती है। दिल्ली विश्वविद्यालय ने कुलपति प्रेसर मुनीस रजा की अवधि के दौरान स्कूल के लिए एक आधुनिक इमारत प्रदान की थी, जिसका रखरखाव दिल्ली विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा अपने स्वयं के धन से किया जा रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय हर वर्ष संविदात्मक कर्मचारियों और बुनियादी सुविधाओं के लिए 10–12 लाख रुपए की अतिरिक्त सहायता भी प्रदान करता है। दिल्ली विश्वविद्यालय ने इसे सी–4 स्कूल से सटे प्रोफेसर आवास भी आवंटित किए हैं। कुछ प्राथमिक कक्षाओं को इस इमारत में स्थानांतरित कर दिया गया है। हम उस इमारत में एक नर्सरी खंड शुरू करने में सक्षम रहे हैं, जो काफी लोकप्रिय है। 2003 में स्कूल को 8 वीं कक्षा से 10 वीं कक्षा के लिए उन्नत किया गया था। स्कूल में लगभग 600 छात्र हैं। दसवीं कक्षा के 100% परिणाम दर्शाते हैं कि विद्यालय पूर्ण उत्साह के साथ सफलता के रास्ते पर बढ़ रहा है, जो दसवीं कक्षा के सीबीएसई परिणाम से स्पष्ट है। उसमें सभी छात्र अच्छे अंकों से पास हुए हैं। यहाँ तक कि किसी भी छात्र को 'डी' से नीचे का ग्रेड नहीं मिला है। यह एक अच्छी उपलब्धि है। इसलिए पिछले 5 वर्षों से छात्रों का नामांकन लगातार बढ़ रहा है। लेकिन जगह की कमी के कारण हम अधिक छात्रों को समायोजित नहीं कर सकते। हमने विश्वविद्यालय से अतिरिक्त इमारत के लिए अनुरोध किया है, जिसका कार्य प्रगति पर है।

सत्र 2015–16 के दौरान निम्नलिखित समारोह मनाए गए: –

अप्रैल के महीने में पृथ्वी विज्ञान सप्ताह
स्वतंत्रता दिवस
वार्षिक दिवस
बाल दिवस
रेड क्रॉस दिवस
26 नवंबर से 25 जनवरी तक संविधान दिवस
गणतंत्र दिवस
23.3.2016 को शहीद भगत सिंह दिवस

स्कूल को अनुबंधित कर्मचारियों के मानदेय और बुनियादी सुविधाओं के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय से 12 लाख रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ है।

कार्यशालाओं और संगोष्ठियों

माता पिता को अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने और अपने बच्चे की शिक्षा के क्षेत्र में उनकी भूमिका में सुधार करने के लिए भी परामर्श दिया गया।

हमारा स्कूल 10–15 वर्ष के आयु वर्ग के छात्रों के साथ एक सह–शिक्षा विद्यालय है। दिल्ली विश्वविद्यालय के सामाजिक कार्य विभाग की मदद से बालिकाओं के लिए मार्गदर्शन और परामर्श कार्यशाला की व्यवस्था की गई।

स्कूल के छात्रों में भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। हमारे स्कूल में "कानूनी साक्षरता दिवस" पर एक "कानूनी साक्षरता" संगोष्ठी का आयोजन किया गया। छात्रों ने "गांधी भवन" में गांधी जी शहीद दिवस में भी भाग लिया। स्कूल दिल्ली विश्वविद्यालय की "पुष्प प्रदर्शनी" में भाग लेता है और दो पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय खेल परिषद

प्रमुख गतिविधियाँ

प्रो. सी. एस. दुबे – अध्यक्ष, दिल्ली विश्वविद्यालय खेल परिषद के गतिशील नेतृत्व में दिल्ली विश्वविद्यालय ने इंटर कॉलेज का आयोजन किया, पुरुषों और महिलाओं के 57 खेल/क्रीड़ा के पश्चात कोचिंग शिविर और नार्थ जोन एवं अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय की पुरुषों और महिलाओं टीमों का चयन किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय ने भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित नॉर्थ जोन और अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला), टूर्नामेंट में 63 खेलों में भाग लिया। कुल 616 खिलाड़ियों (महिला एवं पुरुष) ने नॉर्थ जोन और अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में दिल्ली विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा दिल्ली विश्वविद्यालय खेल परिषद ने अंतर विश्वविद्यालय टेबल टेनिस (महिला एवं पुरुष) टूर्नामेंट 2015–16 आयोजन किया, जो अच्छी तरह से संगठित था और सभी प्रतिभागियों द्वारा इसकी सराहना की गई ।

2015–16 नॉर्थ जोन अतर विश्वविद्यालय टेबल टेनिस (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट 2015–16

यह टूर्नामेंट दिसंबर, 2015 के महीने में आयोजित किया गया था, जिसमें पुरुषों की 48 टीमों और महिलाओं की 43 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट दिल्ली विश्वविद्यालय के बहुउद्देशीय कक्ष में खेले गए। दिल्ली विश्वविद्यालय नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय टेबल टेनिस (पुरुष) टूर्नामेंट के अंतिम मैच में पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ को हरा कर विजेता के रूप में उभरा। दिल्ली विश्वविद्यालय नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय टेबल टेनिस (महिला) टूर्नामेंट के फाइनल मैच में इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद को पराजित कर महिला वर्ग का विजेता बना।

उत्कृष्ट सम्मान/विशिष्टता

दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री अखिल श्योराण ने 3–14 जुलाई 2015 को कोरिया गणराज्य के ग्वांगजू में आयोजित 28 वें विश्व विश्वविद्यालय खेल–2015 में कांस्य पदक जीता।

दिल्ली विश्वविद्यालय की सुश्री अपूर्वी चंदेला ने 3–14 से जुलाई 2015 के दौरान ग्वांगजू, कोरिया गणराज्य में आयोजित 28 वें विश्व यूनिवर्सिटी खेल– 2015 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग में चौथा स्थान हासिल किया।

दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री ईशान गोयल ने 1–12 नवंबर 2015 के दौरान कुवैत में आयोजित 13वीं एशियाई चैम्पियनशिप की 50 मीटर राइफल शूटिंग जूनियर पुरुष टीम में 3 पोजीशन पर स्वर्ण पदक जीता।

दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री ईशान गोयल ने 1–12 नवंबर 2015 से कुवैत में आयोजित 13वें एशियाई चैम्पियनशिप 50 मीटर राइफल प्रोन जूनियर पुरुष टीम में रजत पदक जीता।

दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री योगेश गौतम ने 3–11 अगस्त, 2015 के दौरान सुवान, कोरिया में आयोजित एशियाई युवा शतरंज चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।

दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री योगेश गौतम ने 22–30 जून, 2015 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल (18 वर्ष से कम) शतरंज चैम्पियनशिप में रजत और कांस्य पदक जीता।

दिल्ली विश्वविद्यालय की सुश्री पूजा टोकस ने 27 अक्टूबर से 18 नवंबर, 2015 के दौरान बोंगईगांव असम में आयोजित 16 वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता।

दिल्ली विश्वविद्यालय की सुश्री हिना टोकस ने 27 अक्टूबर से 18 नवंबर, 2015 के दौरान बोंगईगांव असम में आयोजित 16वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता।

दिल्ली विश्वविद्यालय की सुश्री शुभ गुलाटी ने 11–13 मार्च, 2016 को जापान में आयोजित 20वें एशिया कप हिरोशिमा इंटरनेशनल नरम टेनिस चैम्पियनशिप में भाग लिया।

दिल्ली विश्वविद्यालय की सुश्री योगिता वोहरा ने 26 जुलाई से 2 अगस्त, 2015 के दौरान ताइवान (चीनी ताइपे) में आयोजित 5 वीं आईकेएफ यू–23 एशिया–ओसियाना कोर्फबॉल चैम्पियनशिप में भाग लिया।

दिल्ली विश्वविद्यालय की सुश्री मोनिका ने 26 जुलाई से 2 अगस्त, 2015 के दौरान ताइवान (चीनी ताइपे) में आयोजित 5 वीं आईकेएफ यू–23 एशिया–ओसियाना कोर्फबॉल चैम्पियनशिप में भाग लिया।

दिल्ली विश्वविद्यालय के बासठ (62) खिलाड़ियों ने नॉर्थ जोन और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट (पुरुष एवं महिला) में स्वर्ण पदक जीते– बैडमिंटन (महिला), बास्केटबॉल (महिला), मुक्केबाजी (महिला), शतरंज (पुरुष एवं महिला), खो–खो (महिला), शूटिंग (महिला), स्क्वैश रैकेट (पुरुष), टेबल टेनिस (पुरुष एवं महिला), तायक्वोंडो (महिला), टेनिस (महिला)।

अट्ठानबे (98) खिलाड़ियों ने नॉर्थ जोन और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट (पुरुष एवं महिला) में रजत पदक जीते– एक्वाटिक्स (पुरुष एवं महिला), बेसबॉल (पुरुष एवं महिला), बास्केटबॉल (पुरुष), क्रिकेट (पुरुष), फुटबॉल (महिला), जिमनास्टिक्स (पुरुष एवं महिला), जूडो (महिला), शूटिंग (पुरुष), तायक्वोंडो (महिला), कुश्ती (पुरुष)।

अड़तालीस (48) खिलाड़ियों ने नॉर्थ जोन और ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीते– तैराकी (पुरुष), तीरंदाजी (महिला), मुक्केबाजी (पुरुष एवं महिला), शतरंज (पुरुष/महिला), जिमनास्टिक्स (महिला), जूडो (महिला), खो–खो (पुरुष), शूटिंग (महिला), स्क्वैश रैकेट (महिला), तायक्वोंडो (पुरुष), टेनिस (महिला), कुश्ती (पुरुष एवं महिला), (अनुबंध– II)

ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेंट 2015–16 में टीम चैम्पियनशिप
– दिल्ली विश्वविद्यालय शूटिंग (पुरुष एवं महिला) टीम ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय चैम्पियनशिप 2015–16 (पुरुष और महिला) में समग्र शूटिंग (पुरुष एवं महिला) चैम्पियनशिप में टीम रजत पदक प्राप्त किया।
– दिल्ली विश्वविद्यालय जिमनास्टिक (महिला) टीम ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय जिमनास्टिक (महिला) चैम्पियनशिप 2015–16 में टीम का कांस्य पदक मिला
– दिल्ली विश्वविद्यालय तैराकी (महिला) टीम को अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय तैराकी (गोताखोरी) चैम्पियनशिप 2015–16 में टीम कांस्य पदक मिला है।

संकाय की संख्याः स्थायीः निदेशक, शारीरिक शिक्षा

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी
ग्वांगजू, कोरिया गणराज्य में 3–14 जुलाई 2015 के दौरान आयोजित 28 वें विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में एथलेटिक्स, जूडो, शूटिंग और टेनिस में भारतीय विश्वविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय से तेरह (13) खिलाड़ियों का चयन किया गया था। खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं:

शूटिंग (पुरुष एवं महिला), सुश्री अपूर्वी चंदेला, सुश्री अदिति सिंह, श्री अखिल श्योराण, श्री हरित बब्बर, श्री ईशान गोयल, सुश्री माहेश्वरी चौहान, सुश्री प्रेरणा गुप्ता, सुश्री सजनीत कौर रेहल, सुश्री संजना सहरावत, सुश्री सर्वेश्वरी कुमारी जूडो (महिला) सुश्री वनिता एथलेटिक्स (महिला) श्री ललित माथुर टेनिस (पुरुष), सुश्री रिषिका शंकर (महिला)

दिल्ली विश्वविद्यालय के छह (6) खिलाड़ियों को नॉर्थ जोन क्रिकेट (पुरुष) टीम का हिस्सा बनने के लिए चुना गया था, जिसने विज्जी ट्रॉफी ''इंटर जोनल चैम्पियनशिप '' में भाग लिया, उनमें से पांच प्रथम ग्यारह में खेले और उनके योगदान ने विज्जी ट्रॉफी में चयनित होने में उत्तर क्षेत्र की मदद की। खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं:– अभिषेक वत्स, रोहन राठी, मनीष तेहलान, योगेश कुमार, करण डागर, राजेश शर्मा।

दिल्ली विश्वविद्यालय महिला संगठन

दिल्ली विश्वविद्यालय महिला एसोसिएशन (डीयूडब्ल्यूए) एक सामाजिक कल्याण संगठन है और इसे 1860 के सोसायटी पंजीकरण अधिनियम XXI (पंजाब संशोधन अधिनियम 1957) के अंतर्गत पंजीकृत किया गया था, जिसे दिल्ली विश्वविद्यालय और आसपास के क्षेत्र में महिलाओं के हितलाभ के लिए, सामाजिक, सांस्कृतिक, मनोरंजन, शैक्षिक और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ 31 अक्टूबर 1964 को दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के लिए बढ़ा दिया। डीयूडब्ल्यूए को एक सामाजिक कार्यकर्ता, एक महान दूरदर्शी और उप कुलपति प्रो. सी. डी. देशमुख की पत्नी, डॉ दुर्गाबाई देशमुख ने वंचित महिलाओं को को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू किया था।

कार्यक्रम और गतिविधियाँ

मनो शरीर केंद्रः दिल्ली विश्वविद्यालय में महिला छात्रों के कल्याण को बढ़ावा देना इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य है, जिसका उद्घाटन फरवरी 2014 में प्रो. दिनेश सिंह, कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा किया गया था। मन और शरीर की समस्याओं के परस्पर जुड़े होने के कारण उन्हें केंद्र के चिकित्सकों, प्राकृतिक चिकित्सक और सलाहकारो की विशेषज्ञता द्वारा एक समग्र रूप में संभालने की जरूरत होती है। केंद्र में निःशुल्क परामर्श के अलावा, योग और एक्यूप्रेशर तकनीक का भी प्रयोग किया जाता है। विशेष डॉक्टरों होम्योपैथी और छात्राओं और विश्वविद्यालय की महिला कर्मचारियों के उपचार के लिए होम्योपैथी और प्राकृतिक चिकित्सा के विशेष डॉक्टरों को नियुक्त किया गया है।

प्ले स्कूलः डीयूडब्ल्यूए, उषा गांगुली शिशु विहार और दुर्गा बाई देशमुख बालवाड़ी नामक दो प्री–स्कूल चलाता है, जिन्हें बच्चों के शारीरिक और बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक और सुरुचिपूर्ण विकास को बढ़ावा देने के लिए क्रमशः 1967 और 1966 में स्थापित किया गया था। बालवाड़ी आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए है जहां उन्हें निःशुल्क पोषक आहार दिया जाता है। दोनों स्कूलों में लगभग 210 बच्चे हैं।

सहयोगः सहयोग कार्यक्रम कक्षा I से XII तक के स्कूली छात्रों को उनके शैक्षिक प्रदर्शन में सुधार करने के उद्देश्य के साथ आरंभ किया गया, जो पड़ोस के छात्रों की मदद करता है। इस ट्यूशन सहायता कार्यक्रम में, बच्चों को पौष्टिक नाश्ता और स्वास्थ्य पेय परोसा जाता है। सप्ताह में छह दिन 3 बजे से 5 बजे तक शैक्षणिक कक्षाएं चलाई जाती हैं। इस कार्यक्रम में लगभग 30 बच्चे शामिल हैं।

वात्सल्यः बच्चों के देखभाल के इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिल्ली विश्वविद्यालय में काम कर रही माताओं के अपने बच्चों की हितलाभ से संबंधित तनाव को कम करना है। दिवस–देखभाल की यह सुविधा 6 महीने से 6 वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए है। 50 बच्चों को इस सुविधा के लिए भर्ती किया गया है।

महिला छात्रावासः डीयूडब्ल्यूए ने 1975 में अंतर्राष्ट्रीय महिला वर्ष मनाने के लिए कामकाजी महिलाओं के होस्टल श्री सदन को स्थापित किया, जिससे दिल्ली विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों की एकल महिला शिक्षकों को लाभ हो सके। अन्य दो हॉस्टल, पुराने डीयूडब्ल्यूए छात्रावास और नए डीयूडब्ल्यूए छात्रावास दिल्ली विश्वविद्यालय के एम.फिल और पीएचडी के छात्राओं के लिए आवास प्रदान करते हैं। हॉस्टल में एक पूर्णकालिक वार्डन के साथ लगभग 37 आवासी हैं।

दृष्टिः डीयूडब्ल्यूए सदस्यों ने दृष्टि कार्यक्रम के माध्यम से दिल्ली विश्वविद्यालय के नेत्रहीन छात्रों की जरूरतों को संबोधित करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सदस्याएं सबक को पढ़ती और रिकॉर्ड करती हैं। अध्ययन सामग्री की व्यवस्था करती हैं और नेत्रहीन व्यक्तियों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करती हैं।

जागृतिः महिलाओं के बीच कैंसर की बढ़ती घटनाओं को स्वीकार करते हुए इस कार्यक्रम में व्याख्यान, चर्चा, परीक्षण शिविरों के आयोजन के माध्यम से जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जाता है। दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं और अन्य गतिविधियों का भी आयोजन किया जाता है।

स्मारिका की दुकानः यादगार वस्तुओं की दुकान को नवंबर 2014 में शुरू किया गया। डीयूडब्ल्यूए के स्वर्ण जयंती समारोह में प्रो. दिनेश सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। इस गतिविधि का प्राथमिक उद्देश्य डीयूडब्ल्यूए ब्रांड को बढ़ावा देने और इसके साथ–साथ छात्रों और डीयूडब्ल्यूए समुदाय के अन्य सदस्यों के बीच गर्व और अपनेपन की भावना पैदा करना है। यादगार वस्तुओं की वस्तुओं की डिजाइन और बिक्री को डीयूडब्ल्यूए सदस्यों द्वारा प्रबंधित किया जा रहा है। फोल्डर, स्वेट शर्ट, बैग, कलम, कुंजी जंजीरों, मग जैसी कुछ यादगार वस्तुओं के लिए काफी मांग रहती है।

कम्प्यूटर साक्षरता कार्यक्रमः यह चार महीने का कंप्यूटर कोर्स है, जिसमें एमएस वर्ड, एक्सेल, प्रवेश और इंटरनेट का बुनियादी ज्ञान दिया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बुनियादी कम्प्यूटर कौशल प्राप्त करने में लड़कियों की मदद करना है।

भाषा परिचय कार्यक्रमः डीयूडब्ल्यूए, डीयूडब्ल्यूए के सदस्यों दिल्ली विश्वविद्यालय के कर्मचारियों, शिक्षकों और छात्रों के लिए निःशुल्क अल्पावधि भाषा परिचय पाठ्यक्रमों के संचालन की पहल कर रहा है। चीनी और जर्मन भाषा के एक चार–पांच महीने के पाठ्यक्रम के साथ यह कार्यक्रम शुरू किया गया है।

चीनी परिचय कोर्स : फरवरी, 2015 से अगस्त, 2015 तक
जर्मन परिचय कोर्स : फरवरी, 2015 से सितंबर, 2015 तक

डीयूडब्ल्यूए छात्रावास के निवासियों और सभी डीयूडब्ल्यूए सदस्यों के लिए पुस्तकालय की सुविधा प्रदान करता है। डीयूडब्ल्यूए ने कई जागरूकता कार्यक्रमों और कार्यशालाओं का आयोजन किया। डीयूडब्ल्यूए ने बच्चों और सदस्यों के लिए खेल कार्यक्रमों की व्यवस्था की।

वर्ष 2015–2016 के दौरान आयोजित कुछ प्रमुख गतिविधियाँः
यूजीएसवी और डीडीबी स्कूलों ने 18 अप्रैल 2015 को नए माता–पिता के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीयूडब्ल्यूए ने 6 जुलाई, 2015 को ''मधुमेह की रोकथाम पर सार्वजनिक व्याख्यान'' का आयोजन किया। 31 जुलाई, 2015 को मानसून, मिलन समारोह मनाया गया और छात्रों को चीनी भाषा पाठ्यक्रम के प्रमाणपत्र दिए गए तथा योग विशेषज्ञ द्वारा और ''पावर योगा'' पर विशेष प्रदर्शन और बातचीत की गई।
12 सितम्बर 2015 को ''स्व–संवर्धन कार्यशाला'' का आयोजन किया गया।

कुछ विशेष घटक शामिल हैंः तनाव प्रबंधन; सकारात्मक सोच की शक्ति; विश्वास की बहाली; ध्यान

डीयूडब्ल्यूए ने 26 फरवरी को दिल्ली विश्वविद्यालय ''वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी'' में भाग लिया, और खाने–पीने, मन शरीर केंद्र की सुविधा, यादगार वस्तुओं की दुकानों के स्टाल लगाए। जागृति उप–समिति द्वारा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम 12मार्च, 2016 को आयोजित किया गया जिसमें कॉलेज के छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। यूजीएसवी और बालवाड़ी स्कूल ने 28 मार्च को ''स्नातक दिवस'' मनाया गया।

हिंदी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय

हिंदी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, हिंदी माध्यम के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के हितलाभ के लिए मुख्य रूप से सामाजिक विज्ञान और मानविकी में, हिंदी में उच्च मानक युक्त पाठ्य पुस्तकें प्रकाशित करता है। 1978 में दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा अधिग्रहण के बाद से, हमने अब तक, लगभग 210 पुस्तकें प्रकाशित की हैं। वर्ष 2015–16 के दौरान, हमने 10 नई पुस्तके और 3 संशोधित पुस्तकें प्रकाशित की हैं। हमने मध्यकालीन भारत भाग–1 और भाग–2, आजादी के बाद का भारत, भारत का स्वतंत्रता संग्राम, प्राचीन भारत का इतिहास, आदि, जैसी अपनी अधिक बिकने वाली पुस्तकों की करीब 50,000 प्रतियां प्रकाशित की हैं।

हमने प्रगति मैदान में नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में 15 जनवरी 2016 को निम्नलिखित आठ नई पुस्तके जारी कीं:

1.	व्यवसायिक सन्नियम	प्रोफेसर जे. पी. शर्मा और डॉ. सुनैना कनौजिया
2.	तुलनात्मक शासन और राजनीति	डॉ. आशा गुप्ता
3.	तुलनात्मक सरकार और राजनीति	डॉ. आशा गुप्ता
4.	बीसवीं शताब्दी का विश्व इतिहास भाग –1	डॉ. स्नेह महाजन
5.	बीसवीं शताब्दी का विश्व इतिहास भाग –2	डॉ. स्नेह महाजन
6.	भारत के प्रमुख बोद्ध तीर्थ स्थल	डॉ. प्रियसेन सिंह
7.	राज से स्वराज	डॉ. आर. सी. प्रधान
8.	आधुनिक भारत का राजनीतिक चिंतन	डॉ. रुचि त्यागी

डॉ. आशा गुप्ता, निदेशक, डीएचएमआई ने तुलनात्मक राजनीति पर हिंदी में भी कुछ पुस्तकें प्रकाशित की हैं, जो 2015 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुमोदित विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली के अंतर्गत नए पाठ्यक्रम के अनुसार हैं। ये हैंः

1. तुलनात्मक शासन और राजनीति (बीए ऑनर्स, सेमेस्टर –3)
2. तुलनात्मक सरकार और राजनीति (बीए कार्यक्रम, सेमेस्टर –4)
3. राजनीतिक प्रतिक्रियाएं एवं संस्थाएं (बीए ऑनर्स, सेमेस्टर –4)

डॉ. आशा गुप्ता ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भी भाग लियाः

1. 16–19 मार्च, 2016 को हिल्टन होटल अटलांटा, अटलांटा, जॉर्जिया, संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित इंटरनेशनल स्टडीज एसोसिएशन के 57वें वार्षिक सम्मेलन में ''शांति के लिए संघर्षः गांधीवादी मार्ग'' पर एक शोधपत्र प्रस्तुत किया।
2. द इंडिया हायर एजुकेशन रिपोर्ट (आईएचईआर) में ''भारत में निजी उच्च शिक्षा में उभरते रुझानः कुछ प्रतिबिंब'' नामक शोधपत्र 2015 में उच्च शिक्षा में नीति अनुसंधान के केंद्र (सीपीआरएचई), न्यूपा, नई दिल्ली के लिए, रूटलेज द्वारा प्रकाशित।
3. 'आर्थिक और राजनीतिक शासन का पुनर्गठनरू ब्रिक्स की भूमिकाश। रवांडा में लोकतांत्रिक शासन पर शासन बोर्ड की रिपोर्ट, रूटलेज द्वारा प्रकाशित किया जाना है (आगामी 2016) ।

इस वर्ष हमने अपनी प्रकाशित पुस्तकों की बिक्री का उच्चतम रिकॉर्ड हासिल किया। यह लगभग 1 करोड़, 30 लाख है, जो अब तक की सबसे ज्यादा बिक्री थी। हमें यह सूचना देते हुए खुशी हो रही है कि वर्ष 2015–16 के दौरान, यूजीसी ने, डीएचएमआई की हिंदी/क्षेत्रीय भाषाओं में पाठ्य पुस्तकों में प्रकाशित करने की दिशा में पूरे भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों में हिंदी कार्यान्वयन प्रकोष्ठों की स्थापना करना अनिवार्य कर दिया है।

विदेशी छात्रों का पंजीकरण

अंतरराष्ट्रीय छात्र समुदाय ने दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत पाठ्यक्रमों में शामिल होने में अपनी रुचि दिखाना जारी रखा है। शैक्षणिक वर्ष 2015–2016 के लिए, विदेशी छात्रों के कार्यालय में 2638 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें आईसीसीआर छात्रवृत्ति धारकों के 636 आवेदन पत्र शामिल थे। 238 महिला और 314 पुरुषों सहित कुल 552 छात्रों को दाखिला मिला। विश्वविद्यालय में, 2015–2016 में लगभग 1310 विदेशी नागरिक, प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम से पीएच.डी. तक के पाठ्यक्रमों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

विदेशी छात्रों का पंजीकरण कार्यालय, नामांकित छात्रों, आवासीय हॉस्टल, दूतावासों, कॉलेजों, विभागों और संस्थाओं के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रख सुनिश्चित करता है कि अंतरराष्ट्रीय छात्रों को अपने शिक्षाविदों से संबंधित किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।

छात्रों के लिए कई सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। विश्व युवक केन्द्र (अंतर्राष्ट्रीय युवा केंद्र) द्वारा आयोजित एक बैठक में भागीदारी की गई। अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के हाउस को अपनी वार्षिक बैठक का आयोजन करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई। किरोड़ीमल कॉलेज के विदेश छात्र संघ द्वारा आयोजित सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यों में उप–संकायाध्यक्ष की करीबी भागीदारी थी।

गांधी भवन

प्रमुख गतिविधियाँ और उपलब्धियाँ

27 अप्रैल 2015 को ''गांधी जी और युवा'' पर एक इंटरेक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के वक्ताओं में श्रीमती तारा गांधी भट्टाचार्य, अध्यक्ष, गांधी स्मृति और दर्शन समिति, श्री ए. अन्नामलाई, निदेशक, राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय, राजघाट, नई दिल्ली और प्रो. दिनेश सिंह, पूर्व कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय शामिल थे।

28 अप्रैल 2015 को एक भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ सीता बिंब्राव, पूर्व संकाय, कमला नेहरू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय ने गांधी जी के प्रिय भजनों का गायन किया।

15 मई 2015 को ए. के. चेट्टियार की एक फिल्म ''महात्मा गांधीः 20 वीं सदी के पैगंबर'' दिखाई गई थी।

29 मई 2015 को, टाइम्स इंडिया ग्रुप के आयुर्वेदिक चिकित्सक, डॉ. लक्ष्मी कांत त्रिपाठी द्वारा ''योग और आयुर्वेद'' पर एक विशेष वक्तव्य का आयोजन किया गया।

5 जून 2015 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया और गांधी भवन के परिसर में पौधे लगाए गए। उसी दिन ''आपदा तैयारीः भविष्य की चुनौतियां पर एक व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। दिल्ली अग्नि–शयन सेवा के डॉ. ए. के. मलिक ने दर्शकों को विनाशकारी स्थिति का मुकाबला करने के तरीकों पर लिए एक व्यापक दृष्टिकोण दिया। श्री मलिक ने ''आपदा के दौरान अग्नि सुरक्षा'' पर बात की और आग लगने की किसी भी स्थिति में सुरक्षा उपायों और शिक्षा और तैयारियों की जरूरत पर सुझाव दिए। डॉ रितु सक्सेना, सीएमओ, दुर्घटना और आपातकालीन विभाग, लोकनायक अस्पताल ने किसी भी आपदा के मामले में अस्पताल जाने से पहले की देखभाल पर बात की। डॉ. रितु ने एक ''डमी'' की मदद से आपदा के पीड़ितों को प्राथमिक उपचार देने के तरीकों का प्रदर्शन किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के उच्च शिक्षा में व्यावसायिक विकास के केंद्र (सीपीडीएचई) में उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम में भाग लेने वाले शिक्षकों, और छात्रों के साथ–साथ अन्य संकाय सदस्यों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

21 जून 2015 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में गांधी भवन की निदेशक (मानद), प्रो. अनिता शर्मा ने स्वागत भाषण दिया, जिसके बाद योग आयोजक, गांधी भवन के मार्गदर्शन में सभी के लिए योग और ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। छात्रों, शिक्षकों और बड़ी संख्या में गैर–शिक्षण संकाय उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व कुलपति प्रोफेसर दिनेश सिंह ने दर्शकों को संबोधित किया और भीतर की अच्छाई और हर किसी के लिए योग की प्रासंगिकता पर बात की। आयुष मंत्रालय से ''आम योग प्रोटोकॉल'' नामक वृत्तचित्र भी दिखाया गया। आधुनिक समय में ''आसन और उनकी प्रासंगिकता'' को समझने के लिए, गांधी भवन के योग आयोजक, श्री आई. एन. रमन द्वारा एक प्रस्तुति का आयोजन किया गया। इसके पश्चात् आनंद अमृत योग केंद्र के योग और आयुष मंत्रालय के एक सदस्य गुरु गोपाल कृष्ण द्वारा ''प्राणायाम'' और साँस लेने के व्यायाम पर एक विस्तृत व्यावहारिक अनुप्रयोग किया गया। इस अवसर पर, डॉ. सीता बिंब्राव द्वारा गांधी जी के पसंदीदा भजनों के गायन और एक विशेष चरखा कताई सत्र भी आयोजित किया गया।

6 जुलाई 2015 को, ''मैंने गांधी को नहीं मारा'' पर एक फिल्म दिखाई गई थी, जिसमें आम जनता के साथ–साथ विश्वविद्यालय के शिक्षक, छात्र और गैर–शिक्षण कर्मचारी भी उपस्थित थे। 16 जुलाई 2015 को ''अन्य आधे को समझनाः लिंग संवेदीकरण पर संबद्धता'' पर सामाजिक कार्य विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. पामेला सिंगला द्वारा एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। 21 जुलाई 2015 को, हिंदू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय की सुश्री शिखा गुप्ता द्वारा ''चुन्नट डालने की कला'' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। 10 अगस्त 2015 को, दिल्ली महानगर शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के प्रोफेसर और मेंटर, प्रो. विक्रम दत्त द्वारा ''एक समावेशी समाज के निर्माण'' पर एक इंटरेक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। 14 अगस्त 2015 को ''गांधी'' पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
24 अगस्त 2015 को डॉ. वाई. पी, आनंद, पूर्व अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, भारतीय रेलवे, भारत सरकार और पूर्व निदेशक, राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय, राजघाट, नई दिल्ली द्वारा ''राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और रेलवे''पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। 7 सितंबर 2015 को श्री राजीव रंजन, रिसर्च स्कॉलर, अंतर्राष्ट्रीय और तुलनात्मक शिक्षा संस्थान, नार्थईस्ट नॉर्मल यूनिवर्सिटी, चांगचुन, चीन द्वारा ''अपने मन को जानें: अपने ही मन के साथ एक बातचीत'' पर एक इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। 26 सितंबर 2015, एक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

एमबीए–आईबी और एमबीए–मानव संसाधन विकास के छात्रों द्वारा हर वर्ष दो दिन के वार्षिक प्रबंधन उत्सव ''अथर्व'' और मानव संसाधन उत्सव ''कॉनफल्क्स'' आयोजित किया गया है, जिसमें अन्य कॉलेज और प्रबंधन के छात्र सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

अजरबैजान विश्वविद्यालय के एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने 22 दिसम्बर, 2015 को डीएसई में वाणिज्य विभाग का दौरा किया, जिसमें बाहरी सरकार और छात्रों के मामलों के वाइस रेक्टर, एडीए विश्वविद्यालय के डॉ. फेरिजइस्माइलजादे, काउंसलर येगाना गाफगजली और वाइस रेक्टर प्रोफेसर डॉ रामेश्वर कंवर शामिल थे। तत्कालीन विभाग प्रमुख, प्रो. जे. पी. शर्मा ने स्टाफ के सदस्यों से मेहमानों का परिचय कराया और शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विभाग की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा और अनुसंधान के अच्छे अवसर प्रदान करना है।

स्टीलमैन स्कूल ऑफ बिजनेस, सेटान हॉल विश्वविद्यालय, साउथ ऑरेंज, संयुक्त राज्य अमरीका के प्रतिनिधिमंडल ने 3 मार्च, 2016 को दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में वाणिज्य विभाग का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त राज्य अमेरिका के स्टीलमैन स्कूल ऑफ बिजनेस के पूर्ण प्रोफेसर प्रो. ए. डी. अमर ने किया था। प्रो. ए. डी. अमर ने ''ज्ञान के संगठन में विकास के अवसरों'' की खोज पर एक विशेष व्याख्यान दिया।

आज के युग में जब हर देश और समाज आर्थिक विकास और प्रगति की एक तरफा सड़क पर चल रहा है, प्रकृति और पर्यावरण को पीछे धकेल दिया गया है। वाणिज्य विभाग ने ईको क्लब के गठन में अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए कदम उठाया है।

सम्मान/विशेषताएं
वनिता त्रिपाठी और रितिका सेठ को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित और दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री अरबिंदो कॉलेज द्वारा 26–27 फरवरी 2016 को आयोजित *भारत में बदलता व्यापार और आर्थिक वातावरणः विजन 2020* शीर्षक राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुत ''सार्क देशों के शेयर बाजारों में बाजार दक्षता, अंतर – जुड़ाव और अस्थिरता संक्रमण'' के लिए सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र अवार्ड प्रदान किया गया।

वनिता त्रिपाठी और कुमार अर्णव को दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कामर्स द्वारा 4–5 फरवरी 2016 को उपलब्धियों से विकास की संभावनाओं की ओर फलतेफूलते रिसर्च सेवा क्षेत्र पर तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत उनके शोधपत्र ''सेवा क्षेत्र के शेयरों की क्षमता, निर्धारक और प्रदर्शनः भारत से साक्ष्य'' के लिए सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र अवार्ड प्रदान किया गया।

वनिता त्रिपाठी और कुमार अर्णव को 27–28 नवंबर 2015 के दौरान जीजीएसआईपी विश्वविद्यालय के व्यवसायिक अध्ययन के विवेकानंद संस्थान द्वारा *उभरते वैश्विक बाजारों के लिए सतत व्यापार प्रथाओं* पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत ''ब्रिक्स के शेयर बाजारों में व्यापक आर्थिक कारकों और सकल शेयर लाभ के बीच संबंध – एक पैनल डेटा विश्लेषण'' के लिए सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र अवार्ड प्रदान किया गया।

डॉ. सुनैना कनौजिया को 16–21 नवंबर, 2015, को फ्लोरिडा, संयुक्त राज्य अमरीका में आयोजित 5वें अंतर्राष्ट्रीय अंतःविषय वाणिज्य अर्थशास्त्र उन्नयन सम्मेलन (आईआईबीए) में ''भारत के बैंकों में प्रमुख संकट के बाद निगमित प्रशासन'' शीर्षक शोध पत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र अवार्ड प्रदान किया गया।

प्रकाशन
मुनीम के. बराई, रबी नारायण कर और नीति भसीन (2015), ''एशिया प्रशांत सदी में भारत–जापान आर्थिक संबंध को समझना'' वैश्विक व्यवसाय समीक्षा (एक ऋषि प्रकाशन), संस्करण 16, नंबर 6, पृ. 1061–1081.

के. वी. भानु मूर्ति और नीति भसीन, (2016). ''पर्यावरण कुज्नेट वक्रः सीओ 2 उत्सर्जन, प्रदूषण वाले देश और आर्थिक विकास का प्रकार''। बहुराष्ट्रीय उद्यमों में स्थिरता की उभरते गतिशीलता, जॉन आर मैकेन्टायर, सिलवेस्टर इवान्ज, वेरा इवान्ज और रबी नारायण कर (संपा.)। एडवर्ड एल्गरः ब्रिटेन।

एन. भसीन और पी. जस्टिन, (2016). निर्यात और जावक एफडीआईः वे पूरक हैं या विकल्प? एशिया से साक्ष्य। बहुराष्ट्रीय व्यापार की समीक्षा। (एन एमरेल्ड पब्लिकेशन), 24 (1), 62–78.

नीति भसीन, के. वी. भानुमूर्ति और वंदना जैन, (2016). ''चयनित एशियाई अर्थव्यवस्थाओं से जावक एफडीआई पैदा करने वाले धकेलने वाले कारकः स्थिरता चिंता का विषय है?''। बहुराष्ट्रीय उद्यमों में स्थिरता की उभरती गतिशीलता, जॉन आर मैकेन्टायर, सिलवेस्टर इवान्ज, वेरा इवान्ज और रबी नारायण कर (संपा.)। एडवर्ड एल्गरः ब्रिटेन।

नीति भसीन, रबी नारायण कर और नेहा अरोड़ा (2015). ''भारत में हरित प्रकटीकरण प्रथाएंः चयनित कंपनियों का एक अध्ययन'', *एवरग्रीन (अभिनव कार्बन संसाधन विज्ञान और ग्रीन एशिया रणनीति की संयुक्त पत्रिका),* संस्करण 2, अंक 2, पृ. 5–13.

एस आर खन्ना, ए. सिंह, ए. सान्याल, आर. शर्मा, वाई अरोड़ा और ए. छिब्बर। (2015). भारतीय बाजार में समझौता और उपभोक्ता हानि का आकलन, *भ्वायस और जीआईजेड,* 260.

के. सैकिया और विजय कुमार श्रोत्रिय, (2016). पेट्रोलियम क्षेत्र में निगमित सामाजिक दायित्वः लाभार्थियों का एक अध्ययन, असम की तेल रिफाइनरियों में धारणाए *न्यू होराइजन्स लेवरेजिंग बिजनेस में दूसरा अध्याय* (संपा.) कविता शर्मा व सुनैना कनौजिया, अनमोल प्रकाशन, नई दिल्ली, 22–44.

के.शर्मा, और एस गर्ग, (2016). उपभोक्ता खोज और मूल्यांकन व्यवहार की एक जांचः ब्रांड नाम और कीमत की धारणाओं का प्रभाव। वि*जन – व्यापार के नजरिए की पत्रिका।20* (1), 24–36.

विजय कुमार श्रोत्रिय, (2016). सीएसआरः जिस तरह से आप इसे देखते हैं। *सीएसआर विजन,* 4 (11), 48–49.
विजय कुमार श्रोत्रिय, (2016). भारत कार्य योजना का आरंभः प्रावधान और संभावनाएँ। *सामग्री प्रबंधन की समीक्षा,* 12 (5), 23–24.

विजय कुमार श्रोत्रिय, (2015). भारत और उसके बाजार के लिए अच्छे दिन। *एसएमई विश्व,* 8 (11), 12–13.
आर के सिंह, (2015). प्रशिक्षण और संगठनात्मक प्रभावशीलता का निर्माणः एक प्रस्तावित मॉडल, *प्रबंधन की एमआईएमएस पत्रिका*, 10 (1), 2249–0116.

वी त्रिपाठी और वी भंडारी, (2016). बाजार की स्थितियां और भारत में सामाजिक रूप से जिम्मेदार स्टॉक पोर्टफोलियो का प्रदर्शन। *व्यापार के दृष्टिकोण,* 15 (1), 1–19। आईएसएसएन 0972–7612. बिमटेक, ग्रेटर नोएडा।

बराई, के. मुनीम, आर. एन. कर और एन. भसीन, (2015). एशिया प्रशांत सदी में भारत–जापान आर्थिक संबंधों को समझना। *ग्लोबल बिजनेस रिव्यू (ए सेज पब्लिकेशन),* 16 (6), 1061–1081.

ए. के. बर्धन और एच. के. डांगी, (2016). राहत श्रृंखला में प्रदर्शन के वाहक और संकेतकः एक अनुभवजन्य अध्ययन। *ग्लोबल बिजनेस रिव्यू* में प्रकाशन के लिए स्वीकृत 17 (1) 88–104.

एन भसीन, आर एन कर और एन अरोड़ा, (2015). भारत में हरित प्रकटीकरण प्रथाएंः चयनित कंपनियों का एक अध्ययन। *एवरग्रीन* (अभिनव कार्बन संसाधन विज्ञान और ग्रीन एशिया रणनीति की संयुक्त पत्रिका), 2 (2), 5–13.

के. शर्मा और एम. बंसल, (2016). बहुराष्ट्रीय उद्यम में स्थिरता की उभरती गतिशीलता में ''पर्यावरण चेतना का मापन'', संपा. जॉन आर मैकेन्टायर, सिलवेस्टर इवान्ज, वेरा इवान्ज और रबी नारायण कर (संपा.)। एडवर्ड एल्गरः ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका।

ए.के.सिंह, (2016). भारत में आईपीओ बाजार का दीर्घकालिक प्रदर्शन। *वित्तीय प्रबंधन की अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका,* आईएसएसएनः 2229–5682.

आर के सिंह, (2015). मानव कंप्यूटर इंटरफेसः कॉलेज जानेवालों का एक अध्ययन। *विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन की अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका* 4 (5), 2394–1537.

वी. त्रिपाठी और वी. भंडारी, (2015). भारत से अनुभवजन्य साक्ष्य – क्या नैतिक फंड पारंपरिक फंड से कम प्रदर्शन करते हैं। *विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार नीतिशास्त्र की अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका,* 4 (2) 10–19. आईएसएसएन 2278–3172. प्रकाशक – पब्लिशिंग इंडिया। वैज्ञानिक पत्रिका।

वी. त्रिपाठी और वी. भंडारी, (2015). सामाजिक जवाबदेह शेयर– भारत में निवेशकों के लिए एक वरदान। *प्रबंधन अनुसंधान में प्रगति की पत्रिका,* 12 (2) एमरेल्ड पब्लिकेशन। आईएसएसएन 0972–7981 खंड 12 नंबर, 2 जुलाई 2015.पृ. 209–225 जारी होने की तारीख 10.1108/जेएएमआर–03–2014–0021। प्रकाशक – एमरेल्ड पब्लिकेशन।

वी. त्रिपाठी और वी. भंडारी, (2016). भारतीय शेयर बाजार के पूरे क्षेत्र में सामाजिक रूप से जिम्मेदार स्टॉक पोर्टफोलियो का प्रदर्शन। *विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में व्यापारिक नीतिशास्त्र की अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका*, 5 (1) 10–24. आईएसएसन 2278–3172.

वी. त्रिपाठी और अर्णव कुमार, (2016). भारतीय बैंकिंग शेयर लाभ में व्यवस्थित जोखिम के स्रोत – कुछ अनुभवजन्य सबूत। *व्यापार विश्लेषक*, 36 (2), 135–150.

वी. त्रिपाठी और एस मैगो (2015). भारत के इक्विटी और ऋण बाजार में विदेशी संस्थागत निवेश एक अनुभवजन्य विश्लेषण। *अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र की पत्रिका*, 6 (1), 107–117.

एच. के. डांगी और एस. दीवान, (2016). व्यापारिक अनुसंधान के तरीके। नई दिल्लीः सेनगाग इंडिया लिमिटेड (आईएसबीन–978–81–315–2960–7)

के. शर्मा और एस. कनौजिया, (2015). व्यापारिक लाभ के लिए नए क्षितिज। नई दिल्लीः अनमोल प्रकाशन। आईएसबीएन – 978–81–261–6498–1.

अनुसंधान परियोजनाएं

डॉ. एच. के. डांगी, धार्मिक स्थलों की आपदा तैयारी, दिल्ली विश्वविद्यालय, 1 लाख रु.।

प्रो. कविता शर्मा, ऊर्जा बचत उत्पाद और स्थायी शहर, दिल्ली विश्वविद्यालय, रु.1.4 लाख।

प्रो. विजय कुमार श्रोत्रिय, भारत में संगठनात्मक खुशी के घटक पर एक खोजपूर्ण अध्ययन। दिल्ली विश्वविद्यालय, रु. 1.2 लाख।

प्रो मदनलाल, भारतीय के प्रसंस्कृत और सब्जी उद्योग की प्रतिस्पर्धा और निर्यात प्रदर्शन के एक अध्ययन, यूजीसी। रु. 6.74 लाख।

प्रो. रीतेश के. सिंह, स्थानीय बाजारों में उद्यमिताः पूर्वी उत्तर प्रदेश के शहरों का एक अध्ययन, दिल्ली विश्वविद्यालय, रु. 1.5 लाख।

सम्मेलनों का आयोजन

एमबीए (मानव संसाधन विकास) और एमबीए (इंटरनेशनल बिजनेस) के छात्रों द्वारा संयुक्त रूप से 16 और 17 सितंबर, 2015 को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर, संसद मार्ग, नई दिल्ली में 20वें वार्षिक व्यापार सम्मेलन ''इरुडिशन 2015'' आयोजित किया गया था। इरुडिशन '15 का विषय था ''प्रज्वलन–द विजन फॉरवड''। इरुडिशन '15 ने शिक्षाविद्, उद्योगपति, उद्यमी, और प्रबंधन गुरुओं को छात्रों के साथ व्यावहारिक ज्ञान और विश्व स्तर पर वर्तमान व्यवसायिक प्रथाओं पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए एक साझा मंच प्रदान किया है। इरुडिशन '15 के पहले दिन न्यायमूर्ति मार्कंडेय काटजू (भारत के उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश) मुख्य अतिथि और श्री अनुराग बत्रा (अध्यक्ष एवं एडिटर–इन–चीफ बीडब्ल्यू द्य बिजनेस वर्ल्ड) मुख्य वक्ता थे।

दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के वाणिज्य विभाग ने कन्वेंशन सेंटर, दिल्ली विश्वविद्यालय के कैम्पस में 18 और 19 दिसंबर, 2015 को दो दिवसीय चौथे वार्षिक अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में पहले दिन श्री एन. आर. नारायण मूर्ति, संस्थापक, इंफोसिस ने मुख्य अतिथि के रूप में सत्र की अध्यक्षता की। दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में वाणिज्य विभाग के विशाल वार्षिक आयोजन में चौथे वार्षिक अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य सम्मेलन– 2015 के दूसरे दिन देश भर के विद्वानों ने 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए।

वाणिज्य विभाग ने 02 सितंबर, 2015 को ::हृदय रोग की रोकथाम और विपर्यय'' पर डॉ बिमल थाजेर द्वारा एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। विमल छाजेर एमबीबीएस, एमडी चिकित्सा विज्ञान की दुनिया में एक प्रसिद्ध व्यक्तित्व हैं।

संगोष्ठियां

सितम्बर 2015 में एमबीए–एचआरडी के छात्रों के लिए मानव संसाधन संगोष्ठी और एमबीए–आईबी के छात्रों के लिए आईआईएसएसी संगोष्ठी आयोजित की गई थी।

विशेष व्याख्यान

हेनले बिजनेस स्कूल, ब्रिटेन के प्रोफेसर रजनीश नरूला ने 28 मार्च, 2016 को ''विकासशील देशों के एमएनईएस और संगठनात्मक कौशल में कमजोरी'' पर एक विशेष व्याख्यान दिया।

केंट बिजनेस स्कूल, ब्रिटेन के डॉ. सुरक्षा गुप्ता ने 22 फरवरी, 2016 को ''सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भूमिका'' पर एक व्याख्यान दिया।

सम्मेलन में प्रस्तुतियाँ

प्रो. कविता शर्मा, ने 7–9 जनवरी, 2015 को आईआईएम, अहमदाबाद में आयोजित उभरती अर्थव्यवस्थाओं में विपणन पर छठे आईआईएमए सम्मेलन में ''ग्राहक के आजीवन मूल्य का एक अध्ययन और ग्राहक प्रतिधारण पर इसके प्रभाव'' शीर्षक शोध पत्र प्रस्तुत किया था।

आईएससीटीई–आईयूएल–आईसीएन बिजनेस स्कूल और सेंटर फॉर इंटरनेशनल बिजनेस एजुकेशन एंड रिसर्च, जॉर्जिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा 13–15 दिसंबर, 2015 को लिस्बन, पुर्तगाल में आयोजित एमईएसडी'15 सम्मेलन में ''लेबल धारणाएं और उपभोक्ता व्यवहार– स्थिरता विरोधाभास के हल के लिए एक प्रायोगिक जांच'' शीर्षक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

प्रो. एस. आर. खन्ना

एस. आर. खन्ना और ए. गोस्वामी ने 28–29 मार्च 2016 को नई दिल्ली में प्रबंधन शिक्षा में प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर एआईएमए के 10 वें राष्ट्रीय सम्मेलन में ''आभासी मंचों का एक तुलनात्मक मूल्यांकन और वाणिज्य विभाग, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय में इसका कार्यान्वयन'' पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।

प्रो. संजय कुमार जैन

गुरुवार, 1 अक्टूबर, 2015 को गीतारत्न अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य स्कूल, जीजीएसआईपी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विकास और बाधाओं पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''व्यापार के लिए अदृश्य बाधाओं से निपटनाः मूल देश के प्रभाव और उपभोक्ता प्रजाति केंद्रिकता के प्रकरण'' पर एक विषय प्रस्तुति दी।

प्रो. विजय कुमार श्रोत्रियः

अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस– 20 मार्च, 2015 को रंगसीत विश्वविद्यालय, थाईलैंड में आयोजित सतत खुशी और सतत विकास पर अंतर्राष्ट्रीय मंच ''सतत विकास की दिशा में प्रगति– सकल राष्ट्रीय खुशी के साथ भूटान के प्रयोग'' शीर्षक शोधपत्र प्रस्तुत किया)।

'राष्ट्रीय कल्याण के लिए रणनीतियाँः राष्ट्र निर्माण में एनएसएस की भूमिका' पर 5–6 मार्च, 2015 को एनईएचयू शिलांग में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान भारत में युवा शक्ति की भूमिकाः गुंजाइश और चुनौतियां (एक सत्र की अध्यक्षता)।

प्रो. आर.के. सिंह

26–27 फरवरी, 2016 को भारतीय प्रबंधन संस्थान, कोलकाता द्वारा आयोजित ''भूमंडलीकृत दुनिया में सीएसआर पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनः उभरते मुद्दे और चुनौतियां'' में सुश्री रजनी हीरा के साथ ''आध्यात्मिकता और प्रतिबद्धताः एक आधारभूत सिद्धांत का दृष्टिकोण'' शीर्षक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

16–17 मार्च, 2016 को सुश्री रजनी हीरा के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के श्याम लाल कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित ''स्थिरता व्यापार मॉडल पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनः अभिनव रणनीतियां और प्रथाएं'' में ''आध्यात्मिकताः स्थिरता का एक लंगर'' शीर्षक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

डॉ. वनिता त्रिपाठी

वनिता त्रिपाठी और नीरजा (2015). 17 अप्रैल, 2015 को यूएसएमएस, जीजीएस आईपी यूनिवर्सिटी और एनएसई पर द्वारा आईपी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित वित्तीय बाजार और आर्थिक विकास पर तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में ''क्या निवेश रणनीतियाँ व्यापक आर्थिक कारकों पर आधारित होती हैं? – ब्रिक्स शेयर बाजारों में निवेश विश्लेषकों के एक सर्वेक्षण'' शीर्षक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

वनिता त्रिपाठी और शिल्पा मैगो (2015). 17 अप्रैल, 2015 को यूएसएमएस, जीजीएस आईपी यूनिवर्सिटी और एनएसई पर द्वारा आईपी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित वित्तीय बाजार और आर्थिक विकास पर तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में 'भारतीय ऋण बाजार और बॉन्ड उपज में एफआईआई प्रवाह – अनुभवजन्य परिणाम'' शीर्षक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

वनिता त्रिपाठी और वरुण भंडारी (2015) 17 अप्रैल, 2015 को यूएसएमएस, जीजीएस आईपी यूनिवर्सिटी और एनएसई पर द्वारा आईपी विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित वित्तीय बाजार और आर्थिक विकास पर तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में ''नैतिक और परम्परागत फंड का निष्पादन मूल्यांकन –भारत में टारस म्युचुअल फंड का एक अध्ययन'' शीर्षक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

वनिता त्रिपाठी और शिल्पा मैगो ने 8 अप्रैल, 2015 को यूजीसी प्रायोजित और रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा विपणन और वित्त में उभरते रुझान और समकालीन मुद्दों पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में ''भारत में इक्विटी और ऋण बाजार में विदेशी संस्थागत निवेश का एक अनुभवजन्य विश्लेषण'' शीर्षक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

वनिता त्रिपाठी और अर्णव कुमार ने 6–7 अप्रैल, 2015 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित और दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित भारत में बैंकिंग क्षेत्र में सुधारः अनुभव, अवसर और चुनौतियां पर राष्ट्रीय सम्मेलन में ''भारत में बैंकिंग स्टॉक रिटर्न में व्यवस्थित जोखिम के सूत्रः कुछ अनुभवजन्य सबूत'' शीर्षक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

वनिता त्रिपाठी और नीरजा ने 18–19 फरवरी, 2015 के दौरान, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित और दिल्ली विश्वविद्यालय के इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज द्वारा भारत में ऑनलाइन रिटेलः मुद्दे और चुनौतियां पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''भारत में ई कॉमर्स फर्मों में निजी इक्विटी निवेश– रुझान और चुनौतियां'' शीर्षक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

वनिता त्रिपाठी और अर्णव कुमार ने 13–14 फरवरी 2015 को आईबीएस गुड़गांव द्वारा ''भारतीय पूंजी बाजार'' पर आयोजित नौवें राष्ट्रीय सम्मेलन में ''ब्रिक्स बाजारों में मुद्रास्फीति की दर और शेयर रिटर्न के बीच संबंधः पैनल सह–एकीकरण परीक्षण का उपयोग कर अनुभवजन्य साक्ष्य'' शीर्षक शोधपत्र प्रस्तुत किया। सम्मेलन में इस शोधपत्र को सर्वश्रेष्ठ शोधपत्र पुरस्कार प्रदान किया गया ।

वनिता त्रिपाठी और नीरजा ने 13–14 मार्च, 2015 को आईबीएस गुड़गांव द्वारा 'भारतीय पूंजी बाजार'' पर आयोजित नौवें राष्ट्रीय सम्मेलन में ''व्यापक आर्थिक कारक और उभरते बाजारों में शेयर प्रदर्शन – शेयर बाजार के विशेषज्ञों का एक सर्वेक्षण'' शीर्षक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

वनिता त्रिपाठी और प्रीति अग्रवाल ने 30 मार्च 2016 को अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित और दिल्ली विश्वविद्यालय के सत्यवती कॉलेज (सांध्य) द्वारा आयोजित ''ारतीय वित्तीय बाजार में वित्त पर व्यवहार की भूमिका'' पर राष्ट्रीय सम्मेलन में ''मूल्य निवेश और व्यवहारिक वित्तः कुछ अनुभवजन्य साक्ष्य'' शीर्षक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

वनिता त्रिपाठी और नीरजा ने 29 मार्च, 2016 को शिवाजी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा ''वैश्वीकरण, आर्थिक विकास और स्थिरता'' पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में ''भारतीय शेयर बाजार में लोकप्रिय निवेश रणनीतियों का प्रदर्शन'' शीर्षक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

वनिता त्रिपाठी और स्वाति गर्ग ने 26–27, फरवरी 2016 को अनुदान आयोग द्वारा प्रायोजित और दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री अरबिंदो कॉलेज, द्वारा आयोजित ''भारत में बदलते व्यापार और आर्थिक वातावरणः विजन 2020'' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''एक्सचेंज ट्रेडेड फंड की मूल्य निर्धारण क्षमता का एक देश पार विश्लेषण'' शीर्षक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

18–19 दिसंबर 2016 को दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित चौथे अंतर्राष्ट्रीय वार्षिक वाणिज्य सम्मेलन में ''भारत की चयनित कंपनियों में कॉर्पोरेट सामाजिक और वित्तीय प्रदर्शन के बीच समान, पिछड़ी और अनौपचारिक सम्बन्ध'' शीर्षक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

डॉ. नीति भसीनः 13–14 जून, 2015 को हेनले बिजनेस स्कूल, यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग, ब्रिटेन में आयोजित रीडिंग–यूएनसीटीएडी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सम्मेलन में ''संस्थागत तंत्र प्रतिस्पर्धा को कैसे प्रभावित करता है? चयनित देशों से अनुसंधान एजेंडा और साक्ष्य'' (डॉ. रवि नारायण कर और डॉ. स्लैगजाना के साथ संयुक्त रूप से) शीर्षक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

डॉ. शीतल झुनझुनवाला ने 6–7 जनवरी, 2016 को सार्वजनिक उद्यमों के संस्थान, हैदराबाद में निगमित प्रशासन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ''भारतीय बोर्डों में विविधता स्तर'' शीर्षक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

सुश्री शिल्पी साहीरू 24 और 25 मार्च, 2015 को दिल्ली विश्वविद्यालय के आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज, दिल्ली में ''संगठनात्मक उत्कृष्टता के लिए उभरते मानव संसाधन आचरण''पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''प्रौद्योगिकी के साथ मानव संसाधन विकास का एकीकरण'' शीर्षक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

सुश्री मनीषाः 19, 2015 को दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में डीएसई, वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित चौथे वार्षिक अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य सम्मेलन के दूसरे दिन ''ग्रीन मार्केटिंगः सीएसआर का एक पहलू'' शीर्षक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

वित्तीय अध्ययन

प्रमुख गतिविधियाँ और उपलब्धियाँ

वार्षिक सम्मेलन

वित्तीय अध्ययन विभाग ने 19 सितंबर 2015 को होटल शांगरी–ला, नई दिल्ली में ''वित्तीय क्षेत्र के विकास के माध्यम से विकास प्राप्त करनाः विजन 2020'' विषय पर अपने 28वें वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर को विभाग की वार्षिक पत्रिका, फिनस्कोप के प्रकाशन के रूप में चिह्नित किया गया। डॉ. पी. के. आनंद, वरिष्ठ सलाहकार, नीति आयोग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। श्री डी. आर. डोगरा, एमडी और सीईओ, केयर रेटिंग ने मुख्य वक्ता के रूप में भाषण दिया। श्री रवि क्रोवी (डीन, व्यवसायिक प्रशासन कॉलेज, अक्रान विश्वविद्यालय) सम्मानित अतिथि थे।

सम्मान/विशिष्टताए

देवांग मेहता राष्ट्रीय शिक्षा पुरस्कार 2015 ''वित्त में सर्वश्रेष्ठ अकादमिक आदान सहित बिजनेस स्कूल'' के रूप में।

8वें डीएनए एवं सितारे उद्योग समूह प्रस्तुति, शिक्षा शैक्षणिक और उद्योग इंटरफेस निर्माण में नवाचार के लिए पुरस्कार।

प्रकाशन

प्रो. **मुनीश कुमार** प्राथमिकता क्षेत्र उधार के अवधारकः भारत के बैंक ऋण पैटर्न से साक्ष्य। व्यवसाय और वित्त अनुसंधान की अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका संस्करण –10.

प्रो. संजय सहगलः एक अनुभवजन्य अध्ययन (2015): भारत के उपभोग्य संजातों पर उपभोग्य लेनदेन कर के संभावित प्रभाव। वैकल्पिक निवेश विश्लेषक की समीक्षा, क्यू 42014, खंड 3, अंक 3, पृ. 26–37

भारत के विदेशी मुद्रा बाजार में मूल्य के अनुसंधान और अस्थिरता के फैलाव की एक जांच (2015)। आर्थिक अध्ययन की पत्रिका, संस्करण 42.
भारत (2015) से मूल्य गति के विदारक स्रोतः भारत से साक्ष्य। उभरते बाजारों की अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका, संस्करण 10.

रियल एस्टेट निवेश का चयन और संपत्ति की कीमतों में अनुभवजन्य विश्लेषणः गुड़गांव, भारत के लिए चयनित आवासीय परियोजनाओं का अध्ययन (2015)। अंतर्राष्ट्रीय रियल एस्टेट समीक्षा, संस्करण 18, पृ. 523–566.

बीआरआईआईसीकेएस शेयर बाजारों में व्यवस्था परिवर्तन और अस्थिरताः एक परिसंपत्ति आवंटन परिप्रेक्ष्य (2015)। उभरते बाजारों की अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका, संस्करण 10, पृ. 383 – 408

आय की घोषणा के लिए शेयर की कीमत प्रतिक्रियाएंः भारत से साक्ष्य (2015)। विजनः व्यापार के नजरिए का पत्रिका, संस्करण 19, नं. 1, पृ. 25–36.

डॉ. अमिताभ गुप्ताः बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर ब्लॉक ट्रेडिंग की कीमत का प्रभाव, 2015, व्यवहारिक वित्त की आईयूपी पत्रिका, संस्करण 21 (3), 5–15.

भारत में क्रेडिट रेटिंग परिवर्तन के लिए बाजार की प्रतिक्रिया, 2015, विपणन, वित्तीय सेवाओं और प्रबंधन अनुसंधान की अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका (आईजेएमएफएमआर), अप्रैल–जून संस्करण 4 (2), 36–46.

अनुसंधान परियोजनाएं
प्रो. संजय सहगलः सार्क क्षेत्र में वित्तीय एकीकरणः सामाजिक विज्ञान अनुसंधान की भारतीय परिषद (आईसीएसएसआर) द्वारा अनुभवजन्य विश्लेषण और नीतिगत मुद्दे, नई दिल्ली, दो साल के लिए 2015–2017.

अंतर संस्थागत सहयोग

विभाग ने छात्रों के विनिमय और गर्मियों में प्रशिक्षण के लिए ईएससी पऊ, फ्रांस के साथ समझौता ज्ञापन किया है।

विभाग ने छात्र और संकाय विनिमय के साथ–साथ संयुक्त अनुसंधान के लिए, रैम्स बिजनेस स्कूल, फ्रांस के साथ एक समझौता ज्ञापन किया है।

विभाग ने छात्रों के विनिमय और संयुक्त अनुसंधान के लिए अक्रान विश्वविद्यालय, ओहियो, संयुक्त राज्य अमरीका के साथ एक समझौता ज्ञापन में प्रवेश किया।

सम्मेलनों का आयोजन/भागीदारी
डॉ. अमिताभ गुप्ताः फर्म की विशेषताएं पूंजी संरचना को कैसे प्रभावित करती हैं? सी. बंगा के साथ भारतीय एसएमई साक्ष्य विश्व वित्त सम्मेलन में प्रस्तुत, ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना जुलाई 22–24, 2015.

प्रदत्त पीएच.डी./एम.फिल की डिग्रियां
पीएच.डी. – 5

संकाय की संख्याः स्थायीः 6, अतिथि संकायः 11

कॉलेज

आचार्य नरेन्द्र देव कॉलेज

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

इंडिया टुडे (2015) द्वारा आचार्य नरेन्द्र देव कॉलेज (एएनडीसी) को भारत के श्रेष्ठ विज्ञान कॉलेजों के बीच दिल्ली में आठवें स्थान पर तथा भारत में 25वें स्थान पर रखा गया था। एएनडीसी को एनएएसी (मार्च 2016) द्वारा 3.31 अंकों के साथ 'ग्रेड ए' प्रमाणित किया गया था। विश्वविद्यालय द्वारा डा. सीमा मखीजा और डा. गगन धवन को पीएच.डी. मार्गदर्शकों के रूप में मान्यता दी गई थी। विद्यालय को ग्यारह अभिनवता परियोजनाएं प्रदान की गई थीं तथा एएनडीसी के चार छात्रों को विश्वविद्यालय का विज्ञान मेधावी पुरस्कार दिया गया था। कॉलेज के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में एक अन्य भव्य समारोह 'रजतोत्सत' आयोजित किया गया था (6–8 फरवरी, 2016) जिसमें तीन दिवसीय प्रर्दशनी, अंतर्विद्यालय और अंतर्महाविद्यालय वॉलीबाल टूर्नामेंट, नृत्य, नुक्कड़ नाटक और वाद–विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी।

उत्कृटता सम्मान/विशिष्ट उपाधियां

डा. सावित्री सिंह (प्राचार्य) को यूनेस्को मुख्यालय, पेरिस में ''मुक्त शैक्षणिक संसाधन (ओआरई) रोडमैप बैठक'' के लिए विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया (30–31 मार्च, 2016)। वे आरओईआर 4 डी (विकास के लिए मुक्त शैक्षणिक अनुसंधान पर शोध) के परामर्शक समूह की सदस्य हैं जिसका वित्त–पोषण अंतर्राष्ट्रीय विकास अनुसंधान केन्द्र (आईडीआरसी), कनाडा द्वारा किया जाता है और जिसमें 11 ओईआर अंगीकरण अध्ययन तथा 8 ओईआर प्रभाव अध्ययन शामिल है, जो सभी ग्लोबल साउथ में स्थित हैं (ये मलेशिया, कोलम्बिया और भारत में तीन शोध परियोजनाओं का विशेष रूप से मार्गदर्शन कर रहे हैं) (2013–17) वे मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) के राष्ट्रीय संसाधन समूह (एनआरजी) तथा विद्यालयी शिक्षा में आईसीटी के राष्ट्रीय समूह (एनआरजी) की सदस्य भी हैं।

डा. गगन धवन ने उच्चतर शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा मेधावी शिक्षक पुरस्कार 2015 प्राप्त किया तथा यूजीसी द्वारा एक वर्ष के लिए यूएसए में पोस्ट डॉक्टोरल के लिए रामन फेलोशिप (2016–17) प्राप्त की।

डा. चारू के. गुप्ता, डा. सुनीता नारंग, डा. चन्द्रकांत सामल, डा. अमित गर्ग, डा. रूपेश तेहरी और डा. अरिजीत चौधरी को दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2014–15 के लिए अभिनवता में शिक्षण उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया।

शोध परियोजनाएं

डीएसटी (इंडो–स्लोवेनिया संयुक्त परियोजना) 2015–18, भारत और स्लोवेनिया के प्रभावित शहरों में परिवेशी वायु प्रदूषण (एएपी) और Hg संदूषण का अनुभव–प्रतिक्रिया आकलन : एक तुलनात्मक अध्ययन, 17.00 लाख

डीएसटी, 2014–17, परिवर्ती सितारों की प्रकाश वक्रताओं का अध्ययन, 6.6 लाख।

सीएसआईआर ओएसडीडी, 2013–16 : एमटीबी एमयूआर पाथवे एंजाइम्स : मल्टी–टार्गेट थैरेपी के संभावित उम्मीदवार, 37.63 लाख।

डीएसडी 2010–16, अभिनवता और उद्यमवृत्ति विकास केन्द्र (आईईडीसी) – यह प्रत्येक वर्ष छात्रों द्वारा 5 अभिनव परियोजनाओं के लिए निधि प्रदान करता है, 5 लाख

डीयू अभिनवता परियोजनाएं 2015–16, 59 लाख

विशिष्ट उपलब्धियों वाले छात्र

इस वर्ष प्रारंभ किया गया श्रेष्ठ छात्र सिल्वर जुबली पुरस्कार (10,000/– रुपए) बी.एमसी. (एच) प्राणिविज्ञान की सुश्री प्रियंका दास ने जीता।

पुस्तकालय विकास

एएनडीसी पुस्तकालय ने अपने पुस्तकालय की पुस्तकों की संख्या में 300 और वृद्धि की है तथा दो अतिरिक्त जर्नलों को सब्सक्राइब किया है।

प्रकाशन

सिन्हा, ए., कंडासामा ई., सिन्हा एस., लिन ए.एम., एवं वाजपेयी यू (2015) माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के आरवी 2345 अंतर्विष्ट करने वाले टीपीएस डोमेन का कार्यात्मक विश्लेषण जो इसके फोस्फेटेज क्रियाकलाप की पहचान करता है। प्रोटीन एक्सप्रेशन एवं ब्यूटीफिकेशनर, 111, 23–27 (डीओआई : 10.1016/जे पेप. 2015–03–003)।

अहमद, एस., खान, एफ आई वाजपेयी, यू. अली, एस., द्विवेदी, एन. एवं हसन, एम.आई. (2015)। ई. कोली और एस. ट्यूबरकुलोसिस से एमयूआर ए इंजाइम का तुलनात्मक आण्विक गतिशील अध्ययन। फार्माकोथेरेपी में अभिनवता, 3(3), 673–682.

धवन जी., चन्द्रा, आर. गुप्ता, के.सी. एवं कुमार पी. (2015) 1,4–एनहाइड्रोएरीथ्रिरोल–आधारित यूनीवर्सल पालीमर सपोर्ट से सिंथेटिक ओलिगो न्यूक्लोटाइड्स के क्लीवेज के लिए फैसाइल और रैपिड डेप्रोटक्शन परिस्थितियां। न्यूक्लियोसाइड्स, न्यूक्लि योटाइड्स एवं न्यूक्लेइक एसिड, 34(3), 149–162.

धवन. जी., गुप्ता, एस., जैन, एम., धवन, यू., दीपिका, डुंगरियाल, पी., जैदी, जैड, सिंह, वाई., ठाकुर, जे., धर्मेन्द्र चौहान, ए. एवं शर्मा, के., (2015) दिल्ली, भारत में पटरी पर बैठे डायरों द्वारा फैब्रिक डाइज़ के प्रयोग से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी और जागरूकता पर अन्वेषणात्मक अध्ययन। दिल्ली विश्वविद्यालय स्नातकपूर्ण शोध और अभिनरवता जर्नल, 1(3), 20–25

चन्द्रा, एस., हूडा, एस., तोमर, पी.के., मलिक, ए., कुमार ए., मलिक एस. एवं गौतम, एस. (2016) थियोसाइनेटसेलेक्टिव इलेक्ट्रोड के लिए बिस–नाइट्रेटो (4–हाइड्रोजाइसेटोफीनोलेज माइकरबेंजोन) निकेल (II) काम्प्लेक्सेस आइनोफोर का संश्लेषण और विशेषता–वर्णन। पदार्थ विज्ञान और इंजीनियरी सी, 62, 18–27.

भटनागर वी., आहूजा, एस. एवं कौर एस (2015): डिस्क्रिमिनैंट एनालाइसिस – बेस्ड क्लस्टर एंसेम्बल। अंतर्राष्ट्रीय द्वारा माइनिंग, मॉडलिंग एवं प्रबंध जर्नल, 7(2), 83–107.

वरीकू, आर. एवं कुमार, एस. (2015) डेगू वाहक एडीजेगायप्टी के भारतीय स्ट्रेनों के विरुद्ध अर्गेमोनेमैक्सिकाना के पर्ण निष्कर्षणों का ओवीपोजीशन डेटेरेंस और ओवीसाइडल पोटेंशियल (डिप्टेरा : क्यूलीसाइडी)। एप्लाइड रिसर्च जर्नल, 1 (4), 208–2015.

मिश्रा, एम., गुप्ता, के.के., एवं कुमार, एस. (2015) हेलीकवरपारमिगेरा हबनर के अर्ली फोर्थ इंस्टार्स के मिडगट एपीथीलियम टिशू की पोषक क्षमता और ऊत्तक–विज्ञानी संरचना पर थेवेटियानेरीफोला के तना निष्कर्षण का प्रभाव। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंसेक्ट साइंस, 7, 53–60, डीओआई : 10. 4137/आईजेआईएस. एस 29127.

दास पी., सोलंकी, आर. एवं खन्ना, एम. (2015) सॉइल एक्टिनो माइसेट्स के कोशिका–इतर एंजाइमों की विशेषता : आण्विक दृष्टिकोण। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ बायोटेक्नालॉजी ट्रेंड्स एंड टेक्नालॉजी, 10(2), 20–32.

मखीजा, एस., गुप्ता, आर, टुटेजा, आर., अब्राहम, जे.एस. एवं श्रीपूर्णा, एस. (2015)। सिलिएट स्टाइलोनाइचियमाइटिलस (सिलियोफोरा, हाइपोट्रिचिडा) मं कैडियम इंड्यूज्ड अल्ट्रास्ट्रक्चरल परिवर्तन।

जर्नल ऑफ सैल एंड टिशू रिसर्च, 15(3), 5151–5157. आयोजित सम्मेलन/प्रस्तुत किए गए शोध पत्र (श्रेष्ठ 5): हूडा एस. ने रसायन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 3–4 जुलाई, 2015 को ऊर्जा और स्वास्थ्य के लिए इलेक्ट्रोकैमिस्ट्री पर आयोजित तीसरी इंडो–इटैलियन कार्यशाला में "पर्यावरणीय संरक्षण के लिए सीडी (II) आयन सेलेक्टिव पॉलीमेरिक इलेक्ट्रोकैमिकल सेंसर" विषय प एक पत्र प्रस्तुत किया।

श्रीपूर्णा एस., अब्राहम जे.एस., गुप्ता आर, टुटेजा आर और मखीजा एस. ने "टेट्मेमेना एन. स्प. में कैडमियन उत्प्रेरित एचएसपी 70 जीन का विशेषता–वर्णन तथा भारी धातु विषाक्तता के लिए एक आण्विक संकेतक के रूप में इसका प्रयोग" पर कैमेरीनो, इटली में आयोजित सिलिएट मॉलीक्यूलर बायलॉजी पर एक पत्र प्रस्तुत किया, 10–16 जुलाई, 2015.

श्री पूर्णा एस., अब्राहम जे.एस., गुप्ता आर, टुटेजा आर और मरवीजा एस. ने सिलिएट्स की जैव–विविधता के लिए इंटरनेशनल रिसर्च कॉर्डिनेशन नेटवर्क द्वारा प्रायोजित और क्वींगंदाओं चीन में आयोजित चौथी कार्यशाला में "मोर्फोलाजिकल और मल्टीपल मार्करों द्वारा टेटमेमेना स्प. की फिलोजीनी का आकलन करने के लिए उसका टॉक्सोनोमिक मूल्यांकन" विषय पर एक प्रस्तुत किया, 19–21 अक्तूबर, 2015.

खन्ना, एम, दास पी. और सोलंकी आर. ने कन्वेंशन सेंट, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में एएमआई के 56वें वार्षिक सम्मेलन, माइक्रोबायलॉजी में उभरती हुई खोजों पर अंतर्राष्ट्रीय सिंपोजियम में "चिटिनेज और जाइलानेज़ उत्पादनकारी मृदा की स्क्रीनिंग और विशेषता–वर्णन" पर एक पत्र प्रस्तुत किया, 7–10 दिसम्बर, 2015

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्याः

स्थायी	:	74 + प्राचार्य
अस्थायी	:	02
तदर्थ	:	39

वित्तीय आबंटन और उपयोग

संस्वीकृत अनुदान (रुपए में)	: 26,73,73,484/–
उपयोग किया गया अनुदान (रुपए में)	: 22,34,58,410/–

नियोजन विवरण

(क)	सफल नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या	: 68
(ख)	परिसर में भर्ती के लिए आने वाली कंपनियों/उद्योगों की संख्या	: 07
(ग)	पुनरावृत्ति करने वाले नियोजकों की संख्या	: 03

गुटनिरपेक्ष और अन्य विकासशील देशों के विज्ञान और प्रौद्योगिकी केन्द्र (एनएएम एस एंड टी सेंटर) द्वारा प्रायोजित मंगोलिया के पग्मादुलम बल्दोर्ज (विकासशील देशों के वैज्ञानिकों के लिए शोध प्रशिक्षण फेलोशिप (आरटीएफ–डीसीएस) प्रशिक्षु) डा. मनीषा खन्ना के मार्गदर्शन के अंतर्गत प्राणिविज्ञान विभाग, एएनडीसी में "मंगोलिया से वियुक्त सूक्ष्म–जीवाश्मों की आण्विक जैव–विविधता तथा प्रभावी और औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण स्ट्रेनों के लिए स्क्रीनिंग" विषय एक परियोजना पर कार्य कर रहे हैं (जनवरी, 2016 –जुलाई, 2016)।

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

(क) सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण :
- (i) इंफ्लिबनेट के माध्यम से उपलब्ध जर्नलों का सब्सक्रिप्शन
- (ii) डीयू इंटरनेट के माध्मय से विभिन्न जर्नलों की एक्सेस

(ख) सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) :
विद्यमान 25 जर्नलो के अलावा जर्नल ऑफ बायोसाइंस एंड साधना (इंजीनियरी के जर्नल) के दो नए जर्नल

कोई अन्य उल्लेखनीय जानकारी

दस संकाय सदस्य अर्थात् डा. मनीषा खन्ना, डा. सरिता कुमार, डा. उर्मि वाजपेयी, डा. सुनीता हूडा, डा. अमित गर्ग, डा. उदयवीर सिंह, डा. शरणजीत कौर, डा. विभाग गौड़, डा. सीमा मखीजा और डा. गगन धवन दिल्ली विश्वविद्यालय के पीएच.डी. शोध पर्यवेक्षकों के रूप में मान्यता प्राप्त हैं। एक पोस्ट–डॉक्टोरल फेलो तथा उस पीएच.डी. शोध स्कॉलर वर्तमान में एएनडीसी में पांच विभिन्न विभागों में नामांकित हैं। कॉलेज 'एलीट स्कीम' (जीवंत अभिनव प्रशिक्षण परिवेश में शिक्षा) भी संचालित करता है जिसमें एएनडीसी के छात्र ग्रीष्मकालीन अवकाश (दो माह) के दौरान अल्प शोध परियोजनाएं चलाते हैं। उन्हें कॉलेज द्वारा 1,000/– रुपए प्रतिमाह की फेलोशिप प्रदान की जाती है। इस वर्ष, 94 स्नातकपूर्व छात्रों ने ग्रीष्मकालीन शोध परियोजनाओं में भाग लिया। इस वर्ष एएनडीसी के सात संकाय सदस्यों ने पाठ्यपुस्तकों का लेखन किया। पुस्तकों में अध्यायों का योगदान दिया। पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा की। तीन संकाय सदस्यों ने वेब पर शैक्षणिक ई–विषय–वस्तु अपलोड की तथा सात संकाय सदस्यों ने कार्यशालाओं में संसाधन विशेषज्ञों की भूमिका निभाई जिसमें उन्होंने एनसीआरटी द्वारा तैयार की गई पाठ्यचर्या विद्यालयों की पाठ्य पुस्तकों की समीक्षा की और उन्हें अद्यतन बनाया गया तथा शिक्षकों की प्रशिक्षण कार्यशालाओं में भाग लिया। कॉलेज भारत में क्रिएटिव कॉमंस से निरंतर संबंध है तथा इसके यहां एक सक्रिय एसपीआईई (सोसाइटी फॉर फोटो आप्टिकल इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियर्स, यूएसए) छात्र चैप्टर है और यह विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधार बोर्ड, भारत सरकार द्वारा वित्त–पोषित नेशनल नेटवर्क ऑफ मेथेमेटिकल एंड कंप्यूटेशनल बायलॉजी (एनएनएमसीबी) का दिल्ली नोड बना हुआ है।

अदिति महाविद्यालय

प्रमख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

कॉलेज परिसर के भीतर दो मंजिले नए ब्लॉक का निर्माण किया गया है जिसके फलस्वरूप छह नए कमरे तथा बैठकों और सम्मेलनों के लिए एक बड़ा हॉल कॉलेज को प्राप्त हो गया है। इसके अलावा, आधारभूत दवाओं एक बिस्तर तथा प्राथमिक उपचार सुविधाओं से युक्त एक चिकित्सा–कक्ष का उद्घाटन भी 1 अक्तूबर, 20145 को किया गया है। कॉलेज की अवसंरचना में तेजी से सुधार हो रहा है क्योंकि कॉलेज को कॉलेज के हॉल के नवीकरण तथा पत्रकारिता स्टूडियो के निर्माण के लिए कुलपति से 55 लाख रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ है।

उत्कृष्ट सम्मान/विशिष्ट उपाधियां

डा. नीलम राठी (हिंदी विभाग) ने 15 जून, 2015 को लंदन में विश्व हिन्दी साहित्य परिषद और कथा (यू.के.) द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हिन्दी भाषा वैश्विक प्रसार में प्रतिष्ठित 'साहित्य सरिता सम्मान' प्राप्त किया।

डा. रितु शर्मा (मनोवैज्ञानिक विभाग) को 4 से 15 मई, 2015 तक माल्टा में आयोजित ''स्वास्थ्य संवर्धन, जीवन गुणवत्ता और कुशलता'' पर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑन एजिंग यूनाइटेड स्टेट्स–माल्टा की ओर से आंशिक छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

शोध परियोजनाएं

दिल्ली की ग्रामीण जनसंख्या के आय सृजन कौशलों का संवर्धन, अभिनवता परियोजना एएम–301, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा एक वर्ष के लिए वित्त–पोषित।

संस्वीकृत राशि : 3 लाख रुपए

किशोरों के मध्य खाद्य लेबल संबंधी जानकारी की संवृद्धि करने के लिए शैक्षणिक कार्यक्रम का विकासः पेरी अरबन दिल्ली, अभिनवता परियोजना एएम 302, दिल्ली की ग्रामीण जनसंख्या के आय सृजन कौशलों का संवर्धन, अभिनवता परियोजना एएम–301, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा एक वर्ष के लिए वित्त–पोषित।

संस्वीकृत राशि : 4 लाख रुपए

वृद्ध उपभोक्ताओं का मनोवैज्ञानिक, वाणिज्यिक और विधिक संघर्ष : स्व–सहायता समूह तकनीक, अभिनवता परियोजना एएस 303, दिल्ली की ग्रामीण जनसंख्या के आय सृजन कौशलों का संवर्धन, अभिनवता परियोजना एएम–301, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा एक वर्ष के लिए वित्त–पोषित।

संस्वीकृत राशि : 3 लाख रुपए

हिंदी रंगमंच के विकास में महिलाओं का योगदान। यूजीसी की तीन वर्ष की अवधि के लिए वित्त पोषित प्रमख शोध परियोजना। संस्वीकृत राशि : 11 लाख रुपए (लगभग)

विशिष्ट – उपलब्धियों वाले छात्र

सुश्री प्रीति, बी.ए. (आनर्स) राजनीतिक विज्ञान III वर्ष की छात्रा का चयन जूनियर राष्ट्रमंडल खेल, 2015–16 में जूडो टीम में प्रतिभागिता के लिए किया गया।

पुस्तकालय विकास

एक नए वाचनालय और नए पुस्तकालय कक्ष का निर्माण किया गया। दस कम्प्यूटर संस्थापित किए गए तथा लगभग छह सौ पुस्तकें शामिल की गईं।

प्रकाशन

राठी, नीलम (अक्तूबर–दिसम्बर, 2015) ''रामबाड़ा बह गया'' ई–मैगजीन एमन्टेल गंगा, एमस्टर्डम (हालैंड), आईएसएसएन–2213–7351.

अगस्त–अक्तूबर, 2015, हिंदी का प्रचार–प्रसार, देवनागरी लिपि का महत्व, शोध रितु, आईएसएसएन–2454–6283, 58–60.

गुप्ता रश्मि (2015) योग और प्राणायाम अभ्यास, आर्यन प्रकाशन, आईएसबीएन सं. 978–93–83913–39–8, दिल्ली।

सौशिल्या, अर्चना, ''लोक प्रशासन में प्रशासन के सिद्धांत : सिद्धांत एवं व्यवहार'', संपा. यादव, सुषम और गौतम, ओरिएंट ब्लैकस्वान प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद आईएसबीएन–9788125059479

शहरावत, प्रोमिला (फरवरी, 2015), स्व–सहायता समूहों की भूमिका : भारत में गरीबी उपशमन के लिए सूक्ष्म–वित्त के माध्यम से, सूक्ष्म–वित्त और सूक्ष्म उद्यमिता : सामाजिक विकास के लिए प्रतिमान परिवर्तन संपा. सुरेन्द्र मोर, विस्टा इंटरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, आईएसबीएन नं. 978–8 3905–94–2.

(2015) भारतीय अर्थव्यवस्था का अध्ययन, मार्क्स बुक्स पब्लिशिंक हाउस, आईएसबीएन सं. 978–93–83131–9–18

जुल्फा ए और रिचा (2015), विशेष आवश्यकताओं वाले बालकों का समावेश : अपर प्राइमरी ग्रेड, राष्ट्रीय शैक्षिक प्रशिक्षण और अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, आईएसबीएन : 9789350073322.

बधवानी डबास (2015), मनीषा, ''दिल्ली में विद्यालयों में गणित सीखने का अन्वेषण'', एपीस्टेम–6, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई, आईएसबीएन 978–93–85523–48–9, 67–75.

शर्मा, ममता (2015), ''कैमीफार्मेटिक्स : औषधि में एक आधुनिक उपकरण'', इंटरनेशनल जे. साइंटिफिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट, आईएसएसएन – 2321–0613.

शर्मा, आर एवं डे, ए.बी. (2015), स्वस्थ वृद्धावस्था – एक सामाजिक उत्तरदायित्व। मध्य एशियाई आयुर्विज्ञान और शिक्षा जर्नल, खंड 1(1) (अक्तूबर–दिसम्बर, 2015). आईएसएसएन 2412–3684

आयोजित सम्मेलन/प्रस्तुत पत्र

डा. आशा शर्मा, सहायक प्रोफेसर, 'हिन्दी विभाग ने 18–19 मार्च, 2016 को पीजीडीएवी (सांध्य) कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में ''स्वातंत्र्योत्तर कहानी : रचनात्मक सरोकारों की पड़ताल'' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'ज्ञान रंजन की कहानियों में निहित अंतर्दृष्टि' पर पत्र प्रस्तुत किया।

डा. नीलम राठी, एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग ने 15 जून, 2015 को 'वैश्विक हिंदी साहित्य परिषद, लंदन (यूके) द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''देवनागरी लिपि का भविष्य'' पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

डा. पुण्यतोया पात्रा, एसोसिएट प्रोफेसर, भूगोल विभाग ने 20 मार्च, 2016 को भूगोल विभाग, शहीद भगत सिंह कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा भूमि–उपयोग परिवर्तन, जलवायु विभीषिका और आपदा जोखिम में कमी पर आयोजित नौवें अंतर्राष्ट्रीय भौगोलिक संघ सम्मेलन में ''जम्मू–कश्मीर में भूस्खलन : भौगोलिक विश्लेषण'' पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

डा. सुनीति दत्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, संगीत विभाग ने 15 से 16 मार्च, 2016 तक संगीत और ललित कला संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''भारतीय संगीत में प्रदर्शन प्रक्रियाओं पर बदलते परिदृश्य'' पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय–सदस्यों की संख्या

स्थायी संकाय : 59
तदर्थ : 47

वित्तीय आबंटन और उपयोग

(क) संस्वीकृत अनुदान रुपए में : 17.23 करोड़
(ख) उपयोग में की गई राशि रुपए में : 14.69 करोड़

नियोजन विवरण

(क) सफल नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या – 68

(ख) परिसर में भर्ती के लिए आने वाली कंपनियों/उद्योगों की संख्या – 14

(ग) पुनरावृत्ति करने वाले नियोजकों की संख्या – 2

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

सब्सक्राइब किए गए जर्नलों की संख्या : 1

अन्य उल्लेखनीय सूचना :

कॉलेज ने इस वर्ष औद्योगिक आर.ओ. की स्थापना करने के माध्यम से पेयजल की लंबे समय से चली आ रही प्रमुख समस्या का समाधान किया। अदित महाविद्यालय के कॉलेज ऐप का भी शुभारंभ किया गया।

अहिल्याबाई नर्सिंग कॉलेज

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

अहिल्या बाई नर्सिंग कॉलेज लोक नायक अस्पताल की स्थापना 1993 में 25 छात्राओं की प्रवेश क्षमता वाले नर्सिंग विद्यालय का नर्सिंग कॉलेज के रूप में उन्नयन करते हुए की गई थी जिसकी प्रवेश क्षमता बढ़ाकर 39 कर दी गई। वर्तमान में हम प्रतिवर्ष 75 छात्राओं को दाखिल करने की योजना बना रहे हैं। कुछ पदों को पहले ही संस्वीकृति मिल चुकी है। हमारे पास छात्राओं को समायोजित के लिए पर्याप्त अवसंरचना विद्यमान है। वर्ष 2016 से एम.एस.सी. नर्सिंग कार्यक्रम आरंभ करने का प्रस्ताव भेजा गया है। इस वर्ष, वर्ष 2016–17 के लिए छात्राओं का दाखिला ऑनलाइन किया गया। लोक नायक अस्पताल के कौशल विकास केन्द्र के लिए सुश्री एलेन बेक और सुश्री नूतन को केन्द्रीय समिति के सदस्यों के रूप में चुना गया। प्रति वर्ष छात्राओं का परिणाम 98 प्रतिशत से 100 प्रतिशत की बीच रहता है। हमारे कॉलेज का चयन इग्नू द्वारा पोस्ट बेसिक बीएससी कार्यक्रम के केन्द्र के रूप में किया गया है। तीन वर्ष का यह पाठ्यक्रम 2009 से चल रहा है। सुश्री एलेन बेक इग्नू की नई पी/सी हैं। हमारी छात्राएं राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं में भाग ले रही हैं। वे केन्द्र और राज्य स्तर पर आयोजित किए जाने वाले स्वास्थ्य मेलों में भी भाग लेती हैं। वर्ष 2013–14 में, हमारी छात्राओं ने एमटीएनएल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेले में अनेक पुरस्कार जीते। वे स्वास्थ्य जांच में भी योगदान कर रही हैं। इंटर्नों द्वारा गोविंद वल्लभ पंत अस्पताल में 10 अक्तूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मानाया गया। इंटर्नों ने 12 नवम्बर, 2016 को हीमोफीलिया पर आयोजित कार्यशाला में भी भाग लिया।

अमर ज्योति भौतिक–चिकित्सा संस्थान

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

उच्चतम मानकों की शिक्षा प्रदान करने के अपने मिशन में अमर ज्योति फीजियोथैरेपी संस्थान निरंतर प्रगति कर रहा है तथा अब यह भारत में स्नातकपूर्व फीजियोथैरेपी शिक्षा के लिए एक सुप्रसिद्ध केन्द्र बन गया है। उत्कृष्ट शिक्षा के अलावा, संस्थान अपने विशेषज्ञतापूर्ण क्लीनिकों में प्रतिदिन लगभग 80–100 रोगियो ंको अपनी सेवाएं भी प्रदान करता है अर्थात् मस्कलोस्केटल एंड फीजियोथैरेपी, पीडिएट्रिक एंड एडल्ट न्यूरोलॉजिक फीजियोथैरेपी, महिला फीजियोथैरेपी क्लीनिक, ओबेसिटी क्लीनिक, फॉल्स प्रीवेंशन क्लीनिक तथा वेस्टीब्यूलर रीहैब्लीटेशन क्लीनिक। आधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस नैदानिक उपकरणों जैसे इलेक्ट्रो जीनियोमीट्री, बबल नैदाति उपकरणों जैसे इलेक्ट्रो जीनियोमीट्री, बबल इंक्लीनोमीटर और अनेक स्वास्थ्य संबंधी उपस्करों जैसे स्पाइरोमीटर, कंप्लीट इलेक्ट्रोथैरेपी यूनिट के प्रयोग से विद्यमान नैदानिक सुविधाओं में और भी वृद्धि हुई है।

उत्कृष्ट सम्मान/विशिष्ट उपलब्धियां

डा. जयंती एस. (पीटी), सहायक प्रोफेसर ने एम्स द्वारा आयोजित न्यूरैक्सिस 2015 में प्रस्तुत किए गए अपने पत्र ''न्यूरो लिंग्विस्टक प्रोग्रामिंग की भूमिका – फीजियोथैरेपी परिप्रेक्ष्य'' के लिए श्रेष्ठ पत्र का पुरस्कार प्राप्त किया।

शोध परियोजनाएं

संस्थान में वर्तमान में तीन शोध परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

डा. जयंती एस. (पीटी), डा. राजू के. पराशर, वित्त पोषण एजेंसी : स्वयं; वर्ष/अवधि : 2016/17; शीर्षक : एटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिव डिसऑर्डर पर ध्यान देते हुए प्राथमिक विद्यालय छात्रों में शारीरिक स्वस्थता और मोटर कौशलों का मूल्यांकन; संस्वीकृत राशि : शून्य।

डा. प्रेरणा मोहन सक्सेना (पीटी), डा. राजू के. पराशर, वित्त पोषण एजेंसी : स्वयं; वर्ष/अवधि : 2016/17; शीर्षक : श्रवण–संबंधी विकलांगत से पीड़ित बालकों में'' स्वस्थता; संस्वीकृत राशि : शून्य।

डा. संपदा जागीरदार (पीटी), डा. राजू के. पराशर, वित्त पोषण एजेंसी : स्वयं; वर्ष/अवधि : 2016/17; शीर्षक : नी आस्टेयोअर्थराइटिस वाले वयस्कों के लिए बॉडी वेट सपोर्ट ट्रेड मिल प्रशिक्षण; मामला अध्ययन; संस्वीकृत राशि : शून्य।

विशिष्ट उपलब्धि वाले छात्र

छात्रों ने जून–जुलाई, 2015 को संचालित विश्वविद्यालय परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 55 विषयों में विशेष योग्यताएं प्राप्त की गई तथा 5 छात्रों को समग्र विशेष–योग्यताएं प्राप्त हुईं।

छात्र का नाम	वर्ष	विश्वविद्यालय में स्थान
सुश्री पिंकी मसीह	प्रथम	द्वितीय
सुश्री हरिथमा वधवा	द्वितीय	प्रथम
सुश्री गीतांजलि चावला	द्वितीय	द्वितीय
सुश्री प्रकेशा शर्मा	तृतीय	प्रथम
सुश्री दिव्या	समग्र (4½)	प्रथम

पुस्तकालय विकास :

क.	कुल बजट	: समग्र – 2,71,436.00 रुपए
ख.	शामिल की गई नई पुस्तकों की संख्या	: 75
ग.	सब्सक्राइब किए गए फीजियोथैरेपी संबंधी जर्नल	: 6

प्रकाशक

शुपक, बीएम, पराशर, आर.के., जिप पीजी (2016)

इलेक्ट्रो–डर्मल क्रियाकलाप की विश्वसनीयता : ऑटिज्म से बाधित बालकों में सेंसरी प्रोसेसिंग का परिमाणन। अमेरिकन जर्नल ऑफ ऑकुपेशनल थैरेपी, 70(6)

''कार्यात्मक रूप से स्वतंत्र समुदाय के वृद्ध वयस्कों में समतल और असमतल सतहों पर चलने पर डुएल टास्किंग का प्रभाव'' विषय पर पोस्टर प्रदर्शित किया गया। एसीटीए संयुक्त वर्ग बैठक, इंडियानापोलिस, आईएन, यूएसए 2015.

''नवजात सघन देखभाल एककों में समय–पूर्व जन्मे शिशुओं के अभिभावक–बालकों के संपर्क में योगदान करने वाले कारक'' पर एक पोस्टर प्रस्तुत किया गया। एसीटीए संयुक्त सेक्शंस मीटिंग, इंडियाना पोलिस, आईएन, यूएसए 2015.

जयंती, एस. (2015, अप्रैल–जून) सी 6–सी 7 आब्सटेरिक ब्राकियल प्लेसस इंजरी पर पारंपरिक उपचार से संबद्ध नर्व ब्रांच सिमुलेशन का प्रभाव : मामला रिपोर्ट, भारतीय फीजियोथेरेपी एवं ऑकुपेशनल थेरैपी जर्नल, 9(2), 150–155.

जयंती एस. और नर्कीस, ए (2015 जून), ''मायोफेसियल पेन सिंड्रॉम पर क्रेनियो–सर्विकल की प्रभावकारिता : मामला अध्ययन।'' इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फीजियोथेरैपी एंड रिसर्च, 3(3), 1032–36.

सद्भावना, डी., शेफाली, जी., जयंती, एस. और नर्कीस, ए., (2016, जनवरी)। पंजाबी विश्वविद्यालय में फीजियोथेरैपी स्नातकपूर्व छात्रों के मध्य अधिगम शैली वरीयताएं। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ करंट रिसर्च, 8(1), 25404–25409.

रिचा, एम., चित्रा, के., क्षितिजा, बी. (2015 दिसम्बर) गर्दन विकलांगता सूचकांक पर पेशी ऊर्जा तकनीक और स्थिर स्ट्रेचिंग के प्रभाव की तुलना करना। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ करंट रिसर्च, 7(12), 24806–10

आयोजित किए गए सम्मेलन/प्रस्तुत पत्र

एकेडमी ऑफ इंडियन फीजियोथेरेपिस्ट्स द्वारा अमर ज्योति इंस्टिट्यूट ऑफ फीजियोथेरेपी के सहयोग से शुक्रवार, 7 अगस्त, 2015 को प्रोफेसर गिलियन वेब, चेयर, डब्ल्यूसीपीटी–एडब्ल्यूपी क्षेत्र के माध्यम से ''क्षितिज को विस्तारित करना – भविष्य की प्रवेश स्तरीय फीजियोथैरेपी शिक्षा'' पर एक व्याख्यान और पारस्परिक संपर्क सत्र का आयोजन किया गया था। दिल्ली–एनसीआर के विभिन्न संस्थानों और अस्पतालों से लगभग 40 शिक्षाविदों तथा फीजियोथैरेपी क्लीनिशियनों के समूह ने इस अनूठे समारोह में भाग लिया।

मुलिगन अवधारणा, स्पाइनल सेग्मेंटल आकलन और उपचार पर एक–दिवसीय अभ्यास कार्यशाला का आयोजन डा. दीपक कुमार, पीएचडी., एमपीटी (स्पोर्टर्स), कैप्री इंस्टिट्यूट ऑफ मैनुअल थेरेपी द्वारा 27 अगस्त, 2015 को किया गया था।

''बैंड्स बॉल्स और बैलेंस'' पर दो–दिवसीय अभ्यास कार्यशाला का आयोजन डा. आरती प्रसाद (पीटी) प्रमाणित थेरा–बैंड इंस्ट्रक्टर, बेंगलूर द्वारा 12 और 13 सितम्बर, 2015 को किया गया था।

संस्थान ने सुश्री एनीटे जार्गेन्सन और डा. हेमंत जुनेजा, वरिष्ठ व्याख्याता, जीलैंड विश्वविद्यालय, डेनमार्क के मार्गदर्शन में 20 और 24 नवम्बर, 2015 को ''लो बैक पेन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए न्यूरोमस्कुलर नियंत्रण'' तथा ''पैटेलो–फेमोरल पीड़ा संलक्षण'' पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किए थे।

डा. असावटी पेज (पीटी), परामर्शक, दीनाथ मंगेश्कर अस्पताल, पुणे द्वारा 6 फरवरी, 2016 को ''कार्डिएफ रीहैब्लीटेशन'' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

संकाय सदस्यों की संख्या

स्थायी : 7

संविदा पर : 3

विस्तार तथा संपर्क कार्य

(क)	आस–पास के क्षेत्रों में आयोजित शिविरों की संख्या	– 11 शिविर
(ख)	शिविरों में नामांकित/शामिल किए गए लोगों की संख्या	– 60–70 रोगी
(ग)	शिविर में कार्य करने वाले छात्रों की संख्या	– प्रत्येक शिविर में 6 छात्र
(घ)	इन शिविरों में लगाए गए घंटों की कुल संख्या	– प्रत्येक शिविर के लिए 4–5 घंटे

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

(क) सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) – 4

(ख) सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) – 3

कोई अन्य उल्लेखनीय जानकारी

हमारे चौथे वर्ष के छात्रों ने विश्व तंत्रिका पुनर्वास परिसंघ तथा भारतीय हैड इंजरी फाउंडेशन में 27–28 नवम्बर को आयोजित समारोह में पोस्टर प्रस्तुत किए।

श्री आशीष जैन एवं सुश्री प्रियंका चौहान ने ट्रॉमेटिक ब्रेन इंजरी : कारण और विद्यमानता पर पोस्टर प्रस्तुत किया। सुश्री मेघा गोयल और सुश्री विजयलक्ष्मी ने स्पाइल कॉर्ड इंजरी : एक्यूट केयर मैनेजमेंट पर पोस्टर प्रस्तुत किया। निर्णायकों द्वारा इन पोस्टरों की पर्याप्त प्रशंसा की गई।

आईटीएस कॉलेज, गाजियाबाद ने 4 और 5 दिसम्बर, 2015 को एक अंतर्महाविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें हमारे छात्रों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में नकद पुरस्कार जीते।

(क) फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में सुश्री प्रेक्षा और सुश्री रितिका को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

(ख) मैड आर्ट शो में श्री आशीष, श्री राहुल, सुश्री रितिका, सुश्री प्रेक्षा को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

(ग) रंगोली निर्माण प्रतियोगिता में श्री राहुल और सुश्री प्रेक्षा को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

सरदार भगवान सिंह स्नातकोत्तर जैव–आयुर्विज्ञान और अनुसंधान संस्था, बालावाला, देहरादून ने 7–8 फरवरी, 2015 को सरदार गुरचरण सिंह स्मारक नौंवी राष्ट्रीय वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें लगभग 50 कॉलेजों ने भाग लिया। वाद–विवाद का विषय था ''मेक इन इंडिया अभियान : वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय प्रधानता के प्रति अनुराग,'' सुश्री शिवांगी शर्मा (तृतीय वर्ष), सुश्री स्पर्श जैन (तृतीय वर्ष), श्री दिग्विजय सिंह (द्वितीय वर्ष), सुश्री श्रेया वशिष्ठ (प्रथम वर्ष) ने इसमें भाग लिया और श्री दिग्विजय सिंह (द्वितीय वर्ष) ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

दयाल सिंह कॉलेज ने 2 मार्च, 2016 को एक वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में दिल्ली तथा आस–पास के लगभग 50 कॉलेजों ने भाग लिया। वाद–विवाद का विषय था "महिलाओं पर बढ़ते हुए अत्याचारों का कारण कमजोरी नहीं, सामाजिक चेतना का अभाव है।" सुश्री शिवांगी शर्मा (तृतीय वर्ष) और श्री दिग्विजय सिंह (द्वितीय वर्ष) ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया तथा सुश्री शिवांगी शर्मा को दिल्ली के उप राज्यपाल द्वारा 'प्रोत्साहन पुरस्कार' प्रदान किया गया।

आर्यभट्ट कॉलेज

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

शैक्षणिक सत्र 2015–16 से, कॉलेज एक पूर्णतः स्वतंत्र दिवस कॉलेज बन गया जिसमें इसका अपना स्वतंत्र शैक्षणिक ब्लॉक था। कक्षाओं और स्टाफ रूम का प्रावधान करने के उपरांत एक संगोष्ठी कक्ष और एक नई कम्प्यूटर प्रयोगशाला तथा एक वाचनालय का भी निर्माण किया गया। विद्यमान प्रशासनिक भवन के एक भाग का नवीकरण और रीमॉडलिंग तथा एक भण्डार कक्ष के निर्माण का कार्य दिसम्बर, 2015 में आरंभ हुआ तथा कॉलेज आगामी शैक्षणिक सत्र के छात्र संपर्क कार्यालय के माध्यम से सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अवसंरचना के विस्तार का कार्य पूरी तेजी से चल रहा है। एसपीएम ब्लॉक भाग–ख, जिसमें 10 कक्षाओं का निर्माण किया जा रहा है, एक दो मंजिला पुस्तकालय और एक दो–मंजिला जलपान–गृह के आगामी शैक्षणिक सत्र तक बनकर तैयार हो जाने की आशा है। अनेक वर्षों तक किए गए कठोर परिश्रम के उपरांत कॉलेज को नए शैक्षणिक और प्रशासनिक खंडों का निर्माण करने के लिए डीडीए से संस्वीकृति प्राप्त हो गई है तथा इस परियोजना पर कार्य शीघ्र ही आरंभ होगा। वर्ष के दौरान कॉलेज को चार नए ऑनर्स पाठ्यक्रम अर्थात् इतिहास, गणित, कम्प्यूटर विज्ञान और मनोविज्ञान आरंभ करने के लिए विश्वविद्यालय से अनुमोदन भी प्राप्त हुआ है।

उत्कृष्ट सम्मान/विशिष्ट उपलब्धियां

कॉलेज की पुरुष टीम ने डीयूएससी द्वारा आयोजित ताइक्वांडो अंतर्महाविद्यालय चैंपियनशिप जीती। कॉलेज की क्रिकेट टीम अंतर्महाविद्यालय क्रिकेट चैंपियनशिप में उप–विजेता रही तथा उसने यह खिताब पिछले दशक से अपने पास बनाए रखा है। कॉलेज के छह खिलाड़ियों का चयन अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित उत्तर जोन अंतर्विश्वविद्यालय चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम में किया गया तथा वे इसमें उप–विजेता रहे।

कॉलेज की टीम ने जनवरी, 2016 में जामिया मिलिया विश्वविद्यालय को पराजित कर एडिडास कप क्रिकेट टी–20 टूर्नामेंट जीता। कॉलेज की ओर से नौ खिलाड़ी दिल्ली विश्वविद्यालय की 15 सदस्यीय टीम का भाग थे। इस टीम ने आईआईटी ट्राफी, 2015–16 जीती। इस प्रतियोगिता में भारतीय विश्वविद्यालयों के ही नहीं, बल्कि बांग्लादेश और नेपाल की टीमों ने भी प्रतिभागिता की थी।

शोध परियोजनाएं

एंड्रॉयड एप्लीकेशन का प्रयोग करते हुए कुपोषण की रीयल टाइम मॉनीटरिंग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा वित्त–पोषित संस्वीकृत राशि – 3.1 लाख रुपए।

विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले छात्र

मनीषा ढींगरा; VI सेमेस्टर बीए (ऑनर्स) हिन्दी : 76.5 प्रतिशत

बालकृष्ण, II सेमेस्टर बीए (ऑनर्स) हिन्दी : 76.2 प्रतिशत

विवेक आनन्द II सेमेस्टर बीए कार्यक्रम : 76 प्रतिशत

हमारे कॉलेज के चार छात्रों का चयन किया गया और उनमें से तीन छात्र ग्यारह सदस्यों की खेलने वाली टीम का भाग थे तथा उन्होंने जामिया मिलिया इस्लामिया के पैदान पर पिछले वर्ष के विजेता पश्चिम जोन द्वारा दिए गए 603 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए पहली बार प्रतिष्ठित विज़ी ट्रॉफी जीतने में टीम के प्रयासों में सफलतापूर्वक योगदान दिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड द्वारा किया गया था।

पुस्तकालय विकास

चूंकि वर्तमान वाचनालय छात्रों के लिए छोटा प्रतीत हो रहा था, पुस्तकालय के ऊपर (प्रथम तल पर) कम्प्यूटर और इंटरनेट सुविधाओं के साथ एक नए वाचनालय का निर्माण किया गया है जिसमें बैठने की क्षमता लगभग 100 छात्र है। इसके अलावा, लगभग 20 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता के साथ शिक्षकों के लिए भी एक वाचनालय पुस्तकालय के ऊपर (प्रथम तल पर) निर्मित किया गया है।

प्रकाशन

प्रदीप राय और धर्म कुमार (2016), संपा., 21वीं शताब्दी में पुस्तकालय और पुस्तकालयवृत्ति, नई दिल्ली, बुकेज प्रकाशन, आईएसबीएन : 978–93–83281–93–0.

दयाल, राजेन्द्र (2016) भारत में संवैधानिक लोकतंत्र : कार्यरत संस्थाएं, नई दिल्ली : बुकेज प्रकाशन।

आयोजित सम्मेलन/प्रस्तुत पत्र

19 फरवरी, 2016 को सिंधी पर विशेष बल देते हुए संसाधन विहीन भारतीय भाषाओं के लिए एनएलपी संसधन सुदृढ़ बनाना, राष्ट्रीय सिंधी भाषा संर्धन परिषद द्वारा वित्त–पोषित।

4–5 मार्च, 2016 को पाठ और प्रदर्शन में सहबद्ध प्रयोगों का वर्णन (अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित), यूजीसी द्वारा वित्त–पोषित।

10–11 मार्च, 2016 को स्वतंत्र भारत में राजनीतिक नेतृत्व : चुनौतियां और उभरते हुए मुद्दे (राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित), यूजीसी द्वारा वित्त–पोषित।

5 मार्च, 2016 को "सत्ता, संस्कृति एवं साहित्यिक भक्ति आंदोलन से आज तक" (हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित), यूजीसी द्वारा वित्त–पोषित।

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय की संख्या

स्थायी : 58
तदर्थ : 13

वित्तीय आबंटन और उपयोग

संस्वीकृत अनुदान (रुपए में) : 20, 33,12,760 /–
उपयोग किया गया अनुदान (रुपए में) :11,26,01,643 /–

नियोजन विवरण

(क) सफल नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या : 09
(ख) परिसर में भर्ती के लिए आने कंपनियों/उद्योगों की संख्या : 06

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

(क) सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (आर्नलाइन + पेपरबैक संस्करण।
(ख) सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (आर्नलाइन + पेपरबैक संस्करण।

पुस्तकालय के संग्रहण में नई शामिल की गई पुस्तकों की संख्या : 1827
पुस्तकालय में पुस्तकों और दस्तावेजों की कुल संख्या : 45290
सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय प्रिंट जर्नल : 22
सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों : 04

पुस्तकालय ने इफ्लिबनेट के एन–लिस्ट प्रोग्राम के माध्यम से अपने प्रयोक्ताओं को 5000 ऑनलाइन जर्नलों और 98000 पुस्तकों तक पहुंच प्रदान की।

आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज

प्रमुख क्रियाकलाप उपलब्धियां

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार के सहयोग से अभिनवता और उद्यमवृत्ति नेतृत्व केन्द्र (सीआईईएल) की स्थापना के साथ ही आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज अपने परिसर में प्रौद्योगिकी व्यवसाय उष्मायित्र रखने वाला दिल्ली विश्वविद्यालय के अंतर्गत पहला कॉलेज बन गया है। इस वर्ष प्रस्तावों के प्रथम आमंत्रण में लगभग 40 प्रस्ताव प्राप्त हुए तथा उनमें से 15 को मंजूरी प्रदान की गई और अनुदान के लिए मंत्रालय को अनुसंशा की गई।

आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज को जैव–प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई स्टार कॉलेज स्कीम के अंतर्गत वित्त–पोषण प्रदान किया गया है। एआरएसडी को दिल्ली विश्वविद्यालय स्टार अभिनवता परियोजना स्कीम के अंतर्गत 7 अभिनव

परियोजनाओं के लिए 1.95 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई है जो किसी भी विद्यालय को दी गई अनुदान राशि से अधिक है। 2015–16 में दिल्ली विश्वविद्यालय ने कॉलेज को ग्यारह अभिनव परियोजनाएं प्रदान कीं।

एआरएसडी कॉलेज की पूर्वोत्तर कल्याण समिति ने 10 फरवरी, 2016 को द्वितीय 'रेनबो फेस्ट' का आयोजन किया। इस समारोह में पूर्वोत्तर की विविधतापूर्ण संस्कृतियों का प्रदर्शन किया गया। एआरएसडी की नाट्य सोसाइटी 'रंगायन' ने सुप्रसिद्ध हिन्दी नाटक समालोचक डा. जयदेव तनेजा के सम्मान में 11 से 13 जनवरी, 2016 तक अपने दूसरे तीन–दिवसीय थिएटर फेस्टिवल में ''रंगशीर श्री जयदेव नाट्योत्सव'' का आयोजन किया। कॉलेज ने राष्ट्रीय महत्व के दिवसों का आयोजन किया जिसमें संविधान दिवस, राष्ट्रीय युवा दिवस (मुख्य अतिथि के रूप में प्रफुल्ल केतकर के साथ) और राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में सरदार वल्लभभाई पटेल की 140वीं वर्षगांठ शामिल थी (जिसमें मुख्य अतिथि डा. शिव शक्ति नाथ बक्शी थे)।

समान अवसर प्रकोष्ठ ने 9 फरवरी, 2016 को ''सामाजिक बहिष्करण'' पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जिसे प्रो. मनोज कुमार झा, प्रमुख, सामाजिक कार्य विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय और श्री दिलीप सी. मंडल, पूर्व–प्रबंध संपादक, इंडिया टुडे ने संबोधित किया।

महिला विकास प्रकोष्ठ ने 28 अक्तूबर, 2015 को लिंग जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया।। इसके पैनल में शामिल थे – डा. चारूवली खन्ना, पूर्व सदस्य, राष्ट्रीय महिला आयोग और अधिवक्ता, भारत का उच्चतम न्यायालय, सुमेधा द्विवेदी, एसएसपी, राष्ट्रीय अधिकार मानव आयोग और आभा कुमार, महासचिव, हीलिंग इंडिया, जो महिलाओं की अधिकारिता के प्रति समर्पित एनजीओ है। ललितकला और शिल्प सोसाइटी, आर्टेसनिया ने कैलीग्राफी, मोमबत्ती निर्माण, क्विलिंग आर्ट तथा कॉफी पेंटिंग पर चार कार्यशालाओं का आयोजन किया। फिल्म एप्रीसिएशन सोसाइटी ने 17 फरवरी, 2016 को वर्चुअल लिट्रेसी और सिनेमेटिक टेक्स्ट्स पर एक–दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। लोकप्रिय व्याख्यान श्रृंखला के तत्वावधान में कॉलेज ने दो वार्ताएं आयोजित कीं। प्रथम व्याखन प्रोफेसर विवेक कुमार, जेएनयू द्वारा 6 अक्तूबर, 2015 को ''राष्ट्र निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर'' पर दिया गया था। दूसरे व्याख्यान का विषय था ''जन जागरूकता और लोक स्वास्थ्य'' जिसके वक्ता थे – डा. के.के. अग्रवाल तथा यह 14 मार्च, 2016 को दिया गया था।

मार्च, 2016 में, अंग्रेजी वाद–विवाद सोसाइटी निबंस ने अपनी प्रथम अंतर्कालेज वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों से 40 छात्रों ने प्रतिभागता की। इस वाद–विवाद का विषय था, ''ऑड–ईवन नीति प्रदूषण की समस्याको समाप्त करने का एक विषम तरीका है।''

उत्कृष्ट समान/विशिष्ट उपलब्धियां

अपनी स्टार अभिनवता परियोजना स्कीम के अंतर्गत दिल्ली विश्वविद्यालय ने 7 अभिनव परियोजनाओं के लिए एआरएसडी को 1.95 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जो विश्वविद्यालय के किसी भी कॉलेज को दी जाने वाली अधिकतम अनुदान राशि है।

एआरएसडी कॉलेज ने 2016 में दिल्ली विश्वविद्यालय, नार्थ कैंपस के 58वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी में भाग लिया। कॉलेज को फर्न प्रदर्शों में 'अत्यंत उल्लेखनीय' प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। हमारे गलियारों और उद्यानों विशेष रूप से हर्बल उद्यान की निर्णायकों द्वारा पर्याप्त सराहना की गई। हर्बल उद्यान की प्रशंसा बेहतर रूप से उगाए गए, ताजे और विविधतापूर्ण औषधीय पादपों तथा उनकी पर्याप्त किस्मों के लिए की गई।

डा. ज्योत्स्ना फनीजा बोला को सत्यश्री सहिति पुरस्कार, 2015 प्रदान किया गया।

श्री गौतम चौबे को अंग्रेजी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 7–9 सितम्बर, 2015 को ''भारतीय स्थानीय प्रदेश : भाषाएं, साहित्य और इतिहास'' विषय पर आयोजित यूजीसी राष्ट्रीय सम्मेलन में उनके ''आंदोलनों के मध्य 1930 के दशक मे हिन्दी सार्वजनिक क्षेत्र'' विषय पत्र के लिए श्रेष्ठ पत्र प्रस्तुतकर्ता से सम्मानित किया गया।

डा. जसपाली चौहान को प्रे फॉर इंडिया द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज के प्रति दिए गए उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मदर टेरेसा गौरव आनंद सम्मान प्रदान किया गया।

अनुसंधान परियोजनाएं

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), फरवरी, 2015–2019, ''जैविक महत्व के कुछ नवीन सामुद्रिक प्राकृतिक उत्पादों का डिजाइन और रणनीतिक संश्लेषण'' 43 लाख, डा. सुनीता भगत।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) नवम्बर, 2013–17, ''ई. जंबोलाना से विलगित प्राकृतिक उत्पादों का डिजाइन और संश्लेषण तथा एसटीजैड उत्प्रेरित मधुमेह चूहों में उनकी मधुमेहीरोधी क्षमता के आकलन के लिए उसका संरचनात्मक एनालॉग'', 54 लाख, डा. सुनीता भगत।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), ''मृत्तिका सामग्रियों को तैयार करने के लिए एI(III), V (V), T; (IV) और संबद्ध धातुओं के कतिपय एकल स्रोत आण्विक पुरोगामियों का संश्लेषण और विशेषता अध्ययन,'' 2013–17, 13.7 लाख, डा. राजीव सिंह।

विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले छात्र

छाया चौधरी	बी.एस.सी. (आनर्स) गणित	तृतीय वर्ष : 93.62 प्रतिशत
अंशिका	बी.एस.सी. (ऑनर्स) सी.एस.	तृतीय वर्ष : 91.1 प्रतिशत
मोनिका	बी.एस.सी. (ऑनर्स) गणित	प्रथम वर्ष : 90.73 प्रतिशत
लक्ष्य सेठी	बी.एस.सी. (ऑनर्स) सी.एस.	तृतीय वर्ष : 90.18 प्रतिशत
भावना चौहान	बी.एस.सी. (ऑनर्स) रसायन	तृतीय वर्ष : 89.30 प्रतिशत

पुस्तकालय विकास

पुस्तकालय में 1,07,000 से अधिक पुस्तकें हैं जिनमें से लगभग 45,936 पाठ्यपुस्तकें हैं। यह 46 जर्नल, 19 समाचार पत्र और 29 पत्रिकाएं सब्सक्राइब करता है। मेजानीन स्लैबों का प्रयोग करते हुए, शिक्षकों के लिए वाचन स्थान तथा पुस्तकालय में अधि पुस्तकें शामिल करने के लिए पर्याप्त स्थान तथा पुस्तकालय में अधिक पुस्तकें शामिल करने के लिए पर्याप्त स्थान विकसित किया गया है।

प्रकाशन

भगत, एस, चक्रवर्ती, एस.एम., सिंह, सी.टी. महापात्रा, एस.सी., बवे, एस., नंदनवार, एस.यू. (2015), बेंजीन की हाइड्रोजीनेशन के लिए शिक बेस लिगैंड्स के निकेल (II) का संश्लेषण, स्पेक्ट्र और थर्मो एनालाइटिक अध्ययन, करंट कैटालाइसिस 4, 43–56.

सिंह, पी. (2015) ओर्गेनोटिव बीआईएस–कॉम्प्लेक्सेस : संश्लेषण, विशेषता–वर्णन, एंटी–माइक्रोबियल एक्टिवटी औरएंटी कैंसर (परिकलनात्मक) अध्ययन, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एडवांस्ड रिसर्च, 2320–5407.

कुमार, ए.,, ततेयामा, एस., यास्की, के., अली, एम.ए., तकाया, एन.त्र सिंह, आर., कनेको, टी. (2016) 4, 4' – डायमिनोस्टिलबेन से पाली (एमिक एसिड) औरपालीइमाइड्स का 1 एच एनएमआर और एफटी–आईआर डाटासेट आधारिक संरचनात्मक अन्वेषण, डाटा इन–ब्रीफ, 7, 123–128 सिंगला, एम., रंजन, आर., माहिया, के., महापात्रा, एस.सी., बेंजिमिडेजोल डाइमाइड नैनो–कॉर्डिनेशन कॉम्प्लेक्सों का नाइट्रिक आक्साइड अवरोधक, एंटीआक्सीडेंड और एंटीट्यूमर क्रियाकलाप, न्यू जे. कैम. (आरएससी), 39, 4316–4327.

प्रवीण, भट्टाचार्य, एम., जोगी, जे. (2015), माइक्रोवेल एप्लीकेशन के लिए आईएन एआईएएस/आईएन जीएएस/आईएन एआईएएस डीजी–एचईएमटी मिक्स की मॉडलिंग, अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन, जर्नल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (आईओएसआर–जेईसीई), 10(4), 20–29.

बोला, जे (2015, अगस्त) "विकलांगता और कला का निर्वधन : एस्थेटिक्स के स्टीरियोटाइप्स" केफे डिसेंसर इन में http://cafedissensus.com/2015/08/14/interpreting-disability-ard-at-stereo types of aesthetics/

झा, जी. (2015), भाषा की राजनीति और राष्ट्रीय अस्मिता, नई दिल्ली : सस्ता साहित्य मंडल

भगेल, एस.एस., (2015), सामाजिक मीडिया और भारतीय युवा, दिल्ली : एपल बुक्स

प्रसाद, ए. (2015), दक्षिण एशिया में पहचान विवाद और नागरिकता विधियां : भूटान और श्रीलंका का मामला। दि जर्नल ऑफ सोशल साइंस स्कॉलर, खण्ड II, संख्या–IV, आईएसएसएन 2321–8266.

कुमार, वी. (2015), भूजंक अधिकार : अभय प्रसाद सिंह (संपा.) समकालीन भारत में विकास प्रक्रिया एवं सामाजिक आंदोलन, नई दिल्ली : ओरिएंट ब्लैकस्वान, (आईएसबीएन 9788125059448)।

आयोजित सम्मेलन/प्रस्तुत पत्र

सुनीता भगत, "निकेल कैटेलिस्ट का प्रयोग करते हुए ट्राई सब्सिट्यूटेड इमिडेजोल्स के संश्लेषण के लिए माइक्रोवेव सहायता प्राप्त मल्टी–कम्पोनेट प्रतिक्रियाओं का अन्वेषण", 26–27 फरवरी, 2016, डीयू–जेएआईएसटी इंडो–जापान कैमेस्ट्री ऑफ फंक्शनल मॉलीक्यूल्स/मैटीरियल्स, दिल्ली विश्वविद्यालय।

सुभाष चन्द्र महापात्र, "ट्रांजीशन धातुओं द्वारा प्रकार्यात्मक को–एनियन आश्रित नैनो ग्रेफीन का आकार", 7–8 अप्रैल, 2016, राष्ट्रीय सम्मेलन, एनसीसी–2016, पर्यावरणीय और सौहार्द विकास पर, श्यामलाल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, भारत अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र।

राजीव सिंह, "4–एमिनोसिनेमिक एसिड से उच्च निष्पादन के साथ फोटो–फंक्शनल सेमी बायो–बेस्ड पालीइमिड्स", 2015, नैनो–विज्ञान और इंस्ट्रूमेंटेशन प्रौद्योगिकी पर तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन, एनसीएनआईटी–2015, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र, हरियाणा, भारत।

विश्व मोहन झा, "प्रारंभिक भारत के कालिक चित्र में सांप्रदायिक पहचानों का पुनर्गठन," 29 जुलाई, 2015, उप–महाद्वीपों में इतिहास शिक्षण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, सीगल फाउंडेशन, कोलकाता द्वारा आयोजित।

इंद्र मोहन झा, "दक्षिण एशिया में आतंकवाद की उभरती चुनौतियां", 25–27 अक्तूबर, 56वां अखिल भारतीय राजनीति विज्ञान सम्मेलन, बीएचयू, वाराणसी।

अमरसिंह, "दक्षिण चीन सागर विवाद : भारत और आस्ट्रेलिया के लिए नीतिगत विकल्प" 'भारत–आस्ट्रेलिया संबंधों तथा बहु–केन्द्रित विश्व व्यवस्था का विकास' विषय पर 26–27 नवम्बर तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में, आयोजक – आस्ट्रेलियन स्टडीज़ प्रोग्राम, सामाजिक विज्ञान विद्यालय, इग्नू, नई दिल्ली, मैक्वैरी विश्वविद्यालय सिडनी, आस्ट्रेलिया और केन्द्रीय केरल विश्वविद्यालय कसारागोड।

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्या

स्थायी : 140
तदर्थ : 50

वित्तीय आबंटन और उपयोग

संस्वीकृत अनुदान (रुपए में) : 3389.26 लाख रुपए
उपयोग किया गया अनुदान (रुपए में) : 3189.08 लाख रुपए

फाइल किए गए/प्रदत्त पेटेंटः

राष्ट्रीय पेटेंटों की संख्या और शीर्षक : 10

पेटेंटों का शीर्षक

पॉलीमर एलॉय (बर्हिवेधन सम्मिश्रण), प्रकाश सिंह एवं सुनीता भगत, आई.पी. आवेदन सं. 906/डीईएल/91 दिनांक 25 सितम्बर, 1991.

पॉलीमर एलॉय (मेल्ट सम्मिश्रण), प्रकाश सिंह एवं सुनीता भगत, आई.पी. आवेदन सं. 906/डीईएल/91 दिनांक 25 सितम्बर, 1991.

पॉलीमर एलॉय (घोल सम्मिश्रण), प्रकाश सिंह, सुनीता भगत एवं मधुमिता स्वरूप, आई.पी. आवेदन सं. 907/डीईएल/91 दिनांक 25 सितम्बर, 1991.

पॉलीमर एलॉय न्यूक्लीएटिंग एजेंट 12, आई.पी. आवेदन सं. 214/डीईएल/93

पॉलीमर एलॉय (मिनरल फिलर), प्रकाश सिंह, एस.के. शर्मा और सुनीता भगत, आई.पी. आवेदन सं. 214/डीईएल/.93.

पॉलीमर एलॉय (ग्लास फाइबर), प्रकाश सिंह एवं सुनीता भगत, आई.पी. आवेदन सं. 1151/डीईएल/91.

पॉलीमर एलॉय (इथाइल हिनाइल एसीटेट कोपॉलीमर), प्रकाश सिंह एवं सुनीता भगत, आई.पी. आवेदन सं. 179/डीईएल/92.

पॉलीमर एलॉय (सॉडस्ट), प्रकाश सिंह एवं सुनीता भगत, आई.पी. आवेदन सं. 180/डीईएल/92.

पॉलीमर एलॉय (प्लास्टीसाइबर), प्रकाश सिंह एवं सुनीता भगत, आई.पी. आवेदन सं. 181/डीईएल/92.

पॉलीमर एलॉय (एक्रीलेट्स/पालीओलेफिंस), प्रकाश सिंह एवं सुनीता भगत, आई.पी. आवेदन सं. 182/डीईएल/92.

नियोजन विवरण

(क) सफलतापूर्वक नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या : 108

(ख) परिसर में भर्ती के लिए आने कंपनियों/उद्योगों की संख्या : 06

(ग) पुनरावृत्ति करने वाले नियोजकों की संख्या : 01

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

(क) सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण):

इंफ्लिबमेंट 'एन' लिस्ट के माध्यम से 6000 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जर्नल उपलब्ध हैं।

(ख) सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) : 45 पेपर बैक

भागीदारों के साथ किए गए राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय (समझौता ज्ञापनों) की संख्या और नाम :

भारतीय/विदेशी कंपनियों/उद्योगों के साथ : 03

कोई अन्य उल्लेखनीय जानकारी

वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में, संस्था ने कक्षाओं के बाहर छात्र–संकाय संपर्कों को बढ़ाने के लिए अनेक प्रयास किए। एक परामर्शवृत्ति कार्यक्रम आरंभ किया गया है जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शिक्षण की प्रक्रिया कक्षा तक ही सीमित न रहे। प्रत्येक शिक्षक को कुछ छात्रों के परामर्श का उत्तरदायित्व दिया गया है तथा वे उनके शैक्षणिक और वैयक्तिक कुशलता के पहलुओं का ध्यान रखते हैं।

इसके अलावा, प्रत्येक विभाग के लिए एक छात्र–संकाय समिति का भी गठन किया गया है जिसका उद्देश्य शिक्षकों और छात्रों के बीच वार्तालाप का माध्यम खुला रखता है और जो छात्रों की चिंताओं, शिकायतों तथा उनके फीडबैक पर पारस्परिक चर्चा को सुकर बनाता है। इस फोरम में प्रत्येक विभाग से चार संकाय सदस्य तथा प्रत्येक कक्षा से शैक्षणिक क्षेत्र में अव्वल रहे छात्र शामिल होते हैं। छात्र निकाय द्वारा सामना किए जा रहे मुद्दों पर मुक्त चर्चा करने के अलावा यह समिति कॉलेज में शिक्षण, शिक्षा शास्त्र और सांस्कृतिक क्रियाकलापों में अभिनवता का समावेश करने पर भी ध्यान केन्द्रित करती है।

आयुर्वेदिक और यूनानी तिबिया कॉलेज

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

चूंकि यह कॉलेज अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है, अतः संस्थान में शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। कॉलेज ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जिसमें सभी संकाय सदस्यों और निदेशक आयुष ने भाग लिया। कॉलेज ने नए बालिका छात्रावास का निर्माण भी किया है। एं एंड यू तिबिया कॉलेज ने संहित सिद्धांत विभाग में शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय सीएमई का आयोजन किया जिसमें समूचे भारत से संकाय–सदस्यों ने प्रतिभागिता की। संस्थान ने रोगियों के लिए ओपीडी ब्लॉक का नवीकरण करते हुए उसे पूर्णतः वातानुकूलित बना दिया है।

पुस्तकालय विकास : नई पुस्तकों के लिए आदेश दिया गया है।

प्रकाशन

राजन, एस. एट एल (2015), समयपूर्व वृद्धावस्था निवारक औषधि के रूप में अमलाकी – एक समीक्षा : आईजेएपीआर 3(12), 30–31.

कौसर, एफ. (2015) प्रसूति–विज्ञान और स्त्री रोग–विज्ञान में ज़रावी (एल्बाकस) का योगदान : यूनानी सिद्धा और होमेयोपैथी का समीक्षा और शोध जर्नल, 2(2)/8–21.

मिश्रा, डी. (2015), गर्भधारण के दौरान व्यावहारिक समस्याएं तथा उनका प्रबंध : आयुर्वेदिक दृष्टिकोण, कुमार भरतिया राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाहियां, दि रिनेसां – 2015, 12–14.

नासिर, ए. (2015), अमल–ए–काई–यूनानी चिकित्सा में एक अमूल्य धरोहर : इंडियन जर्नल ऑफ यूनानी मेडिसिन, 8(1), 21–26

महापात्र, एस. एट एल, (2015), आयुर्वेदिक चिकित्सा प्रणाली में धातुओं और खनिजों के प्रसंस्करण उपसिद्धांत : आयुर्वेद और आयुर्विज्ञान अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, 1(1), 14–18.

मोहराना, एच. (2015), शुष्क नेत्र में त्रिफला घृत के साथ नेत्रतर्पण की भूमिका – नैदानिक–रोग विज्ञानी विकास : एसटीएम जर्नल ऑफ आयुष, 4(3).

जैन, टी., शर्मा, ए., यादव, एस. (2015), विचारचिका पर विश्लेषणात्मक अध्ययन, 3(2), 1–2.

शामकुंवर, एम., राजन, एस., सिंघवी, एस., (2016) तामक श्वास में विरेचमकर्मा का अनुप्रयुक्त दृष्टिकोण : आईजेपाम, 1(1), 55–59.

जिंदल एन. (2015), पंचकर्म सिद्धी, वाराणसी, उत्तर प्रदेश : चौखंबा ओरिएंटालिया,

शामकुंवर, एम., (2016 एडि. II) पंचकर्मा संग्रह, नागपुर, महाराष्ट्र : स्वतः

आयोजित सम्मेलन/प्रस्तुत पत्र (श्रेष्ठ 5)

5–10 अक्तूबर, 2015 तक संहिता सि'द्धांत में सीएमई आयोजित की गई, आयुष, भारत सरकार

कौसर, एफ, मस्कुलर डिस्टॉफी – इलाज–बिल–तदबीर का एक दृष्टिकोण, 20–22 अगस्त, 2015, आयुष, भारत सरकार

नासिर, ए. जरहट के दो उर्दू तर्जीम, 19–20 फरवरी, 2016, जामिया मिलिया इस्लामिया एवं उर्दू विभाग

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्या
स्थायी : आयुर्वेद (18), यूनानी (6)
अस्थायी : आयुर्वेद (12), यूनानी (12)
तदर्थ : आयुर्वेद (3), यूनानी (2)

वित्तीय आबंटन और उपयोग
संस्वीकृत राशि : योजनेत्तर 20,24,00,000 रुपए योजना – 6,49,00,000 रुपए
उपयोग की गई राशि :योजनेत्तर 19,84,76,072 रुपए योजना – 6,47,61,715 रुपए

भगिनी निवेदिता कॉलेज

मुख्य क्रियाकलाप और उपलब्धियां

20–21 जुलाई, 2015 को 2015–16 सत्र के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नए छात्रों के लिए स्वागत पार्टी का आयोजन 31 अगस्त, 2015 को किया गया। छात्र संघ के चुनाव 11 सितम्बर, 2015 को आयोजित किए गए। जोधपुर और जैसलमेर की तीन दिन और चार रातों की यात्रा 15 दिसम्बर, 2015 को आयोजित की गई। एनएएसी के केन्द्रीय दल ने 10–12 अगस्त, 2015 को कॉलेज का दौरा किया। एनएएसी की 14 सितम्बर, 2015 को हुई बैठक में कॉलेज को ग्रेड जारी किया गया। कॉलेज को 'बी' ग्रेड प्रदान किया गया है। आचार्य नरेन्द्र देव कॉलेज के सहयोग से एक दो–दिवसीय ''उद्यमवृत्ति जागरूकता शिविर'' का आयोजन किया गया। एनएसएस के छात्रों ने 31 अक्तूबर, 2015 को इंडिया गेट पर ''एकता के लिए दौड़िए'' में भाग लिया। छात्रों ने राव तुला राम अस्पताल, जाफरपुर में 15 जनवरी, 2016 को आयोजित रक्तदान शिविर में भी भाग लिया। एक स्व–वित्तपोषित एनजीओ ''एक काम देश का नाम'' ने दिल्ली पुलिस के सहयोग से 29 फरवरी, 2016 को 'हिम्मत ऐप' का प्रचार–प्रसार करने के लिए एक कार्यशाला का संचालन किया। सांस्कृतिक समिति ने 1–3 मार्च, 2016 से वार्षिक अंतरा एवं अंतर्कालेज सांस्कृतिक समारोह 'नवरंग' का आयोजन किया। डा. बी.आर. अम्बेडकर की 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में ''भारत के संविधान की उद्देश्यिका'' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भौतिकी विभाग द्वारा ''राष्ट्रीय विज्ञान दिवस'' पर आईयूएसी के दौरे का आयोजन किया गया। वाणिज्य विभाग द्वाराएसएमसी ग्लोबल सिक्यूरिटीज़ प्राइवेट लिमिटेड तथा पार्लेजी फैक्ट्री के दौरे आयोजित किए गए। गणित सोसाइटी अपने सदस्य छात्रों को नेहरू तारामंडल के भ्रमण पर ले गई। कॉलेज का वार्षिक दिवस 25 अप्रैल, 2016 को मनाया गया।

पुस्तकालय विकास

चालू वर्ष के दौरान पुस्तकालय में नई शामिल की नई पुस्तकों की संख्या 2041 है। पुस्तकालय समिति ने बैठने के लिए अधिक स्थान का सृजन करने तथा पुस्तकालय में अधिक प्रकाश और वायु की आवाजाही के लिए पुस्तकालय की बैठने की व्यवस्था में परिवर्तन किया है। इसने एक ऑडियो–वीजुअल खंड की स्थापना की है तथा डीवीडी के लिए आदेश दिया है। पुस्तकालय के भीतर ही शिक्षकों, छात्रों और पुस्तकालय कर्मियों के लिए कम्प्यूटर इंटरनेट सुविधा उपलब्ध है। मैनुअल कैटेलॉग के कार्य को अद्यतन बनाया गया है। छात्रों की मांग पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित किया गया है। पुस्तकालय से संबंधित खरीद को मासिक आधार पर अद्यतन बनाया जाता है तथा इसके आंकड़े कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

प्रकाशन

डागर, पूनम (2013) नारी सशक्तिकरण एवं गांधी दर्शन नारी संवाद, सं. 88–89, 22–24

स्निग्धा (2016) ग्रामीण भारत में महिला शिक्षा की स्थिति। सामाजिक विज्ञान और मानविकी अनुसंधान अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, 4(1), 48–56

स्निग्धा (2015) कारपोरेट बांड बाजार तथा परिसमापन पैटर्न अनुभवहीनता, प्रबंध और वाणिज्य अभिनवता अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, 3(2), 48–75

स्निग्धा (2015) भारत में एफडीआई तथा पूंजी प्रवाह पर इसके प्रभाव, प्रबंध और वाणिज्य अभिनवता अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, 3(2), 23–29

आयोजित सम्मेलन/प्रस्तुत पत्र

आदित महाविद्यालय द्वारा 25 जनवरी, 2016 को 'प्रवासी साहित्य प्रसंग' पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "अभिमन्यु अनंत की काव्य चेतना" पर पत्र प्रस्तुत किया। (डा. पूनम राठी, एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी विभाग)

हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली यूजीसी के सहयोग से आयोजित दो–दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में 'मधुमालती में नारी का सामाजिक अस्तित्व' विषय पर पत्र प्रस्तुत किया। (डा. रीटा नामदेव, सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग)।

भारत भाषा केन्द्र जेएनयू, नई दिली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में, छाकिन' विषय पर पत्र प्रस्तुत किया (डा. सुमन सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी विभाग)

विश्वसनीय इंजीनियरी, गुणवत्ता और प्रचालन प्रबंध सोसाइटी (एसआरईक्यूओएम), प्रचालनात्मक अनुसंधान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा लूलिया यूनीवर्सिटी ऑफ टेक्नालॉजी, स्वीडन के सह–आयोजन के साथ 28–30 दिसम्बर, 2015 को आयोजित 7वें अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता, विश्वसनीयता, इंफोकॉम प्रौद्योगिकी और व्यवसाय प्रचालन सम्मेलन (रुझान और भावी दिशाएं) में "परिवर्तनीय कटौती तकनीक का प्रयोग करते हुए डाटा अंतर्वेशन विश्लेषण में कार्यकुशलता की तलाश" विषय पर पत्र प्रस्तुत किया (सुश्री सीमा गुप्ता, सहायक प्रोफेसर, गणित विभाग)

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्याः

स्थायी : 40

तदर्थ : 28

वित्तीय आबंटन और उपयोग

संस्वीकृत अनुदान (रुपए में) :12,57,00,000/– रुपए

उपयोग किया गया अनुदान (रुपए में) : 12,77,91,822/– रुपए

नियोजन विवरण

सफलतापूर्वक नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या : 27

परिसर में भर्ती के लिए आने कंपनियों/उद्योगों की संख्या : 03

पुनरावृत्ति करने वाले नियोजकों की संख्या : 01

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण)

सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण)

भारती कॉलेज

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

वर्ष 2015–16 संवृद्धि और विकास का वर्ष रहा है। भारतीय कॉलेज को चार नए पाठ्यक्रम आबंटित किएगए हैं, अर्थात् अंग्रेजी में जन संपर्क और पत्रकारिता बी.एस.सी. (ऑनर्स) गणित, बी.ए. (ऑनर्स) मनोविज्ञान तथा बी.ए. (ऑनर्स) समाजविज्ञान। कॉलेज ने कम्प्यूटर विज्ञान में बी.एस.सी. (ऑनर्स) तथा एम.ए. (संस्कृत) में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए भी आवेदन किया है। इन दोनों पाठ्यक्रमों के लिए निरीक्षण दल ने पहले ही कॉलेज का

निरीक्षण कर लिया है। अंतिम अनुमोदन की प्रतीक्षा की जा रही है। हमने विज्ञान और प्रबंध पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने की योजना भी तैयार की है। कॉलेज को एनएएसी द्वारा अक्तूबर, 2015 में 2.85 अंकों अर्थात् ग्रेड 'बी' के साथ प्रत्यायित किया गया है। शैक्षणिक वर्ष 2015–16 के दौरान, गुणवत्ता संस्कृति के समावेशन और श्रेष्ठ प्रक्रियाओं के अंगीकरण के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में संवर्धन करने के लिए आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की स्थापना की गई है। कॉलेज की प्राचार्या डा. कांतारानी भाटिया को दिल्ली संस्कृत अकादमी और फिक्की सभागार में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्नातक तथा स्नातकोत्तर छात्रों के लिए संस्कृत व्याकरण की अवधारणा पर यूजीसी में व्याख्यानों की श्रृंखला भी आयोजित करेंगी। उनके द्वारा इसी अवधारणा पर चार वीडियो व्याख्यान पहले ही दिए जा चुके हैं।

उत्कृष्ट सम्मान/विशिष्ट उपलब्धियां

अंग्रेजी विभाग की डा. नंदिनी सी. सेन को उच्चतर शिक्षा में उनके योगदान के लिए इंदौर विशिष्ट संस्थान द्वारा विशिष्ट शिक्षा सम्मान प्रदान किया गया है।

वाणिज्य विभाग की डा. पूनम को उनके शिक्षण, सामाजिक और सांस्कृत योगदान के लिए भागीरथी सम्मान समारोह द्वारा भागीरथी पुरस्कार प्रदान किया गया है।

शोध परियोजनाएं

"युवाओं में सामाजिक संवेदनशीलता सक्षमता में वृद्धि करने के लिए हस्तक्षेप कार्यनीतियां" को यूजीसी द्वारा 2013 से 2015 के लिए 6 लाख रुपए लगभग की राशि के साथ वित्त–पोषित किया गया।

दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा "युवा वयस्कों के मध्य तनाव कारकों का आकलन : एक तनावरहित और युवा भारत का निर्माण करने के प्रति योगदान" को 3.25 लाख रुपए की राशि के साथ वित्त–पोषित किया गया।

विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले छात्र

हिना ने 32वीं दिल्ली राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप तथा दक्षिण–पश्चिम जिला चैंपियनशिप में कांस्य पदक प्राप्त किया।

मोनिका झा ने मिरांडा हाउस के वार्षिक खेल समारोह एरोबर्न में कांस्य पदक प्राप्त किया।

एस.यू.ओ. किरण, जे.यू.ओ., साक्षी वशिष्ठ, जे.यू.ओ. टी. रीताबाला देवी तथा सीपीएल हिमांशी ने प्वाइंट–टु–प्वांइट मांच और बास्केटबॉल प्रतिस्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा हिमाचल प्रदेश में आयोजित अखिल भारतीय बालिका ट्रैकिंग अभियान में सांस्कृतिक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

पुस्तकालय विकास

कॉलेज के पास एक विशाल और विभिन्न विषयों एवं विषयक्षेत्रों पर नवीनतम पाठ्यपुस्तकों, संदर्भ पुस्तकों और जर्नलो से सज्जित पुस्तकालय है। सामान्य पाठन और प्रोत्साहित करने तथा छात्रों के बौद्धिक क्षितिजों को व्यापक बनाने के उद्देश्य से इसमें सामान्य रूचि की पुस्तकें, जर्नल और पत्रिकाएं भी हैं। इस वर्ष, पुस्तकालय के भण्डार में 1342 पुस्तकं और जोड़ी गईं जिससे इसमें उपलब्ध पुस्तकों की कुल संख्या 49,842 हो गई है। पुस्तकालय अंग्रेजी और हिंदी में 19 समाचारपत्र, 29 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जर्नल तथा 20 पत्रिकाएं भी सब्सक्राइब करता है। पुस्तकालय के पास दृष्टि–बाधित छात्रों के लिए ब्रेल लिपियों का संग्रह भी है। संकाय सदस्यों के मध्य शोध क्रियाकलापों को प्रोत्साहित करने के लिए पुस्तकालय ने एन–लिस्ट की सांस्थानिक सदस्या भी ली है। इस वर्ष पुरानी पुस्तकों की छंटाई भी की गई। इस वर्ष पुस्तकालय के भीतर वाई–फाई तथा फोटोकॉपी की सुविधा भी सुलभ कराई गई है।

प्रकाशन

द्विवेदी, एस.एस. (2015), "चीन का उदय : पाकिस्तानी संदर्श", ग्रिफ्त एशिया तिमाही, 3(1).

द्विवेदी, एस.एस. (2016), दक्षिण एशिया और पूर्व एशिया के साथ नेपाल के संबंधों का पुनर्अन्वेषण : भारत और चीन का तुलनात्मक संदर्श, यूनीक एशिन ट्राइंगल : भारत, चीन और नेपाल में, जी.बी. बुक्स।

गुप्ता, एस. (2015, जुलाई–दिसम्बर) क्षरण और लाभ अंतरण : अंतर्राष्ट्रीय कराधान का नया ढांचा, जर्नल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड इंफार्मेशन सिस्टम्स, 2(2), 108–114.

गुप्ता, एस. (2015, नवम्बर) व्युत्पन्न उपकरण : भारतीय प्रतिभूति बाजार के संदर्भ में विकल्पों, भविष्य, स्वैपों और पोर्टफोलियो बीमा संविदा के कार्यकरण को समझना। भारतीय अनुप्रयुक्त अनुसंधान जर्नल, 5(11), 60–63.

गुप्ता, एस. (2015, अक्तूबर–दिसम्बर,) लघु वित्त बैंक : बैंकिंग और वित्त समावेशन क्षेत्र में वृहद् सास्थानिक कदम, वीथिका, 1(3), 13–22.

झा. एस. (2015), ईको क्रिटिकल रीडिंग्स : प्रकृति और पर्यावरण का पुनर्चिंतन : पैट्रिज।

कटारिया, के (2015, अक्तूबर), एनसीआर में महिला उद्यमियों के संगठन प्रबंध पर जनसांख्यिकी परिवर्तियों का प्रभाव। अंतर्राष्ट्रीय इंजीनियरी और प्रबंध अनुसंधान जर्नल, 5(5).

कौशिक, एस. (2015), लागत लेखाकर्म, दिल्ली : गलगोटिया प्रकाशन।

लवलीन एवं पांडा, पी.के (2015), सूक्ष्म अर्थव्यवस्था।

I: प्राथमिक ज्ञान. दिल्ली : डीपीएस पब्लिशिंग हाउस। लवलीन एवं पांडा, पी.के. (2015) सूक्ष्म अर्थव्यवस्था।

II: प्राथमिक ज्ञान, दिल्ली : डीपीएस पब्लिशिंग हाउस। रजनी, (2016, जनवरी–मार्च), पर्यावरणीय नयाचार : व्यापार और परिवेश के बीच संबंध। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंटरप्रेन्यूरशिप एंड बिजनेस एंवार्यमेंट पर्सपेक्टिव्स, 5(1), 1987–1993.

रजनी एवं चड्ढा, पी. (2016) अभिनव वित्त–पोषण : भारत से एंसीडोर, एशिया जर्नल ऑफ मल्टीडिसिप्लीनियरी स्टडीज़, 4(4).

रजनी एवं चड्ढा, पी. (2016, जनवरी–मार्च), भारत में शिक्षा वित्त–पोषण, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एप्लाइड फाइनेंशियल पर्स पेक्टिव्स, 5(5, 2073–2085.

आयोजित सम्मेलन/प्रस्तुत पत्र

समकालीन विश्व में व्यवसाय रूपांतरण, मुद्दे और चुनौतियां, 31 अक्तूबर, 2015 को वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित, यूजीसी द्वारा वित्त–पाषण।

कालीदास महोत्सव, 13–14 फरवरी, 2016, कालीदास अकादमी द्वारा आयोजित।

डा. रजनी और डा. कल्पना कटारिया ने आइडियल इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा 21 जनवरी, 2016 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "अभिनव वित्त–पोषण धन से अधिक" शीर्षक पर एक लेख प्रकाशित किया।

डा. रजनी ने गुरु गोविंद सिंह वाणिज्य उद्योग दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 5–6 फरवरी, 2016 को फलते–फूलते सेवा क्षेत्र पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "डिजिटल वित्तीय सेवाएं – मोबाइल मनी" विषय पर एक लेख प्रस्तुत और प्रकाशित किया।

डा. राखी जैन ने यूरोपियन नेटवर्क ऑफ कंपेरेटिव लिटेररी स्टडीज़ द्वारा अगस्त, 2015 में राष्ट्रीय आयरलैंड विश्वविद्यालय, गालवे में "महिला : संपत्ति की तलाश में" विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक पत्र प्रस्तुत किया।

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्या:

स्थायी	:	55
अस्थायी	:	01
तदर्थ	:	51

वित्तीय आबंटन और उपयोग

संस्वीकृत अनुदान (रुपए में)	: 1878.77 (लाख में)
उपयोग किया गया अनुदान (रुपए में)	: 1730.54 (लाख में)

नियोजन विवरण

सफलतापूर्वक नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या	: 74
परिसर में भर्ती के लिए आने कंपनियों/उद्योगों की संख्या	: 07
पुनरावृत्ति करने वाले नियोजकों की संख्या	: 02

भागीदारों के साथ हस्ताक्षर किए गए राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय (समझौता ज्ञापनों) की संख्या और नाम

भारतीय/विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ : क्षेत्रीय अंग्रेजी भाषा कार्यालय (आईएलओ), यूएस दूतावास, नई दिल्ली के साथ समझौता–ज्ञापन।

भारतीय/विदेशी कंपनियों के साथ : एनआईईएलआईटी में अर्हता प्राप्त करने के लिए एनआईआईटी एम्बिट कम्प्यूटिंग प्रा.लि. के साथ समझौता–ज्ञापन।

विस्तार और संपर्क कार्यक्रम

आस–पास के क्षेत्रों में आयोजित किए गए शिविरों की संख्या : 03

शिविरों में नामांकित/शामिल किए गए व्यक्तियो ंकी संख्या : 150

शिविर में कार्य करने वाले छात्रों की संख्या : 70

इन शिविरों में समर्पित किए गए घंटो की कुल संख्या : 21

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) : 25

सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) : 04

कोई अन्य उल्लेखनीय जानकारी

संस्कृत अकादमी द्वारा संस्कृत विभाग को 'स्वप्नवसवदत्त्म' नामक एक संपूर्ण नाटक का मंचन करने के लिए चुना गया तथा इसे इस प्रदर्शन के लिए एक लाख रुपए प्राप्त हुए। इस नाटक का निर्देशन डा. कांता रानी भाटिया द्वारा किया गया था। शैक्षणिक वर्ष 2015–16 से, कॉलेज की आईक्यूएसी इकाई ने एक संपर्क विस्तार प्रकोष्ठ आरंभ किया है। इस प्रकोष्ठ के माध्यम से कॉलेज विभिन्न मुद्दों जैसे परामर्श, घरेलू हिंसा, लिंग जागरूकता और कौशल विकास पर कार्य करने के लिए अनेक एनजीओ के साथ सहयोजित होता है। कॉलेज के छात्र बालिकाओं के अधिकारों, लिंग निर्धारण और लिंग चयन के प्रति जागरूकता का सृजन करने के लिए सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीएफएआर) के साथ कार्य कर रहे हैं। कॉलेज प्रौद्योगिकीय जागरूकता में संवृद्धि करने तथा आस–पास के विद्यालयों में छात्रों से संबंधित अन्य मुद्दों का निवारण करने के लिए सोसाइटी फॉर ऑल राउंड डेवलपमेंट (एसएडी) के साथ भी सहयोग कर रहा है। कॉलेज ने सीआरवाई (क्राई) के साथ भी भागीदारी स्थापित की है तथा कॉलेज में एक बाल अधिकार क्लब का गठन किया है। बी.ए. (आनर्स) गणित तथा बी.ए. (आनर्स) राजनीति विज्ञान में कोई भी छात्र अनुतीर्ण नहीं हुआ और न ही किसी को पुनः परीक्षा देनी पड़ी। डा. सोनाली जैन ने ''इंटरनेशनल कांफ्रेस थीट्स एंड किपलिंग : रीट्रोस्पेक्टिव्स, पर्सपेक्टिव्स'' के लिए डब्ल्यू.बी. थीट्स ''दि वड्स अपॉन दि विंडो पेन'' का निर्देशन किया। भारतीय कॉलेज की फैशन सोसाइटी 'एलांट्रे' को दिल्ली की 'श्रेष्ठ फैशन सोसाइटी के रूप में चुना गया। कॉलेज परिसर को पूरी तरह ''वाई–फाई समर्थ'' बनाया गया है।

भास्कराचार्य अनुप्रयुक्त विज्ञान कॉलेज

प्रमुख क्रियाकलाप

ईसीए ने वर्ष 2015–16 के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया:

देशभक्ति के विषय के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह।

21–22 जनवरी, 2016 को ''सभी के लिए शांति'' विषय पर वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 'सृजन, 2016'.

24 फरवरी, 2016 को संस्कृति परिषद, दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से 'भारत के गीत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भास्करचार्य अंतर्कालेज टूर्नामेंट का आयोजन 18 जनवरी, 2016 से 4 फरवरी, 2016 तक आयोजित किया गया।

कॉलेज का खेल दिवस 12 फरवरी, 2016 को आयोजित किया गया।

खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग को जैव–प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा स्टार विभाग स्थिति प्रदान की गई।

उत्कृष्ट सम्मान/विशिष्ट उपलब्धियां

डा. रिजवाना को शैक्षणिक वर्ष 2014–15 के दौरान 01 मई, 2015 को अभिनव परियोजना 'कृषि–अपशिष्ट प्रबंध : अपशिष्ट से समृद्धि की ओर' के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति से 1 मई, 2015 को अभिनवता के लिए शिक्षण उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया।

डा. आनंद भारद्वाज को शैक्षणिक वर्ष 2014–15 के दौरान 01 मई, 2015 को अभिनव परियोजना 'कृषि–अपशिष्ट प्रबंध : अपशिष्ट से समृद्धि की ओर' के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति से 1 मई, 2015 को अभिनवता के लिए शिक्षण उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया।

डा. एस.के. शुक्ला को शैक्षणिक वर्ष 2014–15 के दौरान 01 मई, 2015 को अभिनव परियोजना 'कृषि–अपशिष्ट प्रबंध : अपशिष्ट से समृद्धि की ओर' के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति से 1 मई, 2015 को अभिनवता के लिए शिक्षण उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया।

डा. उमा धवन को बोस्टन विश्वविद्यालय, मासा सुशेट्स, यूएसए में पोस्ट–डॉक्टोरल शोध के लिए यूजीसी–रामन फेलोशिप प्रदान की गई।

अनुसंधान परियोजनाएं

किफायती थेरापेयोटिक उत्पादों के रूप में बायोसिमिलर्स की क्षमता का अन्वेषण, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा वित्त–पोषित।

अयूरजीनोमिक्स दृष्टिकोण के माध्यम से अंतवैयक्तिक विभेदों में मैक्नोट्रांसडक्शन नेटवर्क का अन्वेषण, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा वित्त–पोषित।

विशिष्ट योग्यता वाले छात्र

श्वेता वारियर	बी.एससी. (ऑनर्स) जैव–चिकित्सा विज्ञान	प्रथम
आंचल राजपाल	बी.एससी. (ऑनर्स) / बी. टेक कम्प्यूटर विज्ञान	प्रथम
गौरव राज सेंगर	बी.एससी. (ऑनर्स) / बी. टेक इलेक्ट्रॉनिक्स	प्रथम
अदिति	बी.एससी. (ऑनर्स) / बी. टेक कम्प्यूटर जैव–प्रौद्योगिकी	प्रथम
अनुराग कुमार	बी.एससी. (ऑनर्स) / बी. टेक पॉलीमर विज्ञान	प्रथम

पुस्तकालय विकास

पुस्तकालय की संवृद्धि

पुस्तकालय में पुस्तकों के 23132 खंडों का संकलन है जिसमें सदर्भ पुस्तकें जर्नलों के 336 बाउंड खंड तथा 491 सीडी–रोम्स भी शामिल हैं। कुछ जर्नलों को नियमित रूप से सब्सक्राइब करने के अलावा, पुस्तकालय ने इस वर्ष इनफ्लिबनेट के एन–लिस्ट (विद्वत विषय–वस्तु के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना सेवा अवसंरचना) प्रोग्राम के लिए भी सब्सक्रिप्शन दिया है। इसने छात्रों तथा स्टाफ को पूरे वर्ष में 24 x 7 बड़ी मात्रा में ई–संसाधनों तक पहुंच बनाने की सुविधा प्रदान की है।

परिचालन और विलंब प्रभार

पुस्तकालय का परिचालन (पुस्तकों को जारी तथा वापस किया जाना) जुलाई, 2014 से जून, 2015 की अवधि के दौरान 42162 के आंकड़े तक पहुंच गया।

पुस्तकालय ने विलंब प्रभारों के रूप में अप्रैल, 2014 से मार्च, 2015 की अवधि के दौरान 80503 रुपए एकत्र किए। इस राशि को लेखा विभाग में जमा कराया गया। चालू वित्त वर्ष के दौरान, कॉलेज के शासी मंडल ने इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया कि विलंब प्रभारों के संग्रहण को "विविध पुस्तकालय विकास निधि" के रूप में रखा जाए तथा उसका उपयोग पुस्तकालय विभाग के लिए किया जाए। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान (9 फरवरी, 2016 की स्थिति के अनुसार) पुस्तकालय ने विलंब प्रभारों के रूप में कुल 62801 रुपए एकत्र कर लिए हैं जिनमें से 52966 रुपए 'विविध पुस्तकालय विकास निधि' के अंतर्गत डाले गए हैं।

पुस्तकालय अभिमुखीकरण और सूचना जागरूकता कार्यक्रम

पुस्तकालय ने 20 जुलाई, 2015 को प्रथम वर्ष के सभी छात्रों के लिए एक अभिमुखीकार्यक्रम का आयोजन किया। छात्रों को विभिन्न बैचों में पुस्तकालय की पुस्तकों के संग्रहण, उसकी सेवाओं और सुविधाओं के विषय में जानकारी दी गई। इस अभिमुखीकरण कार्यक्रम में पुस्तकाध्यक्ष द्वारा दिया गया एक व्याख्यान तथा ओपीएसी और स्टैक रैंकों का भ्रमण भी शामिल था।

बीएमएस	1100 बजे
सीएम	1120 बजे
ईएल एवं आईएन	1140 बजे

एमबी	1150 बजे
पीएस	1200 बजे
एफटी एवं पीएच	1240 बजे

पुस्तकालय ब्लॉग

ब्लॉग को समय–समय पर अद्यतन बनाया जाता है। इस ब्लॉग के आरंभ होने के बाद में, विश्व के विभिन्न भागों से 22240 पेज व्यूज़ (31 मार्च, 2015, 1910 बजे तक की स्थिति) दर्ज किए जा चुके हैं, जिसका ब्योरा इस प्रकार है:–

भारत	20039
यूनाइटेड स्टेट्स	1791
जर्मनी	540
यूक्रेन	358
रूस	389
फ्रांस	184
यूएई	184
इंडोनेशिया	76
जपान	79
यूनाइटेड किंगडम	60

पुस्तकालय प्रशिक्षण

पुस्तकालय ने छात्रों को पुस्तकालय और सूचना–विज्ञान के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया।

2015–16 के लिए भावी योजनाएं

पुस्तकालय में आरएफआईडी प्रणाली लागू करना।

डी स्पेस का प्रयोग करते हुए कॉलेज के लिए एक सांस्थानिक निक्षेपागार को डिजाइन और विकसित करना।

केओएचए – ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर की स्थापना की व्यावहारिकता का अध्ययन करना।

पुस्तकालय के वाचनालय के लिए पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था करना।

प्रकाशन

संगीता श्रीवास्तव, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एर्मेजिंग टेक्नालॉजी एंड एडवांस्ड इंजीनियरिंग में "वेब जीआरएल आवश्यकता मॉडल तथा ईए–ओओएच मॉडल के लिए यूएमएल प्रोफाइल, खण्ड 5, अंक 8, पृष्ठ 313–322, अगस्त, 2015 आईएसएसएन 2250–2459.

साक्षी शर्मा, हरीश पार्थसारथी, अक्षय तयाल, गीता भट्ट, मनोज खन्ना और उपदेश शर्मा, क्वांटम गेट के डिजाइन के अनुमान के प्रति दृष्टिकोण, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एडवांस्ड टेक्नालॉजी एंड इंजीनियरिंग, एक्सप्लोरेशन आईएसएसएन (प्रिंट): 2294–5443 आईएसएसएन (ऑनलाइन) : 2394–7454. खंड 2, अंक 8, जुलाई 2015.

टीएस. प्रजापति, एस. झा, एस. जैन, टी. धेवा, जे. कुमार, ए. कुमार "माइक्रोबियल सेंसिंग के लिए सत्व, प्रवृत्तियां और प्रस्तावित डिजाइन", "अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास जर्नल", अक्तूबर, 2015, पृष्ठ 30–33.

तनिया एस. प्रजापति, एस. जैन, टी. धेवा, जे. कुमार, अमित कुमार "माइक्रोबियल सेंसिंग के लिए सत्व, प्रवृत्तियां और प्रस्तावित डिजाइन", "अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास जर्नल", अक्तूबर, 2015, पृष्ठ 30–33.

एम. गर्ग, पी.के. सबरवाल, एस. शर्मा, एस.जी. वरमानी और एस.डी. साधु, थिन लेयर डाइंग का वर्णन करने तथा ट्रे डिजाइन का प्रयोग करते हुए पोटाटो पील की शुष्कता दर का निर्धारण करने के लिए गणितीय मॉडलों का मूल्यांकन;'' अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान इंजीनियरी और अनुप्रयुक्त विज्ञान जर्नल, खण्ड 1(7), पृष्ठ 1–15.

अनिल राठी, राकेश, मनोज कुमार, गीता भट्ट, अश्विनी कपूर; ''पॉलीमर बफर लेयर का प्रयोग करते हुए टीई पास पोलाराइजर के लिए क्रोमियम क्लैड ऑप्टिकल वेवगाइड का विश्लेषण'', अंतर्राष्ट्रीय इंजीनियरी और अनुप्रयुक्त विज्ञान जर्नल, जुलाई, 2015, खंड 7, सं. 02, पृष्ठ 31–36.

भारतीय ठोस रसायन और संबद्ध क्षेत्र, दिल्ली एसोसिएशन पर 9वें राष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक।

एस.के. शुक्ला, सुधीश के. शुक्ला, पेन्नी पी. गोवेंदेर, एरिक एस. एर्गोकू, पालीनिलीन मेट्रिक्स माइक्रोकिमिका एक्टा में संपुटित क्रिस्टेलीन टिन ऑक्साइड नैनोपाटिकल्स पर आधारित प्रतिरोधक प्रकार का आर्द्रता सेंसर, 183(2), (2016) 573–580.

एस.डी. साधु, ए. सोनी और एम. गर्ग, स्टार्कहैंड पॉलीविनाइल एल्कोहल फिल्म तथा इसके नैनो कंपोजिट्स का थर्मल अध्ययन; जर्नल ऑफ नैनोमेड नैनोटेक्जोल, 2016 (स्वीकृत).

सिद्धार्थ सिरोही, धीरेन्द्र सिंह, रत्याक्षी नैल, दमबरुधार परीदा, अश्विनी के अग्रवाल और मनजीत जसाल, नैनोइंकैडसुलेटेड एन ऑक्टाडीकेन, आरएससी एडवांसेस के साथ लोडेड पीवीए के इलेक्ट्रोस्पन कंपोजिट नैनोफाइबर, 2015, 5, 34377–34382.

आयोजित सम्मेलन/प्रस्तुत पत्र

ठोस रसायन और संबद्ध क्षेत्रों की भारतीय एसोसिएशन, दिल्ली पर 9वें राष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक।

यूएसएफडीए, भारत कार्यालय के सहयोग से आयोजित बेहतर प्रक्रिया नियंत्रण विद्यालय के समन्वयक।

विभागीय पॉलीमर विज्ञान सोसाइटी 'पर्ल्स' द्वारा भास्कराचार्य अनुप्रयुक्त विज्ञान कॉलेज में 25 जनवरी, 2016 को ''पॉलीमर मोडिफिकेशन, प्रोसेसिंग और विशेषता–वर्णन'' पर आयोजित एक–दिवसीय संगोष्ठी में समन्वयक।

एएफएसटी (I) दिल्ली चैप्टर के सहयोग से बीसीएएस में 2 सितम्बर, 2015 को राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के आयोजन के दौरान ''प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के विकास में पोषण का महत्व'' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया।

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्याः

शिक्षण – 46 नियमित शिक्षण–संकाय + 01 पुस्तकाध्यक्ष तदर्थ शिक्षण संकाय – 38

आबंटित और उपयोग किया गया वित्तीय आबंटन

संस्वीकृत अनुमान : 17,95,29,675.58 रुपए (योजना/योजनेत्तर)

उपयोग की गई राशि : 13,28,24,974.98 रुपए (योजना/योजनेत्तर)

स्थापन विवरणः

सफलतापूर्वक नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या : 04

विस्तार और संपर्क संबंधी कार्य

89 कार्यकर्ताओं से मिलकर बनी कॉलेज की एनएसएस इकाई का विश्वास है कि छात्रों के ज्ञान और ऊर्जा का प्रयोग समाज की सेवा के लिए किया जाना चाहिए। एनएसएस इकाई ने 24 सितम्बर, 2015 को एनएसएस दिवस मनाया जिसमें कॉलेज परिसर के भीतर एक स्वच्छता अभियान आरंभ किया गया जिसके अंतर्गत छात्र कार्यकर्ता अपने आस–पड़ोस के परिवेश को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित हुए और वे इसमें शामिल भी हुए। एनएसएस इकाई ने 31 अक्तूबर, 2015 को सरदार वल्लभभाई पटेल की 140वीं जयंती के अवसर पर 'एकता के लिए दौड़' कार्यक्रम में भी भाग लिया है। इस दिन को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है। संकाय सदस्यों तथा छात्रों से पुस्तकें, कपड़े और खिलौने एकत्र किए गए तथा उन्हें दान में दिया गया। 10 फरवरी, 2016 को, विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे पुनःचक्रित कागज का प्रयोग करते हुए वर्तमान पर्यावरणीय मुद्दों पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, अपशिष्ट से बेहतर वस्तु निर्माण प्रतियोगिता तथा दिल्ली में सम–विषम कार स्कीम पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता जिनका उद्देश्य छात्रों के मध्य जागरूकता का सृजन करना था। एनएसएस इकाई ने पर्यावरण क्लब के सहयोग से वसंत पंचमी के अवसर पर 12 फरवरी, 2016 को 'वसंतोत्सव' के रूप में सरस्वती पूजा का आयोजन किया। यह समारोह 'वैदिक हवन' के साथ आरंभ हुआ जिसके बाद अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। किया गया। कुल 78 छात्रों ने इस

शपथ के साथ वृक्ष रोपे कि वे कॉलेज में अपनी शिक्षा पूरी करने तक इस वृक्षों का संरक्षण करेंगे और साथ ही उनके आने वाले जन्म दिवसों पर भी एक वृक्ष लगाएंगे। इन पौधों को बाद में कनिष्ठ छात्रों द्वारा अपनाया जाएगा तथा सक्रिय रूप से भाग लेने वाले छात्रों की स्मृति में इनका परिरक्षण किया जाएगा। इस समारोह की समाप्ति संकल्प फाउंडेशन की अध्यक्ष डा. सीमा उपाध्याय के सुरुचिपूर्ण व्याख्यान–सह–वृत्तचित्र प्रस्तुतीकरण के साथ हुई जो 'हिमालय जैव–विविधता में वैश्विक उष्मण' विषय पर था।

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

कॉलेज ने एन–लिस्ट (विद्वत विषय–वस्तु के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना सेवा) को सब्सक्राइब किया।

भीमराव अंबेडकर कॉलेज

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

महिला–पुरुष जागरूकता समिति ने 9–10 अप्रैल, 20145 को "जेंडर बेंडर" पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कॉलेज की एनसीसी इकाई ने 5–7 अप्रैल, 2015के दौरान उत्तर प्रदेश ललितपुर जिले में बनपुर गांव में तीन–दिवसीय "ग्राम जागृति योजना" कार्यक्रम का आयोजन किया।

कॉलेज में राष्ट्रीय एकता उत्सव मनाया गया जिसके दौरान तीन समारोह आयोजित किए गए। राष्ट्रीय एकता के विषय पर 29 अक्तूबर, 2015 को अंतर्कालेज रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। सरदार वल्लभभाई पटेल की 140वीं जयंती के अवसर पर उन्हें श्रंद्धाजलि अर्पित करने के लिए 31 अक्तूबर, 2015 को 'एकता के लिए दौड़' का आयोजन किया गया। 3 नवम्बर, 2015 को 'युवा नीति भारत दृष्टिकोण 2020' का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में, कॉलेज की एनएसएस इकाई ने एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया।

हमारे कॉलेज के पूर्व–छात्र क्लब ने कॉलेज की रजत जयंती के अवसर पर 25 अगस्त, 2015 को दिल्ली श्रेष्ठ कैडेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें एसयूओ महेन्द्र सिंह ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में अनेक कॉलेजों और विद्यालयों ने भाग लिया तथा इसके मुख्य अतिथि एनसीसीडीजी ले. जनरल ए. चक्रवर्ती थे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए तथा कैडेटों को एक प्रेरणाप्रद भाषण दिया। बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर 9वां बाबा साहेब स्मारक व्याख्यान सुप्रसिद्ध प्रोफेसर डा. विवेक कुमार द्वारा दिया गया जिन्होंने भारतीय समाज पर बाबा साहेब के सामाजिक और राजनीतिक योगदानों का उल्लेख किया।

पुस्तकालय विकास

34,302 पुस्तकों के साथ कॉलेज का पुस्तकालय पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत है जिसमें छात्रों और संकाय–सदस्यों के लिए ऑनलाइन सुविधाएं सुलभ कराई गई हैं। इस वर्ष लगभग 6302 नई पुस्तकों को जोड़ा गया। पुस्तकालय लगभग 127 पत्रिकाओं को सब्सक्राइब करता है जिसमें 92 अंग्रेजी की था 35 हिंदी की पत्रिकाएं हैं। कॉलेज ने छात्र सहायता निधि (एसएएफ़) स्कीम के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को पुस्तकें उपलब्ध कराते हुए उनकी सहायता की है। इस वर्ष एसएएफ के अंतर्गत 90 पुस्तकें खरीदी गईं तथा उनका वितरण छात्रों को किया गया। इसके अलावा, पुस्तकालय अन्य महत्वपूर्ण सुविधाएं भी प्रदान कर रहा है, जैसे 100 पाठकों के लिए स्थान जबकि शिक्षकों के लिए अलग से वाचनालय की सुविधा मुहैया कराई गई है। पुस्तकालय अपने प्रत्येक पाठक को ओपीएसी (ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटालॉग) की सुविधा भी उपलब्ध कराता है, संकाय–सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों के लिए एन–लिस्ट (ई–जर्नल) सुविधा प्रदान करता है; अम्बेडकर, गांधी, नेहरू और अन्य व्यक्तित्वों पर पठन के अलग–अलग परामर्श खंडों का प्रावधान करता है; परामर्श के लिए प्रत्येक तल पर शब्दकोश मुहैया करता है; पुस्तकालय के भीतर एक डिस्प्ले बोर्ड रखता है जिसमें पुस्तक मेलों, प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं की सूचना होती है; विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों के प्रयोग के लिए वातानुकूलित केबिन की व्यवस्था करता है तथा न्यू डाटा सेक्शन, जारी न की जाने वाली पाठ्यपुस्तक सेक्शन तथा महत्वपूर्ण प्राचीन जर्नल सेक्शन आदि अनुरक्षित करता है।

प्रकाशन

डा. जी.के. अरोड़ा, 2015 : "भारत का वैश्वीकरण : राजनीतिक अर्थव्यवस्था के आयाम", द्वितीय खंड दि रीडर्स पैराडाइज, नई दिल्ली (आईएसबीएन–978–93–82100–75–0, खंड I); (आईएसबीएन–978–93–82110–76–7, खंड–II); एवं (आईएसबीएन–978–93–82110–55–5, सेट); (चौथी पुस्तक)।

संजीव कुमार, 2015 "थॉट्स स्वीट एंड सोर (भाग–I) पार्ट्रिज द्वारा (पेंग्विन रैंडम हाउस कंपनी)।

श्री कुमार सत्यम (2015), "बिहार में जनजातीय विकास : पूर्णिया जिले की विशेष संदर्भ में निर्णायक विश्लेषण एशियाई विज्ञान और मानविकी जर्नल में, खंड 06, अंक – 02, 2015. आईएसएसएनः 0976–9803 (सह–लेखक श्री रवि राज)।

डा. अतुल प्रताप सिंह (2015) 'सामाजिक कार्य प्रक्रिया : बदलता परिप्रेक्ष्य' भारत में राष्ट्रीय वृत्तिक सामाजिक कार्यकर्ता एसोसिएशन के सहयोग से प्रो. संजय भट्ट, रीडर्स पैराडाइज (एनएपीएसडब्ल्यूआई), नई दिल्ली के साथ संयुक्त रूप से आईएसबीएन–978–93–82110–43–9 (2015)।

डा. कुसुम नेहरा (2015) 'आदिकालीन एवं मध्यकालीन काव्य', (अक्षर प्रकाशनः आईएसबीएन– 978–93–85600–02–9.

डा. विष्णु मोहन दास (2015) "ग्लॉबलाइज्ड भारत में बाल श्रम : यूपीयूईए इकानामिक जर्नल में एक समीक्षा, खंड 11, 2015.

डा. नवीन कुमार (2015, अप्रैल) लेक्सिस नेक्सिस से 'क्रिमनल साइकोलॉजी' (रीड एल्सवियर का डिवीजन), आईएसबीएन–978–93–5143–423–8.

डा. सुजीत कुमार (2015) "परिवर्तन का प्रतिरोध–गीता का मार्ग" अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय प्रबंध रूपांतरण जर्नल में प्रकाशित http://www.igtbm.com

श्री क्रांतिदीप वर्मा (2015, मई) "जेपी का अन्वेषण अथवा भारत में पूर्ण क्रांति : एक विश्लेषण", पैरीपेक्स : भारतीय अनुसंधान जर्नल में।

आयोजित सम्मेलन/प्रस्तुत पत्र

11 मार्च, 2016 को "भू–स्थानिक प्रौद्योगिकियां, स्मार्ट शहर और संपोषणीय विकास" पर राष्ट्रीय सम्मेलन।

महिलाओं की अधिकारिता में सहकारिताओं की भूमिका–उपलब्धियां और चुनौतियां : भारतीय अनुभव "भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), लखनऊ, नोएडा कैंपस द्वारा आयोजित भारतीय प्रबंध अकादमी का चौथा द्विवार्षिक सम्मेलन में (11–13 दिसम्बर, 2015)।

"भारत की शहरी पर्यावणीय चुनौतियां : दिल्ली का मामला अध्ययन" लोमोनोसोव विश्वविद्यालय, मास्को, रूस में इंटरनेशनल भौगोलिक यूनियन के क्षेत्रीय भौगोलिक सम्मेलन में, 17–21 अगस्त, 2015.

27 फरवरी से 1 मार्च, 2015 तक आईएपीजी और मानव रचना विश्वविद्यालय द्वारा सकारात्मक मनोविज्ञान पर आयोजि प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन।

वाणिज्य और व्यवसाय प्रबंध विश्वविद्यालय विभाग, विनोवा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग, झारखंड द्वारा आयोजित 68वें अखिल भारतीय वाणिज्य सम्मेलन, 2015 में "सोशल नेवर्किंग साइटों पर वेब विज्ञापनों की विषय–वस्तु का विश्लेषण" (6–8 नवम्बर, 2015)।

"ग्रामीण भारत में वृद्ध लोगों के मुद्दे और चुनौतियां : उत्तर प्रदेश का मामला अध्ययन, अदिति महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा 14 फरवरी, 2015 को आयोजित "भारत में वृद्धों के मुद्दे और चिंताएं" विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन।

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्याः

स्थायी : 78

अस्थायी : 01

तदर्थ : 36

वित्तीय आबंटन और उपयोग

संस्वीकृत अनुदान : 20,39,00,000/– रुपए दिल्ली सरकार द्वारा 100 प्रतिशत वित्त–पोषित)

उपयोग की गई राशि : 19,36,51,840/– रुपए

नियोजन विवरणः

(क) सफल नियोजन पाने वाले छात्रों की संख्या : 89

(ख) परिसर में भर्ती के लिए आने कंपनियों/उद्योगों की संख्या : 05

(ग) पुनरावृत्ति करने वाले नियोजकों की संख्या : 03

विस्तार और संपर्क कार्य

आस–पास के क्षेत्रों में आयोजित किए गए शिविरों की संख्या : कॉलेज की एनएनएस इकाई ने उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के बनपुर गांव में 5–7 अप्रैल, 2015 तक तीन–दिवसीय 'ग्राम जागृति योजना' का आयोजन किया। एनएसएस की कार्यक्रम समन्वयक डा. सरला भारद्वाज ने इस शैक्षणिक भ्रमण पर 39 छात्रों के समूह का नेतृत्व किया। तीन अन्य शिक्षक डा. डी.के. पाण्डेय, डा. के.के. शर्मा और डा. शक्ति वासुदेव भी इस दौरे पर गए थे। कुप्रथाओं के विषय में ग्रामवासियों के मध्य जागरूकता का सृजन करना था।

शिविरों में नामांकित/शामिल किए गए लोगों की संख्या : 44

इन शिविरों में समर्पित किए गए घंटों की कुल संख्या : 32

विनियम कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों की संख्या

पिछले 3 वर्षों के दौरान जापानी छात्रों के साथ नियत किए गए स्नातकपूर्व विनियम कार्यक्रम

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) : एन–लिस्ट सब्सक्रिप्शन

सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) : एन–लिस्ट सब्सक्रिप्शन

कोई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

एनजीओ बैठक और दिवाली मेला : एनजीओ बैठक तथा दिवाली मेले का आयोजन 7 नवम्बर, 2015 को किया गया। इस समारोह में 23 से अधिक एनजीओ ने भाग लिया जिसमें छात्रों तथा शिक्षकों की सक्रिय प्रतिभागिता देखी गई।

विशेष आयोजन : मिस दिल्ली (सुश्री मुस्कान खूबचंदानी) द्वारा 7 सितम्बर, 2015 को छात्रों के व्यक्तित्व विकास तथा में पर प्रदर्शन के लिए उन्हें तैयार करने पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मेक–अप के सूत्रों पर एक अन्य कार्यशाला का आयोजन 17 सितम्बर, 2015 को किया गया। सोसाइटी ने बिट्स द्वारा आयोजित किए गए ऑडीशन के अनेक चक्रों में भाग लेते हुए बिट्स 2015 में अपनी प्रविष्टि सुनिश्चित की। टेक्निका वर्चस्वा, 2015 में तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया गया।

कॉलेज भूकंप विज्ञान प्रभाग निदेशक (डीएसटी) – डीयू–आईआईटी रुड़की द्वारा संयुक्त रूप से संचालित परियोजना के अंतर्गत दिल्ली में भूकंपों की रिकार्डिंग और मॉनीटरिंग के लिए दिल्ली में 20 भूकंपरोधी सुदृढ़ भूमिगत मोशन स्टेशनों में से भी एक है।

कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय का एकमात्र ऐसा कॉलेज है जिसने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के साथ सहयोग करते हुए उद्यमवृत्ति विकास के विचार के साथ अपने छात्रों को अधिकारिता प्रदान करने के लिए कार्य प्रारंभ किया है। 70 छात्रों का हमारा प्रथम बैच शीघ्र ही उद्यम प्रारंभन और उद्यम सृजन का कार्य आरंभ करने के लिए तैयार हो जाएगा।

कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज़

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

कॉलेज ने सर्तकता सप्ताह मनाए जाने के दौरान 25 अक्तूबर, 2015 को एयर इंडिया के साथ सहयोग करते हुए एक वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसका शीर्षक था – "भ्रष्टाचार का निवारण – क्या यह सरकार की जिम्मेदारी है अथवा लोगों की है।"

उत्कृष्ट सम्मान/विशिष्ट उपलब्धियां

डा. इंद्रजीत, कॉलेज के प्राचार्य को विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस) के विकास का समन्वय और पुनरीक्षण करने के लिए गठित की गई यूजीसी विशेषज्ञ समिति में नामांकित किया गया था। उन्हें समुदाय महाविद्यालय की स्कीम के अंतर्गत संस्थाओं की समीक्षा करने के लिए यूजीसी की समिति के लिए भी नामांकित किया गया था।

डा. अनु सत्याल, एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग को "भारत में फर्म–स्तरीय अभिनवता, राष्ट्रीय अभिनवता प्रणालियों का विश्लेषण करने तथा चीन के साथ तुलना करने" पर की गई शोध हेतु वर्ष 2016–18 के लिए यूजीसी शोध पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

शोध परियोजनाएं

दिल्ली विश्वविद्यालय, सीवीएस–301, अभिनवता परियोजना – कॉलेज नियोजन में अभिनवता लाना : चुनौतियां और उद्योग के साथ बदलती गतिशीलता, 2015–16, 2.5 लाख रुपए।

दिल्ली विश्वविद्यालय, सीवीएस–302, अभिनवता परियोजना – स्वर्णिम त्रिभुज में उभरते आकर्षण का मूल्यांकन (दिल्ली, आगरा, जयपुर), 2015–16, 2.5 लाख रुपए।

रिया भटनागर – बीए (बीएस) एचआरएम – 1817/2400 प्रथम स्थान

संजना वर्मा – बी. कॉम (आनर्स) – 2107/2400 प्रथम स्थान

पूर्वा चेतल – बी.ए. (आनर्स) अर्थशास्त्र – 1909/2400 प्रथम स्थान

बी.ए. (वीएस) पर्यटन के प्रथम वर्ष के छात्र अजय रावत ने दिल्ली विश्वविद्यालय खेल परिषद द्वारा 2015–16 में रामनुजन कॉलेज में आयोजित अंतर्कालेज श्रेष्ठ शारीरिक सौष्ठव टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता!

एथलेटिक्स में, बी.ए. अर्थशास्त्र (आनर्स) तृतीय वर्ष के छात्र विजय सिंह ने 400 मीटर में स्वर्ण पदक और 200 मीटर में रजत पदक (दिल्ली राज्य प्रतियोगिता) जीता।

पुस्तकालय विकास

स्टॉक में पुस्तकें – 51911

इंटरनेट सुविधा का उन्नयन : इंटरनेट इंफ्लिबनेट सुविधाओं के माध्यम से लाइब्रेरी के प्रयोक्ताओं को वाई–फाई संयोजनता, लैपटॉप संयोजनता और ई–संसाधनों तक पहुंच।

शिक्षकों को उनके अपने–अपने संबंधित क्षेत्रों में शैक्षणिक क्रियाकलापों/अनुसंधान कार्य के लिए यूजीसी/इंफ्लिबनेट/एन लिस्ट के ई–संसाधनों तक पहुंच प्रदान की जाती है।

प्रकाशन

सत्याल, अनु., (2015) 'अपराध और दण्ड : भारतीय परिदृश्य में इच्छापूर्वक व्यतिक्रम की समस्या और उसका समाधान, दि इंक्लूसिव, 1(7), इंक्लूसिव, ऑर्ग से लिया गया।

देव, अशीष तारू (2016), भारतीय अर्थव्यवस्था क्षेत्रक मुद्दे (ई–रीडर संस्करण) http://epgp.inflibhet.ac.in/team.phy?syl.id=11# से लिया गया।

श्वेता (2015) प्रतिस्पर्धी स्मार्ट फोन बाजार में प्रोत्साहन रणनीति : भारतीय और चीनी मोबाइल हैंडसेट कंपनियों का मामला अध्ययन, अंतर्राष्ट्रीय वणिज्य आईटी और प्रबंध अनुसंधान जर्नल (07), (66–69) ijrcm.org.in/ से लिया गया।

श्वेता (2015) विज्ञान में भारतीय महिलाओं की छवि को निष्कृष्ट बनाना : भारतीय टेलीविजन का मामला एडुकेटर – एफआईएमटी जर्नल, VIII (जून–दिसम्बर) (92–96)।

आशुतोष के. (2015) राजस्थान पर्यटन, अतीत और वर्तमान, ए.के. पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।

आशुतोष के. (2015) ग्रामीण पर्यटन, du.ac.in से लिया गया।

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्याः

स्थायी : 47

अस्थायी : 01

तदर्थ : 39

वित्तीय आबंटन और उपयोग

संस्वीकृत अनुदान : रुपए इक्कीस करोड़ अड़तालीस लाख

उपयोग किया गया अनुदान : रुपए सोलह करोड़ तिरेपन लाख

नियोजन विवरणः

सफल नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या : 112

परिसर में भर्ती के लिए आने कंपनियों/उद्योगों की संख्या : 25

पुनरावृत्ति करने वाले नियोजकों की संख्या : 05

भागीदारों के साथ हस्ताक्षर किए गए राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय (समझौता–ज्ञापन) की संख्या और नाम :

भारतीय/विदेशी कंपनियों/उद्योगों के साथ – 04

विस्तार और संपर्क कार्यः

आस–पड़ोस के क्षेत्रों में आयोजित किए गए शिविरों की संख्या : 01

शिविर में नामांकित/शामिल किए गए व्यक्तियों की संख्या : 23

शिविर में काम करने वाले छात्रों की संख्या : 23

इन शिविरों में समर्पित किए गए घंटों की कुल संख्या : छह घंटे

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) : 1

सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) : 23

कॉलेज ऑफ आर्ट

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

बीएफए और एमएफए में नए प्रवेश लेने वाले छात्रों कोउने माता–पिता के साथ संकाय–सदस्यों, स्टाफ और छात्रों से भेंट करने के लिए 19 जुलाई, 2015 को आयोजित 'अधिष्ठान समारोह' में भाग लेने के लिए कॉलेज बुलाया गया। वार्षिक कला प्रदर्शन में बीएफए और एमएफए के छात्रों के चुनिंदा कार्य को प्रदर्शित किया गया था जिसका उद्घाटन माननीय उप मुख्य मंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा 16 अप्रैल, 2016 को किया गया तथा यह 22 अप्रैल, 2016 तक चली। श्रीमती पुण्य सलिला श्रीवास्तव, सचिव, डीटीटीई, श्री नंद कल्याल, प्रतिष्ठित कलाकार (पेंटिंग 1961 बैच), प्रो. (श्रीमती) सुनीरा कसलीवाल (डीन, संगीत एवं ललित कला संकाय), दिल्ली विश्वविद्यालय सम्मानित अतिथिगण थे। कॉलेज ने 26 मार्च, 2016 को करनैल सिंह स्टेडियम, नई दिल्ली में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। कॉलेज ने तृतीय और चतुर्थ वर्ष के बीएफए छात्रों की छह विषय क्षेत्रों की विशेषीकृत कक्षाओं के लिए 6 मार्च, 2016 से 20 मार्च, 2016 तक वार्षिक शैक्षणिक अध्ययन दौरा, 2013–16 का आयोजन किया। कॉलेज ने एमएफए पेंटिंग के छात्रों के लिए 23–25 फरवरी, 2016 तक प्रसिद्ध पोलिश पेंटट और ग्राफिक डिजाइनर श्री रायस्जार्ड काजा के साथ तीन दिन की कार्यशाला का आयोजन भी किया। कॉलेज ऑफ आर्ट के आमंत्रण पर कनाडा की सुप्रसिद्ध पेंटर और प्रिंट मेकर सुश्री कैरोलीन रिडेल ने छात्रों के साथ एक चर्चा और स्लाइड शो सत्र में भाग लिया। कॉलेज ने दिल्ली विश्वविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक समारोह में, 15 और 16 मार्च, 2016 को यूजीसी की राष्ट्रीय संगोष्ठी ''भारतीय संगीत में प्रदर्शन प्रक्रियाओं का बदलता परिदृश्य'' में भाग लिया। छात्रों के कार्य को प्रदर्शित किया गया तथा दर्शाया गया। कॉलेज के छात्रों ने 12–19 दिसम्बर, 2015 तक चमराजेन्द्र दृश्य–कला राजकीय कॉलेज, मैसूर (सीएवीए) में 8वीं राष्ट्रीय स्तर की छात्र कार्यशाला में भाग लिया।

उत्कृष्ट सम्मान/विशिष्ट उपलब्धियां

कॉलेज के बधिर और मूक छात्रों ने कोरियाई सांस्कृतिक केन्द्र, दिल्ली में 'साइलेंट वॉइस' पर एक कला प्रदर्शनी–सह–कार्यशाला का आयोजन किया।

शिमला कला समारोह–2015 के दौरान कॉलेज के एमएफए पेंटिग छात्रों ने भी अपने कार्य को प्रदर्शित किया। कला समारोह का आयोजन 28 से 31 मई, 2015 तक जिला प्रशासन, शिमला द्वारा किया गया था।

विरेन्द्र सिंह बीएफए शिल्पकला, चतुर्थ वर्ष ने "बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" में प्रतिभागिता की तथा जानकी देवी स्मारक कॉलेज, नई दिल्ली द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले छात्र

प्रदीप बघेर, बीएफए (पेंटिग)	– अंतिम वर्ष	– 752 / 1000	प्रथम
प्राज्ञ गुप्ता, एमएफए (अनुप्रयुक्त कला)	– अंतिम वर्ष	– 815 / 1000	प्रथम
इस्मत पाल सिंह, एमएफए (अनुप्रयुक्त कला)	– अंतिम वर्ष	– 802 / 1000	प्रथम
अक्षिता अग्रवाल, एमएफए (प्रिंट मेकिंग)	– अंतिम वर्ष	– 761 / 1000	प्रथम
अराधिका सिंह, एमएफए (विजुअल कम्यु)	– अंतिम वर्ष	– 832 / 1000	प्रथम

पुस्तकालय विकास

(क) कुल बजट : 4 लाख रुपए प्रति वर्ष

(ख) शामिल की गई पुस्तकों की संख्या : 196

(ग) सब्सक्राइब किए गए जर्नल : 24

स्थायी / अस्थायी / तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्याः

स्थायी : 16

नियोजन विवरणः

(क) सफल नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या : 24

छात्रों का 2016 में कलिकार डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड चयन किया गया। 26 छात्र नवम्बर, 2015 में एनआईआईटी में शॉर्टलिस्ट किए गए।

(ख) परिसर में भर्ती के लिए आने कंपनियों / उद्योगों की संख्या : 05

अनेक विज्ञापन एजेंसियां, कला स्टूडियो, प्रकाशन गृह, एनआईआईटी, आर्ट गैलरियां नियोजन के लिए छात्रों का चयन करती है।

(ग) पुनरावृत्ति करने वाले नियोजकों की संख्या : 01 एनआईआईटी

नर्सिंग आर्मी अस्पताल कॉलेज (अनुसंधान व निर्दिष्ट)

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियांः

सेना अस्पताल (आर एंड आर) दिल्ली कैंट में स्थित है तथा यह सशस्त्र चिकित्सा सेवाओं का तृतीयक चिकित्सा, देखरेख प्रदाता और अनुसंधान केन्द्र है। कॉलेज ऑफ नर्सिंग प्रतिवर्ष 30 छात्रों की प्रवेश क्षमता के साथ बी.एस.सी. (आनर्स) नर्सिंग पाठ्यक्रम आयोजित करता है।

7 अप्रैल, 2015 को डब्ल्यूएचओ दिवस मनाया गया : आरएमएल अस्पताल के सहयोग से "खाद्य सुरक्षा – फार्म से प्लेट पर" एक अंतर्कालेज पोस्टर प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया तथा प्रश्नोत्तरी प्रतिस्पर्धा में द्वितीय स्थान और पोस्टर प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

22 अप्रैल, 2015 : कॉलेज ऑफ नर्सिंग में कॉलेज दिवस के अवसर पर "क्नैक फेस्ट" आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति उन्नी, अध्यक्ष, आर्मी वाइफ्स वेलफेयर एसोसिएशन यूनिट एएच (आर एंड आर) थीं।

उत्कृष्ट सम्मान/विशिष्ट उपलब्धियां

ले. कर्नल रजूषा राजू, सहायक प्रोफेसर, कॉलेज ऑफ नर्सिंग को 26 जनवरी, 2016 को सी–कमन्डेशन में जीओसी प्रदान किया गया।

जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी पाठ्यक्रम की तृतीय वर्ष की छात्रा पीएन सुरण्य सुरेश ने दिल्ली का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर के द्विवार्षिक सम्मेलन छात्र नर्स एसोसिएशन जेवलिन प्रतियोगिता में भाग लिया।

अनुसंधान परियोजनाएं

तृतीयक स्वास्थ्य–देखरेख अस्पताल में तृतीयक स्वास्थ्य–देखरेख कार्यकर्ताओं के मध्य नीडल स्टिक इंजुरी के विद्यमान प्रोटोकॉल के क्रियान्वयन का आकलन का वर्णनात्मक अध्ययन।

प्रधान कार्यकर्ता : ले. कर्नल डोला बनर्जी, एसोसिएट प्रोफेसर, वर्ष : 2014–2016.

वित्त–पोषण सशस्त्र बल चिकित्सा अनुसंधान समिति द्वारा संस्वीकृत राशि : 20,000/– रुपए

तृतीयक देख–रेख अस्पताल में नवजात शिशुओं के मध्य पीड़ा प्रतिक्रिया की पारपंरिक देखरेख बनाम कंगारु माता देख–रेख के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक तुलनात्मक अध्ययन।

प्रधान कार्यकर्ता : ले. कर्नल रजूषा राजू, सहायक प्रोफेसर, वर्ष : 2014–16, वित्त–पोषण सशस्त्र सेना चिकित्सा अनुसंधान समिति द्वारा।

संस्वीकृत राशि : 65,000/– रुपए

किसी तृतीयक देखरेख अस्पताल के सीसीटीवी केन्द्र में कार्डियक सर्जरी करवा रहे रोगियों में एंटीबायोटिक उपयोग की प्रभाविता का विश्लेषण करने के लिए वर्णनात्मक अध्ययन। सदस्य : पीएन प्रियंका प्रकाश, पीएन अनीता पॉल, पीएन अलम्मा थॉमस, पीएन रेवती अरविंद टी, पीएन अभिलाषा। मार्गदर्शक : ले. कर्नल अल्का थॉमस, वर्ष–2015, छात्रों द्वारा स्व–वित्तपोषित क्योंकि अध्ययन उनकी पाठ्यचर्या का भाग था।

किसी तृतीयक देखरेख अस्पताल के चयनित एक्यूट वार्डों में रोगी देखरेख सेवाओं के साथ मरीजों की संतुष्टि का आकलन करने के लिए वर्णनात्मक अध्ययन। सदस्य : पीएन रिनी जोसफ, पीएन ज्योति कृष्णन, पीएन जीजो थॉमस, पीएन दीपा मौर्या, पीएन ज्योति रानी मार्गदर्शन : ले. कर्नल रीना ओझा, वर्ष 2015, छात्रों द्वारा स्व–वित्तपोषित क्योंकि अध्ययन उनकी पाठ्यचर्या का भाग था।

चतुष्क देखरेख सेटिंग में भर्ती हुए बालकों के मध्य जटिलताओं का पता लगाने में लक्ष्य निर्देशित मॉनीटरिंग बनाम नेमी महत्वपूर्ण संकेत मॉनीटरिंग की प्रभावकारिता का आकलन करने के लिए वर्णात्मक अध्ययन।

सदस्य : पीएन स्नेहा अजी जॉन, पीएन साक्षी शर्मा, पीएन एश्ली थॉमस, पीएन प्रियंका चौहाना, पीएन अलीनाडी डिलीफ, मार्गदर्शक : ले. कर्नल राजुषा राजू,वर्ष 2015, छात्रों द्वारा स्व–वित्तपोषित क्योंकि अध्ययन उनकी पाठ्यचर्या का भाग था।

विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले छात्र

इंटर्नशिप जीएनएम परीक्षा फरवरी, 2015, डीजीएएफएमएस – पीएन प्रियंका प्रकाश एजे, पीएन साक्षी शर्मा और पीएन अनीता पॉल।

तृतीय सेमेस्टर बी. एससी (आनर्स) नर्सिंग परीक्षा – नवम्बर–दिसम्बर, 2015 डीयू – : एन/कैडेट ज्योत्स्ना।

द्वितीय सेमेस्टर बी. एससी (आनर्स) नर्सिंग परीक्षा – मई–जून, 2015 डीयू – : एन/कैडेट दिक्शीला ओए।

प्रथम सेमेस्टर बी. एससी (आनर्स) नर्सिंग परीक्षा – नवम्बर–दिसम्बर, 2015 डीयू – : एन/कैडेट पारूल।

पुस्तकालय विकास

कॉलेज ऑफ नर्सिंग में पुस्तकों की कुल संख्या – 4577

सेना अस्पताल (आरएंडआर) पुस्तकालय में पुस्तकों की कुल संख्या – 10,000

आयोजित सम्मेलन/प्रस्तुत पत्र

29 अप्रैल, 2015 को 'फ्लेबॉटनी' पर स्टाफ विकास कार्यक्रम : कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा आयोजित और वित्त–पोषित। समस्त संकाय और छात्राओं द्वारा प्रतिभागिता की गई।

08 मई, 2015 को 'नर्सें – परिवर्तन की शक्ति : देखरेख प्रभावी और किफायती' विषय पर नर्सिंग विचार–गोष्ठी 250 नर्सिंग छात्राओं और अधिकारियों ने प्रतिभागिता की।

सेना अस्पताल (आर एंड आर) द्वारा वित्त–पोषित।

09 मई, 2015 को 'परिसंकटमय औषधियों का सुरक्षित निपटान' विषय पर स्टाफ विकास कार्यक्रम : बीडी कंपनी द्वारा आयोजित। सभी संकाय–सदस्यों ने प्रतिभागिता की।

21 अगस्त, 2015 को 'अस्पताल अर्जित संक्रमण' पर पैनल चर्चा : रोग विज्ञान विभाग, एएचआरआर द्वारा आयोजित और वित्त–पोषित। छात्राओं तथा संकाय द्वारा प्रतिभागिता।

11 मार्च, 2015 को "किडनी रोग और बालक – इसके निवारण के लिए शीघ्र कदम उठाएं" पर विचार–गोष्ठी। छात्राओं ने एम्स में विश्व किडनी दिवस के उपलक्ष्य में इसमें भाग लिया।

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्याः

कुल संकाय : 23

तदर्थ संकाय : 03

वित्तीय आबंटन और उपयोग

(क) संस्वीकृत अनुदान

एसीजी अनुदान	: 41,09,067/– रुपए
टीटीआईईजी अनुदान	: 1,60,560/– रुपए
सीएसडी निधि	: 28,86,007/– रुपए
आईएचक्यू निधि	: 62,500/– रुपए

(ख) उपयोग – 100 प्रतिशत का उपयोग किया गया।

फाइल/प्रदत्त पेटेंट

राष्ट्रीय पेटेंटों की संख्या और शीर्षक – शून्य

अंतराष्ट्रीय पेटेंटों की संख्या और शीर्षक – शून्य

सहयोगी पेटेंटों–उद्योगों की संख्या और शीर्षक – शून्य

नियोजन विवरणः

(क)	सफल नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या	: सभी

15 छात्राओं ने जीएनएस पाठ्यक्रम की समाप्ति के उपरांत सेना नर्सिंग सेवा में कमीशन प्राप्त कर ली।

(ख)	परिसर में भर्ती के लिए आने कंपनियों/उद्योगों की संख्या

किसी भी कंपनी को कैंपस भर्ती के लिए आमंत्रित नहीं किया गया क्योंकि कॉलेज ऑफ नर्सिंग एएचआरआर सशस्त्र सेना का संगठन है तथा प्रशिक्षण की समाप्ति के उपरांत सभी छात्राओं को सेवा में ले लिया जाता है।

विस्तार तथा संपर्क कार्य

आस–पास के क्षेत्रों में आयोजित शिविरों की संख्या	– 06 विवरण इस प्रकार हैः

03 मई, 2015 : सशस्त्र सेना कार्मिकों तथा उनके परिवारों के मध्य स्तन कैंसर पर जागरूकता का सृजन करने तथा उसकी जल्द पहचान के विषय में बताने के लिए आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। छात्राओं ने स्तर कैंसर की स्वयं जांच के लिए एक नाटक का मंचन किया।

06 मई, 2015 : छात्राओं ने एयर फोर्स स्टेशन, पालम में 'किशोर स्वास्थ्य' पर एक नाटक का मंचन किया।

09 मई, 2015 : संकाय तथा छात्राओं ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में सलोक्य कॉलेज द्वारा कनॉट प्लेस में आयोजित 'रन फॉर हैल्थ' में भाग लिया।

अक्तूबर, 2015 : छात्राओं और संकाय ने राष्ट्रीय खेल के प्रतिभागियों के लिए एनसीसी शिविर में दस दिन तक चिकित्सकों के साथ स्वास्थ्य देखरेख सेवाएं प्रदान करने के लिए सक्रिय रूप से योगदान दिया।

04 जनवरी, 2016 : छात्राओं ने पीएचसी द्वारका सेक्टर 2 में अंडर 5 स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

20 मार्च, 2015 : छात्राओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अवसर पर 'महिला भ्रूण–हत्या' पर एक नुक्कड नाटक का मंचन किया जिसके बाद चिकित्सा शिविर भी लगाया गया।

(क)	शिविरों में नामांकित/शामिल किए गए लोगों की संख्या – 100–200 रोगी

(ख)	शिविरों में काम करने वाली छात्राओं की संख्या	– 20–50

(ग)	इन शिविरों में लगाए गए घंटों की कुल संख्या	– 6–7 घंटे

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

(क)	सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) – 90

(ख)	सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) – 09

दौलत राम कॉलेज

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

शैक्षणिक वर्ष 2015–16 में अनेक शिक्षणेत्तर और सहशिक्षण क्रियाकलाप संचालित किए गए। कॉलेज ने एक अंतर्राष्ट्रीय और दो राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन किया। 20 से अधिक प्रतिष्ठित वक्ताओं ने परिसर का दौरा किया तथा विभिन्न विषय क्षेत्रों पर अनेक शीर्षकों पर व्याख्यान दिए। कॉलेज की पुनःचक्रण इकाई को कॉलेज को शून्य–उत्सर्जन परिसर बनाने के उद्देश्य से कार्यात्मक स्वरूप प्रदान किया गया। कॉलेज ने परिसर के भीतर पौधों की 100 से अधिक किस्मों की गणना की तथा सभी 300 वृक्षों पर उनके वानस्पतिक नामों और आम नामों के साथ लेबल लगाए गए। परिसर में एक सुंदर हर्बल गार्डन भी बनाया गया है जिसने परिसर की सुंदरता में चार चांद लगाए हैं। छात्र संघ के चुनाव पेपरलेस आयोजित किए गए। कॉलेज ने विभिन्न विषय क्षेत्रों में छात्रों को लाभान्वित करने के लिए आतंरिक कौशल विकास प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम भी आरंभ किए। मनोविज्ञान विभाग द्वारा चलाया जाने वाला परामर्श केन्द्र अत्यधिक मांग में था। वरिष्ठ नागरिक दिवस और बेहतर शासन दिवस के साथ–साथ बसंत पंचमी होली, गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस भी धूमधाम से मनाए गए। स्वच्छता अभियान भी संचालित किया गया। इस प्रकार कॉलेज छात्रों के मध्य

आधुनिक शिक्षा के साथ समुचित मूल्यों का समावेश करने तथा उनके व्यक्तित्व और अंतर्वैयक्तिक कौशलों का विकास करने के लिए पर्याप्त प्रयास किए हैं।

उत्कृष्ट सम्मान/विशिष्ट उपलब्धियां

डा. सविता राय (प्राचार्य) ने 2015 में दिल्ली विश्वविद्यालय से शिक्षण उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त किया।

डा. पद्म श्री मुद्गल ने 2015 में दिल्ली विश्वविद्यालय से शिक्षण उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त किया।

डा. कामना विमल ने 2014–15 में दिल्ली संस्कृत अकादमी से समराध का सम्मान प्राप्त किया।

शोध परियोजनाएं

स्टार अभिनवता परियोजना–

परिसर संपोषणीय सूचकांक : कार्बन फुट प्रिंट तथा हैंड प्रिंट का विश्लेषण करना।

दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातकपूर्व कॉलेज छात्राओं के मध्य पॉलीसिस्टिक ओवरी संलक्षण की घटना का अन्वेषण करना।

पर्यावरणीय प्रभाव विवरण : माइक्रोबियल फ्यूल सैलों के साथ अपशिष्टों से स्वच्छ ऊर्जा।

ई–अपशिष्ट और उसके अनुप्रयोगों से पुनःचक्रित पॉलीविनाइल एल्कोहल।

जैव–आधारित मेसोपोरस सामग्री का संश्लेषण और जल शुद्धिकरण में इसका अनुप्रयोग

दिल्ली में महिलाओं, बालकों और युवाओं की स्थिति : स्वास्थ्य, शिक्षा और नियोजन पर विशेष बल के साथ एक मॉडल प्रणाली के रूप में जेब्रा फिश का प्रयोग करते हुए वर्टेब्रेट विकास और आर्गेनोजीनेसिस पर सामान्य खाद्य योगजों के प्रभाव का मूल्यांकन।

दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 10 अभिनव परियोजनाओं का वित्त–पोषण किया गया।

विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले छात्र

विश्वविद्यलय में स्थान हासिल करने वाले छात्र – बानी मल्होत्रा, एम.ए. फाइनल (मनोविज्ञान) – प्रथम स्थान।

कॉलेज के ऑलरांउड श्रेष्ठ छात्रा – इसरत जहां, बी.एस.सी.(ऑनर्स) जैव–रसायनी।

उच्चतम अंक प्राप्तकर्ता (विज्ञान) – दिव्या, बी.एससी. (आनर्स) गणित सभी तीन वर्षों में मिलाकर – 93.7 प्रतिशत।

उच्चतम अंक प्राप्तकर्ता (वाणिज्य) – गरिमा गर्ग, बी.कॉम. (आनर्स) गणित सभी तीन वर्षों में मिलाकर – 89.5 प्रतिशत।

उच्चतम अंक प्राप्तकर्ता (मानविकी) – पूनम बामेल, बी.ए. (आनर्स) अर्थशास्त्र सभी तीन वर्षों में मिलाकर – 83.9 प्रतिशत।

संपत्ति काउंटर का निर्माण किया गया।

प्रथम तल पर नए पुस्तकालय प्रवेश द्वार का निर्माण किया गया।

कम्प्यूटर सुविधाओं केसाथ शिक्षकों के लिए विशेष कमरे का निर्माण किया गया।

पुस्तकालय में 1235 नई पुस्तकें शामिल की गईं।

कुछ पुस्तकों को प्रथम तल से भूतल में स्थानांतरित किया गया क्योंकि प्रथम तल के स्टैक पूरी तरह से भर गए थे।

कुल अनुदान 15,77,600/– रुपए (आवर्ती) है।

22,500/– रुपए (यूजीसी की सहायता)

2,50,000/– रुपए (बारहवीं योजना अनुदान) जिसमें से 1,50,000/– रुपए व्यय किए गए।

सब्सक्राइब किए गए जर्नलों (राष्ट्रीय) – 40

सब्सक्राइब किए गए जर्नलों (अंतर्राष्ट्रीय) – 1

यूजीसी–इन्फ्लिबनेट, एन–लिस्ट की सदस्यता का नवीकरण किया गया। इस साइट पर एक हजार जर्नल उपलब्ध हैं।

प्रकाशनः

प्रोमिला (कॉलेज की पत्रिका) पिछले 30 वर्षों से हर वर्ष प्रकाशित की जाती है।

श्रेष्ठ (महिला विकास प्रकोष्ठ का जर्नल, डीआरसी) जो आईएसबीएन : 978–93–83745–12–8 के साथ 2015 से प्रकाशित किया जा रहा है।

रॉय, सविता, (2016) III-V सेमीकंडटरों का डेंस प्लाज्मा फोकस–बेस्ड नैनोफैब्रिकेशन : अनूठी विशेषताएं और हालिया प्रगति, जर्नल ऑफ नैनोमैटीरियल्स, खण्ड 6(4) (आईएसएसएन : 1687–4110)

अरोड़ा सुषमा, (2015) व्यवसाय विधि (प्रथम संस्करण), टैक्समैन प्रकाशन, नई दिल्ली, (आईएसबीएन : 978–93–5071–825–4).

अरोड़ा सुषमा, (2016) व्यवसाय और औद्योगिक विधि (प्रथम संस्करण), टैक्समैन प्रकाशन, नई दिल्ली, (आईएसबीएन : 978–93–5071–773–8).

खोसला, मीतू, दूसरों की भावनाओं को समझना सामाजिक विज्ञान और प्रबंधन अनुसंधान जर्नल 5(9), 69–74 (आईएसएसएन सं. 22511571).

शर्मा, कविता, (2014), महिला बास्केटबॉल के चुनिंदा एंथ्रोपोमीट्रिक मापनों तथा प्रदर्शन के बीच संबंध –कम्प्यूटिंग प्रौद्योगिकी जर्नल, खण्ड 3 (10) (आईएसएसएन सं. 2278–3814).

जैन, अंजू (2015), उष्मा तनाव तथा अनुकूलन के जैव–रसायनी प्रभाव, डीयू स्नातकपूर्व अनुसंधान और अभिनवता जर्नल, खण्ड 1 (3), 49–56.

भट्टाचार्य, मोइत्री, (2015), जाति की निर्वाचक राजनीति का अभ्युदय : पश्चिम बंगाल में मतुआज का मामला आईए एसएसआई तिमाही, भारतीय सामाजिक विज्ञान को योगदान, खण्ड 33(2–4), 126–134.

विमल, कामना (2016), वर्तमान–शिक्षक व्यवस्थायम–आचार्य शिष्य संबंध तस्य औपनिशिदिक आदर्श परिशीलमन (उत्तर प्रदेश संस्कृत अकादमी)

आयोजित सम्मेलन/प्रस्तुत पत्र

दौलत राम कॉलेज द्वारा एक एनजीओ कृषि संस्कृति के साथ सहयोग से सद्भावना भवन में 15–16 जनवरी, 2016 को ''जन स्वास्थ्य : मुद्दे, चुनौतियां, अवसर, निवारण और जागरूकता'' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन।

अंग्रेजी विभाग द्वारा 28–29 जनवरी, 2016 तक ''प्रवास और पहचान : शहरी विषय'' पर दो–दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन जिसे यूजीसी द्वारा प्रायोजित किया गया।

राजनीति विज्ञान विभाग, दौलत राम कॉलेज तथा भारतीय मास कम्युनिकेशन एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से 12 अगस्त, 2015 को ''प्रिंट मीडिया और महिलाएं पर'' राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

रसायन विज्ञान विभाग ने कॉलेज की ओर से 26–27 फरवरी, 2016 को ''हरित रसायनी और संपोषणीय विकास में अभिवन प्रवृत्तियां ''विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला–सह–संगोष्ठी का आयोजन कर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया (जैव–प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा स्टार कॉलेज के तत्वावधान में)।

मनोविज्ञान विभाग ने 22 सितम्बर से 4 नवम्बर, 2015 तक वैल्यू इंगेजमेंट प्रोग्राम पर एक प्रमाण–पत्र पाठ्यक्रम आयोजित किया।

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्याः

तदर्थ : 109

स्थायी : 71

वित्तीय आबंटन और उपयोग

संस्वीकृत अनुदान : 3–5 करोड़ रुपए लगभग

उपयोग की गई राशि : 36.5 करोड़ रुपए लगभग

नियोजन विवरणः

(क) सफल नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या : 82 (जिसमें से 69 ने नियोजन प्राप्त किया तथा 13 ने इंटर्नशिप प्राप्त की)।

(ख) परिसर में नियोजन के लिए आने कंपनियों/उद्योगों की संख्या : 2015–16 में 5 कंपनियां

(ग) पुनरावृत्ति करने वाले नियोजकों की संख्या : 04

कंपनियां (टाइम्स प्रो, जेनपफैक्ट, विप्रो और ईवाई)

भागीदारों के साथ हस्ताक्षरित राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय (समझौता ज्ञापनों) की संख्या और नाम :

(क) भारतीय/विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ

दौलत राम कॉलेज तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के प्राणिविज्ञान विभाग के बीच 2016 में समझौता–ज्ञापन (पीसीओएस पर स्टार अभिनवता परियोजना)

दौलत राम कॉलेज के जैव–रसायनी विभाग तथा इंस्टिट्यूट ऑफ इंटेग्रेटेड बायलॉजी एंड जीनोमिक्स के बीच 2015 में समझौता ज्ञापन (जैब्रा फिश परियोजना)।

दौलत राम कॉलेज के जैव–रसायनी विभाग तथा प्राणिविज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय के बीच 2015 में समझौता–ज्ञापन (स्टार अभिनवता परियोजना)।

राष्ट्रीय इम्युनोलॉजी विभाग तथा डीआरसी के बीच 2015 में विज्ञान सेतु–कार्यक्रम क्रियान्वित करने के लिए समझौता–ज्ञापन।

(ख) भारतीय/विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ

दौलत राम कॉलेज के पर्यावरण क्लब 'धारा' तथा ग्रीनोबिन के बीच 2015 में समझौता–ज्ञापन (कागज) पत्रिका और समाचार पत्रों के पुनः चक्रण पर परियोजना)।

कृषि संस्कृति तथा जैव–रसायनी और प्राणिविज्ञान विभाग, दौलतराम कॉलेज के बीच 2014 में समझौता–ज्ञापन (राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों के आयोजन के लिए)।

विस्तार तथा संपर्क कार्य

आयोजित शिविरों/शिविरों में कार्य करने वाले छात्रों की संख्या/घंटों की कुल संख्या

एनएसएस द्वारा 5 शिविर आयोजित किए गए

स्वास्थ्य जागरूकता सृजित करने के लिए 5 दिवसीय एनएसएस शिविर/90 छात्र/25 घंटे

रक्तदान शिविर (1 दिन + 1 दिन)/34 + 53 छात्र/1 + 1 दिन

3 आत्म–रक्षा शिविर/500 छात्र/45 दिन/15 दिनों के लिए 1 घंटा

एनसीसी के मानदण्डों के अनुसार एनसीसी शिविर भी आयोजित किए गए (कुल नामांकित छात्र – 130)।

अप्रैल, 2015 में 15 दिवसीय योग शिविर	– 40 छात्र
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शिविर	– 40 छात्र
राष्ट्रीय एकता शिविर (हिमाचल प्रदेश)	– 4 छात्र
राष्ट्रीय एकता शिविर (हैदराबाद)	– 8 छात्र
जुलाई में 10–दिवसीय सीएटीसी शिविर	– 50 छात्र
दिसम्बर में स्टार सीटीसी शिविर (उत्तरकाशी)	– 01 छात्र

विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों की संख्या :

स्नातकपूर्व आने वाले/जाने वाले विनिमय छात्र

मिनेसोटा, यूएसए से अमरीकी शिष्टमंडल के साथ पारस्परिक –सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम। एक वर्ष छोड़कर अगले वर्ष सेंट ओलफ कॉलेज, मिनेसोटा, यूएसए से छात्रों का एक दल दो प्रोफेसरों के साथ मनोविज्ञान विभाग का दौरा करता है। इससे उनके और हमारे छात्रों के बीच शैक्षणिक चर्चा का परिवेश बनता है तथा पारस्परिक पारिवारिक परंपराओं, सामाजिक व्यवस्था और शोध अवसरों पर परस्पर विचार–विमर्श किया जाता है।

स्नातकपूर्ण इनबांउड/आउटबांउड विनियम छात्र : लागू नहीं

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या : एक

सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या : चालीस

दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

वर्ष 2015–16 को कॉलेज के रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया गया जिसके दौरान विभिन्न शैक्षणिक और शिक्षणेत्तर अंतरा और अंतर कॉलेज क्रियाकलापों का विशेष विषयों के साथ आयोजन किया गया।

कॉलेज के शोध निक्षेपागार को और भी सुदृढ़ बनाया गया है जिसमें संकाय सदस्यों ने पीर रिव्यूड अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय जर्नलों और पत्रिकाओं में 90 लेखों का योगदान दिया। 21 पुस्तकों का प्रकाशन किया। पुस्तकों में 14 अध्याय लिखे, 20 पुस्तकों/सम्मेलनों की कार्यवाहियों का संपादन किया, 16 तथा राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/संगोष्ठियों में 16 मौखिक और 10 पोस्टर प्रस्तुतीकरण पेश किए। यूजीसी ने एक प्रमुख परियोजना तथा तीन प्रारंभिक अनुदानों का अनुमोदन किया। इसके अलावा, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा छह अभिनव परियोजनाएं भी संस्वीकृत की गई। लगभग 30 स्नातकोत्तर छात्र किसी न किसी संकाय सदस्य के मार्गदर्शन के अधीन कार्य कर रहे हैं जो समूचे भारत में पीएच.डी., एम.फिल और एम.एससी. शोध–प्रबंध के लिए नामांकित हैं। चार सदस्य स्नातकपूर्व/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यचर्या निर्माण और आधुनिकीकरण समितियों का भाग थे। बी.ए. प्रथम वर्ष के अमन सैनी बैंकांक, थाइलैंड में 2016 को आयोजित एशिया कप (जूनियर) चरण– I तीरंदाजी प्रतियोगिता (कंपाउंड–मैन) में कांस्य पदक जीतकर अपने कॉलेज का नाम रोशन किया। बी.एस.सी (आनर्स) इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रथम वर्ष के छात्रों ने एसएसपीएल, डीआरडीओ, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मार्च, 2016 में आयोजित अंतर्कालेज रोबोटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता। बी.टेक इलेक्ट्रॉनिक्स–VI सेमेस्टर

के छात्रों ने सीईएनएसई, आईआईएससी, बेंगलूर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय छात्र विचार–गोष्ठी पिंक नैनो 2016 में प्रथम पुरस्कार जीता। कॉलेज की शैक्षणिक प्रतिभा तब सामने आई, जब इस वर्ष स्नातक होने वाले 2012–15 बैच के पांच छात्रों ने विश्वविद्यालय में शीर्ष तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा अन्य सात छात्र 2014–15 के दौरान हुई वार्षिक परीक्षा में तीसरे स्थान पर थे।

उत्कृष्ट सम्मान/विशिष्ट उपलब्धियां

डा. अर्पिता शर्मा को कम्प्यूटर विज्ञान में पीएच.डी. डिग्री प्राप्त करने का सम्मान प्राप्त हुआ जो दिल्ली विश्वविद्यालय से उनके पर्यवेक्षण के अधीन प्रथम छात्र को प्रदान की गई।

डा. दीपक जैन को 2015–18 की अवधि के लिए इंटर–यूनीवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स (आईयूसीएए) पुणे में विजिटिंग एसोसिएट चुना गया है।

डा. मनोज सक्सेना आईईईई ईडीएस न्यूजलैटर (आईएसएसएन 10741879) के दक्षिण एशियाई क्षेत्र के संपादक हैं जिसका प्रकाशन इलेक्ट्रान डिवाइसेस सोसाइटी ऑफ दि इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स, इंक द्वारा किया जाता है, मुख्यालय : 3 पार्क एवेन्यू, 17वां तल, न्यूयार्क, एनवाई में है तथा यह यूएसए में मुद्रित होती है।

डा. मनोज सक्सेना ने 17–20 दिसम्बर, 2015 के दौरान जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली, भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स ऊर्जा, पर्यावरण, संचार, कम्प्यूटर, नियंत्रण (ई–3 सी–3) पर आयोजित 12वें आईईईई भारत अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, इंडिकॉन 2015 में श्रेष्ठ पत्र पुरस्कार प्राप्त किया।

(सत्र 1, पत्र आईडी : 1570186951 शीर्षक ''सिलिंड्रिकल गेट जंक्शनलैस टनल फील्ड इफेक्ट ट्रांजिस्टर का विश्लेषण (सीजी – जेएल – टीईईटी)'' अजय, राखी नारंग, मनोज सक्सेना और मृदुला गुप्ता)

डा. वर्निका भाटिया को प्लांट रिसर्च सोसाइटी तथा वनस्पति विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 5–7 फरवरी, 2016 को आयोजित पादप विज्ञान अनुसंधान : पर्यावरणीय एवं कृषि क्रांति के लिए 21वीं शताब्दी से भी परे देखना (एसपीआरईए 2016) पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में श्रेष्ठ मौखिक पत्र का पुरस्कार दिया गया (पत्र भाटिया वी; भट्टाचार्य आर, उनियाल पीएल द्वारा था तथा शीर्षक था ''क्यूटिकल प्रोटीन जीन : आरएनए हस्तक्षेप के माध्यम से सैप–सकिंग एफिड्स के नियंत्रण के लिए एक पोटेंट लक्ष्य'')।

अनुसंधान परियोजनाएं

डा. मनोज सक्सेना को ''सेंसिंग अनुप्रयोगों के लिए चैनल मैटीरियल इंजीनियर्ड रिंग एफईटी की फिजिक्स आधारित मॉडलिंग और सिमुलेशन'' विषय पर यूजीसी द्वारा वित्त–पोषित अनुसंधान परियोजना 2015 में प्रदान की गई है जिसकी संस्वीकृत राशि 17,89,00/– रुपए है।

डा. ज्योति सिंह को ''ग्रेफीन क्वांटम डॉट्स का सोल्यूशन आधारित संश्लेषण तथा फोटो लूमिनेसेंट एमीशन प्रोपर्टी का अध्ययन'' विषय पर 2015 में यूजीसी बीएसआर अनुसंधान प्रारंभिक अनुदान प्राप्त हुआ है जिसकी संस्वीकृति राशि 6,00,000/– रुपए है।

डा. कपिल बोहरा को ''न्यूक्लियोबेस – मॉडिफाइड न्यूक्लियोसाइडम की वाया डीएल्स–एल्डर प्रतिक्रिया तक फैमाइल एक्सेस'' पर यूजीसी–बीएसआर अनुसंधान प्रारंभिक अनुदान प्राप्त हुआ है जिसकी संस्वीकृत राशि 6,00,000/– रुपए है।

डा. सन्नी मनोहर को ''मेगनेटिकली एक्टिव आयोनिक लीक्विड्स : डिजाइन, संश्लेषण और यौगिक रूपांतरकों में उनका अनुप्रयोग'' पर यूजीसी–बीएसआर अनुसंधान प्रारंभिक अनुदान प्राप्त हुआ है जिसकी संस्वीकृत राशि 6,00,000/– रुपए है।

श्री पी.एल. मीणा को यूजीसी द्वारा 2015 में ''एथेनॉल सेंसिंग के लिए एक आयामी Zno नैनोस्ट्रक्चर्स का विकास'' पर लघु अनुसंधान परियोजना प्रदान की गई है जिसकी संस्वीकृत राशि 2,80,000/– रुपए है।

विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले छात्र

बीए. प्रथम वर्ष के अमन सैनी ने बैंकांक, थाइलैंड में 20–26 मार्च, 2016 तक आयोजित एशिया कप (जूनियर) चरण– I तीरंदाजी प्रतियोगिता (कंपाउंड–पुरुष) में भारतीय दल के सदस्य के रूप में कांस्य पदक जीता।

बीए (आनर्स) अंग्रेजी, द्वितीय वर्ष की अल्पना सिंह 25–28 जून, 2015 को चंडीगढ़ में आयोजित 28वीं जूनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर रहीं तथा उन्होंने 24–30 मार्च, 2016 को ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में आयोजित 33वीं सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल (पुरुष एवं महिला) चैंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल किया।

बीबीएस (2012–15) की रचिता कोचर और बी.एस.सी. (आनर्स) इलेक्ट्रॉनिक्स के संदीप कुमार 2014–15 में आयोजित विश्वविद्यालय परीक्षा में प्रथम स्थान पर रहे।

बीबीएस (2012–15) की दीपन्विता और बी.एससी. (ऑनर्स) कम्प्यूटर विज्ञान के मणि बंसल (2012–15) 2014–15 में आयोजित विश्वविद्यालय परीक्षा में द्वितीय रहे।

बी.एससी. (ऑनर्स) गणित (2012–15) की नेहा मलिक 2014–15 में आयोजित विश्वविद्यालय परीक्षा में तृतीय रहे।

पुस्तकालय विकास

(क)	कुल बजट	: 10,66,000/– रुपए
(ख)	नई शामिल की गई पुस्तकों की संख्या	: 1414

प्रकाशन

ली सियोंग–की, ली जे–बोक, सिंह ज्योति, राणा कुलदीप, आहन जोंग–ह्यूआन (2015), ''ट्रांजीशन मेटल डिकैल्कोजीनाइड वायर्स और उनकी विविध संरचनाओं का ड्राइंग–मीडिएटेड सेल्फ–एसेम्बेल्ड विकास'', एडवांस्ड मैटीरियल्स, 27(28), 4142–4149.

नायर रेम्या, झिंगन संजय, जैन दीपक (2015) ''दूरी और आयु के कॉस्मोलॉजिकल मापन के बीच निरंतरता का परीक्षण'', फिजिक्स लैटर्स बी, 745–64–68.

सोलंकी रेणु, कुंडु अदिति, दास पायल, खन्ना मोनिषा (2015)'' स्ट्रेप्टोमाइसिस स्प. से एंटीमाइक्रोबियल कंपाउंडों का विशेषता–वर्णन ''वर्ल्ड जर्नल ऑफ फार्मास्यूटिकल्स रिसर्च, 4(7) : 1626–1641.

रानी निशा, जैन दीपक, महाजन शोभित, मुखर्जी अमिताभ, निल्जा पेरिस (2015), ''ट्रांसीशन रेडशिफ्ट : पैरामीट्रिक और नॉन–पैरामीट्रिक पद्धतियों से नई बाधाएं'', जर्नल ऑफ कास्मोलॉजी एंड एस्ट्रोपार्टिकल फिजिक्स, 012, 045–1 से 045–24.

गीता, रिचा और शर्मा एमएल (2015) ''हिमाचल प्रदेश, भारत के किन्नौरा आदिवासियों द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली पारंपरिक जंगली सब्जियों का पोषण मूल्य'', अंतर्राष्ट्रीय भेषज और जैव–विज्ञान, जर्नल, 6(2) : बी 551.

भाटिया वी, मेसनाम जे, जैन ए, शर्मा के, भट्टाचार्य आर (2015) ''ट्रांसजीनिक एराबिडोप्सिस थालियाना ओवर एक्सप्रेसिंग फार्नेसिल्डी फास्फेट सिंथेज 2 में एफिड रेपेलैंट फीरोमोन ई β – फार्नेसेन सृजित होता है'' वनस्पति–विज्ञान का शास्त्र 115(4) : 581–591. डीओआई : 10. 1093/एओबी/एमसीयू 250.

मनोहर सन्नी, पवन वी. सत्या, टेलर डेल, कुमार दीपक, प्रिजा पोन्नत, वाइजनर लुबे और रावत दीवान एस. (2015), आगामी पीढ़ी के संभावित एंटीमैटीरियल एजेंटों के रूप में अत्यंत सक्रिय 4–एमिनोक्वीनोलाइन – पाइरीमिडाइन आधारिक आण्विक हाइब्रिड्स'', आरएससी एडवांसेस, 5,28171–28186.

उपमन्य मुदित और सक्सेना रत्नेश, (2015) ''किसी धुंधले पर्यावरण में बहु–उद्देशीय निश्चित आवेश समस्या का समझौतापूर्ण समाधान प्राप्त करना'', इंटरनेशनल जर्नल ऑफ प्यूर एंड एप्लाइड मैथेमैटिक्स, 98(2), 193–210.

त्रिपाठी सच्चिदानंद और रघुवंशी अखिलेश एस. (2015). संसाधन परिवर्तनीयता के प्रति कटिबंधी शुष्क वन वृक्ष प्रजातियों की प्रतिक्रिया, आईएसबीएन : 978–3–659–74807–3.

छाबड़ा, टी.एन., (2015), औद्योगिक प्रबंधन, नई दिल्ली, सन इंडिया पब्लिकेशंस, आईएसबीएन सं. 978–93–85071–06–5.

आयोजित सम्मेलन/प्रस्तुत पत्र

प्रबंध अध्ययन विभाग ने दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज में ''मंदी उपरांत अवधि में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और वित्त में उभरते मुद्दे'' पर 23–24 फरवरी, 20146 को दो–दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया, यूजीसी द्वारा प्रायोजित।

कम्प्यूटर विज्ञान विभाग ने दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज में 18–19 मार्च, 2016 ''साफ्ट कम्प्यूटिंग की ओर कदम : तकनीकें और अनुप्रयोग पर दो–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, यूजीसी द्वारा प्रायोजित।

रसायन विभाग ने फरवरी, 2015 को दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज में ''तकनीकी प्रौद्योगिकी और विज्ञान शिक्षण'' पर दो–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसे वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दकोश आयोग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा सहयोग प्रदान किया गया था।

डा. दीपक जैन ने आईआईएसईआर, मोहाली में 14–18 दिसम्बर, 2014 तक गुरुत्वाकर्षण और अंतरिक्ष विज्ञान पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीजीसी) पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक वार्ता प्रस्तुत की।

डा. अनेक गोयल ने एंशिएट ओलम्पिया में 10–17 जुलाई, 2015 को उच्चतर शिक्षा संस्थानों के शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए आयोजित 11वें अंतर्राष्ट्रीय सत्र में ''संपोषणीयता और विकास के लिए एक उपकरण के रूप में खेल'' पर पत्र प्रस्तुत किया।

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्याः

स्थायी	:	94
तदर्थ	:	27

वित्तीय आबंटन और उपयोग

संस्वीकृत अनुदान (कुल)	: 27,95,62,774 रुपए
आवर्ती	: 27,35,85,986 रुपए
अनावर्ती	: 27,05,788 रुपए
खेल	: 32,71,000 रुपए
उपयोग की गई राशि (कुल)	: 21,36,37,919 रुपए
आवर्ती	: 21, 36,37,919 रुपए
अनावर्ती	: शून्य
खेल	: शून्य

नियोजन विवरण

(क)	सफल नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या	: 70
(ख)	परिसर में नियोजन के लिए आने कंपनियों/उद्योगों की संख्या	: 04

विस्तार और संपर्क कार्य

आस–पड़ोस के क्षेत्रों में आयोजित शिविरों की संख्या	: 250
शिविरों में कार्य करने वाले छात्रों की संख्या	: 59
इन शिविरों में समर्पित किए गए घंटों की कुल संख्या	: 2832

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (एन–लिस्ट के माध्यम से 5800 ऑनलाइन + 01 पेटर बैक संस्करण)

सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (एन–लिस्ट के माध्यम से 200 ऑनलाइन + 33 पेपर बैक संस्करण) :

कोई अन्य उल्लेखनीय जानकारी

कॉलेज आगामी शैक्षणिक सत्र 2016–17 से अपना परिसर सेक्टर 3, द्वारका, नई दिल्ली 78 में स्थानांतरित कर रहा है। यह एक अत्याधुनिक बहु मंजिला भवन है जो 7.7 एकड़ के भूखण्ड पर निर्मित की गई है जिसमें हरित भवन की अनेक विशेषताएं भी शामिल हैं। इसमें वर्षा जल संचयन प्रणाली तथा जल पुनःचक्रण संयंत्र पहले ही स्थापित किया गया है। भवन की छत को सौर ऊर्जा के सृजन के लिए आशयित किया गया है। आगामी अवधि में कॉलेज जैव–अपशिष्ट निपटान के मुद्दे का हल करने के लिए अपशिष्ट उपचार संयंत्र स्थापित करने की योजना भी बना रहा है।

हाल ही में विकसित आधुनिक अवसंरचना कॉलेज में शिक्षण और अधिगम को सुकर बनाएगी। भवन की कुछ विशिष्ट विशेषताएं हैं : व्याख्यान हॉल/कक्ष, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, कम्प्यूटर केन्द्र, सभागार, संगोष्ठी कक्ष जो आधुनिक दृश्य–श्रव्य उपकरणों तथा किसी उच्चतर शिक्षा संस्था के लिए अपेक्षित अन्य उपकरणों से सज्जित है। खेल सुविधाओं में शामिल हैं – इंडोर स्क्वैश कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, टेबल–टेनिस, कैरम बोर्ड, जिमनेजियम की सुविधाएं तथा तीरंदाजी रेंज।

इस भवन में अद्यतन सुविधाओं के साथ अन्य समस्त आधारभूत प्रसुविधाएं विद्यमान हैं जिसमें पार्किंग, कॉमन रूम (छात्रों और छात्राओं के लिए अलग–अलग) चिकित्सा कक्ष तथा अतिथि गृह शामिल हैं। कॉलेज छात्रों के लिए (पुरुष एवं महिला) छात्रावास सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगा जिसमें कैफीटेरिया के अलावा अलग मैस भी होगी।

दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

कॉलेज ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, राष्ट्रय एकता दिवस, संविधान दिवस और राष्ट्रीय युवा दिवस आयोजित किए। स्वच्छ भारत अभियान भी पूरे उत्साह से मनाया गया जिसे दौरान कॉलेज में एक स्वच्छता अभियान चलाया गया। कॉलेज को दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा एक अभिनवता परियोजना भी प्रदान की गई है। डा. नसीम अंसारी (अर्थशास्त्र) को अर्थशास्त्र विभाग, अलीगढ़ विश्वविद्यालय द्वारा पीएच.डी. प्रदान की गई।

श्री बीरसिंह, सुश्री मीरा मल्हान (अर्थशास्त्र), श्री अमित कुमार यादव (अंग्रेजी) और लाखन मीना (इतिहास) अपनी पी.एचडी. डा. वी.बी. सिंह (कम्प्यूटर विज्ञान) के पर्यवेक्षण में कर रहे हैं। एक छात्र को कम्प्यूटर विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय से पी.एचडी. प्रदान की गई। वे उसी विश्वविद्यालय के तीन अन्य पी.एचडी. छात्रों का पर्यवेक्षण भी कर रहे हैं। डा. राजीव गोयल (वाणिज्य), डा. शालिनी सक्सेना और डा. दीप्ति तनेजा (अर्थशास्त्र), डा. द्विवेदी आनंद प्रकाश शर्मा (हिन्दी) तथा डा. अनुराधा गुप्ता (गणित) भी देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के पी.एचडी. छात्रों का पर्यवेक्षण कर रहे हैं।

उत्कृष्ट सम्मान और विशिष्ट उपलब्धियां

डा. नीरू कपूर, एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग को उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए बिलीव इंडिया तथा बेटी एवं शिक्षा फांउडेशन द्वारा 12 मार्च, 2016 को गांधी दर्शन, राजघाट मे ंआयोजित एक समारोह में ''स्त्री उद्यमी पुरस्कार 2016'' से सम्मानित किया गया।

अनुसंधान परियोजनाएं:

हाशिए पर रह रही शहरी महिलाओं की सामाजिक–आर्थिक अधिकारिता के लिए कौशल विकास, 3,50,000/– रुपए, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा वित्त पोषित।

यूजीसी एमएचआरडी ने 2014–16 के लिए अंग्रेजी विभाग की डा. अनीता भेला को 6 लाख रुपए की राशि के साथ एम.ए. अंग्रेजी (साहित्य आलोचना) के लिए एमएचआरडी–यूजीसी की ई–पाठशाला परियोजना हेतु सामग्री तैयार करने के प्रयोजनार्थ एक परियोजना संस्वीकृत की।

विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले छात्र

पद्म कोरोल, बी.ए. (ऑनर्स), अंग्रेजी, प्रथम वर्ष ने चाइनीज ताइपे में आयोजित आईआईएचएफ–आइस हॉकी चैलेंज कप, एशिया में देश का नेतृत्व किया।

रोहन राठी, बी. कॉम (प्रोग्राम) प्रथम वर्ष तथा विक्रांत बी.ए. (प्रोग्राम) प्रथम वर्ष ने चण्डीगढ़, पंजाब में आयोजित अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यलय तैराकी प्रतियोगिता 2015–16 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

पुस्तकालय विकास

कुल बजट : 6,35,896/– रुपए

शामिल की गई पुस्तकों और जर्नलों की संख्या : 1137

इंटरनेट सुविधा उन्नयन : डीयूएलएस के माध्यम से एन–लिस्ट प्रोग्राम, इलेक्ट्रॉनिक बुक्स और जर्नलों का सब्सक्रिप्शन।

प्रकाशन

संपादित/लिखी पुस्तकें/संपादित पुस्तकों और जर्नलों में अध्याय

कपूर, नीरू (2016), विज्ञापन और ब्रैंड प्रबंधन, नई दिल्ली, भारत : पिनेकल लर्निंग

बनर्जी स्मिता, एन. एलावादी और एम. मल्हान (2015) तवाइफ और ट्रेवलिंग वायस्कोप, नई दिल्ली, दिल्ली : एपल बुक्स।

बसरा, अमृत (2015), पंजाब में सांप्रदायिक दंगा, 1923–28, नई दिल्ली, भारत श्री कला प्रकाशन।

बसरा, अमृत (2015), प्रेस और पॉलिटिक्स इन दि पंजाब, 1860–19205, नई दिल्ली, भारत श्री कला प्रकाशन।

यादव, नीलम (2016), दि लॉस्ट आइडेंटिटी : अर्बन विलेजेज़ इन इंडिया, उच्चतर शिक्षा के आयाम, दिल्ली : न्यू दिल्ली पब्लीशर्स।

पाठक, ज्योत्सना (2016), 3 ईडियडट्स : फैंटाइजिंग हायर एजुकेशन, उच्च शिक्षा के आयाम, दिल्ली न्यू दिल्ली पब्लीशर्स।

सिंह वी.बी. (2015), कोड परिवर्तन की जटिलता का प्रयोग करते हुए बग प्रीडिक्शन मॉडलिंग, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ सिस्टम एशुरेंस इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, 6(1), 44–60.

सक्सेना, शालिनी और आर. शर्मा (2015) उच्चतर शिक्षा की पहुंच में बाधाओं को समाप्त करना : दिल्ली विश्वविद्यालय में निःशक्त छात्रों का मामला अध्ययन ''दिल्ली विश्वविद्यालय स्नातकपूर्व अनुसंधान और अभिनवता जर्नल, खंड–1, अंक 1

316–337 <http://gournals.du.ac.in/ugresearch/pdf/shalini%2Osakseno%zozo.pdf>

तनेजा दीप्ति, (2015), भारत में कौशल विकास को समझने के मोज़ेक, विशेष अंक (दिसम्बर), 174–186

चिचुआन, कृष्णा (2015), उदारवादी/प्रतिनिधित्व लोकतंत्र की व्याख्या, एनएएम टुडे, खंड XXXXIX, सं. 7, 15–19.

आयोजित सम्मेलन/संगोष्ठियों में प्रतिभागिता/सम्मेलन/प्रस्तुत पत्रः

'हिन्दी साहित्य में हाशिए का विमर्श : चुनौतियां एवं संभावनाएं, 15–16 मार्च, 2016, यूजीसी

प्रकृति के व्यापक महत्व पर समकालीन सिद्धांत अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मंच, 20–23 दिसम्बर, 2015, स्व–वित्त पोषित पत्र का शीर्षकः'' प्रकृति का निर्माण : रित्विक घटक की पार्टीशन ट्रायलॉजी में इमोशनों का लैंडस्केप''।

संपोषणीय भविष्य – 2016 पर अंतर्राष्ट्रीय विचार–गोष्ठी, 2016 (आईएसएसएफ–2016), 5–7 फरवरी, 2016, स्व–वित्तपोषित पत्र का शीर्षक :'' आर्थिक सुधारों के दो दशक उपरांत भारतीय राज्यों में आर्थिक विकास और मानव विकास।''

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्याः 59 (स्थायी)/32 (तदर्थ)

वित्तीय आबंटन और उपयोग

संस्वीकृत अनुदान : 20,87,00,000/– रुपए

उपयोग की गई राशि : 17,73,00,000/– रुपए (अनंतिम)

नियोजन विवरण

(क) सफल नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या : 130 + (इंटर्नशिप सहित)

(ख) कैंपस भर्ती के लिए आने कंपनियों/उद्योगों की संख्या : 94 +

(ग) पुनरावृत्ति करने वाले नियोजकों की संख्या : 10

भागीदारों के साथ हस्ताक्षर किए गए राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय (समझौता ज्ञापनों) की संख्या और नाम :

कॉलेज ने कॉलेज छात्रों के लिए कौशल आधारित पाठ्यक्रम संचालित करने के प्रयोजनार्थ दिल्ली विश्वविद्यालय के माध्यम से एनएसडीसी (राष्ट्रीय कौशल विकास निगम) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

विस्तार और संपर्क कार्य

डीसीएसी की एनएसएस इकाई ने ब्लड कनेक्ट के साथ सहयोगी अपनी परंपरा को जारी रखा तथा 6 अगस्त, 2015 और 3 फरवरी, 2016 को दो रक्तदान शिविरों का आयोजन किया। दोनों ही अभियान अत्यंत सफल रहे; ब्लड कनेक्ट अधिक उत्साही कार्यकर्ताओं को प्राप्त करने में सफल रहा तथा उसने अपने रक्तदान आधार को अधिक व्यापक बनाया। कॉलेज की परियोजना तानजील के कार्यकर्ताओं ने तान–जील में भाग लिया जिसका उद्देश्य निर्धन बालकों में चहुंमुखी विकास करना है, जो सप्ताह में पांच दिन, दिन में 2.30 से 4.30 बजे तक केन्द्र में आते हैं। इन बच्चों को न केवल गणित, अंग्रेजी और हिन्दी के विषय पढ़ाए जाते हैं, बल्कि उनकी नैतिक शिक्षा और व्यक्तित्व विकास पर भी पर्याप्त ध्यान दिया जाता है। तान जील

परियोजना के तहत निरंतर भ्रमण के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिनमें बच्चों को दिल्ली के नए–नए स्थानों को देखने के लिए ले जाया जाता है। इस वर्ष, बच्चों को नेहरू तारामंडल ले जाया गया। इकाई ने अत्यंत सफल वस्त्र वितरण अभियान भी संचालित किया जिसका नाम था ''स्प्रैड दि वार्म्थ'' अभियान जिसके तहत कॉलेज के छात्रों को उनके पुराने वस्त्रों को दान करने के लिए प्रेरित किया गया था, जिन्हें उन बच्चों और उनके परिवारों में बांट दिया गया। स्वच्छ एवं हरित परियोजना ने समूचे वर्ष भर कॉलेज परिसर में तथा उसके आस–पास अनेक स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान संचालित किए। डीसीएसी की पर्यावरण सोसाइटी – प्रकृति ने कॉलेज में तथा उसके आस–पास अनेक वृक्षारोपण–सह–जागरूकता अभियानों का संचालन किया। इसने समुचित ई–अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एक अभियान और जागरूकता रैली का आयोजन भी किया जिसका उद्देश्य समुचित ई–अपशिष्ट प्रबंधन था तथा लगभग 20 किग्रा ई–अपशिष्ट संग्रहित करके इस अभियान में सहयोगी चिंतन को दिया गया। कार्यकर्ताओं ने दिवाली के अवसर पर ''पटाखों को ना कहें'' अभियान भी संचालित किया। इसी प्रकार, होली के त्योहार के उपलक्ष्य में एक जागरूकता अभियान संचालित किया गया। छात्रों को पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से, जनवरी माह में छात्रों ने कॉलेज की चारदीवारी को पेंट किया। डीसीएसी एकक के एनसीसी कैडेटों ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित सम–विषम परिवहन अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। कॉलेज की सहायता प्रदान करने वाली इकाई 'समान अवसर प्रकोष्ठ' ने विभिन्न जागरूकता अभियानों और परिचय कार्यक्रमों का आयोजन किया।

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

अंतर्राष्ट्रीय जर्नल : 2 (पेपर बैक संस्करण) तथा डीयूएलएस और एन–लिस्ट प्रोग्रामों के माध्यम से ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय जर्नल प्रदान किया गया है।

राष्ट्रीय जर्नल : 15 (पेपर बैक संस्करण) तथा ऑनलाइन जर्नल डीयूएलएस और एन–लिस्ट के माध्यम से प्रदान एक्सेस किए जाते हैं।

दिल्ली भेषज विज्ञान और अनुसंधान संस्थान

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

प्रो. एस.एस. अग्रवाल, डा. एस.के. गुप्ता, डा. एस.आर. वकोडे,डा. मीनाक्षी के. चौहान तथा डा. रजनी माथुर को विभिन्न स्कीमों जैसे ''युवा वैज्ञानिकों के लिए फास्ट ट्रैक स्कीम'', ''सेवानिवृत्त वैज्ञानिकों की वैज्ञानिक विशेषज्ञता का उपयोग स्कीम'' के अंतर्गत अनुसंधान के लिए कुल 1,87,38,400 रुपए संस्वीकृत किए गए। कॉलेज द्वारा 2015 में विभिन्न समारोहों का आयोजन किया गया जैसे, भेषज दिवस, गुरुपर्व, खेल दिवस, फ्रेशर्स दिवस, शिक्षक दिवस और स्वतंत्रता दिवस।

शोध परियोजनाएं

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) ने यूकेरी परियोजना, 2015–17 प्रायोजित की, डायबेटिक रेटीनोग्राफी के निवारण और उपचार के लिए हर्बल औषधि का विकास तथा प्रयोगात्मक मूषक मॉडल में उनके क्रियात्मक तंत्र की व्याख्या करना, 18,24,000/– रुपए।

डीएसटी, भारत सरकार ने 'सेवानिवृत्त वैज्ञानिकों की वैज्ञानिक विशेषज्ञता का उपयोग (यूजर्स) स्कीम के अंतर्गत नैदानिक ऑक्यूलर फार्माकोलॉजी एवं थेराप्यूटिक्स प्रायोजित की, 9,66,00/– रुपए

डीएसटी ने युवा वैज्ञानिकों के लिए फास्ट ट्रैक्ट स्कीम, 2015–2018 के अंतर्गत अभिनव फॉस्फोडाइस्ट्रेज–4 (पीडीई–4) प्रतिषेधकों का डिजाइन, संश्लेषण और जैविक मूल्यांकन प्रायोजित किया, 25 लाख रुपए।

डीएसटी ने युवा के लिए फास्ट ट्रैक्ट एवं इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी), 2015–2018 के अंतर्गत, एल्जाइमर्स रोग, पार्किन्सन रोग और डेमेंशिया के उपचार के लिए रिवास्टिगमाइन लोडेड नैनोस्ट्रक्चर्ड लिपिड कैरियर (एनएलसी) एकीकृत स्कैफोल्ड्स ट्रांसडर्मल पैच प्रणाली को प्रायोजित किया, 19.38 लाख रुपए।

डीबीटी ने फ्रुक्टोज उत्प्रेरित बालकपन – अधिक भार/मोटापा के रोडेंट मॉडल में आंतों के फ्रुक्टोज संवहन (जीएलयूटी 2 एवं जीयूएलटी 5 ट्रांसपोर्टर्स) का अध्ययन करने और उसमें औषधीय पादपों की परिरक्षण क्षमता के अन्वेषण को प्रायोजित किया, 19,38,000/– रुपए।

विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले छात्र

खुश्बू, बी–फार्म	प्रथम वर्ष
आरजू ठाकुर, बी–फार्म	द्वितीय वर्ष
नेहा त्यागी, बी–फार्म	तृतीय वर्ष

कनिका जैन, बी–फार्म चौथा वर्ष

शिप्रा मलिक, बी–फार्म प्रथम वर्ष

पुस्तकालय विकास

पुस्तकालय में समूचे भारत की सर्वाधिक समृद्ध भेषजिक पुस्तकों का संग्रहण है जहां 17,000 से अधिक पुस्तकें हैं जिनमें भेषजिक विज्ञान की समस्त शाखाओं को शामिल किया गया है जैसे औषध–निर्माण विज्ञान, भेषजिक रसायनी, भेषज–विज्ञान, भेषज–निर्माण जैव–प्रौद्योगिकी, फार्माकोग्नोसी, भेषज–निर्माण प्रौद्योगिकी तथा साथ ही इसमें आधारभूत विज्ञान जैसे मेडिसिन, पैथोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री और माइक्रोबायलॉजी जैसे आधारभूत विज्ञान की पुस्तकों का भी संग्रहण विद्यमान है। वर्ष 2015–16 के दौरान, पुस्तकालय ने 334 नई पुस्तकें शामिल की। इसने 8 अंतर्राष्ट्रीय और 17 राष्ट्रीय जर्नलों को भी सब्सक्राइब किया।

प्रकाशन

अर्चना शर्मा, विपिन कुमार, सुनील कुमार, धर्म सिंह पाठक, 2016, संभावित एंटीमाइक्रोबियल और एंथेल माइनिटिक एजेंटों के रूप में कुछ इमिडेजोल बीयरिंग हाइड्राजोंस का जैविकीय मूल्यांकन और विशेषता वर्णन बुलेटिन ऑफ फार्मास्यूटिकल रिसर्च, 2016, आईएफ. 3. 974

अर्चना शर्मा, विपिन कुमार, सुनील कुमार, धर्मपाल पाठक, 2016. संभावित एंटीमाइक्रोबियल और एंथेलमाइनिटिक एजेंटों के रूप में कुछ इमिडेजोल बीयरिंग थियाजोलिडीन–4–वंस का जैविकीय मूल्यांकन और विशेषता–वर्णन करंट कैमिकल बायलॉजी, 9(2), 113–122, आईएफ 0.67.

सतीश मनचंदा, पी.के. साहू, दीपक के. मजूमदार, 2016. ''थोक औषध में एर्सेटा जोलामाइड के अनुमान के लिए आरपी ''एचपीएलसी पद्धति का विकास और विधिमान्यता तथा फोर्स्ड अपक्षयी अध्ययनों के साथ सूत्रीकरण'' डेर फार्मेसिया लैटरे, 8 (1); 338–347.

मीनाक्षी के. चौहान और निधि भट्ट, 2015 ''एचपीएलसी का प्रयोग करते हुए वेंकोमाइसिन के विकास की साधारण और आशोधित पद्धति'', जे क्रोम. सेप. टेक, खंड 6, सं. 7.

महासेठ आर, कुमार आर, शगुन, सेहगल आर, राजोरा पी, माथुर आर, 2015, आइसोलेटेड टिशू प्रीपेंशंस का प्रयोग करते हुए मैस्कैरिनिक सीरोटोनेर्जिक और एड्रेनर्जिक रिसेप्टर प्रणालियों के साथ सीडियम गुआजावा लिन. (माइर्टेसिया) के एक्वसलीफ एक्सट्रेक्ट का इंट्रेक्शन : एक फार्मा कोडिनेमिक अध्ययन, भारतीय जे फार्मा–विज्ञान; 77 (4) : 493–99.

अग्रवाल एच, कौर एच, सकलानी आर, सबा एन, चौधरी एस, डोगरा एस, श्रीवास्तव एस, माथुर आर, गुप्ता एस.के., 2015. भारत के महानगर दिल्ली में मोटापे तथा उससे संबद्ध हाइपरटेंशन और मधुमेह की विद्यमानता इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल स्पेसिएलिस्ट्स, 6 : 82–7.

कोमल शर्मा और अमृता पार्ले 2015, डायबिटीज मेलीटस को सर्वाधिक प्रभावी और सुरक्षित जवाब : एलोग्लीप्टिन बेंजोएट, अमेरिक जर्नल ऑफ फार्मा टेक रिसर्च; 5(4); 60–80

इश्प्रीत कौर, शरद वकोडे, हरशरण पाल सिंह, सतीश मनचंदा, 2016. ''स्थायित्व का विकास और विधिमान्यता – थोक तथा भेषजिक खुराक रूप में कैनेग्लीलोजीन के निर्धारण के लिए रिवर्स फेज़ एचपीएलसी–पीडीए पद्धति प्रदर्शित करना. फार्मा मैथड्स; 7(1):1–9.

मीनाक्षी के चौहान, पी.के. साहू, आर.एस. रावत, ए.सिंह, ए. बमराडा, डी. शर्मा, 2015. ''बिलाजोसोम्स : ओरल इमुनाइजेशन में चुनौतियों का सामना करने के लिए अभिनव दृष्टिकोण'', रीसेंट पैट ड्रग डेलिव फार्मुला, [मुद्रण से पूर्व ई–प्रकाशन]

आयोजित सम्मेलन/प्रस्तुत पत्र

''चौथा अंतर्राष्ट्रीय फार्मा को इकानामिक्स एंड आउटकम रिसर्च सम्मेलन, 31 अक्तूबर, 2015 डीएसटी, डीबीटी और आईसीएमआर द्वारा वित्त–पोषित।

अंतर्राष्ट्रीय अनुकूलन चिकित्सा सोसाइटी के साथ सहयोग करते हुए ''हृदय स्वास्थ्य और अनुसंधान में हालिया प्रगति'' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 22 अप्रैल, 2016 डीपीएसआरयू द्वारा आयोजित।

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्याः

स्थायी : 11

अस्थायी : 05

वित्तीय आबंटन और उपयोग

संस्वीकृत अनुदान : 8,49,00,000/– रुपए

उपयोग की गई राशि : 6,96,47,268/– रुपए

नियोजन विवरणः

(क)	सफल नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या	: 31
(ख)	परिसर में भर्ती के लिए आने कंपनियों/उद्योगों की संख्या	: 16
(ग)	पुनरावृत्ति करने वाले नियोजकों की संख्या	: 08

भागीदारों के साथ हस्ताक्षरित राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय (समझौता ज्ञापनों) की संख्या और नाम

भारतीय/विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ : यूकेरी परियोजना : एक – अरविंद मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन के बीच अनुसंधान सहयोग

माधुरी और डिप्सार (दिल्ली विश्वविद्यालय) के बीच एआरपीई–19 सैल लाइन के लिए।

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) : 08

सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) : 17

देशबंधु कॉलेज

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

कॉलेज के उत्कृष्ट संकाय–सदस्यों तथा छात्रों ने अपनी विशिष्ट शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्राप्त सम्मानों के फलस्वरूप राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संस्था का नाम रोशन करने में सहायता प्रदान की है। कॉलेज की टीमों ने विशेष रूप से क्रीड़ा और खेलकूद क्रियाकलापों में तीरंदाजी और बालावॉल में राष्ट्रीय/विश्वविद्यालय स्तर के खिताबों पर वर्चस्व बनाए रखा है; उनमें से कुछ ने राष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में भी शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। विज्ञान और मानविकी के क्षेत्र में हमारे शिक्षकों ने प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किए हैं। विभिन्न विभागों ने उल्लेखनीय रुचि के सम्मेलनों/संगोष्ठियों/वार्ताओं का आयोजन किया है जिनमें समूचे देश से (प्रो. डी.एन. राव, आई.आई.एस.सी. बेंगलूर आदि) तथा विदेश से (प्रो. यासुओ कमाता, जापान, डा. विवेक कुमार, आईआरआरआई फिलीपींस, आदि) शिक्षाविदों और प्रसिद्ध हस्तियों को आमंत्रित किया गया है तथा साथ ही विभिन्न परियोजनाओं और कार्यक्रमों का संचालन भी किया है। हमें यह बताते हुए हर्ष है कि आगामी शैक्षणिक सत्र से, हम दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्ताव किए गए अनुसार ''एड ऑन'' पाठ्यक्रम भी संचालित करने वाले हैं तथा हमने अपनी रिपोर्ट एनएएसी प्रत्यायन के लिए प्रस्तुत कर दी है।

उल्लेखनीय सम्मान और विशिष्ट उपलब्धियां

कृष्णन उन्नी पी., अंग्रेजी विभाग ने मलयालम में फिक्शन शीर्षक ''केरलम : ओरू डॉकुमेंटा'' के लिए करूर नीलकांडा पिल्लई स्मारक पुरस्कार प्राप्त किया (उन्होंने यह पुरस्कार कोट्टयम, केरल में 28 जनवरी, 2016 को प्राप्त किया)।

डा. आरती बरुआ, दर्शन विभाग ने 29 अगस्त, 2015 को आईआईएफएस (भारत अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सोसाइटी) द्वारा भारत ज्योति पुरस्कार प्राप्त किया। यह पुरस्कार डा. बरुआ को उने असाधारण योगदान और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। यह पुरस्कार प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योगपतियों और खिलाड़ियों को क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट प्रयासों के लिए प्रदान किया जाता है।

डा. आरती बरुआ को 2015 में भारत के श्रेष्ठ नागरिक का पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्हें अंतर्राष्ट्रीय पब्लिशिंग हाउस (2015) द्वारा क्रियाकलाप के उनके चुने हुए क्षेत्र में असाधारण क्षमता और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ''भारत के श्रेष्ठ नागरिक'' से सम्मानित किया गया।

डा. जी.सी. पंत को अगस्त, 2015 में दिल्ली संस्कृत अकादमी द्वारा संस्कृत संवर्धक पुरस्कार प्रदान किया गया।

डा. इंद्रकांत के. सिंह को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारत सरकार द्वारा यूनिवर्सिटी ऑफ केंटकी यूएसए में 2016–17 को अनुसंधान कार्य करने के लिए रामन पोस्ट डाक्टोरल फेलोशिप प्रदान की गई।

अनुसंधान परियोजनाएं

डा. इन्द्रकांत के. सिंह. डीएसटी की एक परियोजना क्रियान्वित कर रहे हैं, शीर्षक मक्का (जीमेस) में सोडोप्टेरा लितूरा के विरुद्ध प्रतिरक्षा में शामिल जीनों की पहचान और विशेषता वर्णन, प्रारंभ न तारीख : नवम्बर, 2013 अवधि तीन वर्ष, अधिकतम पांच वर्ष। वित्त पोषण एजेंसी : विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार।

डा. प्रतिभा कुमार डीएसटी – एसईआरबी. प्रारंभिक अनुसंधान परियोजना पर कार्य कर रही हैं, शीर्षक ''नोवल कैलिक्सारेनेज़ फंक्शनेलाइज्ड मेग्नेटिक नैनो मैटीरियल्स का संश्लेषण तथा अपशिष्ट जल शोधन में उनका संभावित अनुप्रयोग : बड़ी समस्या का छोटा समाधान।'' (2016–19).

डा. रंजना सेठ अंतर्राष्ट्रीय आण्विक ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) द्वारा प्रायोजित परियोजना (आईएईए अनुसंधान संविदा संख्या 15852/आरबी) का संचालन कर रही है। शीर्षक, ''संक्रमणकारी कृषि सामग्री को संक्रमण प्रदान करने वाली मीलीबग के फोटो से निटरी उपचार के लिए जेनेरिक इरैडिएशन खुराकों का विकास'', आईएईए सीआरपी डी 62008 के अंतर्गत, संगरोध उपचार के लिए जेनेरिक इरैडिएशन खुराकों का विकास,'' 2015–16 के लिए विस्तारित (अंतिम चरण)।

अभिनवता शोध परियोजना बीसी 302 : दिल्ली के जलाशयों को बचाने के लिए धार्मिक क्रियाकलापों से उत्पन्न होने वाली यौगिक सामग्री का पुनःचक्रण।

डीबीसी 303 : कैटेलाइटिक और बायोमेडिकल अनुप्रयोगों के लिए सिल्वर चाल्को जीनाइड नैनोपार्टिकल्स।

विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले छात्र

फेंसिंग खेल में आतिश पराशर ने हरियाणा, राज्य फेंसिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता तथा राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए टीम में अपना स्थान पक्का किया। उनका चयन भारतीय शिविर के लिए भी किया गया तथा उनहोंने दिल्ली विश्वविद्यालय की फेंसिंग टीम और अखिल भारतीय अंतरविश्वविद्यालय फेंसिंग चैंपियनशिप के लिए भी अपना स्थान पक्का किया।

अक्षय कुमार ने 54वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीता तथा विभिन्न अन्य स्तरों पर अनेक अन्य पदक जीते।

कॉलेज की तीरंदाजी टीम ने अंतरकालेज चैंपियनशिप का खिताब जीता तथा दिल्ली राज्य तीरंदाजी चैंपियनशिप का खिताब भी बरकरार रखा।

कॉलेज की वालीबॉल टीम ने अंतरकालेज बालीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया।

पुस्तकालय विकास

इस वर्ष पुस्तकालय ने अपने संग्रह में 2757 पुस्तकों की और वृद्धि की तथा पुस्तकालय की कुल पुस्तकों की संख्या 1,08,350 हो गई। पुस्तकालय ने 37 जर्नलों/पत्रिकाओं तथा 15 दैनिक समाचार पत्रों को भी सब्सक्राइब किया। एन–लिस्ट कार्यक्रम : ई–जर्नलों और ई–पुस्तकों को एक्सेस करने के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना सेवा, ई–जर्नलों और ई–पुस्तकों की एक्सेस के लिए यूजीसी इंफोनेट, पुस्तकों के यूनियन कैटेलॉग तथा जर्नलों के यूनियन कैटेलॉग को एक्सेस करने के लिए डेल–नेट।

प्रकाशन : अंतर्राष्ट्रीय

सिंह, ए., भारती सिंह, नाथ ओ. और सिंह आई के.* (2015) ने सेरिया मेनिनजिटाइडिस के हाइपोथेटिकल प्रोटीनों का कार्यात्मक एनोनेशन और वर्गीकरण एच 44/76 अमेरिकन जर्नल ऑफ बायोसाइंस एंड बायो इंजीनियरिंग 3(5): 57–64 डीओआईः 10.11648/जे. बायो. 20150305.16 *कॉरेसपोंडिग ऑथर.

सिंह, ए. सिंह, एस. एवं सिंह आईके (2016) कीट पादप संपर्क के दौरान जसमोनेट के आण्विक तंत्र में हालिया इनसाइट, आस्ट्रेलियन प्लांट पैथोलॉजी 45:123–133 (डीओआई 10.8007/एस 13313–015–0392–1).*कॉरेसपोंडिग ऑथर.

17–18 अक्तूबर, 2015 को कॉलेज की छात्राओं ने एमटीएनएल स्वास्थ्य मेले में भाग लिया तथा एमएएमसी, दिल्ली में चिकित्सा के सभी छात्रों के लिए मेडिको–मस्ती का आयोजन किया गया था। छात्राओं ने वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

कॉलेज ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए अनेक त्योहार जैसे दिवाली, क्रिसमस आदि मनाए।

स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाए गए।

1 दिसम्बर, 2015 को, छात्राओं ने एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता का प्रचार–प्रसार करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया।

होली फैमली अस्पताल में वार्षिक मेला 29 जनवरी, 2016 को आयोजित किया गया।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के समारोह में कॉलेज की छात्राओं ने सेना अस्पताल द्वारा आयोजित पोस्टर अैर नाटक प्रतियोगिता (7 अप्रैल) तथा आरएमएल अस्पताल द्वारा आयोजित फ्यूजन डांस, क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। अस्पताल तथा शहरी मलिन बस्तियों में विभिन्न क्रियाकलाप संचालित किए गए जैसे नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनियां और 'मधुमेह पर विजय' पर स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम।

1 दिसम्बर, 2015 को, छात्राओं ने एचआईवी/एड्स के विषय में जागरूकता का सृजन करने के लिए अस्पताल और शहरी मलिन बस्तियों में कार्यक्रम आयोजित किए। 24 मार्च को, आरएचटीसी, नजफगढ़ में तपेदिक पर जागरूकता सृजित करने के लिए एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मार्च माह में, छात्राओं ने समाज में तपेदिक के विषय में जागरूकता का सृजन किया।

फरवरी में वार्षिक खेलकूद आयोजित किए गए।

16 मई को डेंगू दिवस आयोजित किया गया। कॉलेज की छात्राओं ने नाटकों सहित जनता के लिए जागरूकता कक्षाएं संचालित की।

छात्राओं ने एसएनए द्वारा आयोजित विभिन्न इकाई स्तरीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

बी.एस.सी. (ऑनर्स) नर्सिंग के प्रथम बैच ने मई 2015 को अपना पाठ्यक्रम पूर्ण किया।

अनुसंधान परियोजनाएं

नई दिल्ली के एक चुनिंदा अस्पताल में प्रसवपूर्व ओपीडी में प्रसवपूर्व उपचार के लिए आने वाली माताओं के मध्य स्टेम सैल और अम्बिलिकल कॉर्ड ब्लड बैंकिंग के बारे में जानकारी और उनकी मनोवृत्ति का आकलन करने के लिए एक वर्णनात्मक अध्ययन। नई दिल्ली के एक चुनिंदा अस्पताल में प्रसवपूर्व उपचार के लिए आने वाली माताओं के मध्य ऑब्स्ट्रेटिक मोर्बिटीज से संबंधित जानकारी और उनके स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार का आकलन करने के लिए एक तुलनात्मक अध्ययन।

नई दिल्ली के एक चयनित प्राइवेट अस्पताल में प्रसवपूर्व क्लीनिक आने वाली गर्भवती महिलाओं के मध्य एनीमिया के निवारण और प्रबंध के बारे में जानकारी और उसके संबंध में कार्रवाई का आकलन करने क लिए वर्णनात्मक अध्ययन।

नई दिल्ली के एक चुनिंदा अस्पताल में बाल–चिकित्सा इकाई में बच्चों के मध्य व्यवहार संबंधी समस्याओं के बारे में माताओं को जानकारी का आकलन करने के लिए वर्णनात्मक अध्ययन।

नई दिल्ली के एक चुनिंदा अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ के मध्य ज्ञान और अभिवृत्ति के संदर्भ में एंटीबायोटिक निदान के बारे में योजनाबद्ध शिक्षण कार्यक्रम की प्रभावकारिता का आकलन और मूल्यांकन करने के लिए पूर्व प्रयोगात्मक अध्ययन।

दिल्ली की एक चुनिंदा शहरी मलिन बस्ती में योजनाबद्ध शिक्षण कार्यक्रम से पूर्व और उसके बाद प्रजनन ट्रैक्ट संक्रमण पर वयस्क महिलाओं की जानकारी का आकलन करने के लिए अध्ययन।

विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले छात्र
एल्फी अल्फोंसा जार्ज
अंजलि बाबू
ब्लेसी बाबू
दिवा जोस
एलिज्बेथ टी. थॉमस
जेनी जेम्स

पुस्तकालय विकास

पुस्तकालय के कुल क्षेत्र को 2014–15 में बढ़ाकर 3691.6 फीट कर दिया गया। 1 अप्रैल, 2015 से मार्च, 2016 तक, कुल 129 नर्सिंग की पुस्तकों की खरीद की गई। जर्नलों की कुल संख्या 112 है। वर्ष 2016 के लिए, 15 नए जर्नल सब्सक्राइब किए गए हैं। अप्रैल, 2015 से मार्च, 2016 तक नर्सिंग पाठ्यपुस्तकों पर खर्च की गई राशि 1,34,775 रुपए है।

हालिया विषयों और सामान्य रुचि पर पत्रिकाओं की कुल संख्या 12 है।

वर्ष 2015–2016 में पुस्तकालय में नर्सिंग की पुस्तकों की कुल संख्या 4421 थी।

संकाय ने सीएनई के दौरान स्टाफ नर्सों के लिए विभिन्न विषयों पर सत्रों का आयोजन किया। सत्रों के विषय थे, ''प्रबंध कौशल, परिवर्तन के लिए नर्स शक्ति, किफायती और कुशल देखरेख, पुरानी किडनी व्याधियां, रूमैटिक हृदय रोग, मायोकार्डियल इंफ्रेक्शन, आपदा प्रबंधन और मधुमेह मेलीटस .''

प्रकाशन

अरोड़ा एस. जोशी यू. गुप्ता एस. अटेंशन डेफिसिट हाइपर एक्टिव डिसॉर्डर (एडीएडी) और कंडट डिसॉर्डर (सीडी) से पीड़ित बच्चों के मध्य एडजस्मेंट समस्याएं। इंडियन जर्नल ऑफ साइकियाट्रिक नर्सिंग 11(1), 33–39, जनवरी, 2016.

आयोजित सम्मेलन/प्रस्तुत पत्र

कॉलेज में 26 से 28 अक्तूबर, 2015 तक ''नर्सिंग में हालिया प्रगति'' पर तीन–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 51 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसका वित्त पोषण कॉलेज द्वारा किया गया था।

विदेश मंत्रालय और नोर्का के सहयोग से 'विदेश में रोजगार' विषय पर एक–दिवसीय पूर्व–अभिमुखीकरण संगोष्ठी का आयोजन 9 फरवरी, 2016 को किया गया था जिसमें 155 छात्राओं और कर्मचारियों ने भाग लिया।

दिल्ली पुलिस की महिला और बालकों के लिए विशेष इकाई द्वारा अक्तूबर, 2015 में होली फैमिली अस्पताल द्वारा दो सप्ताह का आत्म–रक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इसका वित्त–पोषण अस्पताल द्वारा किया गया।

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्याः

संकाय की कुल संख्या : 25 (स्थायी)

वित्तीय आबंटन और उपयोग
संस्वीकृत अनुदान रुपए में – स्व–वित्तपोषित (सृजित की गई आय – 15088531/– रुपए
होली फैमिली अस्पताल से योगदान – 1741696/– रुपए
उपयोग की गई राशि (रुपए में) – 16830227/–

नियोजन विवरण

सफलतापूर्वक नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या : 100 प्रतिशत

परिसर में भर्ती के लिए आने कंपनियों/उद्योगों की संख्या : आमंत्रित नहीं किया जाता क्योंकि सभी छात्राओं को वरीयता देते हुए मूल अस्पताल (होली फैमिली अस्पताल) में ही रोजगार की पेशकश की जाती है।

बी.एससी. (ऑनर्स) नर्सिंग छात्राओं के पहले बैच ने मई, 2015 को अपना पाठ्यक्रम पूर्ण किया। सभी छात्राओं को मूल अस्पताल (होली फैमली अस्पताल) में ही नौकरियों की पेशकश की गई। 41 छात्राओं में से 38 ने वहां कार्यभार ग्रहण किया, 2 ने मैक्स हास्पिटल ज्वाइन किया और 1 छात्रा ने उच्चतर अध्ययन के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय ज्वाइन किया।

विस्तार और संपर्क कार्यक्रम

आस–पास के क्षेत्रों में आयोजित किए गए शिविरों की संख्या :
शिविरों में नामांकित/शामिल किए गए व्यक्तियों की संख्या :
शिविर में कार्य करने वाले छात्रों की संख्या :
इन शिविरों में लगाए गए घंटो की कुल संख्या :
स्वास्थ्य देख–रेख शिविर – जनवरी, 2016 माह में। इस शिविर में नामांकित/शामिल किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या 110 थी। इस शिविर में 51 छात्राओं ने कार्य किया।
विद्यालय स्वास्थ्य शिविर सितम्बर, 2015 माह में आयोजित किया गया। एक प्राइवेट स्कूल में 100 छात्रों का पूर्ण स्वास्थ्य आकलन (आंखों, दांतों की जांच तथा पोषण–संबंधी आकलन) किया गया। आवश्यकता आधारित स्वास्थ्य शिक्षा सत्र भी संचालित किए गए जिनमें प्रदर्शन और नुक्कड़ नाटक भी शामिल थे। विटामिन और कृमि–नाशी दवाइयों की अपेक्षा रखने वाले छात्रों को उचित औषधियां दी गईं। इस शिविर के दौरान बड़े चिकित्सालयों के लिए रेफरल सेवाएं भी प्रदान की गई। इस शिविर में 46 छात्राओं ने भाग लिया।

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) : 05
सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) : 11

अन्य उल्लेखनीय जानकारी

होली फैमली अस्पताल में बी.एससी. नर्सिंग (पोस्ट बेसिक) की पाठ्यचर्या का अनुमोदन दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। कॉलेज को शैक्षणिक सत्र 2016–17 से 32 छात्राओं की वार्षिक प्रवेश–क्षमता के साथ मास्टर ऑफ नर्सिंग प्रोग्राम और पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग प्रोग्राम प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गई है।

इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान

प्रमुख क्रियाकलाप और उलपब्धियां

वर्तमान शैक्षणिक वर्ष अनेक संगोष्ठियों और अंतर्महाविद्यालय प्रतियोगिताओं (दिल्ली विश्वविद्यालय की) का संचालन करने के लिए अत्यंत विशिष्ट रहा है। प्रमुख क्रियाकलापों के विवरण नीचे दिए गए हैं:–

संस्थान ने शैक्षणिक और अनुसंधान पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की संभावनाओं पर 08.02.2016 को वोल्वरबैम्प्टन विश्वविद्यालय के खेल प्रमुख डा. क्रिस्टोफर सेलार्स द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया। संस्थान में 10.03.2016 को कैरियर काउंसलिंग के लिए एक कार्यक्रम का संचालन किया गया। संस्थान में दिसम्बर, 2015 माह में अंतर्विश्वविद्यालय हैंडबॉल चयन शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान द्वारा जनवरी–फरवरी, 2016 (27. 01.2016 से 02.02.2016) में पुरुषों के लिए अंतर्कालेज हैंडबॉल टूर्नामेट 2015–16 का आयोजन किया गया। महिलाओं के लिए अंतर्कालेज हैंडबाल टूर्नामेंट 2015–16 का सफल आयोजन फरवरी, 2016 (23.02.2016 से 26.02.2016 में किया गया। 25 मई से 17 जून, 2015 (ग्रीष्मकाल अवकाश के दौरान) तक तथा 15.12.2015 से 04.01.2016 तक (शीतकालीन अवकाश के दौरान) दो फिटनेस ट्रेनिंग कोर्स (एफआईटीसीओ) आयोजित किए गए। शपथ दिवस के रूप में 26.11.2016 को संविधान दिवस मनाया गया। संस्थान ने 12.01.2016 को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई और स्वामी विवेकानंद के जीवन पर एक वृत्तचित्र कर्मचारियों और छात्रों को दिखाया गया। 11.03.2016 को वार्षिक एथलेटिक प्रतियोगिता 2016 आयोजित की गई। वार्षिक समारोह और पुरस्कार वितरण समारोह 21.03.2016 को आयोजित किया गया। छात्रों का सांस्कृतिक समारोह 'शंखनाद' 18.04.2016 को आयोजित किया गया। 08.01.2016 को 'बातचीत की कला' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। डा. बी.आर. अम्बेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर ''भारतीय संविधान के प्रतिमान'' पर एक संगोष्ठी 30.11.2015 को आयोजित की गई। ''शारीरिक शिक्षा के प्रतिमान में पाठ्यचर्या और

पाठ्यविवरण डिजाइन'' पर एक–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 22.03.2016 को किया गया। ''शारीरिक शिक्षा और खेल विज्ञान में एसपीएसएस का शोध डिजाइन और अनुप्रयोग'' पर दस–दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 05.05.2016 से 11.05.2016 तक किया गया (आगामी कार्यशाला के लिए तारीखें अनंतिम रूप से 13.06.2016 से 17.06.2016 निश्चित की गई हैं)। ''समाज पर सोशल मीडिया का प्रभाव'' विष्य पर अंतर्कक्षा वाद–विवाद प्रतियोगिता 16.10.2015 को आयोजित की गई। अंतर्कक्षा प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता 18.09.2015 को आयोजित की गई। इस अवधि के दौरान विभिन्न खेलों/क्रीड़ाओं का आयोजन किया गया जैसे 22.01.2016 से 29.01.2016 तक टग–ऑफ–वॉर, 12.02.2016 से 19.02.2016 तक फुटबॉल, 26.02.2016 से 04.03.2016 तक हैंडबॉल, 09.03.2016 को कबड्डी, 03.07.2016 को बास्कटबॉल। शारीरिक शिक्षा और खेल विज्ञान विभाग में शैक्षणिक वर्ष 2015–16 में 13 स्कॉलरों को पीएच.डी. डिग्री प्रदान की गई है।

अनुसंधान परियोजनाएं

अभिनव परियोजना कोड : आईजीपीई 301, शीर्षक ''खिलाड़ियों के लिए पोषण की स्थिति और शरीर की संरचना चयनित मनोवैज्ञानिक और शारीरिक स्वस्थता मापदण्डों के साथ संबंध'' दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा एक वर्ष के लिए वित्त–पोषित, संस्वीकृति राशि 500,000.00/– रुपए।

अभिनव परियोजना कोड : आईजीपीई 302, शीर्षक ''डीयू कॉलेज छात्रों की शैक्षणिक और खेल उपलब्धियों के संदर्भ में अभिवृत्ति, कुशलता और मैत्री – एक संदर्भात्मक समझ'' दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा एक वर्ष के लिए वित्त–पोषित, संस्वीकृति राशि 3,00,000/– रुपए।

विशेष योग्यता वाले छात्र

गीतांजली गौतम	बी.एससी. एफवाईयूपी	सेमेस्टर VI
दीपाली सेठ	बी.एससी. एफवाईयूपी	सेमेस्टर VI
उमेश कुमार अहलावत	एम.पी. एड.	सेमेस्टर VI
मोनिका रूहिल	एम.पी. एड.	सेमेस्टर VI
शिखा धांडाएम.पी. एड.	सेमेस्टर VI	

पुस्तकालय विकास

डिजिटल पुस्तकालय का सफल क्रियान्वयन, आईजीआई–पीईएसएस के प्रयोक्ताओं को डिजिटल फार्मेट में पूर्ण टेक्स्ट डॉक्युमेंटों की एक्सेस है, अर्थात् पुराने प्रश्न–पत्र, एम.पी. एड, बी.पी. एड और बी.एससी. पाठ्यचर्या, 2013 के बाद से प्रदान किए गए समस्त पीएच.डी. शोध –पत्र और समस्त एम.पी.एड. शोध प्रबंध। वर्तमान में, आईजीआई–पीईएसएस लाइब्रेरी डाटाबेस ''विद्या : पुस्तकालय प्रबंध सॉफ्टवेयर'' को एक्सएएमपीपी सर्वर के माध्यम से ऑनलाइन कर दिया गया है तथा प्रयोक्ता अपने मोबाइल फोनों/लैपटॉप/डेस्कटॉप मशीन के माध्यम से दस्तावेजों की उपलब्धता तथा उनके वितरण की वास्तविक स्थिति को देख सकते हैं। समस्त प्रकार का पुस्तकालय कार्य अर्थात् पुस्तकें जारी/वापस करना, कैटालॉग अनुरक्षण, और स्टॉक टेकिंग क्रियाकलाप आदि को पुस्तकालय सॉफ्टवेयर क माध्यम से प्रबंधित किया जा रहा है। आईजीआईपीईएसएस लाइब्रेरी के डाटाबेस को उन्नयित किया गया है तथा यह दिल्ली विश्वविद्यालय के सर्वर पर रखे जाने के लिए तैयार है जिससे प्रयोक्ता भी नए सत्र से इसकी एक्सेस कर पाने में समर्थ होंगे। इस संबंध में नए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लि समस्त कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

कुल पुस्तकालय संग्रहण (6843 टाइटलों में 11653 दस्तावेज) डाटाबेस में कम्पयूटरीकृत और बारकोडेड किए गए हैं जिन्हें ऑनलाइन ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटेलॉग (ओपीएसी) के माध्यम से सर्च किया जा सकता है। पुस्तकालय ने भौतिक और डिजिटल सूचना संसाधनों के प्रयोग में वृद्धि करने के लिए तीन पुस्तकालय अभिमुखीकरण कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं।

प्रकाशन

विवरणिका : कॉलेज की विवरणिका प्रकाशित की गई।

विनायक अनिल, त्यागी सरिता और वसुजा मोनिका (मई 2015), फिटनेस प्रशिक्षकों के लिए फिटनेस प्रशिक्षक नियमावली – एरोबिक्स एवं ग्रुप प्रशिक्षक (नया संस्करण)।

त्यागी सरिता, विनायक अनिल और वसुजा मोनिका (दिसम्बर, 2015), फिटनेस प्रशिक्षकों के लिए फिटनेस प्रशिक्षक नियमावली – एरोबिक्स एवं ग्रुप प्रशिक्षक (नया संस्करण)।

शाह धनंजय, पवन कुमार (2015), ''भारतीय सेवानिवृत्त खिलाड़ियों के विद्यमान (क्लीनिकल) मानदण्डों और विकसित मानदण्डों के बीच तुलना'' अंतर्राष्ट्रीय अंतर्विषयक अनुसंधान जर्नल द्विमासिक आईएसएसएन 2249–9598, खण्ड–V, अंक–IV, जुलाई–अगस्त, 2015.

भारद्वाज मानसी, तिवारी संध्या, शाह मोहम्मद, उजामिल (2016). ''विद्यालय शारीरिक क्रियाकलाप कार्यक्रम के भीतर और उसके उपरांत प्रतिभागिता करने वाले छात्रों के बीच कार्डियोरेस्परेटरी स्वस्थता : इंटरनेशनल जर्नल ऑफ डिसीप्लीनरी रिसर्च एंड माडर्न एजुकेशन (आईजेएमआरएमई), आईएसएसएन : 2454–6119, 2(1).

त्यागी सरिता, ''फुटबॉल खिलाड़ी के चयनित मोटर फिटनेस अवयवों पर ब्लॉक ट्रेनिंग प्रोग्राम का प्रभाव'' शोध पत्र 18–20 फरवरी, 2016 तक शारीरिक शिक्षा और खेल में वैज्ञानिक संस्कृति पर वैश्विक सम्मेलन की कार्यवाहियों में पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला, पंजाब में प्रस्तुत किया गया (यूजीसी और आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित) पृष्ठ 1982–87, आईएसबीएन : 978–93–85446–45–0.

विनायक अनिल और अरोड़ा सुनीता, प्राणायाम, उसके चरण, लाभ और सावधानियां, 18–20 फरवरी, 2016 तक शारीरिक शिक्षा और खेल में वैज्ञानिक संस्कृति पर वैश्विक कार्यशाला की कार्यवाहियों में पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला, पंजाब में प्रस्तुत किया गया। (यूजीसी और आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित) पृष्ठ 1962–87, आईएसबीएन : 978–93–85446–45–0.

विनायक अनिल शारीरिक शिक्षा के युवा संभावित शिक्षकों के मोटर फिटनेस अवयव – प्रोफाइल अध्ययन, 18–20 फरवरी, 2016 तक शारीरिक शिक्षा और खेल में वैज्ञानिक संस्कृति पर वैश्विक कार्यशाला की कार्यवाहियों में पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला, पंजाब में प्रस्तुत किया गया। (यूजीसी और आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित) पृष्ठ 2145–2152, आईएसबीएन : 978–93–85446–45–0.

कुमार प्रदीप, जैन शिल्पी (2015). महिला खिलाड़ियों तथा तीरदांजी के खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धी चिंता स्तरों की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन, अंतर्राट्रीय शारीरिक शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य जर्नल, आईएसएसएन 2391–1685, खण्ड I (4) : xxxxx.

कुमार प्रदीप, जग्गी सिंह देवेन्द्र (2015) चयनित मनोवैज्ञानिक व्युत्पन्नों और हॉकी खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बीच संबंध ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय अंतर्विषयक अनुसंधान जर्नल (द्विमासिक), आईएसएसएन 2249–9598, खण्ड V, विशेष अंक।

कुमार प्रदीप, नाथ राजेन्द्र (2015) पुरुष जंपर्स की चयनित मोटर योग्यताओं पर 8 सप्ताह के प्लायोमीट्रिक प्रशिक्षण का प्रभाव, ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय अंतर्विषयक अनुसंधान जर्नल (द्विमासिक), आईएसएसएन 2249–9598, खण्ड V.

कुमार मोहित, वसुजा मोनिका और गुलाटी ए, अंतर्कालेज स्तरीय पुरुष हैंडबॉल खिलाड़ियों का पोषणीय प्रोफाइल, ऊर्जा संतुलन और शरीर संरचना 18–20 फरवरी, 2016 तक शारीरिक शिक्षा और खेल में वैज्ञानिक संस्कृति पर वैश्विक कार्यशाला की कार्यवाहियों में पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला, पंजाब में प्रस्तुत किया गया। (यूजीसी और आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित) पृष्ठ 2089–2095, आईएसबीएन : 978–93–85446–45–0.

आयोजित सम्मेलन/कार्यशालाएं

08.01.2016 को ''बातचीत की कला'' पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

डा. बी.आर. अम्बेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर 30.11.2015 को ''भारतीय संविधान के प्रतिमान'' पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

22.03.2016 को ''शारीरिक शिक्षा के प्रतिमान पर पाठ्यचर्या और पाठ्यविवरण डिजाइन'' पर एक–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

05.05.2016 से 11.05.2016 तक ''शारीरिक शिक्षा और खेल विज्ञान में एसपीएसएस के अनुसंधान डिजाइन और अनुप्रयोग'' पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया (आगामी कार्यशाला के लिए अनंतिम तारीखें 13.06.2016 से 17.06.2016 निश्चित की गई है)।

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्याः
स्थायी : 27 + 1 (प्राचार्य)
प्रतिनियुक्त : 01 (पुस्तकाध्यक्ष)

वित्तीय अनुदान

उपयोग किया गया अनुदान : 9,56,85,748/– रुपए (नौ करोड़ छपपन लाख पिचासी हजार सात सौ अड़तालीस रुपए)

सब्सक्राइब किए गए जर्नल
सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (ऑनलाइन : दिल्ली विश्वविद्यालय के माध्यम से लगभग 40 डाटाबेस पेपर बैक संस्करण : 04
सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या : पेपर बैक संस्करण : 17

अन्य उल्लेखनीय जानकारी
राष्ट्रीय कैडट कोर (एनसीसी) : कुछ छात्रों ने एनसीसी के क्रियाकलापों में भाग लिया तथा कैडेटों ने एनसीसी के विभिन्न शिविरों में रैंक हासिल किए।
राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) : संचालित किए गए नियमित एनएसएस कार्यक्रम।

इन्द्रप्रस्थ महिला कॉलेज

प्रमुख क्रियाकलाप

93वां कॉलेज दिवस मनाया गया। कॉलेज ने 17 विश्वविद्यालय स्थान हासिल किए जिनमें 5 प्रथम स्थान, 6 द्वितीय स्थान तथा 6 तृतीय स्थान थे। कॉलेज को प्रथम शताब्दिक दशक स्नातकपूर्व अनुसंधान अनुदान प्रदान किया गया। सीबीसीएस के अंतर्गत स्व–वित्त पोषण पाठ्यक्रम बी.ए. (आनर्स) मल्टी मीडिया और जनसंपर्क के लिए एक अभिनव और अनूठी पाठ्यचर्या 23 पाठ्यचर्या अनुमोदित की गई है। कॉलेज ने मई, 2015 में अपनी स्व–अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा एनएएसी पीटीवी ने 18–30 फरवरी, 2016 तक कॉलेज का दौरा किया। उपशिक्षकों ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय सम्मेलनों में पत्र प्रस्तुत किए। 34 शिक्षकों ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय सम्मेलनों में पत्र प्रस्तुत किए। 33 शिक्षकों ने अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय जर्नलों में पुस्तकें और लेख प्रकाशित किए। 26 शिक्षकों ने विशेषज्ञों, अध्यक्षों और विषय–विशेषज्ञों के रूप में कार्य किया। 2 गैर–शिक्षण कर्मचारियों ने अपनी शैक्षिक योग्यता का उन्नयन किया और दो ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। छात्राओं ने पूर्व–छात्र डा. अरुणा रॉय के आहवान पर परियोजना नीव–शिक्षा स्वैच्छिक रूप से योगदान किया। एनैक्टस–आईपी के अतर्गत छात्राओं के कार्यकर्ताओं का एक दल 'आइपन' परियोजना के अंतर्गत स्थानीय कला रूपों का नृजाति–वर्णन करने के लिए शीतकाल 2015 के दौरान उत्तराखण्ड के दौरे पर गया। आई.पी. कॉलेज की पूर्व छात्राओं के एक दल ने 20 नवम्बर, 2015 को आयोजित टाइटन की आमंत्रण वाद–विवाद प्रतियोगिता जीती।

उत्कृष्ट सम्मान/विशिष्ट उपलब्धियां

कॉलेज को 3.33 ग्रेड प्वाइंटों के साथ एनएएसी 'ए' ग्रेड प्रदान किया गया।

कॉलेज ने 14 अगस्त, 2015 को छठा राष्ट्रीय निःशक्त व्यक्ति नियोजन संवर्धन केन्द्र (एनसीपीईडीपी)– एमपीएचएएसआईएस सार्वभौमिक डिजाइन पुरस्कार जीता।

डा. बबली मोइत्रा सर्राफ प्राचार्य ने उत्कृष्ट सेवा और आजीवन उत्कृष्टता प्रदर्शित करने के लिए सेंट स्टीफन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय का सीएफ एड्रूज़ प्रतिष्ठित एजुमनस पुरस्कार प्राप्त किया।

डा. शुभ्रा सेठ, सहायक प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग को आस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय और सिंगापुर विश्वविद्यालय के सहयोग से ग्लोबल साइंस एंड टेक्नालॉजी फोरम द्वारा बैंकाक, थाइलैंड में 14–15 सितम्बर, 2015 तक आयोजित पांचवें वार्षिक पीएसएसआईआर सम्मेलन में ''ईश्वर विस्थापित नहीं करता है – भारत में सांप्रदायिक हिंसा और विस्थापन की राजनीति'' शीर्षक पर पत्र के लिए श्रेष्ठ पत्र पुरस्कार प्रदान किया गया।

डा. ज्योति त्रेहन शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग और डा. हर्ष बाला शर्मा, सहायक प्रोफेसर हिन्दी विभाग को दिल्ली विश्वविद्यालय के सम्मेलन केन्द्रमें 27 सितम्बर, 2015 को ''पर्यावरण सामाजिक विज्ञान और मानविकी में हालिया अनुसंधान विकास'' पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ''भाषा शिक्षण में अभिनवता के लिए मेटाकॉग्नीशन के रूप में प्रतिबिंबकारी शिक्षण'' शीर्षक पर पत्र के लिए श्रेष्ठ पत्र पुरस्कार प्राप्त हुआ।

शोध परियोजनाएं

डा. विनीता सिन्हा, एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग (प्रधान अन्वेषक) ''सबवर्जन ऑन दि मार्जिन – बिहार और बंगाल के लोक गीतों और मौखक वर्णन का अध्ययन''। प्रमुख परियोजना, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग 2015–16.

डा. अनीता ई. मेरियन, सहायक प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग (प्रधान अन्वेषक), आगामी खंड के संपादक और योगदानकर्ता, प्रमुख परियोजना, प्रो. हेल्वीटिया, स्विस आर्ट काउंसिल गोथे इंस्टिट्यूट, राजा फाउंडेशन ईटीसी, 2014–16.

डा. शगुफ्ता, सहायक प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग (प्रधान अन्वेषक), ''उत्तर–उदारवादी युग में भारतीय राज्यों की परिकल्पना – नीति अभिमुखीकरण में कल्याणवाद के परिप्रेक्ष्यो पर अध्ययन'' लघु परियोजना, अनुसंधान परिषद, दिल्ली विश्वविद्यालय, 2015–16.

डा. अंशु श्रीवास्तव, सहायक प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग (प्रधान अन्वेषक), ''आर्थिक सुधार, भारत में नव महानगरीय मध्यम वर्ग और लोकतंत्र : नोएडा में साफ्टवेयर वृत्तिकों की मनोवृत्ति का मामला अध्ययन'', लघु परियोजना, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, 2014–16.

डा. ज्योति त्रेहन शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, डा. हर्ष बाला शर्मा, सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग और श्री विजय गौतम, पुस्तकाध्यक्ष (प्रधान अन्वेषक), ''एक नए क्षितिज के लिए बाधाओं का निवारण : सरकारी विद्यालयों के छात्रों के लिए समुदाय संपर्क कार्यक्रम'', अभिनवता परियोजना, दिल्ली विश्वविद्यालय, 2015–16.

विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले छात्र

विश्वविद्यालय परीक्षा, 2014–15 में पांच प्रथम स्थान और छह द्वितीय स्थान।

बास्केटबॉल, तीरंदाजी, बैंडमिंटन और बाक्सिंग के खेलों में (राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय) पांच स्वर्ण पदक।

सुश्री आकांक्षा वर्दानी, बीए (आनर्स) अर्थशास्त्र की अंतिम वर्ष की छात्रा ने 'दक्षिण एशियाई अर्थशास्त्र छात्रों की बैठक में (एसएईएसएम), कोलंबो' में ''कौशल विकास और प्रतिस्पर्धात्मकता भारत और श्रीलंका का आईटी उद्योग'' पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

सुश्री नारायणी तिगनाथ, बीए (आनर्स) दर्शनशास्त्र की अंतिम वर्ष की छात्रा ने मैंसफील्ड कॉलेज, ऑक्सफोर्ड यूनीवर्सिटी, यू.के. में ''भारत में अंतिम संस्कार स्थलों की या.ा'' पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

सुश्री मोनिका बारी द्वितीय वर्ष की छात्रा, बीए (ऑनर्स) मल्टी मीडिया एवं जन संपर्क ने 18–19 नवम्बर, 2015 को मलेशिया को गए भारतीय युवा शिष्टमंडल की सदस्या के रूप में प्रतिभागिता की।

पुस्तकालय विकास

वर्ष 2014–15 के दौरान नई शामिल की गई पुस्तकें : 1034
ऑनलाइन सेवाएं : ओपीएसी, यूजीसी–एनलिस्ट, डीईएलएनईटी
रेप्रोगोफिक सेवा : फोटो कॉपी और प्रिंटिंग सेवा
बुक बैंड सेवा : जरुरतमंद छात्रों को पाठ्यपुस्तकें
पीएच/वीएच सुविधाएं और सेवाएं
कार्यात्मक लिफ्ट के माध्यम से पूर्णतः पहुंचयोग्य कम्प्यूटरों के साथ विशेष क्यूबिकल्स
प्री–इन–वन एंजेल पॉकेट डेजी प्लेयर
डेजी पुस्तकें (टॉकिंग बुक्स)
ब्रेल पुस्तकें
ब्रेल पत्रिकाएं
ब्रेल संदर्भ पुस्तकें – शब्दकोश
स्कैनरों के साथ जॉज़–समर्थ कम्प्यूटर
एम्बॉसर (ब्रेल प्रिंटर)
नोटबुक्स के साथ लेक्स–एयर कैमरा (प्रिंट सहायक उपकरण)
छात्रों के लिए पुस्तकालय परिबोधन और कार्यशाला आयोजित की गईं।

पुस्तकालय विस्तारित सेवाएं:
पंजाबी, बंगाली, हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी की पुस्तकें अनुवाद और अनुवाद अध्ययन केन्द्र में स्थानांतरित की गईं।
नोट बुक और एम्बॉसर (ब्रेल प्रिंटर) के साथ ब्रेल पुस्तकें, लेक्स–एयर कैमरा स्थानांतरित किया गया है तथा उन्हें ईओसी/इनेबलिंग यूनिट में पुनः व्यवस्थित किया गया है।
आईसीटी सेंटर

प्रकाशन

सेन गुप्ता डी. (2016), बंगाल का विभाजन : कमजोर सीमाएं और नई पहचान : कैम्ब्रिज यूनीवर्सिटल प्रेस।

स्वामी ए., मलिक एन. और महेन्द्र एस. (2015). योग दर्शनशास्त्र में तकनीकी शब्दों की अवधाणात्मक शब्दकोश, दिल्ली : विद्यानिधि प्रकाशन।

शर्मा एच.बी. (2015) हिंदी कहानी संचयन, दिल्ली : श्री नटराज प्रकाशन।

बेकुली एस., कोरिया एल.आर., ड्यूश जे.जी. और जोशी सी. (संपादक) (2015) परिवहन में श्रम : वैश्विक दक्षिण से इतिहास, सी 1750–1950 कैम्ब्रिज : कैम्ब्रिज विश्वविविद्यालय, प्रेस।

त्रिवेदी पी. और चौधरी एस. (संपादक) (2015) सेवा के क्षेत्र : खेल, साहित्य और संस्कृति, नई दिल्ली : ओरिएंट ब्लैकस्वान।

ओबराय बी. (2015), भारतीय वस्त्र उद्योग में संरचनात्मक परिवर्तन, प्रौद्योगिकी और नियोजन : 1980–2010, अर्थनीति (नई श्रृंखला), XI (1–2), 25–46.

सिंघल आर. (2015), स्क्रीन विहीन प्रदर्शन – उभरती हुई प्रौद्योगिकी, अंतर्राष्ट्रीय कम्प्यूटर विज्ञान और साफ्टवेयर इंजीनियरी प्रगत अनुसंधान जर्नल, 5(11), 579–584.

कौर एस. (2015), उपयोग कलस्टर की वेटेड फ्रीक्वेंट आइटमसेट रिफाइनमेंट क्रियाविधि का प्रयोग करते हुए अनुशंसक/अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय आसूचना और डाटा खनन जर्नल, 10(2), 95–122.

शारदा एस. (2015) ऋण रेटिंग एजेंसियां : निगरानीकर्ता कितने सतर्क हैं? अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय और प्रबंध जर्नल, III (IV), 266–271.

गुप्ता वी. (2014), नृतकों और गैर–नृतकों के मध्य सृजनात्मकता और आत्मस्वाभिमान : एक तुलनात्मक अध्ययन। सामाजिक विज्ञान और संगठनात्मक व्यवहार जर्नल, 3(1–2), 1–11.

आयोजित सम्मेलन/प्रस्तुत पत्र

दर्शनशास्त्र विभाग (यूजीसी प्रायोजित), राष्ट्रीय चेतना सम्मेलन, 7–8 मार्च, 2016.

डा. रेखा सेठी, 'हिन्दी के विश्व का विस्तार : संभावनाएं और चुनौतियां'' पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में ''हिंदी में उच्चतर शिक्षा : दिल्ली का परिप्रेक्ष्य'', 3–5 अप्रैल, 2015, रटजर्स यूनीवर्सिटी, न्यू जर्सी, यूएसए।

डा. मनस्विनी एम. योगी, 27वें अंतर्राष्ट्रीय दर्शनशास्त्र, वैश्विक नयाचार और राजनीति सम्मेलन में ''परिणामवाद अथवा डीकॉन्टोलाजी'', वोलिएगमेनी–एथेंस, ग्रीस, 11–16 जुलाई, 2015.

सुश्री जयस्त्री बोरा, ''एक विनाशक और पुनरूद्धारक उपकरण के रूप में अध्ययन'', एलआईटीसीआरआई, 15/IV साहित्यिक समालोचना सम्मेलन 'स्मृति और साहित्य', 13–14 नवम्बर, 2015, डीएकेएएम (ईस्टर्न मेडीटेरियन एकेडेमिक रिसर्च सेंटर), इस्तांबुल, तुर्की।

डा. वंदना गुप्ता ''किशोरावस्था और वयस्कता के दौरान वैयक्तिक निधन का भय'', अंतर्राष्ट्रीय कला और विज्ञान जर्नल (आईजेएएस), अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान और मानविकी सम्मेलन, 18–21 मई, 2015, रयेरसन यूनीवर्सिटी, टोरेंटो, कनाडा।

डा. शुभ्रा सेठ, ''ईश्वर विस्थापित नहीं करता है – भारत में सांप्रदायिक हिंसा और विस्थापन की राजनीति'' वैश्विक विज्ञान और प्रौद्योगिकी फोरम द्वारा यूनीवर्सिटी ऑफ आस्ट्रेलिया तथा यूनीवर्सिटल ऑफ सिंगापुर के सहयोग से 14–15 सितम्बर, 2015 तक बैंकाक, थाइलैंड में आयोजित 5वां वार्षिक पीएसएसआईआर सम्मेलन।

स्थायी/अस्थायी/तदर्थ संकाय सदस्यों की संख्याः

स्थायी	:	95
अस्थायी	:	01
तदर्थ	:	63

वित्तीय आबंटन और उपयोग

संस्वीकृत अनुदान : 21,92,38,000/– रुपए (आरई के आधार पर अनंतिम)
उपयोग की गई राशि : 26,82,01,000/– रुपए (वास्तविक व्यय)

नियोजन विवरण

(क)	सफल नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या	: 68
(ख)	परिसर में भर्ती के लिए आने कंपनियों/उद्योगों की संख्या	: 12
(ग)	पुनरावृत्ति करने वाले नियोजकों की संख्या	: 05

विस्तार और संपर्क कार्य

आस–पास के क्षेत्रों में आयोजित शिविरों की संख्या – 13
शिविरों में नामांकित/शामिल किए गए लोगों की संख्या – 213
शिविर में कार्य करने वाले छात्रों की संख्या – 100 (लगभग)
इन शिविरों में समर्पित किए गए घंटों की कुल संख्या – 4 घंटे/सप्ताह

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (पेपर बैक संस्करण) : 17
सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या (पेपर बैक संस्करण) : 42

इंस्टिट्यूट ऑफ होम इकानॉमिक्स

प्रमुख क्रियाकलाप उपलब्धियां

1961 में स्थापित इंस्टिट्यूट ऑफ होम इकानॉमिक्स कौशलपूर्ण शिक्षाशास्त्र अनुसंधान और विस्तार क्रियाकलापों के संयोजन के माध्यम से उच्चतर शिक्षण का केन्द्र है। संस्थान गृह–विज्ञान, माइक्रोबायलॉजी, बायोकैमिस्ट्री, खाद्य प्रौद्योगिकी और प्राथमिक शिक्षा में स्नातकपूर्व कार्यक्रम; खाद्य और पोषण तथा वस्त्र और परिधान विज्ञान में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम; आहार और लोक स्वास्थ्य पोषण तथा स्वास्थ्य और सामाजिक गेरोन्टोलॉजी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और पी.एचडी. संचालित करता है।

उत्कृट सम्मान और/विशिष्ट उपाधियां

निधि गुलाटी, प्राथमिक शिक्षा विभाग की संकाय–सदस्या, ने फुलब्राइट–नेहरू डॉक्टोरल फेलोशिप पूर्ण की तथा वे पाठ्यचर्या और शिक्षण विभाग, यूनीवर्सिटी ऑफ विस्कांसिन, मेडिसन के साथ सहयोजित हुईं।

सविता बंसल को महिला यूजीसी पोस्ट–डॉक्टोरल फेलोशिप प्रदान की गई।

नीति वेद 20 नवम्बर, 2015 को नई दिल्ली में आयोजित वीमेन इन वर्ल्ड समिट (प्रख्यात पत्रकार टीना ब्राउन द्वारा 2010 में प्रारंभ की गई) में भारत में 20 युवा महिला उपलब्धिधारकों में से एक चुनी गईं।

अनुसंधान परियोजनाएं

गीता त्रिलोक कुमार ''विद्यालय के बच्चों में प्रसुप्त तपेदित संक्रमण के निवारण के लिए विटामिन डी अनुपूरकों का परीक्षण (विडी किड्स), चिकित्सा अनुसंधान परिषद यूके द्वारा वित्त–पोषित।

सीमा पुरी, ''कम वजन वाले शिशुओं में जीवन के प्रथम वर्ष मे विकास और वृद्धि के लिए पोषण संबंधी जोखिम कारक'' (2014) भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त–पोषित तथा ''दक्षिण एशियाई देशों में आईवाईसीएफ नीतियों का विश्लेषण (2013)'' दक्षिण एशियाई शिशु आहार और अनुसंधान नेटवर्क (एसएआईएफआरएन) द्वारा वित्त–पोषित।

नीति गुलाटी और ममता सिंघल, ''सरकारी विद्यालयों की कक्षाओं में निर्माणात्मकता को सुकर बनाना'' सीएसआईआर द्वारा वित्त–पोषित।

शिप्रा गुप्ता, सह–अन्वेषक ''भारत–यूके सहयोगों में वृद्धि लाने के लिए सांख्यिकीय और जानपादिक–रोग विज्ञान क्षमता निर्माण'' (2014–2016), यूके–भारत शिक्षा और अनुसंधान पहल द्वारा वित्त–पोषित।

सविता अग्रवाल और डा. गीता पुनहानी, ''लिंग और जलवायु अनुकूल कृषि : ग्रामीण महिलाओं की अनुकूलन क्षमता में वृद्धि'', यूजीसी द्वारा वित्त–पोषित।

विशेष योग्यता प्राप्त करने वाले छात्र

सुश्री सुमति, एम.एससी. (खाद्य और पोषण) द्वितीय वर्ष तथा सुश्री रिंकी डबास, एम.एससी (वस्त्र और परिधान विज्ञान) द्वितीय वर्ष ने विश्वविद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सुश्री स्वाति यादव और सुश्री एस. शिल्पा, एम.एससी. (वस्त्र और परिधान विज्ञान) प्रथम वर्ष ने विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा में क्रमशः प्रथम और द्वितीय रैंक हासिल किया।

सुश्री दिव्या रावत, पीजी डिप्लोमा–आहार एवं लोक स्वास्थ्य पोषण विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे।

सुश्री मैरी लीन संग, तृतीय वर्ष, गृह विज्ञान (पास) ने विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पुस्तकालय विकास

पुस्तकालय की पुस्तकों पर व्यय किया गया कुल बजट : 3,97,913/– रुपए

31.03.2016 को पुस्तकों की कुल संख्या : 24998

2015–16 में जोड़ी गई अतिरिक्त पुस्तकों की संख्या : 211

प्रकाशन

प्रकाशित/स्वीकृत शोध पत्र

निगम, आरती (2015) "बैकिलस सबटिलिस केराटिनेज का परिष्करण और विशेषता वर्णन तथा खाद्य उद्योग में इसे संभावित अनुप्रयोग", एक्टा बायोलॉजिका जेगेदिएंसिस (स्वीकृत)

चौधरी एच., गुप्ता डी, गुप्ता सी (2016) "सेरिसन और बेसिक डाइज के साथ पॉलिस्टर की त्रुटिपूर्ण डाइंग और फिनिशिंग", दि जर्नल ऑफ दि टेक्सटाइल इंस्टिट्यूट, डीओआई 10.1080/0405000, 2016.1165401, प्रभाव कारक : 0.725, आईएसएसएन सं. 0040:0–5000.

गुप्ता वी, गुलाटी पी, भगत एन, धर एम और विर्दी जे एस (2015). खाद्य में येर्सीनिया एंट्रो कोलिटिका पाया जाना : विहंगावलोकन, यूर जेक्लिन माइक्रोबियल इंफेक्ट दिस, 2015 34:641–650.

हुसैन डी., खन्ना के., पुरी एस., हधीधिजादेह एम. (2015) "सोय इंसोफ्लेवोनेस संविर्धत यौन हार्मोनों, रक्त चाप और मासिक धर्मोत्तर संलक्षणों का अनुपूरण" जे.एम. कोल न्यूट्र 2015, जनवरी 2; 34(1) : 42–48.

जागृति खेर, सविता अग्रवाल और गीता पुनहानी "जल कर्षकों के रूप में महिलाएं : असमान बोझ की साझेदारी"। दि इंटरनेशनल जर्नल ऑफ जेंडर स्टडीज़ इन डेवलपिंग सोसाइटीज़ इंदरसाइंस जर्नल (पत्र स्वीकृत)।

मलिक आर, अरोड़ा आर एवं अग्रवाल एस. (2015) कच्चे दूध के उपभोग के बारे में उपभोक्ता जारूकता : जोखिम और स्वास्थ्य संबंधी खतरों की समीक्षा खण्ड 3, अंक 17, नवम्बर, पीपी –1–7, आईएसएसएन : 2321–7871.

मंजुला सूरी, नमीता सैनी और शिप्रा गुप्ता (2016). "योग के मनोवैज्ञानिक प्रभावों का अन्वेषण : अति आधुनिक समीक्षा". इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फिजिकल एजुकेशन, स्पोर्ट्स एंड हैल्थ, खण्ड 3, अंक 2, मार्च–अप्रैल 2016, आईएसएसएन : 2394–1693.

प्रीति खन्न और बानी तम्बेर ऐरी. "आहार और मानसिक स्वास्थ्य के बीच गैर–अन्वेषित संबंध : एक समीक्षा" जर्नल ऑफ मेडिकल साइंस एंड क्लीनिकल रिसर्च, खण्ड 4(2) : 9556–9572.

शिप्रा गुप्ता, के. गीता, गीता मेहतो (2016). दिल्ली में हाइपरटेंसिव पुरुषों और महिलाओं के मध्य स्व–देखरेख व्यवहार प्रक्रियाएं और संबंधित कारक" एशियन जर्नल ऑफ मल्टीडिसीप्लीनरी स्टडीज़, खण्ड 4, अंकन, जनवरी, 2016, पृष्ठ 12–19.

सिंघल एम. (2015) "सभी के लिए वैज्ञानिक साक्षरता–स्वप्न की चुनौतियां" अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान और समीक्षा।

आयोजित/प्रतिभागिता किए सम्मेलन

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत पत्र

चंचल और सुधा ढींगरा ने बीजिंग, चीन में 2016 में इंटरनेशनल फाउंडेशन ऑफ फैशन टेक्नालॉजी इंस्टिट्यूट के वार्षिक सम्मेलन में ''ऑल (मोरिंडा सिट्रीफोलिया) के साथ प्राकृतिक संघारणीय डाइंग के रंग'' विषय पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

दीपाली जैन और बाली टी. ऐरी, कोलंबो में 23–24 नवम्बर, 2015 को सेफर्न और यूनिसेफ द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मातृत्व और बाल पोषण सम्मेलन में ''मातृत्व और बाल स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग : पूर्वी दिल्ली के शहरी मलिन क्षेत्रों की महिलाओं की अवधारणा और प्रक्रियाएं'' विषय पर।

मंजूला सूरी 22–24 मई, 2015 तक हैंगजोऊ, चीन में आयोजित बीआईटी की छठी वार्षिक विश्व कांग्रेस में तंत्रिका–वार्ता के लिए ''पेन मॉडुलेशन में बीटा एंडोफिन की मनोवैज्ञानिक भूमिका।''

पूनम मागू ने लास वेगास, यूएसए में 26–30 जुलाई, 2015 तक आयोजित VI अनुप्रयुक्त मानव फैक्टर एवं एर्गोनॉमिक्स सम्मेलन में ''पाथ प्रोसेस फैक्टर एवं एर्गोनॉमिक्स सम्मेलन में ''पाथ प्रोसेस चार्ट – समय और गति अध्ययन संचालित करने की तकनीक'' विषय पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

पुरी एस. गेडहेन ए, फर्नांडीज़ एस., पुरानायक ए., आनंद डी, जिहरूद्दीन क्यूएस, पटेल ए. ने कोलंबो, श्रीलंका में 23–24 नवम्बर, 2015 तक मातृत्व और बाल पोषण अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ''भारत में शिशुओ और छोटे बालकों के आहार की नीतियों की विषय–वस्तु और हितधारक विश्लेषण'' विषय पर एक प्रस्तुत किया।

सुनीता मिश्रा, सटजर्स यूनीवर्सिटी, यूएसए में मई, 2015 को द्विभाषावाद पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय विचार–गोष्ठी में ''हिन्दी फिल्मों के गीतों के माध्यम से भारतीय बहु–भाषावाद का अर्थ निकालना'' विषय पर।

राष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत पत्र

हर्षिता चौधरी, दीप्ती गुप्ता, चारु गुप्ता ने लक्ष्मीबाई कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 10–11 फरवरी, 2015 को खाद्य और वस्त्र उद्योग – उभरती प्रवृत्तियां और परिप्रेक्ष्य पर यूजीसी प्रायोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''सिल्क अपशिष्ट से सेरिसिन के निष्कर्षण के लिए अभिनव इंफ्रारेड प्रौद्योगिकी'' विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

ज्योति अग्रवाल ने 16–17 अप्रैल, 2015 को समकालीन भारत के अन्वेषण पर सामाजिक विज्ञान के शोधकर्ताओं के प्रथम राष्ट्रीय कोलोक्विम में ''परिधान के अभिलक्षण : बदलता परिदृश्य'' पर एक पत्र प्रस्तुत किया।

कशिश वोहरा और शिप्रा गुप्ता ने राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद में 9–10 अक्तूबर, 2015 तक भारतीय पोषण सोसाइटी के 47वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में ''अर्ध–व्यावसायिक और व्यावसायिक महिला नृतकियों में आहार पद्धतियों, जीवन–शैली पैटर्नों और पोषण की स्थिति'' पर पत्र प्रस्तुत किया।

रेनू गुलाटी ने 2 मार्च, 2016 को इग्नू में ''तनाव और मानसिक स्वास्थ्य : बच्चों और किशोरों में पोषण सकारात्मकता'' पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में ''किशोरों के मध्य झुंझलाहट सहिष्णुता और आक्रामकता'' विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

रुचिरा दास ने ग्लोबल रिसर्च फोरम ऑन डायस्पोरा एंड ट्रांसनेशनलिज्म (जीआरएफडीटी) द्वारा इंडिया इंटरनेशनल सेंट, दिल्ली में 20–21 फरवरी, 2016 तक प्रवास, डायस्पोरा और विकास पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में ''स्वदेशी भूमि और शहर के बीच : कोलकाता के संथाल प्रवासियों के साथ बातचीत और उनके अनुभव : विषय पर पत्र प्रस्तुत किया।

वक्ताओं के रूप में आमंत्रित

निधि गुलाटी, नवम्बर–दिसम्बर, 2015 में शिव नादर विश्वविद्यालय के लिए उनके ''शिक्षा और सामाजिक रूपांतरण के लिए थिएटर'' के लिए ''बाल्यावस्था को समझना''।

सुनीता मिश्रा, जाकिर हुसैन शैक्षणिक अध्ययन केन्द्र, जेएनयू द्वारा सितम्बर, 2015 में आयोजित समारोह में ''ज्ञान, अंतर्वेशन और समाज : अंतर्विष्टायक परिप्रेक्ष्य''।

संकाय सदस्यों की संख्या : अस्थायी / तदर्थ : 47 / 45

वित्तीय आबंटन और उपयोग

संस्वीकृत राशि (रुपए में) : 18,86,65,760 / –

नियोजन विवरण

(क)	सफल नियोजन प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या	: 50+
(ख)	परिसर में भर्ती के लिए आने कंपनियों/उद्योगों की संख्या	: 30+
(ग)	पुनरावृत्ति करने वाले नियोजकों की संख्या	: 05+

विस्तार और संपर्क कार्य

'ईच वन टीच वन' – समुदाय शिक्षा कार्यक्रम, पोषण शिक्षा और आहार परामर्श शिविर, छात्रों को अनेक एनजीओ जैसे क्राई, मोबाइल क्रच, नेहरू युवक केन्द्र, हैल्प एज इंडिया के कार्यक्रमों के साथ जोड़ा जाता है और वे रोहिणी गधिआके फाउंडेशन के टीच फॉर इंडिया के साथ भी जुड़े हैं।

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

(क) सब्सक्राइब किए गए मुद्रित अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या : 2

(ख) सब्सक्राइब किए गए मुद्रित राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या : 19 जर्नल, 10 पत्रिकाएं

मानव व्यवहार व संबद्ध विज्ञान संस्थान

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

इंस्टिट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड एलाइड साइंसेज की वर्ष 2015–16 की प्रमुख उपलब्धियां हैं – मोबाइल मानिकस स्वास्थ्य इकाइयों के अंतर्गत समुदाय की सेवा, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू नियंत्रण संसाधन केन्द्र, तथा आपदा नियंत्रण प्रकोष्ठ के अंतर्गत राष्ट्रीय आपदा प्रबंध दिशानिर्देश तैयार करने में भूमिका निभाना और इसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्टता के केन्द्र के रूप में भी पहचाना गया है तथा यह एनएसीओ के अंतर्गत वायरल लोड के लिए एक रेफरल सेंटर भी है।

उत्कृष्ट सम्मान/विशिष्ट योग्यताएं

डा. मुकुल के जैन, एसोसिएट प्रोफेसर, न्यूरोएनेस्थीसिया को आईएमए–ईडीबी द्वारा उत्कृष्टता पुरस्कार–2015 प्रदान किया गया।

डा. राजीव ठाकुर प्रोफेसर, माइक्रोबायलॉजी विभाग को 1–7 मई, 2015 तक कैरो में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक बैठक के लिए डब्ल्यूएचओ ईएमआरओ के अस्थायी सलाहकार के रूप में आमंत्रित किया गया।

अनुसंधान परियोजनाएं

माइक्रोबायलॉजी विभाग : टीबीएमके रोगियों से एम. ट्यूबरकुलोसिस में औषधि प्रतिरोधक जीन का आण्विक निदान और विशेषता–वर्णन।

न्यूरो कैमिस्ट्री विभाग : आईसीएमआर द्वारा वित्त–पोषित ''विषय विकिरण क्षति का आकलन करने के लिए नवीन बायो–डोसिमीट्रिक दृष्टिकोणों का तुलनात्मक मूल्यांकन''।

तंत्रिका–विज्ञान विभाग : सामान्य चिकित्सकों स्वास्थ्य देखरेख कार्यकर्ताओं और समुदाय में थ्रोम्बोलाइसिस (एक्यूट स्ट्रोक मैनेजमेंट) के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ब्रेन–प्रपोजल को सुरक्षित रखना'', विश्व तंत्रिका–विज्ञान परिसंघ द्वारा वित्त–पोषित।

पुस्तकालय विकास

संबंधित विषय–क्षेत्रों में अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों जैसे राष्ट्रीय चिकित्सा पुस्तकालय (एनएसएल), यूसीएमएस, निम्हैंस, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) आदि के साथ विनियम कार्यक्रम स्थापित किए गए। पुस्तकालय सेवाओं के अलावा, पुस्तकालय और सूचना केन्द्र द्वारा संस्थान सेवाओं के अलावा, पुस्तकालय और सूचना केन्द्र द्वारा संस्थान विभिन्न अन्य क्रियाकलापों का संचालन भी यिका गया, जैसे कम्प्यूटरीकरण, वेब अद्यतनीकरण, एमआईएस द्वारा तथा जीएनसीटी के ई–ऑफिस प्रोग्राम का क्रियान्वयन।

प्रकाशनः

कार एस.के., बोरासी, एम., कुमार डी. और गुप्ता एस.के. (2015) आचरण विकृति वाले किसी किशोर बालक में कार्बोम्जेयिन उत्प्रेरित ऑफिटक न्यूरोपैथी : एक दुलर्भ मामला रिपोर्ट : भारतीय जे. साइकिएट्री;

त्रिपाठी, पी., गुप्ता एस.के., गोयल पी. और कार एस.के. (2015) बाइपोलर विकृति वाले रोगियों में पूर्व चेतावनी वाले लक्षण के रूप में ओलफैक्ट्री हैलुसिनेशंस का सफल प्रयोग। आस्ट्रेलियन एंड न्यूजीलैंड जर्नल ऑफ साइकिमाट्री, मार्च 18:0004867415577436.

शर्मा एस0, सेठी जीआर, गुप्ता यू (2015) मानक उपचार दिशा–निर्देश : मेडिकल थेरापेटिक्स के लिए नियमावली, दिल्ली : सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ रैशनल यूज ऑफ ड्रग्स एंड वोल्टर्स क्लूवर हैल्थ।

तलवार पी., सिल्ला वाई, ग्रोवर एस., गुप्ता एम., अग्रवाल आर., कुशवाहा एस., कुकरेती आर (2014). एल्जाइमर्स रोग में कैंरिडेट जीनों की पहचान के लिए जीनोमिक कन्वर्जेंस और नेटवर्क विश्लेषण दृष्टिकोण : बीएमसी जीनोमिक्स 15(1) : 199.

तलवार पी., सिन्हा जे., ग्रोवर एस. रावत सी., कुशवाहा एस., अग्रवाल आर., तनेजा बीआर, कुकरेती आर (2015). एलजाइमर्स रोग पैथोजिनेसिस की डाइसेक्टिंग कॉम्प्लेक्स और मल्टीफैक्टोरियल प्रकृति : नैदानिक, जीनोमिक और प्रणाली जैविकी संदर्श, एमओआई न्यूरोबिओल; डीओआई 10. 1007/एस 12035–015–9390–0.

गुप्ता आर., ठाकुर आर., जालान एन., पुमानसी आर. पॉल एम., और कुशवाहा (2016). ट्यूबरकुलोसिस मेनिनजाइटिस के निदान के लिए इन हाउस रीयल टाइम आईएस 6110, नेस्टेट पीएमटी 64 पीसीआर और रोचे एम्प्लीकोर 16 एसआर–आरएनए पीसीआर का तुलनात्मक मूल्यांकन : इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंफेक्शियस डिजीजेज़, 45 (1) : 33.

पंत एल, चतुर्वेदी एस, झा. डी.के., कुमारी आर. और प्रतेकी एस. (2015)। रेडियोलॉजिक पैथोलोजिक कोरिलेशन और नैदानिक दृष्टिकोण जे. न्यूरोसाइंस सरल प्रैक्ट; 6:191–97.

गुप्ता ए., छवि और सर्वजीत खुराना (2015). तृतीयक तंत्रिका–विज्ञान केन्द्र में न्यूरोसाइकियाट्रिक विकृतियों के स्पेक्ट्रम में कुल क्रिटिनाइन किनेज़ स्तरों का मूल्यांकन : इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मेडिसिन एंड पब्लिक हैल्थ में, 5(4) : 361–5.

सिंह रविन्द्र (2015), हिमालय में मौसमीय परिवर्तनों का प्रभाव : एंथ्रोपोलॉजी में हाशिए पर : एन इंटरनेशनल जर्नल ऑफ न्यू एज माइंड, खण्ड 48, 6:15–18.

सोनी एस., अग्रवाल पी. कुमार एन. मित्तल जी., निशाद डी.के., चौधरी एन.के., भटनागर ए और छिब्बर एन. (2016). विषय विकिरण क्षति के लिए संभावित विषय विषाक्तता मापदण्डों के रूप में सैलीवरी बायोमैमिकल मार्कर्स : छोटे प्रयोगात्मक पशुओं पर अध्ययन : हम एक्स टॉक्सीकोल, खंड 35(3)221–228.

शैलेश झा, अमित गर्ग, अमिल खन्ना (2015). किशोर हेमी–पार्किंसोनियम को रेखांकित करने के लिए डिसोसिएटिव डिसॉर्डर मैनिफेस्टिंग : न्यू क्रोनोलॉजीज फॉर ओल्ड ममीज़ : एशियन जर्नल ऑफ साइकियाट्री, 16, 61–62.

आयोजित सम्मेलन/प्रतिभागिता

सम्मेलन में प्रतिभागिता

डा. मुकुल जैन, न्यूरोएनेस्थीसिया विभाग, 26–29 दिसम्बर, 2015 को इस्कॉन 2015. जयपुर में ''एंटीरियर सर्विकल स्पाइन सर्जरीज़ के दौरान एंडोट्रैकियल ट्यूब कफ दबाव (ईटीटी) की मॉनटरिंग की प्रासंगिकता।''

डा. रेनू गुप्ता, माइक्रोबायलॉजी विभाग, ट्यूबरकुलोसिस मेनिनजाइटिस के निदान के लिए इन हाउस रीयल टाइम आईएस 6110, नेस्टेट पीएमटी 64 पीसीआर और रोचे एम्प्लीकोर 16 एसआर–आरएनए पीसीआर का तुलनात्मक मूल्यांकन : इंटरनेशनल जर्नल ऑफ इंफेक्शियस डिजीजेज़ (आईसीआईडी 2016). हैदराबाद में 2–5 मार्च, 2016 तक आयोजित।

डा. सर्बजीत खुराना, एपीडेमियोलॉजी विभाग, ''भारत में वयस्कों में सीएडी का बोझ : एक व्यवस्थित समीक्षा'', गांधीनगर, गुजरात में 7–9 जनवरी, 2016 तक आयोजित 43वें आईएपीएसएम वार्षिक सम्मेलन 2016 में।

संकाय सदस्यों की संख्या : स्थायी : 40, तदर्थ : 02

वित्तीय आबंटन और उपयोग

संस्वीकृत अनुदान : 8700 लाख रुपए

उपयोग की गई राशि : 8014.62 लाख रुपए

विस्तार और संपर्क कार्य

आस–पड़ोस क्षेत्रों में आयोजित शिविरों की संख्या :

1. बौद्धिक निःशक्तता वाले बालकों के लिए 27 मार्च, 2016 को निःशक्तता आकलन और प्रमाणन शिविर।
2. समुदाय के मध्य जागरूकता का पता लगाने के लिए पूर्वी दिल्ली के विभिन्न स्थानों में पक्षाघात जागरूकता शिविर।

सब्सक्राइब किए गए जर्नल

(क) सब्सक्राइब किए गए अंतर्राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या : (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) : 107

(ख) सब्सक्राइब किए गए राष्ट्रीय जर्नलों की संख्या : (ऑनलाइन + पेपर बैक संस्करण) : 50

जानकी देवी कॉलेज

प्रमुख क्रियाकलाप और उपलब्धियां

एक शैक्षणिक उत्कृष्टता समिति का गठन भी किया गया है जिसका अधिदेश ऐसी परियोजनाएं संचालित करना है जो अभिनव और अनुसंधान–उत्प्रेरित हों तथा इसमें संगोष्ठियों और/अथवा कार्यशालाओं का आयोजन करना भी शामिल है। कॉलेज के छात्रों के लिए पन्द्रह दिन का आत्मरक्षा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिन छात्रों ने इसमें भाग लिया था उन्हें सुश्री मीनाक्षी लेखी, संसद सदस्य, लोक सभा द्वारा प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया गया। कॉलेज के समान अवसर प्रकोष्ठ और समर्थकारक एकक ने हाल ही में आईआईटी द्वारा विकसित स्मार्ट केन्स उपलब्ध कराई। इन छात्रों के लिए एक माह की अवधि की आत्मरक्षा कार्यशाला भी आयोजित की गई थी। इसके अलावा, छात्रों के लैपटॉपों में ऐसे साफ्टवेयर संस्थापित किया गया जो पठन और प्रिंटिंग को आसान बनाता है तथा उन्हें उसका प्रयोग करने का समुचित प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। जेडीएमसी सुनिश्चित करती है कि दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों के कारण कोई भी छात्र उपेक्षित न रहे। कॉलेज ने उपचारात्मक कक्षाओं का आयोजन भी किया है जिसके लिए 200 से भी अधिक छात्रों ने विकल्प दिया जिससे उनके द्वारा विभिन्न विषयों में सामना की जा रही कठिनाइयों का निवारण किया जा सके। बी.एससी. (ऑनर्स) कॉलेज के द्वितीय और तृतीय वर्ष के 88 छात्रों ने एस.पी. कॉलेज पुणे तथा होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र, प्रतियोगिता में भाग लिया जिसका आयोजन समूचे भारत में 13 दिसम्बर, 2015 को किया गया था।

उल्लेखनीय सम्मान/विशिष्ट उपलब्धियां

डा. अनुराध आनंद, अर्थशास्त्र विभाग की पूर्व–कार्यवाहक प्राचार्य को डा. एस. राधाकृष्णन स्मारक राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षा पुरस्कार 2015 प्रदान किया गया।

डा. राज्यलक्षी, समाजविज्ञान विभाग ने आईसीएसएसआर के साथ अपना पोस्ट डाक्टोरल शोध–कार्य पूर्ण किया जिसका शीर्षक था, ''नृजातीय पहचान के प्रतीक के रूप में भाषा : आंध्र प्रदेश के तेलंगाना जिले में मल्की आंदोलन का अध्ययन''।

डा. सौम्या गुप्ता, इतिहास विभाग, को मार्च, 2015 में दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा ''उत्तर भारतीय उपनिवेशी शहर, कानपुर का सामाजिक इतिहास सी. 1850–1950'' विषय के लिए सम्मानित किया गया।

डा. रुचि श्री, राजनीति विज्ञान विभाग को राजनीति अध्ययन केन्द्र (सीपीएस) जेएनयू में ''प्राकृतिक संसाधन के रूप में जल की राजनीति : दो आंदोलनों (प्लाचीमाडा और तरुण भारत संघ) शीर्षक के शोध प्रबंध के लिए, अप्रैल, 2015.

डा. आभा जैन, खेल विभाग ने अक्तूबर, 2015 में 10वीं दिल्ली मास्टर्स एक्वैटिक प्रतियोगिता में 5 रजत पदक जीते तथा राष्ट्रीय मास्टर्स प्रतियोगिता के लिए अर्हता प्राप्त की। उन्होंने ऑडेक्स क्लब पैरीसियन (एसीपी) फ्रांस के अंतर्गत ऑडेक्स इंडिया रैंडोनेमर्स (एआईआर) द्वारा आयोजित 200 किमी की साइकिलिंग प्रतियोगिता ब्रेवेट डेल मोडिएक्स (बीआरएम) को पूरा किया। उन्होंने दिसम्बर, 2015 में जीएफआर, गुड़गांव, हरियाणा में आयोजित ग्रेन फोंडो साइकिलिंग रेस में दूसरा स्थान भी प्राप्त किया।

विशेष योग्यता वाले छात्र

लीज़ा वधवा, बी. कॉम (ऑनर्स) द्वितीय वर्ष को यूनाइटेड नेशंस द्वारा रियो 23 + विश्व मानवीयता शिखर–सम्मेलन प्रमाणन कार्यक्रम 2016 के प्रोग्राम मेंटर के रूप में नियुक्त किया गया है।

अपर्णा कुमारी और अद्वैता पराशर, बी.ए. (ऑनर्स) समाज–शास्त्र (तृतीय वर्ष) का चयन टेरी द्वारा दक्षिण एशियाई युवा कॉन्क्लेव के लिए किया गया।

निहारिका शर्मा, बी.ए. (ऑनर्स) दर्शनशास्त्र, तृतीय वर्ष का चयन टेरी और जेन पैक्ट द्वारा एक वर्ष के लिए मार्गदर्शित एलईए ड्रेथ शिप फेलोशिप के लिए किया गया है। इस फेलोशिप में नेतृत्व और संपोषणीतया पर बल प्रदान किया जाता है।

वृंदा चतुर्वेदी, बी.ए. (ऑनर्स) समाजशास्त्र, तृतीय वर्ष ने बीबीटी ब्रिटिश हाईकमीशन डिबेट द्वारा आयोजित ग्रेट डिबेट, 2015 में प्रथम रनर–अप स्थान प्राप्त किया। उन्होंने यूएन तथा नासास से जलवायु परिवर्तन के लिए प्रमाण–पत्र भी प्राप्त किया।

मोना और पूजा, बी.ए. (ऑनर्स) राजनीति विज्ञान, तृतीय वर्ष ने दिल्ली ओलिम्पिक खेल 2015 तथा दिल्ली राज्य हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया तथा दोनों ही प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वे दिल्ली की हैंडबॉल टीम का भाग भी थे तथा उन्होंने 12–15 जुलाई, 2015 तक नेल्लोर, आंध्र प्रदेश में आयोजित फेडरेशन कप हैंडबॉल टूनार्मेंट में चौथा स्थान प्राप्त किया।

रक्षा पंवार बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी, तृतीय वर्ष आकांक्षा, बी.ए. (ऑनर्स) इतिहास, तृतीय वर्ष, राखी और इनिकादीप कौर बी.ए. (प्रोग्राम), द्वितीय वर्ष तथा मोहिनी चौधरी, बी.ए. (प्रोग्राम), प्रथम वर्षका चयन डीयू फुटबॉल टीम के लिए किया गया जिसने कानपुर में आयोजित उत्तर क्षेत्र विश्वविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट में रनर अपर ट्राफी जीती तथा उनहोंने 26 फरवरी से 1 मार्च, 2016 तक चेन्नई में आयोजित अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में भी भाग लिया।

पुस्तकालय विकास

हमारा पुस्तकालय पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत है जिसमें लिबासिस सॉफ्टवेयर (एकीकृत पुस्तकालय प्रबंध प्रणाली) का प्रयोग किया गया है जहां सभी हाउसकीपिंग कार्य लिबासिस के माध्यम से निष्पादित किए जाते हैं। पुस्तकालय में संग्रहणों को ढूंढने के लिए ओपीएसी सुविधा है। पुस्तकालय में प्रयोक्ताओं की सहायता के लिए दो ओपीएसी मशीनें संस्थापित की गई हैं। ओपीएसी मे बेसिक और एडवांस सर्च सुविधा विद्यमान है। हम अपने दृष्टि–बाधित प्रयोक्ताओं की आवश्यकताओं से भी अवगत हैं। उन्हें भी समान पहुंच प्रदान करने के लिए पुस्तकालय ने एक स्क्रीन रीडिंग सॉफ्टवेयर (साफा) तथा ऑडियो रिकॉर्डर/सीडी प्लेयर संस्थापित किए हैं तथा दृष्टि–बाधित प्रयोक्ताओं को प्लेक्सटॉक्स एंगल पाकेट रिकार्डर जारी किए जाते हैं तथा हम उनके लिए ब्रेल पुस्तकों और बोलती पुस्तकों की व्यवस्था भी करते हैं। हमारे दृष्टि–बाधित छात्रों/शिक्षकों के लिए एक कम्पूयटर प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। यह जे.डी.वी.सी. दिल्ली पुस्तकालय एसोसिएशन और एनआईओएस के छात्रों के लिए सी.एल.एस. (पुस्तकालय विज्ञान में प्रमाण–पत्र) का प्रशिक्षण केन्द्र भी है। जे.डी.एम.सी. पुस्तकालय में महिला अध्ययन संसाधन केन्द्र भी है।

प्रकाशन

पुस्तकें

अनुरागी, रजनी बाला, 2015, डा. तेज सिंह का स्त्री चिंतन, दिल्ली आरोही (आईएसबीएन 987–93–81883–30–3).

.... 2015, वर्चस्व के बरकस, दलित स्त्री रचनाकारों की कहानियां, दिल्ली, आरोही (आईएसबीएन 987–93–81883–31–3).

चंचल, 2015 इंदिरा गांधी और कांग्रेस का समाजवाद (1967 से 1977 तक उनकी नीतियां और उपलब्धियां, दिल्ली, साहित्य संचय (आईएसबीएन 978–93–82597–11–7).

.... 2015, तुलनात्मक सरकार और राजनीति, नई दिल्ली, न्यू सेंचुरी पब्लिकेशंस (आईएसबीएन 978–81–7708–407–2).

चन्द्रा, राजश्री, (2016), दि कनिंग ऑफ राइट्स : लॉ, लाइफ, बायोकल्चर्स, दिल्ली ऑक्सफोर्ड यूनीवर्सिटी प्रेस (आईएसबीएन 10: 0–19–945967–2).

गर्ग, संध्या, 2015, देश विभाजन और समकालीन कथा साहित्य, नई दिल्ली, पारवी प्रकाशन (आईएसबीएन 978–93–81501–24–5).

.................., 2015, अज्ञेय का कथा साहित्य : आधुनिकता बोध के संदर्भ में, नई दिल्ली पारवी प्रकाशन (आईएसबीएन 978–93–81501–28–3).

नागपाल, पायल (2015), संस्कृति में बदलते प्रतिमान : जीन जेनेट द्वारा तीन नाटकों का अध्ययन : दि मेड्स, दि बालकोनी और दि ब्लैक्स, नई दिल्ली, न्यू कैसेल (आईएसबीएन 13:978–1443876988).

पाल, स्वाति (2015), भारत–आस्ट्रेलियाई संबंध, सिंहावलोकन और संभावनाएं, नई दिल्ली, पिनैकल लर्निंग (आईएसबीएन 978–93–83848–16–4).

रियामेई, लंग लुई यांग (2015), कुर्दिश प्रश्न : स्व–निर्धारण के लिए पहचान, प्रतिनिधित्व और संघर्ष, नई दिल्ली, नॉलेज वर्ल्ड पब्लीशर्स लि. (आईएसबीएन 978–93–83649–36–5).

तिवारी, जे.पी. (2015), पारिस्थिकी, संप्रेषण और पर्यावरण, नई दिल्ली, के.के. पब्लिकेशन (आईएसबीएन 978–81–7844–266–2).

अंतर्राष्ट्रीय जर्नल

चचंल, मई, 2015, ऊर्जा विकास और ऊर्जा सुरक्षा के प्रति भारत की रणनीति – चुनौतियां और अवसर, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा विज्ञान और इंजीनियरी जर्नल, खंड 1, सं. 2, पीपी 31–39 (आईएसएसएन 2381–7275 ऑनलाइन, 2381–7267 प्रिंट)।

चरण, अमिता, 2015, भारतीय कार बाजार में डिजिटल मार्केटिंग और ऑनलाइन उपभोक्ता व्यवहार, अंतर्राष्ट्रीय प्रबंध जर्नल, खण्ड 4, सं. 2 (आईएसएसएन 2278–8913), ए डबल ब्लाइंड पीर रिव्यूड जर्नल।

दीपशिखा, जुलाई, 2015, भारत में पश्चिमोत्तर आईआर सिद्धांत की अनुपस्थिति पर पुनर्विचार : वैकल्पिक ज्ञान–मीमांसात्मक संसाधन के रूप में 'एडवेटिक मोनिज्म', यूरोपीय अंतर्राष्ट्रीय संबंध जर्नल।

गुप्ता, तानु, मार्च, 2016, त्रिकोणीय साइक्लिक स्ट्रेस लोडिंग के अंतर्गत समय–सेंसर्ड शून्य विफलता एएलटी योजना, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ पर्फोमेटिबिलिटी इंजीनियरिंग, खण्ड 12, सं. 2.

रावल, तनूजा, अक्तूबर–दिसम्बर, 2014, भगवदगीता के अनुसार जीवन के उद्देश्य, अंतर्राष्ट्रीय अंतर्विषप्तक अनुसंधान जर्नल, खंड 15, पीपी 24–31. (आईएसएसएन एन 2249–6114),

राष्ट्रीय जर्नल

चौधरी शिल्पा, 2016, भारतीय कृषि में सकल कारक उत्पादकता में अभिवृत्तियां : गैर–पैरामीट्रिक सीक्वेंशियल मामक्विस्ट सूचकांका का प्रयोग करते हुए राज्य स्तरीय साक्ष्य इंपीरियल अंतर्विषयक अनुसंधान जर्नल, खंड 2, सं. 2.

ब्रहमचारी, देवहूति, जुलाई, 2015, उपेक्षितों तक पहुंचना : सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत मोबाइल विद्यालयों (चलता–फिरता स्कूल) पर अध्ययन, आईओएसआर मानविकी और सामाजिक–विज्ञान जर्नल, खंड 20, सं. 7 (आईएसएसएन 2279–0837),

नागपाल, पायल, जुलाई, 2015, कविता का अनुवाद : प्रसिद्ध कश्मीरी कवि लाल देग का मामला, साहित्यिक अध्ययन जर्नल खंड 1.

सिंह, गुरिंदर एच, सितम्बर, 2015 ''हिन्दुस्तानी गायन संगीत पर आधुनिक प्रवृत्तियों का वैश्विक प्रभाव'', बगेश्वरी, खंड 18 (आईएसएसएन 0975–7872),

आयोजित सम्मेलन/प्रस्तुत पत्र

आयोजित सम्मेलन

जानकी देवी स्मारक कॉलेज ने 1 और 2 अप्रैल, 2016 को बहुविषयक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'डाइवर्जेंस' का आयोजन किया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भाग लिया जिन्होंने लोकतंत्र, राष्ट्रवाद, मीडिया, पर्यावरण, लिंग–भेद आदि से संबंधित वर्तमान मुद्दों पर अपना दृष्टिकोण व्यक्त किया। यह सम्मेलन अनूठा सम्मेलन था जिसने संकाय के बहुलवादी दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया।

डॉ. दिवेश विजय इतिहास ने नेहरू स्मारक संग्रहकय और पुस्तकालय, नई दिल्ली में जुलाई 2015 में दो वर्ष की फैलोशिप सफलतापूर्वक पूर्ण की जिसमें उन्होंने दो कार्यकारी दस्तावेज प्रस्तुत किए और एक पुस्तक शीर्षस्थ 'दलित और प्रजातंत्रः दो उत्तर भारतीय समुदायों, मुबंइ में परागमनः हिमाचल प्रकाशन, (2016) उन्होंने अक्तूबर और दिसंबर, 2015 के बीच भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान परिषद और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को दो बड़ो शोध परियोजनाएं प्रस्तुत की। उन्हें समकालीन विश्व में पेपर मुद्दों पर पाठ्यक्रम संशोधन समिति का 2015–16 में संयोजक नियूक्त किया गया।

डॉ. सोनू त्रिवेदी (राजनैतिक विज्ञान) को प्रबंधन में पांच–वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम (2015–16) हेतु भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर में अतिथि संकाय कें रूप में आमंत्रित

अनुसंधान परियोजनाएं

डॉ. महोम्मद वाहिद अंसारी (वनस्पति विभाग) , विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा शोघ परियोजना शीर्षस्थ ''आम विकृति में फ्यूसेरियम आम के जरिए ईथीलीन प्रेरित लक्षण–वर्णन' में प्रधान जांचकर्ता हैं। मंजूर राशिः रुपये 19,39,000 वर्ष 2013–16

डॉ. रतनू कौल वतल (वनस्पति विभाग) को नवाचार परियोजना शीर्षथ 'नोएडा/ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में आ रही जल समस्या के समाधान के लिए गणितीय मॉडल की डिजाईनिंग' प्रदान की गई जिसके वित्त–पोषण अनुसंधान परिषद, दिल्ली विश्वविद्यालय किया। मंजूर राशिः रुपये 3,50,000 वर्षः 2015–16

डॉ. एस.के.रजोरिया भौतिकी को दिल्ली विश्वविद्यालय की नवाचार परियोजना ''प्रोढ़ों के स्वास्थ्य पर योग और शारिरिक व्यायाम'' प्रदान की गई। मंजूर राशि रुपये 3,50,000. वर्ष : 2015-16.

डॉ. सतिश गंता (प्राणी विज्ञान) को दिल्ली विश्वविद्यालय की नवाचार परियोजना ''कीटनाशक दवाईयों के अभिज्ञान हेतु प्रयोक्ता अनुकूल निम्न लागत पोर्टेबल जैवसंकेतक का विकास'' प्रदान की गई। मंजूर राशि रुपये 7,00,000. वर्ष 2015-16.

डॉ. सुनील कुमार (प्राणी विज्ञान) को दो दिल्ली वश्वविद्यालय नवाचार परियोजनाएं प्रदान की गई जिनमें से एक थी ''कीटनाशक दवाईयों के अभिज्ञान हेतु प्रयोक्ता अनुकूल निम्न लागत पोर्टेबल जैवसंकेतक का विकास'' और दूसरी परियोजना शीर्षस्थ ''नोएडा/ग्रटर नोएडा क्षेत्र में हाने वाली जल समस्या के समाधान के लिए गणितीया मॉडल की डिजाईनिंग'' मंजूरी राशिः रुपये 3,50,000 और रुपये 7,00,000 क्रमशः वर्ष 2015-16.

छात्रों की उत्कृष्टता

महोम्मद अबदूल कलाम को स्नातक (आनर्स) अरबी में 80.55 प्रतिशत के साथ विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ

राखी गोस्वामी को स्नातक (आनर्स) बंगाली में 63.35 प्रतिशत के साथ विश्वविद्यालय पदक प्राप्त हुआ।

एनसीसीः इस वर्ष हमारे एनसीसी केडेट का गणतंत्र दिवस शिविर सेना संयोजन शिविर, अखिल भारतीय ट्रेकिंग शिविर , वार्षिक प्रशिषण केंद्र, संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर, राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में चयन हुआ और उनमें भाग लिया और कॉलेज की प्रतिष्ठाा बढ़ाई। 26 जनवरी, 2016 को 8 केडेट को सम्मन गारद के लिए चयन किया गया और 5 केडेट का पुष्पहार भेंट समारोह के लिए चयन किया गया और सीडीटी प्रिंस चौधरी का

अमर जवान ज्योति घटना हेतु सेना गार्ड कमांडर के रूप में चयन किया गया।
एनएसएसः एक छात्र, अंकित कुमार का पूर्व–गणतंत्र दिवस शिविर परेड के लिए चयन किया गया।

पूस्तकालय विकासः

आबंटित अनुदान : रुपये 13,35,000/-

खर्च : रुपये 13,35, 787/-

जोड़ी गई पूस्तकें और जर्नल : 3005

प्रकाशन

अबदुल्ला (2016) वाल्श–फोरियर ट्रांसफोर्म प्रयुक्त करके पोजिटिव हॉफ लाईन पर पी–वेवलेट फ्रेम की आवश्यक अवस्था। अंतर्राष्ट्रीय कंप्यूटर व गणित विज्ञान जर्नल 5,(2) 105–109
आलम आफताब (2016) भेदभाव और आपवादः भारत में दलित मुस्लिम का मामला असमान विश्वः आधुनिक भारत में भेदभाव और सामाजिक असमानता, (ईडी) विद्यु वर्मा, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय प्रेस, नई दिल्ली।
आरिफ, मोहम्मद (2016) प्राईमरिज की गुरूत्वाकर्षी ताकतों के प्रभाव सहित आयोजक चुंबकीय बिनरिज समस्या का तुल्य कालन, अंतर्राष्ट्रीय विशान और अनुप्रयुक्त अुनसंधान जर्ननल 2 (12). 112-121.
गुप्ता, श्रुति (2015) सामाजिक उद्यमिताः चलन और चुनौतियां अंतर्राष्ट्रीय उद्यमिता और व्यापार परिवेश परिप्रेक्ष्य जर्नल 4(3). 1813-18.
महेशवरी, अंकुर (2016) एलियूसाईन प्रजाति में आनुवांशिक सुधार जीन पूल विविधता और फसल सुधार (ईडी) वी.आर.राजपाल ईटीएएल, स्विटजरलैंडः स्प्रिंगर अंतर्राष्ट्रीय पब्लिशिंग।
पंडिता, संगीता (2015) घास–फूस और एग्रो–आधारित अवशिष्ट का उपयोग और हाथ से कागज बनाने हेतु उनका मिश्रण डीयू स्नातक–पूर्व अनुसंधान और नवाचार जर्नल 1(3) 169-79.
रीटा (2015) भारत में सार्वजनिक क्षेत्र कंपनियों में मानव संसाधन लेखांकन पद्धति। मानव संसाधन प्रबंधन में चलन का अंतर्राष्ट्रीय जर्नल 4(1). 16-26.
रेहमान, जीमल–उर और जमशेद खान (2016) अहेड–ई–वास्ता की दिल्लीः तहजीबी झलकियां दिल्लीः ग्रेटबुक कन्ट्रक्टर।
सिंह, श्रद्धा ए. (2015) कनाडियन बहुसंस्कृतिवाद में वर्तमान संकट का परिचयन, लपीस लाजुलीः एक अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक जर्नल 5(1).360–370
त्रिवेदी, सोनू (2015) अधिकारिता से प्रजातंत्र में पारगमनः इंडीनेशिया और मसंमार का तूलनात्मक अध्ययन, नई दिल्ली : अटलांटिक।

सम्मेलन आयोजित/प्रतिभागिता

वनस्पति–विज्ञान विभाग ने यूजीसी द्वारा प्रापोजित ''फसल सुधार में जैव–प्रौद्योगिकीः संभावनाएं और चुनौतियां'' पर 1 अप्रेल, 2016 को राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित की।
राजनैतिक विज्ञान विभाग ने 'दृष्टि के रंग' पर मार्च, 2016 में एक दिवसीय यूजीसी प्रायाजित राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया।
गांधी स्टडी सर्कल ने दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से ''गांधी और समकालीन विश्व'' पर 24–25 फरवरी, 2016 को सम्मेलन केंद्र, दिल्ली विश्वविद्यालय में दो द्विसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया।

महोम्मद अफज़ल अंग्रेजी ने 'भारतीय मातृभाषाः भाषा, साहित्य और ईतिहास' का यूजीसी राष्ट्रीय सेमिनार में शोध प्रस्तुत किया जिसका आयोजन अंग्रेजी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय ने सितंबर 2015 में किया।
सुश्री श्रृद्ध अदित्यवीर सिंह अंग्रेजी ने ब्रिटिश पुस्तकालय, लंदन यूनाइटिड किंगडम में 20 अप्रेल 2016 को कनाडियन अध्ययन सम्मेलन हेतु 41 वीं ब्रिटिश एसोसिएशन में शेध प्रस्तूत किया। उन्हें इसके लिए यूजीसी यात्रा अनुदान प्राप्त हुआ।

संकाय संख्याः स्थायी संकाय : : 149; अस्थायी : 03; तदर्थ : 45

वित्तीय आबंटन और उपयोगिता (रुपये में)

मंजूर अनुदान: रुपये 38,35,45,760

उपयोगित : रुपये 38,85,94,231

दायर/मंजूर पेटेंट

राष्ट्रीय

सौर जल शोधन, भारतीय पेटेंट आवेदन 472/DEL/2013 (परिणात 2016-2017 में) – भौतिकी विभाग

नियुक्ति ब्यौरा

सफल नियुक्ति ब्यौरा पाने वाले छात्रों की संख्या : : 76

कैम्पस भर्ती के लिए आने वाली कंपनियों/उद्योंगो की संख्या : 06

पुनः आने वाले नियोक्ता: 02

विस्तार और अभिगम्यता कार्य

आस–पास के क्षेत्रों में आयोजित शिविरों की संख्या

ग्रामीण मेरठ का 14 अप्रेल, 2016 के अध्ययन दौरा

एनएसएस द्वारा 24 सितंबर, 2015 को डेंगू जागरूकता शिविरों में पंजीकृत/शामिल व्यक्तियों की संख्याः 35ः पडोस के लगभग 5000 व्यक्तियों को प्रभावित किया।

शिविरों में काम करने वाले छात्रों की संख्याः 25 :400

इन शिविरों में सामर्पित कुल घंटे : 10 घंटेः 3 घंटे

विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र

राजनैतिक विज्ञान विभाग को म्यांमार के छात्रों और शिक्षकों के आगंतुक शिष्टमंडल का आतिथ्य करने का अवसर मिला और उसने अक्तूबर 2015 में उनके साथ चर्चा की।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

प्रकृति और पर्यावरण सोसायटी की निवर्तमान परियोजना के भाग के रूप में 40 छात्रों का एक समह'' बीज संग्रहण और संरक्षण यात्रा'' में असोला भाटी वन्यजीवन अभ्यारण्य में गया।

जाकिर हुसैन स्नातकोत्तर कॉलेज (संध्या)

मुख्य कार्यकलाप और उपलब्धियां

प्रथम अमीर हसन अबीदी स्मारक व्याख्यन का आयोजन 14 अप्रेल 2016 को हुआ जिसमें प्रोफेसर शहीद मेहदी, पूर्व कुलपति, जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। प्रथम महमूद बेग स्मारक व्याख्यान 19 अप्रेल, 2016 को आयोजित किया गया जिसमें प्रोफेसर रमेश चन्द, सदस्य, नीति आयोग मुख्य अतिथि थे। जेडएचडीसी (ई) राष्ट्रीय सेवा स्कीम ने 1 अक्तूबर, 2015 को स्वच्छ भारतअ अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए। सरदार वल्लभ भाई पटेल के वार्षिक स्मरणोत्सव, राष्ट्रीय एकता उत्सव का 29–31 अक्तूबर, 2015 को कॉलेज में अयोजित हुआ। एनएसएस ईकाई ने भी 12 जनवरी, 2016 को स्वामी विवेकानंद की जन्मशती अयोजित की। उर्दू साहित्यिक और संस्कृति सोसायटी, बज्म–ए–अदब ने उर्दू कवि अखतर–उल–ईमान पर व्याख्यान का आयोजन किया। संस्कृत विभाग ने 4 फरवरी, 2016 को सेवानिवृत प्रोफेसर प्रवेश सक्सेना ने वेद और गीता पर व्याख्यान दि। इतिहास विभाग ने प्रोफेसर नजफ हैदर, जेएनयू, और प्रोफेसर पी.के.बसंत, जामिया मिलिया इस्लामिया, द्वारा 29 फरवरी, 2016 और 18 मार्च, 2016 को सेमिनार का आयोजन किया।

उत्कृष्ट सम्मान/विशिष्टता

डॉ. प्रभात रंजन, सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग, को उनकी पुस्तक कोठागोई के लिए जयपूर साहित्यिक समारोह 2016 में 'प्रथम भास्कर युवा लेखक सम्मान प्रदान किया गया।

अनुसंधान परियोजनाएं

डॉ. मधुमिता चक्रबर्ती, श्री संजय कुमार और श्रीमती अमरीन के विश्वविद्यालय नवाचार परियोजना ''दिल्ली विश्वविद्यालय में अल्पसंख्यक छात्राओं की गिरती दरः दिल्ली विश्वविद्यालय'' व चयनित कॉलम का अध्ययन'' प्राप्त हुई।

डॉ. अनिल शर्मा को 'हिंदी रंगमंच के विकास में नाट्य संस्थाओं का योगदान'' पर यूजीसी परियोजना प्राप्त हुई।

पूस्तकालय विकास

पुस्तकालय में 2015–16 सत्र में 16938 पाठ्यपुस्तकें जोड़ी गई। पुस्तकालय का कार्यकारी कार्यकाल 3.00 बजे सांय के स्थान पर 3.00 बजे सांया से 9.00 बजे सांय तक बढ़ाया गया। छात्र यूनियन ने पाठ्पुस्तकों की खरीद के लिए रुपये 20,000 का दान दिया। पुस्तकालय को पूर्ण वातानुकुलित बनाया गया। शिक्षक पठन कक्ष में सम्मेलन/सेमिनार आदि में प्रयोगार्थ प्रिंटर और स्कैनर सहित एक कंप्यूटर सेट स्थापित किया गया। पुसतकालय में एक फोटोकोपियर मशीन भी स्थापित की गई। पुस्तकों की खोज के लिए पुस्तकालय में दो नए ओपीएसीा स्थापित किए गए। सभी पुस्तक अल्मारियों और रंग को पेंट किया गया।

सम्मेलन आयोजित/प्रतिभागिता

वाणिज्य और अर्थशास्त्र विभागों ने 3–4 नवंबर, 2015 को ''व्यापार और आर्थिकी में उभरती चुनौतियां व अवसर'' पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

अंग्रेजी विभाग ने 3–4 मार्च, 2016 को ''इमेजिंग दि इंडियन पापूलरः ग्लोबेलाईजेशन एंड इट्स (डिस) कंटेंट'' पर यूजीसी प्रायोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

पर्यावरण विभाग ने 21–22 मार्च, 2016 को '' 21 वीं सदी के पर्यावरण मुद्दे: भारतीय और वैश्विक परिप्रेक्ष्य'' पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयाजित किया।

राजनैतिक विभाग ने अर्थशास्त्र, हिंदी, दर्शन शास्त्र और इतिहास विभागों के सहयोग से 29–30 मार्च, 2016 को 'भारत में बनाएं: नीति, मुद्दे और चुनौतियां'' पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजति किया।

संकाय संख्याः स्थायी संकाय : 53; तदर्थ 34

वित्तीय आबंटन और उपयोगिता (रुपये में)

मंजूर अनुदान रुपये 16,07,82,760/-

उपयोगित रुपये 14,64,42,140/-

नियुक्ति ब्यौरा

सफल नियुक्ति ब्यौरा पाने वाले छात्रों की संख्या	: 14
कैम्पस भर्ती के लिए आनेवाली कंपनियों/उद्योगों की संख्या	: 01

विश्वविद्यालय छात्रावास/हॉल

अंबेडकर–गांगुली महिला छात्रावास

अम्बेडकर–गांगुली महिला छात्रावास अक्टूबर 2003 में आरंभ किया गया था और इसका रखरखाव दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा किया जाता है। यह दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्राओं के लिए एक बड़ा और आत्मनिर्भर निवास है। यह निन्यानबे आवासियों और चार अतिथि आवासियों तक समायोजित कर सकता है। इस छात्रावास को सौंदर्य की दृष्टि से प्रत्येक शाखा में 50 कमरों के साथ दो विशाल और हवादार पक्षों में बांटा गया है। छात्रावास में एक सुसज्जित कम्प्यूटर कक्ष, कॉमन रूम, जिम, अध्ययन कक्ष सह– पुस्तकालय और एक आधुनिक रसोईघर के साथ विशाल डायनिंग हॉल है। छात्रावास विश्वविद्यालय परिसर तक जाने और छात्रावास वापस लौटने के लिए शटल बस सेवा प्रदान करता है।

प्रोवोस्ट इस छात्रावास के प्रमुख हैं और वार्डन तथा आवासी अध्यापक कार्यालय के कर्मचारियों की सहायता से दिन–प्रतिदिन का प्रशासन संभालते हैं।

इसमें दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और इसके विभागों अर्थात् अर्थशास्त्र, भूगोल और समाजशास्त्र के स्नातकोत्तर छात्रों के लिए उनचास सीटें हैं। अन्य पचास सीटें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए आरक्षित हैं। कुल 99 सीटों में से 5% सीटें दिव्यांग श्रेणियों के लिए आरक्षित हैं। सभी सीटों को संबंधित विभागों द्वारा प्रदान मेरिट सूची के संदर्भ सहित, विभिन्न विषयों के आवेदकों के बीच योग्यता के क्रम से आवंटित किया गया है।

शैक्षणिक सत्र 2015–2016 के लिए आवेदन पत्रों की बिक्री 13 जुलाई, 2015 से आरंभ की गई।

28 जुलाई से छात्रों का दाखिला आरंभ हुआ और उसी दिन यानि 28 जुलाई, 2015 से छात्रावास को फिर से खोल दिया गया।

21 सितंबर को 2015 स्टूडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (एसडब्ल्यूए) के चुनाव के साथ शैक्षणिक सत्र 2015–2016 आरंभ हुआ। समीक्षाधीन अवधि के दौरान छात्रावास में कार्यकारी सदस्यों और हॉस्टल अधिकारियों तथा निर्वाचित एसडब्ल्यूए की मदद से विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गई।

कुछ आयोजित कार्यक्रमों की एक झलक

15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण, राष्ट्रीय गान का गायन हुआ और उसके बाद मिठाइयां बांटी गईं। इस दिन पर, छात्रावास अधिकारियों के साथ–साथ छात्रावास स्टाफ ने मेस में एक साथ नाश्ता किया। 6 अक्टूबर को शानदार तरीके से फ्रेशर पार्टी मनाई गई। इस अवसर पर प्रो. दिनेश सिंह मुख्य अतिथि थे। 11 वीं नवंबर 2015 को दीवाली उत्सव मनाया गया जिसमें छात्रावास भवन को प्रकाशित किया गया था और दीये और मिठाई के साथ परंपरागत तरीके से त्योहार मनाया गया। क्रिसमस के दिन कैरोल गायन, छात्रों के साथ केक काटने और क्रिसमस पेड़ को सजावटी वस्तुओं और रोशनी के साथ सजा कर, क्रिसमस मनाया गया। 13 जनवरी, 2016 को अलाव जला कर लोहड़ी का समारोह मनाया गया था, सभी छात्राओ ने अलाव में आहुति दी। गणतंत्र दिवस को राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, राष्ट्रीय गान का गायन हुआ और आवासियों एवं कर्मचारियों में मिठाई व नमकीन बांटा गया। इस दिन छात्रावास के अधिकारियों के साथ–साथ छात्रावास के कर्मचारियों ने एक साथ नाश्ता किया।

फरवरी 2016 के पहले सप्ताह में आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन द्वारा छात्रावास में सात दिनों का एक ''हा+.'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे कई आवासियों को लाभ हुआ है।

24 मार्च, 2016 को रंग के साथ होली मनाई गई और कर्मचारियों एवं छात्रों में मिठाई बांटी गई।

उत्सव के कार्यक्रम विभिन्न संस्कृतियों के आवासियों को साथ लाते हैं, जहां वे अपने अनुभवों को साझा कर छात्रावास में अपने प्रवास को यादगार बनाते हैं।

6 मार्च, 2016 को छात्रावास का वार्षिक समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। सुश्री सायेमा रहमान, आरजे, रेडियो मिर्ची मुख्य अतिथि थीं और विश्वविद्यालय के दिव्यांग छात्रों की निरूस्वार्थ मदद करने वाले, श्री ईश्वर दास, एक उदार स्वयंसेवी इस अवसर पर सम्मानित अतिथि थे। समारोह में प्रबंधन समिति के कुछ सदस्यों ने भी भाग लिया। छात्रों ने मंच पर कई संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया, जिसकी अतिथियों द्वारा अत्यधिक सराहना की गई थी। इसके बाद एक शानदार डिनर और जाम सत्र का आयोजन किया गया था।

छात्रों की सुविधा को देखते हुए, 2015–2016 की अवधि के दौरान निम्नलिखित खरीद/सुविधाएं निर्मित की गई और छात्रावास के आवासियों के लिए प्रदान की गई हैं:

1. चिकित्सा कक्ष की सुविधा (बिस्तर, ड्रिप स्टैंड, प्रथमिक दवाओं, थर्मामीटर, रक्त ग्लूकोज मशीन आदि के साथ)
2. एक हाथ सुखाने की मशीन और नौ साबुन डिस्पेंशर
3. दो हॉट प्लेटें
4. एक वजन करने की मशीन
5. ध्वनि प्रणाली (एक एम्पलीफायर, दो स्पीकर, दो माइक्रोफोन और एक कॉलर माइक के साथ)

अरावली स्नातकोत्तर पुरुष छात्रावास

अरावली स्नातकोत्तर पुरुषों के छात्रावास को 2005 में दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर द्वारा स्थापित किया गया था, यह दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर के वास्तविक शोधार्थी और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए आवास की सुविधा प्रदान करता है।

छात्रावास में एकल अधिभोग के आधार पर 74 छात्रों को समायोजित करने की क्षमता है। हर कमरा एक बिस्तर, गद्दा, स्टडी टेबल, स्टडी चेयर, पर्दे, आराम कुर्सी और एक सफेद बोर्ड के साथ सुसज्जित है। छात्रावास में दुहरे अधिभोग के लिए एक अतिथि कक्ष है, जो गर्मी में एयर कंडीशनर और सर्दियों में हीट कनवेक्टर के साथ ही एक डेजर्ट कूलर युक्त एक उपयोगिता कक्ष के साथ सुसज्जित है।

छात्रावास में उच्च गुणवत्ता का कॉमन रूम है, जिसे मनोरंजन के लिए डी2एच सेवा के साथ एक हाई डेफिनेशन टीवी सेट से सुसज्जित किया गया है। छात्रावास में दर्जनों अखबारों और पत्रिकाओं और टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम आदि इनडोर खेल के लिए उत्कृष्ट खेल सुविधाओं के साथ एक अच्छा वाचनालय है। आवासियों के लिए आसान और तेजी से इंटरनेट सेवा प्रदान करने के लिए छात्रावास आधुनिक वाई–फाई सुविधा से लैस है। सभी प्रकार की अप्रिय गतिविधियों और संदिग्धों की निगरानी के लिए छात्रावास के आसपास पांच सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये गए हैं। सरामाती स्नातकोत्तर पुरुष छात्रावास के साथ सहयोग से आवासियों के लिए कपड़े धोने की एक अनूठी सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। अरावली छात्रावास आईएनएसए/डीएसटी प्रेरित कार्यक्रम के अंतर्गत दक्षिणी परिसर में आने वाले प्रशिक्षुओं और विशेष रूप से गर्मियों की छुट्टी के दौरान अन्य संस्थानों के प्रशिक्षुओं को भी आवास प्रदान करता है।

छात्रावास ने स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और सारामाटी छात्रावास के साथ 12 मार्च, 2016 को वार्षिक छात्रावास रात्रि षमिलेंगे 2016ष भी मनाया।

आवासियों को छात्रावास द्वारा लगातार निगरानी में गुणवत्ता युक्त भोजन प्रदान किया जाता है। इस के अलावा, भोजन कक्ष में मनोरंजन की सुविधा के लिए डी 2 एच सेवा के साथ टेलीविजन भी उपलब्ध है। रसोई और भोजनकक्ष को डीप फ्रीजर, उच्च क्षमता रेफ्रिजरेटर, डेजर्ट कूलर, रिवर्स ऑस्मोसिस, वाटर प्युरिफायर और अन्य गुणवत्ता युक्त रसोई उपकरणों के साथ सुसज्जित किया गया है।

केंद्रीय शिक्षा संस्थान

केंद्रीय शिक्षा संस्थान में पुरुषों और महिलाओं के लिए दो छात्रावास, श्री भवन और शक्ति भवन, 1950 में स्थापित किए गए थे। श्री भवन के आठ कमरों में तेईस छात्राओं को समायोजित किया जाता है और शक्ति भवन के तीन शयनगृह और एक दो सीट वाले कमरे में चौबीस छात्रों को समायोजित किया गया है। हॉस्टल में बी.एड., एम.एड., एम.फिल और पीएच.डी. पाठ्यक्रम के छात्रों को समायोजित किया जाता है।

टीवी और पढ़ने की सुविधा के साथ एक अतिथि कक्ष है। इसके अलावा आवासियों के लिए पढ़ने की अलमारियों की सामान्य किताबें, आवधिक पत्रिकाएं और नियमित रूप से अखबार की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। छात्रों को विभागीय व्यवस्था के माध्यम से खेल की सुविधा प्रदान की जाती है। आवासी अलग–अलग तरीकों से छात्रावास में विभिन्न त्योहार मनाते हैं। आवासी सम्मुख चर्चा, बहस, नुक्कड़ नाटक के रूप में अपनी प्रतिक्रिया देते हैं। छात्रावास मेस का संचालन छात्रावास के आवासियों द्वारा किया जाता है। हर महीने दो पुरुष और दो महिला आवासियों के साथ एक नई समिति बनाई जाती है। वे वार्डन/आवासी अध्यापक के परामर्श से छात्रावास की भोजन सूची तैयार करते हैं। यह आवासियों में अपनेपन और जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न करता है। छात्रावास मेस समिति के अलावा, वहाँ साफ–सफाई और शिकायत समितियां भी हैं। छात्रावास जागरूकता और सामान्य रखरखाव से संबंधित मुद्दों के साथ समय–समय पर बैठकों का आयोजन करता है। एक पैनल चर्चा, विभिन्न मुद्दों पर दो व्याख्यान, कविता पाठ आदि का भी आयोजन किया गया।

हॉस्टल में श्री भवन और शक्ति भवन प्रत्येक के लिए दो–दो, स्वचालित कुल चार, वाशिंग मशीनें हैं। दोनों होटलों के साथ–साथ मेस में आरओ द्वारा शुद्ध और वाटर कूलर के साथ संलग्न पेयजल आपूर्ति उपलब्ध है। शक्ति भवन में वाईफाई सुविधा भी उपलब्ध है।

डी.एस. कोठारी छात्रावास

डी.एस. कोठारी छात्रावास, प्रख्यात भौतिक विज्ञानी और एक जाने–माने शिक्षाविद्, स्वर्गीय प्रोफेसर डी.एस. कोठारी के नाम पर 1997 में स्थापित किया गया था, जो दिल्ली विश्वविद्यालय का प्लेटिनम जुबली वर्ष है। इसमें 39 डबल सीट और 19 एकल सीट वाले कमरे हैं, जिनमें विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर छात्रों और शोध छात्रों को समायोजित किया जाता है। दिल्ली विश्वविद्यालय के समग्र दिशा निर्देशों और नीतियों के अंतर्गत प्रबंधन समिति ने छात्रावास की नीतियां तय की हैं।31 मार्च, 2015 से 1 अप्रैल, 2016 के दौरान छात्रावास में निम्नलिखित विकास हासिल किया गया था।

आवासियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की संस्कृति से परिचित कराने के लिए सभी राष्ट्रीय दिवस और त्यौहारों को मनाया गया।

छात्रावास ने सफलतापूर्वक वार्षिक समारोह ''आहंग–2016'' का आयोजन किया।

छात्रावास के आवासी छात्र संघ का चुनाव को निर्विरोध सुचारू रूप से आयोजित किया गया।

हॉस्टल विकास निधि से 2 रूम कूलर और 10 मेस कुर्सियां (स्टील) तथा योजना अनुदान से 2 वाटर कूलर और 10 मेस कुर्सियां (स्टील) खरीदी गईं।

26 फरवरी, 2016 को आयोजित 58 वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी में छात्रावास को जे.स्वरूप कप प्रदान किया जाएगा।

सामाजिक कार्य विभाग छात्रावास

विभाग का अपना निजी छात्रावास है। इस होस्टल का शिलान्यास श्रीमती दुर्गाबाई देशमुख, अध्यक्ष, केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा 25.07.1962 को किया गया था। हालांकि, छात्रावास 16 जुलाई 1966 से कार्यात्मक बना। यह इसके अस्तित्व के 50वां वर्ष है। परिसर के भीतर एक संलग्न छात्रावास होने के नाते, यह सामाजिक कार्य के छात्रों के समग्र व्यक्तित्व के विकास के लिए योगदान करता है और पेशेवर तत्वों को मजबूत करने में मदद करता है। यहाँ, सामाजिक कार्य में एम.ए., एम. फिल. और पीएच. डी. करने वाले छात्र और छात्राएं, दोनों रहते हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में 50 कमरों में 37 छात्राएं और 51 छात्र (कुल 88) रह रहे हैं। इस समय एम फिल और पीएच. डी. अध्येता एकल अधिभोग कमरों में और बाकी एक दो लोगों की साझेदारी के आधार पर रह रहे हैं।

बुनियादी ढांचा और सुविधाएं: परिसर दिव्यांग व्यक्तियों के लिए काफी अनुकूल है। इसके प्रवेश द्वार संशोधित कर उनकी विशेष जरूरतों के अनुरूप करने के लिए इके साथ रैंप फिट किया गया है। इसमें 59 कमरे, छात्रों द्वारा प्रबंधित अच्छी तरह से सुसज्जित रसोई घर और भोजन की सुविधा के साथ मेस, रिवर्स ऑस्मोसिस छानने की सुविधा के साथ तीन पेयजल बिंद, एक पूरी तरह सुसज्जित कॉमन रूम, एक मिनी जिमनेजियम, एक अध्ययन

सह बैठक कक्ष, कार्यालय कमरेय वार्डन का निवास, हरे भरे लॉन, पेड़ और उद्यान, नगर जल आपूर्ति के अलावा एक बोर वेल, सुरक्षा सेवाओं के अलावा सीसीटीवी निगरानी, परिसर में वाई–फाई सेवा, कॉमन रूम में डीटीएच सेवाओं के साथ टीवी, शैक्षणिक उपयोग के लिए पढ़ने के कमरे में लैपटॉप और कई समाचार पत्र, पत्रिकाएं उपलब्ध हैं। डीएसडब्ल्यू छात्रावास में छात्रावास के बारे में विभिन्न जानकारी देने के लिए अपनी निजी इंटरेक्टिव वेबसाइट http://dswh.du.ac.in है। विभाग के परिसर में दिन भर सुरक्षा सेवा रहती है। छात्रावास के लिए, सायं 5 बजे से सुबह 9 बजे तक अतिरिक्त सुरक्षा का प्रबंध है। दो सुरक्षा गार्ड दैनिक दो पारियों में अपनी सेवा प्रदान करते हैं।

छात्रावास यूनियन क्लबः 11 सितंबर 2015 को छात्रावास यूनियन क्लब के सदस्यों के लिए चुनाव आयोजित किया गया था। यह छात्रावास की गतिविधियों में सभी आवासियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आमतौर पर एक महीने में एक बार अपनी आम सभा की बैठक आयोजित करता है। छात्रावास यूनियन क्लब छात्रों की नए बैच के स्वागत और उत्तीर्ण छात्रों को विदा करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करता है। यह स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, ईद, दीवाली, लोहड़ी, होली जैसे विभिन्न त्योहारों को भी मनाता है। मौजूदा सत्र में, फ्रेशर्स की स्वागत पार्टी 28 सितंबर 2015 को छात्रावास में आयोजित की गई थी। इस अवसर महाविद्यालय के अध्यक्ष और वार्डन उपस्थित थे।

गीतांजलि छात्रावास

छात्रावास ने 04 मार्च, 2016 को अपनी वार्षिक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। हर वर्ष की तरह चित्रांकन, हिंदी और अंग्रेजी में रचनात्मक लेखन, कोलाज, फोटोग्राफी और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और आवासियों को वार्षिक दिवस समारोह के दौरान पुरस्कार दिए गए। आवासियों ने महान उत्साह के साथ क्रिसमस, लोहड़ी, होली और दीवाली जैसे त्योहारों का जश्न मनाया। उन्होंने बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा का भी आयोजन किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने देशभक्ति के विषय पर एक छोटे से सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों बड़े उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। छात्रों और छात्रावास के कर्मचारियों ने श्स्वच्छ भारत अभियानश् में सक्रिय रूप से भाग लिया।

2015 की गर्मियों की छुट्टियों में, नवीकरण का प्रमुख काम किया गया था, जिसमें सभी कमरों की पुताई और फिर से रंग–रोगन और सभी शौचालयों, खिड़कियों, दरवाजे की मरम्मत आदि की गई। छात्रावास के लिए एक वेबसाइट भी आरंभ की गईः http://www.geetanjalihostel.du.ac.in, जिसमें छात्रावास की सुविधाओं, रूपों, आयोजित कार्यक्रमों का विवरण और एक प्रतिक्रिया प्रपत्र तथा ''छात्रावास से होकर गुजरो'' नामक एक वीडियो शामिल हैं।

इस वर्ष, छात्रावास में आवासी लड़कियों के लिए अत्याधुनिक जिम और इनडोर व्यायाम की सुविधा स्थापित की गई है। इसमें ''मैग्नेटिक अपराइट बाइक'', ''ट्वीस्टर'', ''मल्टी बेंच'' के तीन सेट और कॉमन रूम में रखा गया एक ''थ्रेड मिल'' शामिल है।

इसके अलावा, ग्रीन और स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग करने की दिशा में एक कदम के रूप में, छात्रावास के गलियारों और रास्ते जैसे आम क्षेत्रों की सभी ट्यूब लाइट्स और परंपरागत बल्बों को, एलईडी बल्ब से बदल दिया गया है, जो अधिक ऊर्जा कुशल हैं।

ग्वेयर हॉल

ग्वेयर हॉल दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर छात्रों का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित छात्रावास है। इस छात्रावास की एक अद्वितीय विशेषता है कि यहां छात्र और संकाय सदस्य साथ रहते और एक साथ भोजन करते हैं। इन वर्षों में ग्वेरियनों भारत और विदेशों में जीवन के सभी क्षेत्रों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। छात्रावास यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाता है कि अपने अस्तित्व के वर्षों से चली आरही भावना और समृद्ध विरासत को बचाए रखा जाए और यह आगे पनपना जारी रखे।

प्रवेशः चालू शैक्षणिक वर्ष 2015–2016 के दौरान इस हॉल में प्रवेश के लिए एक विशाल भीड़ रही और विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर, एलएलबी, सीआईसी, एम.फिल., पीएच.डी., बी.एड. तथा एम.एड. पाठ्यक्रम के छात्रों से लगभग 900 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। प्रवेश समिति ने सावधानी पूर्वक जांच के बाद, विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से खाली सीटों को भरा। प्रवेश विशुद्ध रूप से योग्यता के आधार पर प्रदान किया गया था।

विकास– छात्रावास की व्यायामशाला के आसपास की जगह पर पत्थर लगाए गए हैं और छात्रावास के परिसर में कुछ अन्य क्षेत्रों को भी सीमेंट से पुख्ता किया गया है। कैंटीन और जिमनैजियम के बाहर के क्षेत्र को भी विकसित किया गया है। आवासियों के लिए एक नए अखबार कक्ष प्रदान किया गया है। टीसी/डीसी के कमरे की छत का नवीनीकरण किया गया है। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया गया है।

संघ के चुनावः सत्र के दौरान ग्वेयर हॉल में छात्र संघ के विभिन्न पदों के लिए संघ का चुनाव लिंगदोह समिति के प्रावधान के अनुसार शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया गया। आवासी और संघ के प्रतिनिधि शांतिपूर्ण और दोस्ताना माहौल बनाए रखने में सक्रिय रहे।

स्वच्छता उपाय– स्वच्छता सुविधाओं को बढ़ाने के लिए, समय समय पर ऊपर के पानी के टैंकों को साफ किया गया है। उपाय भी प्राथमिकता के आधार पर रसोई, पैंट्री, स्टोर और शौचालय सहित हॉल पर सभी स्थानों पर साफ–सफाई सुनिश्चित करने के लिए उपाय किए गए हैं।

त्योहार और उत्सव–ग्वेयरहॉल ने दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 56 वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी में भाग लिया और उसे वर्ष 2015–2016 के लिए प्रथम पुरस्कार मिला है।

हॉल के आवासियों बुद्ध पूर्णिमा, स्वतंत्रता दिवस, दीवाली, क्रिसमस, नए वर्ष, गणतंत्र दिवस, सरस्वती पूजा, ईद–उल–फितर, होली और बी.आर. अम्बेडकर जयंती जैसे मौकों जश्न मनाने के लिए विभिन्न समारोहों का आयोजन किया।

वाई–फाई – विश्वविद्यालय द्वारा हॉल के आवासियों को यह सुविधा प्रदान की गई है।

खेल– आवासियों ने जुबली हॉल द्वारा आयोजित अंतर छात्रावास क्रिकेट और बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लिया। छात्रावास के आवासियों ने सिंगल और डबल बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरस्कार जीता। आवासियों ग्वेयर हॉल छात्र संघ द्वारा आयोजित इंट्रा–छात्रावास वॉलीबॉल टूर्नामेंट में भाग लिया।

नए उपकरण– दो नए कंप्यूटर और दो कार्यालय टेबल खरीदे गये हैं।

दिव्यांग आवासियों के लिए सुविधाएं– दिव्यांग छात्रों के लिए शौचालय बनवाए गए हैं और रैंप का निर्माण भी किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय छात्रावास

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, विदेश मंत्रालय द्वारा 1964 में विदेशी छात्रों और स्नातकोत्तर भारतीय छात्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय छात्रों का छात्रावास स्थापित किया गया था। इसमें 98 कमरे हैं और सभी एक व्यक्ति के रहने के लिए हैं। शैक्षणिक वर्ष 2015–16 के दौरान 30 भारतीय छात्रों के अलावा 28 देशों के 64 विदेशी छात्रों को इस छात्रावास में प्रवेश कराया गया है, जो अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय संस्कृति का एक समामेलन और विविध पच्चीकारी प्रस्तुत करता है। अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रकृति के कारण, आईएसएच दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रावास प्रणाली में एक विशेष स्थान रखता है। छात्रावास के वर्तमान प्रशासन में अध्यक्ष के रूप में प्रोफेसर राजीव गुप्ता और वार्डन के रूप में प्रोफेसर महेंद्र नाथ भी शामिल हैं।

आवासियों ने इंटरनेशनल स्टूडेंट्स हाउस संघ के लिए मंगलवार, 10 अक्टूबर, 2015 को श्री मनीष कुमार सोनकर (भारतीय नागरिक) को अपना अध्यक्षय श्री कैत्सा लेसोता (लेसोथो नागरिक) को सचिव और श्री राघव सिंघल को कोषाध्यक्ष (भारतीय नागरिक) निर्वाचित किया। छात्रावास की सांस्कृतिक, खेल, मेस, हाउस, कॉमन रूम, कम्प्यूटर कक्ष और घर की अन्य गतिविधियों की देखरेख के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। अपनी स्थापना के बाद से आईएसएच अपने विविध सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए प्रशंसित है। हाउस संघ ने 2015–2016 में निम्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कियारू–

26 अक्टूबर, 2015 को नए छात्रों के स्वागत की पार्टी के साथ हाउस संघ के उद्घाटन का आयोजन किया गया।

हाउस ने आनन्द और उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस, दीपावली, क्रिसमस, नव वर्ष दिवस, गणतंत्र दिवस, लोहड़ी, स्वामी विवेका नंद जयंती, ईद–उल–फितर, ईद–उल–जुहा, सरस्वती पूजन और होली मनाई। इन अवसरों ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भारतीय संस्कृति के बारे में जानने का अवसर दिया और भारतीय छात्रों को विदेशी संस्कृतियों के बारे में जागरूक किया।

अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के हाउस संघ फरवरी, 2016 में इंट्रा–अंतर छात्रावास आईएसएच खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया।

आईएसएच ने 27 फरवरी, 2015 को अपना 52वां वर्ष मनाया और वार्षिक दिवस के उत्सव को ''मील का पत्थर 16'' नाम दिया। दिल्ली विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार, प्रोफेसर तरुण कुमार दास इसके मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम के दौरान, पूर्व छात्रों से मिलन समारोह का आयोजन किया गया और योग्य आवासियों को खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए विभिन्न पुरस्कार, सम्मान और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।. भारत, श्रीलंका, फिजी, इथियोपिया, कंबोडिया, इंडोनेशिया, नेपाल, मॉरीशस, अफगानिस्तान, थाईलैंड और नाइजीरिया सहित विभिन्न देशों के छात्रों और कलाकारों सांस्कृतिक रूप से समृद्ध कार्यक्रमों के साथ दर्शकों का मनोरंजन किया। दिल्ली विश्वविद्यालय कई विशिष्ट अतिथियों और राजनयिकों ने भी इस रगारंग समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर मेहमानों और आवासियों के लिए एक विशेष डिनर आयोजित किया गया था।

इस वर्ष को आवासियों के लिए सेवाओं में सुधार के द्वारा चिह्नित किया गया, उनके लिए एक अतिरिक्त कपड़े धोने की मशीन की खरीद, एक एलईडी (टीवी) 48'', कम्प्यूटर कक्ष के लिए एक एयर कंडीशनर, स्टील के चार सोफे (तीन सीट वाले), कॉमन रूम के लिए रूम कूलर, कॉमन रूम और और कंप्यूटर रूम का नवीकरण, वाचनालय में अखबारों के स्टैंड की स्थापना और और छात्रों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे खरीदे गए।

अंतरराष्ट्रीय महिला छात्रावास

महिलाओं के अंतर्राष्ट्रीय छात्रावास का बहुसांस्कृतिक चरित्र उनके द्वारा आयोजित गतिविधियों के केंद्र में है। 30 से अधिक देशों की आवासी छात्राएं संयुक्त रूप से सद्भाव और दोस्ती की भावना के साथ अपने सांस्कृतिक उत्सवों और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय त्यौहारों को मनाती हैं। ध्यान विविधता में एकता पर केंद्रित है।

पिछले वर्ष की तरह, 2015–16 में दिल्ली विश्वविद्यालय की राइट ऑफ समिति के सदस्यों द्वारा छात्रावास के उपकरणों और फर्नीचर आदि के निपटान के बाद छात्रावास प्रशासन ने निम्न सुविधाओं को बहाल करने/या बढ़ाने का फैसला किया हैः –

- 01 बीकन मोनो ब्लॉक 7.5 एचपी मोटर पम्प तृतीय चरण
- 01 48'' एलसीडी टीवी सोनी ब्राविया मॉडल 48आर562सी
- 03 एलजी माइक्रोवेव संवहन मॉडल एमसी 3283एजी
- 08 एलजी डबल डोर फ्रिज 310 लीटर
- 03 1.5 टन वोल्टास विंडो एसी
- 03 आईएफबी वॉशिंग मशीन 7.5 किलोग्राम – टीएलआरसीएच टॉप लोड
- 04 फिलिप्स स्टीम आयरन
- 08 गीजर 50 लीटर
- 04 गीजर 15 लीटर
- 02 यूरेका फोब्स आरओ सिस्टम 50 एलपीएच भंडारण के साथ
- 01 ट्रेडमिल एयरोफिट एएफ 749
- 02 इलिप्टिकल एयरोलिफ्ट एएफ 720
- 02 रिकम्बेन्ट बाइक एयरोफिट एएफ 8719 आर
- 01 मल्टी–फंक्शन होम जिम एयरोफिट एएफ 1315
- 03 03 बजाज विद्युत केतली
- 01 सैमसंग 23'' एलईडी टीवी 23एच4003 सीसीटीवी के साथ संलग्न
- 04 वोल्टास 1.5 टन स्पलिट एसी
- 03 वोल्टास 1 टन स्पलिट एसी
- 12 लेनोवा थिंक सेंटर एम93पी कोर आई5 4जेन/4जीबी रैम/500जीबीएचडीडी/18.5''/ डीवीडीआरडब्ल्यू/यूएसबी केबी एम/विंडो 8 प्रोफेशनल
- 01 एचपी लेजरजेट प्रिंटर एम100 सह स्कैनर

छात्रावास मेस में स्थापित

- 01 सोनी होम थियेटर म्युजिक सिस्टम
- 04 फिलिप्स फोर स्लाइस टोस्टर
- 02 यूरेका फोब्स आरओ सिस्टम 50 एलपीएच भंडारण के साथ
- 02 एक्वागार्ड रिवाइवा आरओ शोधक प्रणाली
- 01 डीप फ्रीजर ब्लू स्टार 700 लीटर डीप फ्रीज
- 01 डीप फ्रीजर कूलेक्स, वर्टिकल, 02 दरवाजा, एसएस चिलर, 650 टीएनएम

फर्नीचर

- 01 दो सीटों वाला लकड़ी का सोफा
- बैक रेस्ट के साथ 21 सिंगल बेड
- 06 तीन सीटों वाले सोफे
- 01 दो सीटों वाला सोफे
- 36 अध्ययन मेज
- 10 क्लॉथ स्टैंड
- 01 स्टील कैबिनेट

शैक्षणिक सत्र 2015–16 के निम्नलिखित के साथ आरंभ हुआः–

ध्वजारोहण, राष्ट्रीय गान के गायन और विशेष नाश्ते और रात के खाने के साथ भारतीय स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। ईद उल फितर को रमजान के दौरान उपवास करने वाली लड़कियों को ध्यान में रखकर रात का खाना परोसा गया था और मिठाई वितरित की गई।

हाउस में बड़े धूमधाम से दीवाली मनाई गई। दीवाली से एक दिन पहले घर को रोशनी से सजाया गया था। रात के खाने का भव्य आयोजन किया गया था और आवासियों में से अधिकांश पारंपरिक भारतीय वस्त्रों में थे। शाम एक जाम सत्र के साथ समाप्त हुई। शुक्रवार, 24 अक्टूबर–2015 को हाउस के लाउंज रूम में अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया था। शुक्रवार, 16–10–2015 को रात के विशेष खाने के साथ एक फ्रेशर्स पार्टी (2015–16) आयोजित की गई थी। क्रिसमस यूलटाइड और खुशी का समय है। क्रिसमस कैरोल, एक अलाव, नृत्य और संगीत के रूप में सभी ने क्रिसमस की भावना को अभिव्यक्त किया। नए वर्ष के आगमन का जश्न मनाने के लिए छात्रावास में नए वर्ष की पार्टी का आयोजित किया गया था।

एक अलाव और नृत्य के साथ लोहड़ी मनाई गई। गणतंत्र दिवस को ध्वजारोहण, राष्ट्रीय गान के गायन डायनिंग हॉल में विशेष नाश्ता का आयोजन किया गया। उसके बाद सुबह 9:00 पर आईएसएचडब्ल्यू आवासियों के बीच प्रतियोगिता, खेल और विभिन्न अन्य गतिविधियों के साथ खेल दिवस की गतिविधियाँ आरंभ हुईं। इसके पश्चात् विशेष नाश्ता और जलपान आदि की व्यवस्था थी। शुक्रवार, 26 फरवरी 2016 को वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसमें आईएसएचडब्ल्यू ने सबसे अच्छे माली का पुरस्कार जीता। होली मनाई गई। हल्के नाश्ते के साथ होली मिलन का उत्सव मनाया गया।

शनिवार, 12 मार्च 2016 को संध्या 6:00 बजे वार्षिक अतिथि रात्रि समारोह आयोजित किया गया। इस वर्ष का विषय था ष्पेरिवाल्लोष्। श्री पी.ए. सुमेधा पोन्नमपेरूएम, मंत्री काउंसलर, श्रीलंकाई उच्चायोग मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर मानव विज्ञान विभाग की ओर से प्रोफेसर एस. एम. पटनायक, आईएसएचडब्ल्यू के प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सम्मानित अतिथि थे। विभिन्न दूतावासों के राजनयिकों और दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों से आवासियों के दोस्तों सहित 400 से अधिक मेहमानों को आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय से कई मेहमान उपस्थित थे।

पुस्तकालय समिति ने शनिवार, 20 फरवरी, 2016 को राष्ट्रीय प्राणी उद्यान की एक यात्रा का आयोजन किया। वर्ष 2015–16 के आवासियों ने निवर्तमान आवासियों के लिए एक विदाई पार्टी दी जिसमें उन्होंने उस अद्भुत समय के बारे में बताया, जो उन्होंने उस घर में बिताया था।

जुबली हॉल

जुबली हॉल दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्णकालिक स्नातकोत्तर और शोध छात्रों के लिए निवास का एक प्रमुख स्थान है। इसे 1947 में विश्वविद्यालय की रजत जयंती के अवसर पर स्थापित किया गया था। हॉल का आंतरिक प्रशासन और अनुशासन अध्यक्ष में निहित हैं, जिन्हें एक वार्डन और एक आवासी अध्यापक द्वारा सहायता प्रदान की जाती है।

हॉल निम्नलिखित के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य करता हैः

अध्यक्ष	प्रो. दीवान एस रावत
वार्डन	प्रो. पी.पी. चक्रवर्ती
आवासी अध्यापक	डॉ. मोहम्मद नईमुदिन

हॉल में कई गतिविधियों का प्रदर्शन किया गयाः

- जुबली हॉल ने अपना वार्षिक समारोह ''उत्साह'' मनाया और कई प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों और अन्य प्रसिद्ध हस्तियों ने इसमें हिस्सा लिया।
- इस वर्ष भी इसने अपनी महिमा बनाए रखी और बहुत से आवासियों का भारत सरकार की अखिल भारतीय प्रतिस्पर्धी सेवाओं में उच्च पदों के लिए चयन किया गया था।

सद्भाव और ''विविधता में एकता'' के अपनी बुनियादी चरित्र को बनाए रखने के लिए हॉल में सरस्वती पूजा, होली, ईद, स्वतंत्रता दिवस, दीपावली और क्रिसमस अर्थात् सभी त्योहारों को बहुत उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।

मानसरोवर छात्रावास

मानसरोवर छात्रावास पूर्ण कालिक स्नातकोत्तर और शोध छात्रों का छात्रावास है, इसमें लिए भारत के विभिन्न भागों और विदेशों से दिल्ली विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा के लिए आने वाले 165 आवासियों को समायोजित करने की क्षमता है।

प्रशासन– प्रोवोस्ट छात्रावास के प्रशासनिक प्रमुख हैं। प्रशासनिक प्रयोजनों के लिए, उन्हें वार्डन और आवासी अध्यापक द्वारा सहायता प्रदान की जाती है, जो क्रमशः छात्रावास के दैनन्दिन कार्यों के प्रभारी, और पाठ्येतर गतिविधियों तथा आवासियों के सामान्य कल्याण के मामलों की देखरेख करते हैं। प्रोवोस्ट, वार्डन और आवासी अध्यापक विश्वविद्यालय की नियुक्ति कार्यकारी परिषद की ओर से कुलपति द्वारा की जाती है।

प्रवेशः छात्रावास में प्रवेश और पंजीकरण के लिए कुल 600 आवेदन पत्र मुद्रित किये गए और इनमें से 520 आवेदन पत्र, विभिन्न आवेदकों को बेंचे गए थे। छात्रावास कार्यालय में प्रवेश पाने के इच्छुक आवेदकों से 476 आवेदन पत्र प्राप्त किये गए। रिक्ति के अनुसार 69 छात्रों को प्रवेश दिया गया। विभिन्न श्रेणियों के आवासियों का विवरण इस प्रकार हैं:

आवासियों की कुल संख्या	सामान्य/अपिब के छात्र	अजा छात्र	अजजा छात्र	विदेशी छात्र	दिव्यांग छात्र
165	115	25	12	08	05

उपलब्धियाँ/विकास

दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अत्याधुनिक शौचालय उपलब्ध हैं। अलग ढंग से सक्षम व्यक्तियों के छात्रावास में आसान पहुँच के लिए दो रैंपों का निर्माण किया गया। छात्रावास में मरम्मत के विभिन्न कार्य पूरे हो चुके हैं। छात्रावास पूरी तरह से वाई –फाई सक्षम परिसर बन गया है। छात्रावास परिसर में नई कैंटीन और फोटोकॉपी की दुकान के लिए सफलता से बोली लगाई गई और ठेका हासिल किया गया था।

मेघदूत छात्रावास

मेघदूत छात्रावास ने शैक्षणिक वर्ष 2015–16 में उत्साह के साथ कई गतिविधियों और नवाचारों को मनाया। उनमें से कुछ नीचे सूचीबद्ध हैं:

विश्व पर्यावरण दिवस का उत्सवरू

मेघदूत छात्रावास के आवासियों और कर्मचारियों ने 5 जून, 2015 को पहली बार ष्सतत खपत और उत्पादनष विषय के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। विषय के लिए नारा था ष्सात अरब सपनेष एक ग्रह। ष्ध्यान से उपभोगष। प्रबंधन समिति के सदस्यों और सभी स्टाफ सदस्यों ने इस उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लिया। आवासियों के साथ ही प्रबंधन समिति सदस्यों और छात्रावास के कर्मचारियों द्वारा पेड़–पौधे और औषधीय पौधे (200 संख्या में) लगाए गए।

22–26 जून, 2015 के बीच स्वच्छता अभियान सप्ताह मनाया गया:

22–26 जून, 2015 में छात्रों और वार्डन एवं अध्यक्ष के साथ छात्रावास के कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान सप्ताह में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर साफ–सफाई अभियान के दौरान पार्किंग स्थल और रास्ते सहित परिसर के साझा क्षेत्रों को साफ किया गया था। स्वच्छता अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए छात्रावास परिसर में साफ–सफाई की निगरानी के लिए छात्रावास के वार्डन, प्रभारी, छात्र प्रतिनिधि और मेस स्टीवर्ड की टीम बनाई गई थी। सभी आवासियों को उनके कमरों/गलियारों/लॉन, मेस, आदि साफ करने का निर्देश किया गया। छात्रावास परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए अपशिष्ट निपटान के लिए कचरे के डिब्बे रखे गये थे।

इफ्तार पार्टी का उत्सव:

इफ्तार रमजान के धार्मिक रीति–रिवाजों में से एक है और अक्सर इसे एक समुदाय के रूप में किया जाता है जहां लोग साथ मिलकर अपना ब्रत तोड़ते हैं। 15 जुलाई, 2015 को छात्रावास के आवासियों ने पहली बार मुस्लिम आवासियों के साथ मेस में इफ्तार पार्टी का जश्न मनाया। अध्यक्ष (प्रोवोस्ट) और वार्डन के साथ–साथ सभी आवासियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह:
15 अगस्त 2015 को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। वार्डन द्वारा तिरंगा ध्वज फहराया गया था। इस दिन प्रत्येक आवासी ने राष्ट्र के प्रति प्रेम और कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में झंडा के एक ब्रोच के साथ सफेद, भगवा या हरे रंग की पोशाक पहनी थी।

ईद का उत्सव:
सभी आवासियों ने 25 सितंबर को ईद–उल–जुहा (बकरीद) मनाया जिसके बाद रात के विशेष भोजन की व्यवस्था की गई।

डीयूडब्ल्यूए: डॉ. (श्रीमती) नीलांजना सिंह, अध्यक्ष, डीयूडब्ल्यूए द्वारा विशेष व्याख्यान:

डॉ.(श्रीमती) नीलांजना सिंह, तत्कालीन अध्यक्ष, डीयूडब्ल्यूए (दिल्ली विश्वविद्यालय महिला एसोसिएशन), ने 19.10.2015 को शाम 5.30 बजे छात्रावास के कॉमन रूम में ''स्वस्थ भोजन का रहस्य'' विषय पर पहला विशेष वक्तव्य दिया। सभी आवासियों ने व्याख्यान में भाग लिया जिसके बाद हाई टी और पौधों का रोपण किया गया।

दशहरा उत्सवः

22 अक्टूबर, 2015 को रात के विशेष भोजन और रावण दहन के साथ छात्रावास आवासियों द्वारा शानदार तरीके से दशहरा मनाया गया। आवासियों ने सांस्कृतिक नृत्य और संगीत का प्रदर्शन किया।

दीवाली का उत्सवः

11 नवंबर, 2015 को रोशनी का त्योहार दीवाली मनाया गया। छात्रावास को खूबसूरती से प्रकाशित किया गया था और मेघदूत को इस तरह से देखना अद्‌भुत था। आवासियों के लिए यह आनंद का समय था और आवासियों ने पटाखे न जलाने और पर्यावरण अनुकूल माहौल में दीपावली मनाने का फैसला किया। वार्डन और आवासियों ने लक्ष्मी पूजा में भाग लिया और छात्रावास में विशेष रात्रिभोज का आयोजन किया गया।

नए छात्र संघ का चुनावः

मेघदूत छात्रावास छात्र संघ के पदाधिकारियों, अर्थात् अध्यक्ष, उप–अध्यक्ष, महासचिव, सांस्कृतिक सचिव, मेस सचिव और खेल सचिव के लिए 17 नवंबर 2015 को चुनाव आयोजित किया गया था। सदस्यों मेघदूत छात्रावास छात्र संघ कार्यालय के लिए निम्नलिखित का चुनाव किया गया था, अर्थात् सुश्री ज्योत्सना – अध्यक्ष, सुश्री श्रुति पांडे – उपाध्यक्ष, सुश्री नम्रता साहूदृ महासचिव, सुश्री त्रिपर्ना घोष –सांस्कृतिक सचिव, सुश्री प्रीति कुलहरी – खेल सचिव और सुश्री दिव्या झा – मेस सचिव।

क्रिसमस का उत्सवः

आवासियों ने विशेष रात्रिभोज और केक के साथ 25 दिसंबर को क्रिसमस मनाया। क्रिसमस कैरोल के गायन और सांता क्लॉज द्वारा उपहार बांटने के साथ उत्सव आरंभ हुआ। एक विशेष रात्रिभोज और आवासियों द्वारा आपस में ''उपहार विनिमय'' के साथ समारोह समाप्त हो गया। इसने एक अद्‌भुत वर्ष 2015 के अंत को चिह्नित किया।

फ्रेशर्स पार्टीः

मेघदूत छात्रावास परिवार में नए आवासियों के स्वागत के लिए, छात्रावास छात्र संघ द्वारा 31 जनवरी, 2016 को विशेष फ्रेशर पार्टी आयोजित की गई थी।

लोहड़ी, पोंगल और बिहू के उत्सवः

आवासियों ने पवित्र अग्नि की परिक्रमा कर एक–दूसरे को खुशी और समृद्ध वर्ष की शुभकामना देते हुए साथ मिलकर त्यौहार मनाया। वार्डन और प्रबंधक ने पवित्र आग जलाई और सभी आवासियों द्वारा एक पंजाबी लोक नृत्य सत्र के बाद प्रसाद बांटा गया।

गणतंत्र दिवस समारोहः

26 जनवरी 2016 को गणतंत्र दिवस मनाया गया। वार्डन द्वारा तिरंगा ध्वज फहराया गया और उन्होंने एक उत्साही और देशभक्ति पूर्ण भाषण दिया। इसके बाद आवासियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत और नृत्य आदि प्रस्तुत किए। खेल की व्यवस्था की गई थी, जिसमें बोरी दौड़, तीन पैर पर दौड़ और रस्सी खींचना आदि कई खेल शामिल है।

सरस्वती पूजा का उत्सवः

13 फरवरी 2016 को आवासियों ने बसंत पंचमी मनाई। सभी आवासियों मे मिलकर ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा की थी। सभी आवासियों और छात्रावास के कर्मचारियों में प्रसाद वितरित किया गया।

58 वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी–2016:

मेघदूत छात्रावास ने फूलों और लॉन की विभिन्न प्रविष्टियां देकर 26 फरवरी, 2016 को आयोजित 58 वीं वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी में भाग लिया और कार्यक्रम में एम. एम. बेग ट्रॉफी और हंसराज कॉलेज कप प्राप्त किया।

वार्षिक रात्रि समारोह मेघ यामिनी–2016:

छात्रावास में 11 मार्च, 2016 को स्टूडेंट्स यूनियन द्वारा बहुप्रतीक्षित समारोह अर्थात् *मेघ यामिनी–2016* आयोजित किया गया और सभी आवासियों ने इसमें उत्साह सहित भाग लिया। रजिस्ट्रार, प्रो. तरुण कुमार दास को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था, हालांकि पहले से कियी कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण वे समारोह में उपस्थित नहीं हो सके।

सम्मानित अतिथि, श्री मधुर वर्मा, डीसीपी (उत्तर), आईपीएस ने इस अवसर की गरिमा बढ़ाई। प्रो. सुषमा बत्रा ने समारोह की अध्यक्षता की। खूबसूरत रात्रि, सांस्कृतिक कार्यक्रम और उपहार वितरण का आनंद उठाने के लिए सभी कर्मचारी और आवासी मौजूद थे। इसके पश्चात् एक विशेष रात्रिभोज और डिस्को जॉकी का प्रबंध था।

होली का जश्नः
24 मार्च 2016 को आवासियों ने छात्रावास परिसर में रंग के साथ होली का त्योहार मनाया। सभी ने सुरक्षित और रंगीन होली खेली। आवासियों ने इसका भरपूर आनंद उठाया।

पूर्वोत्तर महिला छात्रावास

यह पूर्वोत्तर की छात्राओं के महिला छात्रावास का 14वां वर्ष था। छात्रावास की 101 सीटों के लिए लगभग 400 छात्राओं ने आवेदन किया। मुख्य कार्यक्रमों की रिपोर्ट इस प्रकार हैः

प्रवेश – पूर्वोत्तर की छात्राओं के महिला छात्रावास में 101 कमरे और 1 अतिथि कक्ष है, जिनमें से 70ः सीटें पूर्वोत्तर क्षेत्र के सात राज्यों की छात्राओं के लिए आरक्षित हैं, और 30% सीटें अन्य राज्यों की छात्राओं के लिए खुली हैं। 2015–2016 में, 101 आवासियों को छात्रावास में दाखिल किया गया। 69 आवासी पूर्वोत्तर क्षेत्र और 32 अन्य राज्यों से थीं। असम, नागालैंड और मणिपुर की आवासियों की संख्या का बढ़ना जारी है।

गतिविधियाँ – छात्रावास ने कई गतिविधियों का आयोजन किया और उनके लिए आगंतुकों को आमंत्रित किया गया। इन का विवरण इस प्रकार हैंः

छात्रावास में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्रोवोस्ट, वार्डन, आवासी अध्यापक और कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति में आवासियों द्वारा झंडा फहराया गया था।

छात्रावास के पुरानी आवासियों ने 9 सितंबर, 2015 को नई आवासियों के लिए एक स्वागत पार्टी का आयोजन किया, जिसमें रात का खाना और नृत्य शामिल था।

दीवाली उज्ज्वल और रंगीन रही। आवासियों ने छात्रावास को रोशनी और दीयों से प्रकाशित किया और फूलों तथा रंगोली से सजाया था। आवासियों में मिठाई बांटी गई।

आवासियों द्वारा लोहड़ी मनाई गई।

क्रिसमस के बाद केक काटने, गायकों के एक समूह द्वारा गायन और उपहार के आदान–प्रदान के साथ 17 जनवरी, 2016 को समारोह मनाया गया।

छात्रावास में गणतंत्र दिवस और खेल दिवस भी मनाये गए।

7 फरवरी, 2016 को छात्रावास रात्रि के लिए धन जुटाने के लिए आवासियों द्वारा एक उत्सव आयोजित किया गया था।
छात्रावास रात्रि समारोह मनाया गया। प्रो. मधु विज, अध्यक्ष एनईएसएचडब्ल्यू, 11 मार्च, 2016 को आयोजित इस समारोह की मुख्य अतिथि थीं।

छात्रावास की जूनियर आवासियों ने 8 अप्रैल, 2016 को पुरानी आवासियों के लिए एक विदाई पार्टी का आयोजन किया, जिसमें रात के खाने और नृत्य का आयोजन किया गया था।

सुविधाएं

छात्रावास अपने आवासियों के लिए निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान करता हैः

केबल कनेक्शन एक एलईडी टीवी, डीवीडी प्लेयर और म्यूजिक सिस्टम से सुसज्जित कॉमन रूम। यहां शतरंज, कैरम, जैसे बोर्ड खेल भी उपलब्ध हैं। पत्रिकाओं, समाचार पत्र आदि के साथ एक वाचनालय, आवासियों द्वारा अध्ययन प्रयोजनों के लिए इनका इस्तेमाल किया जा सकता है। आगंतुकों और आवासियों के लिए एक विस्तृत लॉबी है। आवासियों द्वारा सुबह 7:30 बजे से रात 9:00 बजे के बीच उपयोग के लिए वजन करने की एक

मशीन, स्टेपर, साइकिल आदि से सुसज्जित एक कपड़े धोने का कमरा और एक आउटडोर बैडमिंटन कोर्ट भी उपलब्ध है। कुल 4 हॉट प्लेटें, विभिन्न मंजिलों पर वितरित हैं। गैर–शाकाहारियों के लिए तीन और शाकाहारियों के लिए दो फ्रिजरेटर, आवासियों द्वारा उपयोग के लिए कॉमन रूम के पास रखे हैं। डायनिंग हॉल में एक एलईडी टीवी है। एक वाटिका है, जिसका अच्छी तरह से रखरखाव किया जाता है। छात्रों को छात्रावास से दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर के ढाका परिसर में लाने और वापस छात्रावास लाने के लिए एक बस सेवा है। ब्रॉडबैंड कनेक्शन के साथ 12 कंप्यूटर एक वातानुकूलित कम्प्यूटर कक्ष में रखे गए हैं। सौर ऊर्जा के माध्यम से 24 घंटे गर्म पानी की आपूर्ति। आवासियों द्वारा उपयोग के लिए गर्म और ठंडे पानी के दो जल वितरक उपलब्ध हैं। आवासियों के लिए चार माइक्रोवेव ओवन उपलब्ध हैं।

स्नातकोत्तर पुरुष छात्रावास

स्नातकोत्तर छात्रों का छात्रावास दिल्ली विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत और द्वारा स्थापित एक ''निवास हॉल'' है। 24 अक्टूबर 1975 को तत्कालीन कुलपति, प्रोफेसर आर. मेहरोत्रा द्वारा इसका उद्घाटन किया गया था। यह दिल्ली विश्वविद्यालय के 100 प्रमाणित पूर्णकालिक, स्नातकोत्तर छात्रों के लिए बोर्डिंग, लॉजिंग और अन्य सुविधाएं प्रदान करता है।

प्रशासन–छात्रावास का प्रशासन दिल्ली विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद द्वारा नियुक्त एक वार्डन और एक आवासी अध्यापक की सहायता से प्रोवोस्ट द्वारा किया जाता है।

प्रबंधन समिति –छात्रावास में दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा विधिवत गठित एक प्रबंधन समिति है। प्रबंधन समिति को रहने की अवधि, विभिन्न विषयों के लिए सीटों के आवंटन, विषयों, श्रेणियों, आवासी और अतिथि के दर्जे तथा फीस आदि के बारे में नीतियां/नियम बनाने का अधिकार है। समिति ने इस होस्टल के एक भूतपूर्व आवासी स्वर्गीय श्री अजीत सिंह यादव की माँ श्रीमती सुदर्शन यादव के, अजीत सिंह यादव मेमोरियल बहस के लिए एक बंदोबस्ती कोष के लिए धन के अनुरोध को स्वीकार कर लिया, यह धन स्वर्गीय श्री अजीत सिंह यादव की मां द्वारा प्रदान किया जाएगा। अजीत सिंह यादव मेमोरियल बहस में 22 अप्रैल, 2015 को ''उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरणः वरदान या अभिशाप'' विषय पर बहस आयोजित की गई थी।

राजीव गांधी स्नातकोत्तर बालिका छात्रावास

लड़कियों का राजीव गांधी छात्रावास (आरजीएचजी), ढाका छात्रावास परिसर, मुखर्जी नगर में स्थित एक बहुत विशाल और सुंदर छात्रावास है। छात्रावास भवन का निर्माण पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडीओएनईआर/एनईसी) और जनजातीय मामलों के मंत्रालय (एमटीए) की वित्तीय सहायता से दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा किया गया था। कुलपति प्रो. दिनेश सिंह 28 जून 2012 को छात्रावास परिसर का उद्घाटन किया था। इस छात्रावास ने जुलाई 2012 में कामकाज आरंभ कर दिया।

छात्रावास परिसर दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्ययन करने वाली पूर्वोत्तर और भारत के अन्य हिस्सों की छात्राओं (स्नातकोत्तर और अनुसंधान अध्येता) का एक आत्मनिर्भर निवास है।

छात्रावास 8 समूहों में विभाजित है, प्रत्येक समूह पानी की आपूर्ति, आराम करने के कमरे आदि के मामले में स्वतंत्र है। प्रत्येक समूह में हर दूसरी मंजिल एक पेंट्री सुविधा सहित चार मंजिलें हैं, इन पेंट्री सुविधाओं का आवासियों द्वारा कुछ आपातकालीन भोजन तैयार करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

प्रशासन और प्रबंधन

छात्रावास का प्रबंध विश्वविद्यालय द्वारा गठित प्रबंधन समिति द्वारा किया जाता है। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को माननीय कुलपति द्वारा नामित किया है। शुल्क संरचना, संविदात्मक कर्मचारियों की नियुक्ति, आवासियों से संबंधित कुछ मुद्दों के बारे में बड़े प्रशासनिक निर्णय प्रबंधन समिति के साथ चर्चा करने के बाद लिए जाते हैं। प्रशासनिक मुद्दों को निपटाने और छात्रावास के कामकाज के बारे में फीडबैक प्राप्त करने के लिए प्रबंध समिति के साथ प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में कम से कम दो, नियमित बैठकों की व्यवस्था है। छात्रावास के आंतरिक प्रशासन और अनुशासन का अधिकार प्रोवोस्ट में निहित है। वार्डन और आवासी ट्यूटर की सहायता से प्रोवोस्ट दैनन्दिन गतिविधियों की देखरेख करते हैं।

